dunt *v.t.* प्रहार करना, धमाका करना, पीटना

duo *n.* युगल गान

duodecennial *adj.* द्वादश वार्षिक, द्वादश वर्षीय

duodecimal *adj.* द्वादशांक; बारहवाँ हिस्सा; (in *pl.*) वज्रगुणन (क्षेत्रफल निकालने का तरीका); — duodecimal system द्वादशांक, द्वादशांक पद्धति

duodecimo *adj.* द्वादश पृष्ठों की बनी, बारह पेजी; *n.* बारह-पेजी पुस्तक

duodenary *adj.* द्वादश संबंधी, द्वादश गुणित

duodenum *n.* ग्रहणी; *pl.* duodena; *adj.* duodenal ग्रहणी-, ग्रहणी संबंधी; *ns.* duodenectomy ग्रहणीछेदन; duodenitis ग्रहणी-शोथ

duologue *n.* वार्तालाप, द्विपात्रीय नाटक

duomo *n.* कैथेड्रल

dupe *n.* बुद्धू, भोलाभाला; प्रवंचित; *v.t.* धोखा देना; चालबाज़ी करना, बुद्धू बनाना, उल्लू बनाना; *n.* dupability प्रवंचनीयता; *adj.* dupable प्रवंचनीय; *ns.* duper, dupery धोखेबाज़ी; प्रवंचकता

duple *adj.* दुगना, दुहरा; (mus.) द्विताला; *n.* duplet दो पासों की एक समान फेंक; डुप्लेट, युग्मक

duplex *adj.* द्वैध, दुहरा; दुतरफ़ी; डुप्लेक्स; द्विपथी; *n.* duplicity द्विविधता; धोखेबाज़ी, कपट; दुरंगापन

duplicate *adj.* द्विगुणित, दुगुना; दोहरा; द्विक; दुपर्ती; समरूप, प्रतिरूप; *n.* अनुलिपि, दूसरी प्रति, अतिरिक्त प्रति; *v.t.* दुगुना करना; अनुलिपि बनाना; दोहरा करना; *n.* duplication द्विगुणन, द्विगुणीकरण, द्विरावृत्ति; अनुलिपिकरण, प्रतिलिपिकरण, द्विकृति; *adj.* duplicative द्विगुणात्मक, अनुलिप्यात्मक; *ns.* duplicator अनुलिपित्र; duplicature द्विगुणन; द्विगुणित पदार्थ; झिल्ली की तह; — duplicate ratio वर्गानुपात; duplication of the cube घन द्विगुणन समस्या; in duplicate दूसरी प्रति सहित, अनुलिपि सहित

duppy *n.* भूत, प्रेत, पिशाच

durable *adj.* टिकाऊ; मज़बूत, पायेदार; स्थायी; *ns.* durability, durableness टिकाऊपन; चिरस्थायित्व; पायेदारी, मज़बूती; *ns.* durance कारावास, क़ैद; durant ड्यूरैन्ट (मज़बूत कपड़ा); duration मियाद, अवधि; अनियत समय; निरंतरता; कालावधि; — for the duration (coll.) युद्धकाल तक

duraluminium *n.* ड्यूरैल्यूमिनियम; also duralumin

dura mater *n.* (L.) ड्यूरामातेर, दृढ़तानिका

duramen *n.* डूरेमेन, कठोर दारु

durbar *n.* दरबार

durdum. Same as dirdum.

dure *v.i.* बहुत समय तक रहना, टिकाऊ होना, सहना

duress, duresse *n.* नियंत्रण, बंधन; बाध्यता, दबाव, बल प्रयोग, बल बाध्यता, अवपीड़न

durgan *n.* बौना आदमी, नाटा आदमी; *adj.* durgy बौना, नाटा

Durham *n.* डरहम (पशु नस्ल)

during *prep.* के समय, में, यावत्, पर्यन्त; की अवधि तक

durmast *n.* डरमास्ट (वृक्ष), बॉज

durn *n.* (dial.) चौखट का बाज़ू; also dern

duroy *n.* an obsolete form of corduroy.

durst *pa. t.* of dare साहस करना

dush *v.t.* (Scot.) गिरा देना, पटक देना; *n.* भारी टक्कर

dusk *adj.* धूमिल, धुंधला; काले रंग का; *n.* झुटपुटा, धुंधलका; सांध्यप्रकाश; कालापन, कृष्णवर्णता; *v.t. & i.* झुटपुटा होना, काला होना; काला करना, धुंधला करना; धुंधला होना; *v.t. & i.* dusken अँधेरा करना या होना; *n.* duskiness कालापन, कृष्ण वर्णता; अंधकार, धुंधलापन; *adj.* duskish कृष्णाभ; धुंधला-सा, झुटपुटा-सा; *ns.* duskishness धुंधलापन, कृष्णाभता; duskness सांध्य-प्रकाश, झुटपुटापन, कृष्णवर्णता, धुंधलापन; *adj.* dusky अंधकारमय; श्यामल, काला; दुःखी; निरानंद

dust *n.* धूल, धूलिकण, धूलि, गर्द, कूड़ा करकट, बुकनी, चूर्ण; मिट्टी, राख; कब; दुर्दशा; स्वर्णकण, स्वर्णचूर्ण, धन; (slang) क्षोभ; खलबली; गड़बड़ी, झगड़ा (also dust-up); परागकण; *v.t.* धूल झाड़ना; छिड़कना, बुरकना; भुरभुराना; धूलि-धूसरित करना; *ns.* dust-ball गोला (घोड़े का रोग); dust-bin कचरा पेटी; कूड़ादान; dust-bowl सूखा क्षेत्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(जहाँ धूल भरी आँधी आती हो); dust-brand धब्बा; dust-brush झाड़न ब्रुश; dust-cart कूड़ा गाड़ी; dust-coat गर्द कोट; हल्का ओवर कोट; dust-cover पुस्तक-आवरण; dust-devil, -storm बवूला; झक्खड़, अंधड़, आँधी; duster झाड़ने वाला; झाड़न; धूल झाड़ने वाला, धूलित्र; प्रधूलक; छिड़काव उपकरण; छिड़काव करने वाला; (U.S.) गर्द कोट; तेल रहित कूप; dust-hole कूड़ादान; dustiness मैलापन, गंदगी, धूलिमयता; dust-jacket पुस्तक-आवरण; *adj.* dustless धूलिरहित, साफ़ सुथरा; *ns.* dustman घर की सफ़ाई करने वाला नौकर; dust-pan कूड़े का तसला; dust-shot अति लघु छर्रा; *adjs.* dustproof धूलरोधक; dusty धूलधूसरित; धूल-भरा; (slang) घृणित; बुरा; *ns.* dusty-foot (see piepowder); — bite the dust (see bite); dust one's jacket मार पिटाई करना; kick up (raise) a dust (see kick); throw dust in one's eyes आँखों में धूल झोंकना, धोखा देना

Dutch *adj.* हालैंड का, हालैंडवासी या भाषा का; भारी; बेढंगा; *n.* हालैंड की भाषा; *pl.* हालैंड के लोग, हालैंड वासी; *n.* Dutchman हालैंड वासी; Dutch auction, courage tiles (see auction, courage, tile); Dutch carpet डच कालीन; Dutch cheese क्रीमयुक्त दूध का पनीर; Dutch clinker फ़र्शी पीली ईंट; Dutch clock डच क्लॉक; Dutch clover श्वेत तिपतिया; Dutch concert डच कंसर्ट (एक समूह गायन की शैली); Dutch drops डच ड्रॉप्स (औषधि); Dutch gold, leaf, metal डच धातु; Dutch hoe फावड़ा; Dutch pink (see pink); Dutch rush डच रश (पौधा); — double Dutch दुर्बोध भाषा; talk like a Dutch uncle फटकारना, भर्त्सना करना

dutch *n.* (costermonger's slang) पत्नी

duty *n.* कर्त्तव्य, फ़र्ज़, नैतिक बंधन, पाबंदी; काम, कार्य; सेवा; कृति, कार्य निष्पत्ति; श्रद्धा, आदर; शुल्क, कर, चुंगी, ड्यूटी, महसूल; *adj.* duteous कर्त्तव्यनिष्ठ; आज्ञाकारी, आज्ञापालक; *n.* duteousness कर्त्तव्य निष्ठा; आज्ञाकारिता, आज्ञा पालकता; *adjs.* dutiable ड्यूटी योग्य, कर योग्य, शुल्क योग्य, कर देय; dutied कर युक्त, करारोपित; dutiful कर्त्तव्यपरायण; कर्त्तव्यनिष्ठ; कर्त्तव्यानुवर्ती; *n.* dutifulness कर्त्तव्यपरायणता, कर्त्तव्यनिष्ठता, आदरपूर्णता; *adjs.* du[ty-free] निःशुल्क, शुल्क मुक्त; duty-paid

duumvir *n.* किसी कार्यालय के दो में से एक; (एक ही कार्यालय को) का सदस्य; (*pls.* duumvirs, du[umviri]) *adj.* duumviral दो सदस्यों की संबंधित; *n.* duumvirate (एक ही में) दो सदस्यों की परिषद्; दो सदस्य परिषद् का शासन

duvet *n.* रोओं से बनी रजाई इत्यादि

dux *n.* नेता; स्कूल या कक्षा का प्रमुख

dwale *n.* (bot.) बेलाडोना; कालकूट; हर पेय; (her.) काला रंग

dwalm, dwaum *n.* आकस्मिक बीमारी, मूर्छित होना; स्वास्थ्य गिरना

dwarf *n.* वामन, बौना, ठिगना आदमी, पशु या पौधा; नन्ही वस्तु; वामन तारा (dwarf, red dwarf); *adj.* ठिगना, बहुत छोटा; *v.t. & i.* वृद्धि में बाधा पहुँ बढ़ने से रोकना; नाटा बनाना; बौना जाना; ठिगना होना; *adjs.* dwarfed किया हुआ, बौना बनाया हुआ; वामनित; dwarfish वामन जैसा; बहुत तिरस्करणीय, तुच्छ; *n.* dwarf[ishness] वामनता, बौनापन, ठिगनापन; dw[arf] trees गमलों के छोट पौधे, वामन वृक्ष

dwell *v.i.* निवास करना, रहना, जारी रखना; *n.* ठहराव, हिचकिचाहट; dweller वासी, निवासी; अड़ियल dwelling-house निवास गृह, आवास dwelling-place निवास स्थान

dwindle *v.i. & t.* बढ़ना, घटना; दुर्बल होना; अपविकसित होना; कम घटाना; *n.* क्षय, अवनति, ह्रास; *n.* dw[in]dlement छीजन, अपविकास, ह्रास

dwine *v.i.* क्षय होना, मुरझाना

dyad *n.* युग्म, द्वयक, द्विक; (chem.) संयोजक, डाइएड; *adj.* dyadic द्विकीय, द्वय

dye *v.t.* रंगना, रंजित करना; नया रंग धब्बा लगाना; *n.* रंग, वर्ण; रंजक, झलक; रंजक द्रव; *adj.* dyed रंगा *ns.* dye-house रंजनशाला; dyeing रंगाई; dyer रंजक, रंगरेज़; dyer's-[weed] रंजक पौधे, रंग देने वाले पौधे; dyester रंगरेज़; dyestuff रंजक द्रव्य, रंग dye-wood रंजक काष्ठ, रंग देने वाली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

dying *adj.* मरणासन्न; म्रियमाण, अवसानस्थ; मृत्युकालीन; मृत्यु संबंधी; *n.* मृत्यु, मरण; *n.* dyingness मरणासन्नता, मृत्युकालीनता; — dying declaration (law) मृत्युकालीन घोषणा या प्रकथन

dyke. Same as dike.

dynamic, -al *adjs.* सक्रिय, गतिशील; बल संबंधी; गतिविज्ञान संबंधी; ओजजनक; गतिक, गत्यात्मक, गतिज; गतिवाद संबंधी, चल; प्रेरणात्मक; बलपूर्ण; स्फूर्त; परिवर्तनात्मक; *n.* गतिक बल; *adj.* dynamical परिवर्तनात्मक; *ns.* dynamics (treated as *sing.*) गतिविज्ञान, गतिकी; dynamism ऊर्जावाद, गतिवाद; dynamist ऊर्जावादी, गतिवादी; *adj.* dynamistic ऊर्जावादी संबंधी, गतिवादी संबंधी

dynamite *n.* डायनामाइट; *v.t.* डायनामाइट लगाना, डायनामाइट से उड़ाना; *ns.* dynamitard, dynamiter (राजनीतिक उद्देश्य से) प्रयोग करने वाला डायनामाइट

dynamo *n.* the contraction for dynamo-electric machine डायनेमो; *adjs.* dynamo-electric, -al यांत्रिकी वैद्युत; *ns.* dynamogenesis, dynamogeny तंत्रिका सक्रियता, शक्तिजनन; dynamograph डायनेमोग्राफ, पेशी शक्ति आलेखी; बललेखी, शक्तिलेखी; dynamometer डायनेमोमीटर, शक्तिमापी, बलमापी; *adjs.* dynamometric, -al डायनेमोमीटर संबंधी; *n.* dynamometry शक्तिमापन, बलमापन, डायनेमोमिति

dynast *n.* राजवंशज; शासक, शासक परिवार का सदस्य; *adj.* dynastic राजवंशीय; वंश संबंधी, वंशगत; *n.* dynasty राजवंश; वंश

dyne *n.* डाइन (बल की यूनिट C. G. S. system में)

Dyophysite. Same as Diphysite.

Dyothelete, Dyotheletism, Diothelism. See Ditheletism.

dysaesthesia *n.* विकृत संवेदना, आंशिक असंवेदना; *adj.* dysaesthetic विकृत संवेदनात्मक

dyschroa *n.* त्वक् विवर्णता; also dyschroia

dyscrasia *n.* (path.) विकृति, डिस्क्रेसिया

dyscrasite *n.* डिस्क्रेसाइट (खनिज)

dysentery *n.* पेचिश, अतिसार, आमातिसार, रक्तातिसार, प्रवाहिका; *adj.* dysenteric रक्तातिसारी, प्रवाहिका संबंधी

dysfunction *n.* दुष्क्रिया

dysgenic *adj.* कुजनक

dysharmonic *adj.* विषम, असंगत

dyslogistic *adj.* निंदात्मक, अपमानजनक; *n.* dyslogy निंदा

dysmenorrhoea, -rhea *n.* कृच्छ्रार्तव; *adjs.* dysmenorrh(o)eal, -ic कृच्छ्रार्तव संबंधी

dysodyle, ile, il *n.* डिसोडाइल (खनिज)

dyspathy *n.* विद्वेष, विरोध, अरुचि, नापसंदगी; *adj.* dyspathetic विद्वेषी, विरोधी

dyspepsia *n.* अग्नि मांद्य, दुष्पचन; also dyspepsy; *n.* dyspeptic मंदाग्निग्रस्त, दुष्पाचनग्रस्त; *adjs.* dyspeptic, -al अग्नि मांद्य संबंधी, अग्नि मांद्य जन्य; दुष्पाचन संबंधी, दुष्पाचनजन्य

dysphagia *n.* निगरण कष्ट; also dysphagy; *adj.* dysphagic निगरण कष्ट संबंधी

dysphonia *n.* स्वर वैकल्य, ध्वनि उत्पादन कष्ट

dysphoria *n.* उत्साह वैकल्य, बेचैनी, अधीरता

dyspnoea *n.* कष्ट श्वास, कृच्छ्रश्वसन; *adjs.* dyspnoeal, dyspnoeic कष्ट श्वास संबंधी, कृच्छ्रश्वसन संबंधी

dysprosium *n.* डिसप्रोसियम (धातु तत्व, परमाणु क्रमांक 66)

dystectic *adj.* दुःगमनीय

dysteleology *n.* असतत् प्रयोजनवत्ता; निरुद्देश्य अंग अध्ययन; *adj.* dysteleological असतत् प्रयोजनवत्ता संबंधी; *n.* dysteleologist असतत् प्रयोजनवत्तावादी

dysthesia *n.* बेचैनी, अधीरता; *adj.* dysthetic अधीरता संबंधी

dystrophy *n.* (biol.) दुर्विकास, दुष्पोषण; also distrophia; *adj.* distrophic दुष्पोषण संबंधी, दुर्विकास संबंधी

dysuria *n.* मूत्र कृच्छ्र; also dysury; *adj.* dysuric मूत्र कृच्छ्र संबंधी

Dytiscus *n.* डाइटिस्कस (भृंग वंश); also Dyticus

dyvour *n.* दिवालिया; *n.* dyvoury दिवालियापन

dzeren *n.* ड्ज़ेरन (मध्य एशियाई हरिण)

dziggetai *n.* ड्ज़िगैटाई (मध्य एशियाई जंगली गधा)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

E

E, e *n.* ई, अंग्रेज़ी वर्णमाला का पाँचवाँ अक्षर; (mus.) तृतीय स्वर

each *adj. & pron.* प्रत्येक, हर-एक, एक-एक, हर; *adv.* eachwhere सब कहीं, हर जगह, सर्वत्र; — each other एक दूसरे को, आपस में, परस्पर

eager *adj.* इच्छुक; लालायित, उत्सुक, व्यग्र, उत्कंठित; *adv.* eagerly उत्सुकता से, उत्कंठा से; *n.* eagerness उत्सुकता, चाव; व्यग्रता

eager. Same as eagre.

eagle *n.* गरुड़, उकाब; महाश्येन; गरुड़ांकित सैनिक पताका; गरुड़ वेदी, गरुड़ाकृति गिरजे की मेज़; — white eagle (1705) व्हाइट ईगल (अमरीका की 10 डालर मुद्रा); (U.S.) गॉल्फ़ खेल का एक घर; *adjs.* eagle-eyed, eagle-sighted गृद्ध दृष्टि, गिद्ध दृष्टि वाला; eagle-flighted ऊँची उड़ान वाला; *ns.* eagle-hawk शहबाज़; eagle-owl गरुड़ जाति का उल्लू; eagle-ray ईगल रे (मत्स्य); eagle-stone ईगल स्टोन (लौह ऑक्साइड); eaglet छोटा गरुड़, गरुड़क; *adj.* eagle-winged गरुड़ के समान डैनों वाला

eaglewood *n.* अगर, अगरू

eagre *n.* बान, ईगर

eldorman. See alderman.

eanling *n.* मेमना

ear *n.* बाल, बाली, सिट्टा (जैसे मक्के का); *v.i.* बाल उगना, बाली आना; *adj.* eared बालीवाला, बाल वाला

ear *n.* कर्ण, कान; श्रवणशक्ति; ध्यान; कर्णाकृति वस्तु; ध्वनि विवेक; *ns.* earache कान का दर्द, कर्णशूल; earbob कर्णफूल, कनफूल; ear-bone कर्णास्थि; *adjs.* ear-bussing (Shak.) फुसफुसाहटपूर्ण; ear-kissing फुसफुसाकर कही; फुसफुसाहटपूर्ण; *ns.* ear-cap कनटोप; eardrop बुंदा, कनफूल; eardrum कर्णपटह; कान का परदा; *adj.* eared कानवाला; *ns.* ear-hole कर्ण छेद, कर्णकुहर; earing (naut.) पतवार-डोरी; *n.* earlap ललरी, लोलक, कर्णपालि; *adj.* earless कर्ण हीन, बिना कान का; *n.* earmark कर्णांक (जंतुओं के कान पर पहचानने का निशान); छाप, निशान; *v.t.* कान पर चिह्न बनाना; चिह्नित करना; उद्दिष्ट करना, अलग ... *ns.* earphone इयरफ़ोन, आकर्णक, ... earpick कनखोदनी; *adj.* ear-... कान खाने वाली, कान फोड़ने वाली; *ns.* earring बुंदा, बाली, कुंडल; ... कर्णभ, कर्ण कवची (जंतु); ear-sh... सीमा; ear-trumpet कर्ण तूर्य; ear... की मैल; earwig छेड़की; कर्णकीट, ... चापलूस; *v.t.* (चापलूसी करके) ... कर लेना; कान भरना; *adj.* earwigg... भरू; *n.* ear-witness श्रुत-साक्षी, ... — be all ears पूरा ध्यान देना; ... कान देना, ध्यान से सुनना, ध्यान दे... in at one ear and out at the ... एक कान से सुनकर दूसरे से उड़ा देना; ... a person's ear कृपा दृष्टि पाना; ... itching ears कान में खुजली मचना ... समाचार जानने का इच्छुक होना); ... ear कान देना, सुनना, ध्यान देना; ... head and ears पूर्णतया, अभिभूत; ... deaf ear कान न देना; बात न सुन... में जूँ न रेंगना; walls have ears ... के भी कान होते हैं

eard, eard-hunger. See yird.

early *adv.* आरंभ में, शुरू में; शीघ्र, ... मौके पर; निर्धारित समय से पूर्व ... प्रारंभिक, शुरू का, आद्य; प्रातः... प्राचीन, पुराना, पूर्व; यथा सम... earliness प्रारंभिकता; early bird ... अस्त्र; मुर्ग़ा; प्रातः शीघ्र उठने वा... early and late सार्वकालिक; keep ... hours जल्दी सोना और जल्दी उठना

earn *v.t.* कमाना, उपार्जन करना, ... करना; योग्य बनना; *n.* earner ... उपार्जक, कमाने वाला, कमाऊ ... earnings अर्जन, कमाई

earnest *adj.* गंभीर, उत्साही, जोशीला, ... तत्पर; *n.* गांभीर्य; सच्चाई; *n.* earn... सच्चाई, तत्परता

earnest *n.* बयाना, पेशगी, सत्यंकार ... (also earnest-money, earnest-... वचन, प्रतिज्ञा; प्रारंभिक फल

earth *n.* पृथ्वी, धरती, भू, भूमि; मिट्टी, ... मृत्तिका; थल, स्थल; इहलोक, संसार ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूसंपर्क, भूस्पर्श, भूसंयोजन (बिजली के तार का); अर्थ, धातु ऑक्साइड विशेष; (प्राणियों के) बिल; देह, शव; *v.t.* earth माँद बनाना, बिल बनाना; बिल में छिप जाना या भगा देना; (तार को) भूसंपर्कित करना; गाड़ना; मृत्तिका लेपन करना (often with up); *ns.* earth-bag मिट्टी का थैला; earth-bath मृत्तिका स्नान; earth-board जोतू तख़्ता; *adjs.* earthborn भूमिज; पार्थिव, मर्त्य; earthbound भूबद्ध, भूमिज; earth-bred भूमिज; निकृष्ट, अधम; earth-created मिट्टी का बना; earthen मृण्मय; सांसारिक; *ns.* earthiness, earthliness पार्थिवता; सांसारिकता; earthling सांसारिक जीव, सांसारिक पदार्थों में लिप्त; *adj.* earthly सांसारिक; पार्थिव, ऐहिक; *adv.* earthward पृथ्वी की ओर; *adj.* earthy पार्थिव; अनगढ़; मिट्टी का, मटियाला, मृत्तिकामय; *ns.* earthenware मिट्टी के भांडे, मृत्तिका भांड, मृद्भांड; earthfall भूस्खलन; *adjs.* earthfast भूबद्ध; earth-fed सांसारिक पदार्थों से तुष्ट; *ns.* earthflax ऐस्बेस्टॉस, अर्थफ़्लैक्स; earth-hog आर्डवार्क; earth-house तहख़ाना; मृत्तिकागृह; earth-hunger भूमि प्राप्त करने की ख़ब्त; earthly-minded सांसारिक वस्तुओं में लिप्त; *ns.* earthly-mindedness सांसारिकता, संसारबद्धता; earth-movement पृथ्वी की हलचल, भू-संचलन; earthnut मूँगफली; कैप्नोडियम का कंद; earth-pea मटर; earth-pillar शैल स्तंभ; earth-plate भूसंपर्की पट्टिका; earthquake भूचाल, ज़लज़ला, भूकंप; *adjs.* earthquaked भूकंपग्रस्त; earthquaking भूकंपन; *ns.* earth-shine भू-दीप्ति; earth-star जिऐस्टर (कवक); earth-table चबूतरा; earth-tremor भू-स्पंदन, लघु भूकंप; *ns.* earthwax ओज़ोकेराइट (खनिज); earthwolf आर्डवुल्फ़ (जानवर); earth-work मृदाबंध; मिट्टी का काम; कटाई-भराई; earthworm केंचुआ; अधम मनुष्य; ग़रीब प्राणी

ease *n.* चैन, आराम; फ़ुरसत; आसानी, सुगमता, सहूलियत; *v.t.* कष्ट निवारण करना; चिंता मुक्त करना; छुटकारा देना; आराम करना; शांत करना; *adj.* easeful शांतिप्रद; कष्ट निवारक; आराम देह; *n.* easement छुटकारा; सहारा; अनुदान; सुविधा; (geog.) समक्रामी; (law) भोगाधिकार, सुखभोग; *adv.* easily आसानी से, सरलता से, आराम से; फ़ुरसत से; *n.* easiness आसानी, सुगमता; *adj.* easy आराम का, आरामदेह; पीड़ामुक्त; शांत; अबाध; आसान, सरल, सुगम; वश्य; *n.* easy-chair आराम कुर्सी; *adjs.* easy-going, -osy आराम पसंद; सुस्त, आलसी, निरुद्योगी; — ease off आवेग कम होना; शांत हो जाना; ease one-self मल त्याग करना; easy money सुलभ धन; बिना परिश्रम के प्राप्त धन; easy street (coll.) सुविधा; ill at ease चिंतित, बेचैन, अशांत; stand at ease आराम करो, आराम की स्थिति में खड़े हो, आराम; take it easy चिंता न करो; तसल्ली रखो; take one's ease आराम से होना

easel *n.* चित्र फलक, चित्राधार

east *n.* पूरब, पूर्व, पूर्व दिशा, प्राची; पूर्वी वायु, पुरवैया; *adj.* पूर्वी; पुरवैया; *v.t.* & *i.* पूर्वाभिमुख होना; *n.* East End लंदन या अन्य शहरों का पूर्वी भाग; ग़रीबों की बस्ती; पूर्वी छोर; *adj.* eastern पूर्वी, पूर्वीय, प्राच्य; *ns.* easterner पुरबिया; संयुक्तराष्ट्र अमरीका वासी; easterling पुरबिया; बाल्टिक तटीय व्यापारी; *adj.* easterly प्राच्य; पूर्वी; पूर्वाभिमुख; *n.* पूर्वी वायु; पुरवैया, पुरवाई; *adv.* पूर्व में, पूरब को; *adjs.* easternmost, eastmost अत्यंत पूर्व, बिल्कुल पूरब; *ns.* East-Indiaman पूर्व भारतीय व्यापारिक जलपोत; easting पूर्वान्तर; रेखांश; east-land पूर्व का देश; *adv.* eastward, eastwards पूरब की तरफ़; *ns.* East Coast fever अफ़्रीकी तटीय ज्वर (पशु रोग); Eeastern Church यूनानी गिरजा; — the East पूर्वी यूरोप के देश

Easter *n.* ईस्टर; *ns.* Easter Day ईस्टर त्यौहार में पड़ने वाला रविवार; Easter egg ईस्टरी अंडा (अंडे की शक्ल की मिठाई); Eastertide, Eastertime ईस्टर अवधि

easy. See ease.

eat *v.t.* खाना, भोजन करना; उपभोग करना; *v.i.* खाने योग्य होना, सुस्वादु होना; *adj.* eatable भक्षणीय, भोज्य, खाने योग्य; *n.* भोज्य सामग्री; खाद्य पदार्थ; *ns.* eatage चारा; भोजनाधिकार; eater भक्षक; खाने वाला; भोक्ता; *n.* & *adj.* eating भोजन, खाना; *n.* eating-house आहार गृह, भोजनगृह, भोजनालय; रैस्टोरेंट; — eat away खा जाना; तबाह करना, नष्ट करना; eat in संक्षारण करना (अम्ल का); eat off (खड़ी फ़सल का)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सफ़ाया करना; eat one's hat असंभव शर्त लगाना; eat one's head off बिसात से बाहर मँहगा भोजन करना; eat one's heart out कुढ़ना; चुपचाप कष्ट सहना; eat one's words अपनी बात से मुकर जाना; eat out खाना चट करना; अनधिकार चेष्टा करना; eat up खा जाना; चाट जाना; नष्ट कर देना

eau *n.* (Fr.) जल, पानी; — eau des creoles यूदे क्रियोल; eau de Cologne यूदेकोलोन; eau de vie ब्रांडी

eaves *n. pl.* (orig. *sing.*) ओलती, छज्जा, वलीक; *ns.* eavesdrip, eavesdrop ओलती से गिरने वाली पानी की बूँदें; *v.i.* eavesdrop कनसुई लेना; छिपकर बात सुनना; प्रच्छन्न श्रवण करना; *ns.* eavesdropper कनसुनवा; प्रच्छन्न श्रवणकर्ता; eavesdropping कनसुनी; छिपकर सुनी बात, प्रच्छन्न श्रवण

ebauche (Fr.) आरंभिक प्रारूप, कच्चा खाका, मोटी रूपरेखा

ebb *n.* भाटा, ह्रास, उतार; *v.i.* भाटा आना; ह्रास होना; डूबना; *n.* ebb-tide भाटा

ebon, ebony *n.* आबनूस; तेंदू (आबनूस का वृक्ष); नीग्रो; *adj.* आबनूस निर्मित; आबनूस की तरह काला; *v.t. & i.* ebonise आबनूस जैसा बनाना या बनना; *ns.* ebonist आबनूस शिल्पी; ebonite एबोनाइट

eboulement *n.* प्राचीर-पतन, भू-स्खलन

ebracteate *adj.* (bot.) सहपत्र रहित, सहपत्र हीन; *adj.* ebracteolate सहपत्रिका रहित, सहपत्रिका हीन

ebriate, ebriated *adjs.* मतवाला, मदोन्मत्त; *n.* ebriety मदोन्मत्तता, मतवालापन, नशा; *adj.* ebriose पिए हुए, मद्यप; *n.* ebriosity मद्यपता

ebullient *adj.* उबलता हुआ, खौलता हुआ; उद्विग्न; जोशीला; *ns.* ebullience, ebulliency उबाल, उफ़ान; उद्विग्नता; ebullioscope क्वथनांकमापी; *adjs.* ebullioscopic, -al क्वथनांकमापीय; *ns.* ebullioscopy क्वथनांकमिति; ebullition उत्क्वथन, उबाल; आवेग, जोश, उफ़ान

eburnean *adj.* हाथीदाँत का, हाथीदाँत जैसा; also eburneous; *ns.* eburnation कठिनीभवन (हड्डी का); eburnification हाथीदाँत जैसा बनाना

ecardinate *adj.* चूल रहित; *n. pl.* E… nes ईकार्डाइन जंतु

ecarte *n.* आकार्ता (ताश का खेल)

ecaudate *adj.* अपुच्छ, पुच्छहीन, बि…

ecblastesis *n.* (bot.) पुष्पाक्ष प्रचुर…

ecbole *n.* (rhet.) परोक्ति, वि… (mus.) इकबोली; *adj.* ecbolic … गर्भोत्सारक; ecbolic गर्भोत्सारक औ…

eccentric *adj.* झक्की, सनकी; … उत्केंद्रीय; केंद्रभ्रष्ट; विषम केंद्र; विषम… विषम केंद्रक; उत्केंद्रक; (mech.) उत्कें… eccentrical झक्की, सनकी; उत्कें… eccentricity उत्केंद्रता; सनक, झक…

ecce signum (L.) निशान को ध्यान से … प्रमाण का अवलोकन करना

ecchymosis *n.* नील लांछन; *adjs.* ec… mosed नील लांछनित; ecchymotic … लांछनी

ecclesia *n.* इक्लेज़िया, नागरिक सभा (… की); कलीसा; *adj.* ecclesial कली… *ns.* ecclesiarch गिरजे का शासक; … siast धर्मोपदेशक, पुरोहित; Eccles… बाइबल के प्राचीन संस्करण का एक… ecclesiastic गिरजे का पुजारी; पादरी; … ecclesiastic, -al चर्च संबंधी; धर्म… धर्म संघ संबंधी; *ns.* ecclesiasticism … पन; ecclesiolatry अतिपूजा; *adj.* ec… siological गिरजाविज्ञान संबंधी; *n.* ec… siologist गिरजाविज्ञान-विद्; ecclesi… गिरजा निर्माण विद्या, गिरजाविज्ञान

ecco (It.) यह रहा; वहाँ; वो देखो

eccoprotic *adj.* विरेचक, सारक; *n.* वि… औषधि

eccrinology *n.* स्रावविज्ञान

eccrisis *n.* उत्सर्जन, मलोत्सर्जन; *n.* ec… उत्सर्जक औषधि

ecdysis *n.* निर्मोक-उत्सर्जन; निर्मोचन

echelon *n.* सोपानक, ऐशेलान

Echidna *n.* एकिडना (आस्ट्रेलियाई … *n.* echidnine सर्प विष

echinus *n.* एकाइनस; (archit.) फलक… (zool.) तीक्ष्णवर्धी; *adjs.* echinate, -d … काँटेदार; *ns.* Echinocactus एकि… कैक्टस (काँटेदार कैक्टस वंश); ech… coccus इकाइनोकॉकस, ब्लैडर वर्म … echinoderm शूल चर्म; एकाइनोडर्मेटा …

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जंतु; Echinodermata एकाइनोडर्मेटा
जंतु समूह); *adjs.* echinodermatous
काइनोडर्मेटा संबंधी; echinoid शूलाभ;
मुद्री अर्चिन सा; *n.* समुद्री अर्चिन

ho *n.* प्रतिध्वनि, गूंज; अनुनाद, इको (वाद्य
), श्रुत्यावृत्ति; प्रतिध्वनिकता; अनुकरण;
नुकारक; *v. i. & t.* प्रतिध्वनित होना;
तिध्वनित करना; गूंजना, गुंजाना; दुह-
राना; नकल करना; चापलूसी करना; *n.*
choer प्रतिध्वनिकर्ता, अनुकारक; *adj.*
hoic प्रतिध्वनिक; अनुकरणात्मक; *v.i.*
hoise प्रतिध्वनि होना; *ns.* echoism
नुरणन, प्रतिध्वनन; echoist अनुनादकर्ता,
रणनकर्ता; echolalia शब्दानुकरण (रोग);
j. echoless प्रतिध्वनि रहित; *ns.* echo-
axia, echopraxis क्रियानुकरण (रोग);
ho-sounding प्रतिध्वनिक (गंभीरता)
पन, प्रतिध्वनिक गहराई मापन; — cheer
the echo उच्च ध्वनि से प्रशंसा करना

r *n.* एक्लेयर (केक)

ircissement *n.* स्पष्टीकरण; व्याख्या; —
me to an eclaircissement समझौते
पहुंचना; शंका समाधान करना

ampsia *n.* गर्भाक्षेपक, एक्लेम्प्सिया; also
clampsy; *adj.* eclamptic गर्भाक्षेपकी

lat *n.* अपूर्व सफलता; ख्याति; प्रतिष्ठा; जय-
यकार; चकमक शल्क

ectic *adj. & n.* संकलनवादी, सारग्राही;
दारचेता; उदार; संकलक; इक्लैक्टिक
यूनानी दार्शनिक); *n.* eclecticism संकलन-
द; संकलनवाद, सार-संग्रहवाद; उदारता,
नानी दार्शनिकों (electics) का मत

pse *n.* ग्रहण; ओट; तिरोभव, गुप्ति; श्री
नता; *v.t.* ग्रस्त करना; ओट में करना; निस्तेज
रना, श्रीहीन करना; मात करना; *n.*
liptic ऐक्लिप्टिक, क्रांतिवलय, क्रांतिवृत्त,
विमार्ग; *adj.* ग्रहण संबंधी; क्रांतिवृत्तीय

ogite, eklogite *n.* एक्लोजाइट (खनिज)

ogue *n.* ग्राम्यगीत; गोपगीत

osion *n.* विनिर्गमन (विशेषतः प्यूपा से कीट
ा या अंडे से लारवा का); *v.i.* विनिर्गत होना

- (in composition) पारिस्थितिक, परि-
स्थिति-, परिवेश-; *n.* ecosystem पारि-
तिकी तंत्र, पारितंत्र

ogy *n.* पारिस्थितिकी, परिस्थिति-विज्ञान,
कोलॉजी; *adjs.* ecologic, -al पारिस्थितिक;
ecologist पारिस्थितिकी विज्ञ, परिस्थिति
ज्ञानी; इकोलॉजिस्ट

economy *n.* अर्थव्यवस्था; गृह व्यवस्था; मित-व्यय, किफ़ायत; बचत; अर्थनीति; (biol.) उपापचय व्यवस्था; *n.* econometrics अर्थमिति; *adj.* econometric अर्थमितीय; *n.* econometrician अर्थमितिविज्ञ, अर्थमिति-शास्त्री; *adjs.* economic, -al आर्थिक, अर्थ-, मितव्ययी; किफ़ायती; अर्थशास्त्र संबंधी; उपयोगी; *ns.* economics अर्थशास्त्र; आर्थिक व्यवस्था; economisation मित-व्ययिता, कमखर्ची; *v.t.* economise कम खर्च करना, किफ़ायत करना, बचत करना; लाभ उठाना; *ns.* economiser मितव्ययी, किफ़ायती; economist अर्थशास्त्री; अर्थ-प्रबंधक; मितव्ययकर्ता

e contra (L.L.) विपरीततः, विपरीत क्रम से, उलटे, विलोमतः

e contrario (L.L.) उलटे, प्रत्युत, इसके विपरीत; परंतु

e converso (L.L.) उलटे, विलोमतः

ecorche *n.* पेशीदर्शी आकृति, एकोश

ecostate *adj.* पर्शुकाहीन, बिना पसली का; शिराहीन (पत्ती)

ecphonesis *n.* (rhet.) उद्‌गार

ecphractic *adj.* (med.) रोधहर औषधि

ecraseur *n.* (surg.) आक्राजर

ecritoire (Fr.) modern form of escritoire

ecru *n.* कोरा कपड़ा; कोरे कपड़े का रंग; *adj.* कोरे कपड़े जैसा

ecstasy, ecstasis *n.* अत्यानंद, परमानंद, आनंदातिरेक; हर्षोन्माद; हाल, समाधि; *v.t.* परमानंद प्राप्त करना; *v.t.* ecstasise हर्षोन्मत्त होना; परमानंद लीन होना; *adj.* ecstatic परमानंददायक, समाधिकर; अह्लादकर; भावा-तिरेकी, हर्षातिरेकी; *n.* परमानंद लीन व्यक्ति; समाधिस्थ व्यक्ति; हर्षोन्माद कथन

ectasis *n.* दीर्घीकरण

ecthlipsis *n.* (lings.) व्यंजन लोप, हल् लोप

ecthyma *n.* पूयस्फोटिका, एक्थीमा

ecto- (in composition) बहिः-, बाह्य, अधि; often opp. to endo-, ento-; see also exo-; *n.* ectoblast बहिः कोरक, अधिकोरक; *adj.* ectoblastic बाह्यकोरकीय; *n.* ecto-derm बाह्यत्वचा, बाह्यचर्म; *adjs.* ectoder-mal, ectodermic बाह्यत्वचीय, बाह्यचर्म, बाह्यचर्मीय; *n.* ectomorph लंबाकार; हल्के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और नाज़ुक शरीर वाला व्यक्ति; *adj.* ectomorphic लंबाकृतिक; नाज़ुक आकृति वाला; *ns.* enctomorphy बाह्याकृति; लंबाकृति; ectoparasite बाह्यपराश्रयी, बाह्यपरजीवी; ectoplasm बाह्य द्रव्य, बहिर्द्रव्य, बहिःप्रद्रव्य, ऐक्टोप्लाज़्म; आत्मानंद; ज्योतिर्मय निर्गम; *adjs.* ectoplasmic, ectoplastic बहिर्द्रव्यीय; *n.* ·ectosarc बहिःप्रद्रव्य, बहिःद्रव्य; *adj.* ectotrophic बहिर्पोषी; *n.* ectozoon बहिर्जंतु, बहिर्जीवी जंतु; *pl.* ectozoa; *n.* & *adj.* ectozoan बहिजंतु, बहिर्जात्विक; *adj.* ectozoic बहिर्जीवीय

ectogenesis *n.* बहिर्जनन; वातावरणज विविधता; *adjs.* ectogenetic बहिर्जनन जात; ectogenic बहिर्जन्मा; ectogenous बहिर्जीवी; *n.* ectogeny (biol.) पराग प्रभाविता

ectophyte *n.* पादपोपरिजीवी; *adj.* ectophytic पादपोपरिजीवी

ectopia, ectophy *n.* अस्थानता; *adj.* ectopic अस्थानिक, अस्थानी

ectropion, -um *n.* बहिर्वर्तन, बहिर्वर्त्यता, ऐक्ट्रोपियन; *adj.* ectropic बहिर्वर्त्य

ectype *n.* प्रथम प्रतिरूप; प्रतिलिपि, नकल; *adj.* ectypal प्रतिलिपिक; संवेदनाश्रित; *n.* ectypography प्रतिलिपिकरण, उद्भृत रेखणकल्प

ecumenic, -al, also **oecumenic** *adjs.* सार्वदेशिक, विश्वव्यापी, सार्वभौम; सकल संप्रदायानुसारी, अखिल चर्ची

ecurie (Fr.) lit. अस्तबल, तबेला; मोटर दौड़ में भाग लेने वाली निजी या संयुक्त स्वामित्व वाली कारें

eczema *n.* एक्ज़िमा, पामा, छाजन; *adj.* eczematous एक्ज़िमाग्रस्त, छाजनीय

edacious *adj.* पेटू, खाऊ, अतिभक्षी; *ns.* edaciousness, edacity अतिभक्षिता, पेटूपन

edaphic *adj.* मृदीय; *n.* edaphology मृदाविज्ञान

eddish *n.* नवोत्पन्न चरागाह; नव प्रस्फुटित घास

eddoes *n. pl.* कंद, घुइयाँ-कंद

eddy *n.* भँवर, आवर्त; बवंडर; *v.i.* भँवर में घूमना, चक्कर लगाना

edema, edematose, -ous. See oedema.

Eden *n.* ईडन (आदम और हव्वा का बाग़; स्वर्ग); *adj.* Edenic ईडन-संबंधी

edentate *adj.* दंतहीन, अदंत, अदंत (स्तनी); *n.* दंतहीन जंतु; *adjs.* edental, edentulous दंतहीन

edge *n.* किनारा, छोर, कगार, कोर, चोटी, शिखर; तीक्ष्णता; चिड़चिड़ापन; लाभ; *v.t.* & *i.* सान चढ़ाना, तेज़ धार लगाना; किनारा लगाना; धीरे-धीरे धकेलना; धीरे-धीरे घुसना; धार तेज़ करना; *v.i.* तिरछे चलना; कतराना; धीरे खिसकना; *n.* edge coal कोयला संस्तर, कोयले का तेज़ संस्तर; *adjs.* edged सान वाला; हुआ; तीक्ष्ण; किनारेदार; edgeless रहित, कुंद; अतीक्ष्ण; *ns.* edge rail पटरी; edge tool, edged tool औज़ार; *adv.* edgeways, edgewise की तरफ़; किनारे के बल; *ns.* edginess तीक्ष्णता, पैनापन; कोणीयता; तीक्ष्ण किनारे टिकाव; edging मगज़ी; हाशिया; कोरण, कोर सज्जा; *adj.* edgy वाला; तीक्ष्ण, तेज़; तीक्ष्ण रूपरेखा चिड़चिड़ा; — edge in a word से कुछ कह पाना; on edge बेचैन, अधीर; चिड़चिड़ा; play with edge खतरनाक मामलों में लापरवाही करना; on edge उत्तेजित करना; set one's teeth on edge दाँत किटकिटाना; अरुचिकर होना, अशांत होना

edgebone. See aitchbone.

edh. See eth.

edible *adj.* खाद्य, भोज्य, भक्ष्य; *n.* *ns.* edibility, edibleness भोज्यता, भक्ष्यता

edict *n.* राजविज्ञप्ति; राजाज्ञा; फ़रमान, देश; *adj.* edictal राजविज्ञप्तिपरक

edifice. See edify.

edify *v.t.* निर्माण करना; उन्नत आध्यात्मिक विकास करना; *n.* edification अति प्रसिद्ध उपदेश; ज्ञानवृद्धि, नैतिक *adj.* edificatory अति प्रसिद्ध उपदेश; *n.* edifice इमारत, भवन; सौध, प्रासाद; *adj.* edificial भवन संबंधी; निर्माण संबंधी; *n.* edifier निर्माता; *adj.* edifying उपदेशदायक; शिक्षाप्रद

edile. See aedile.

edit *v.t.* संपादित करना, संपादन करना; edition संस्करण; editor संपादक;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

editress संपादिका; *adj.* editorial संपादकीय; *n.* संपादकीय लेख; editorship संपादकत्व

edite, bibite (L.) खाना, पीना

edition de luxe (Fr.) राज संस्करण; डीलक्स संस्करण

editio princeps (L.) पहला संस्करण, प्रथमावृत्ति

educate *v.t.* शिक्षा देना, शिक्षित करना; पढ़ाना, पढ़ाना-लिखाना; साधना; *adj.* educable शिक्ष्य; शिक्षणीय; *ns.* educability शिक्षणीयता; education शिक्षा, तालीम, पढ़ाई-लिखाई; शिक्षाशास्त्र; तहज़ीब; *adj.* educational शिक्षा-; शिक्षा संबंधी, शैक्षणिक; *n.* education(al)ist शिक्षक; शिक्षा विशारद, शिक्षाशास्त्री; *adj.* educative शिक्षाप्रद, ज्ञानप्रद; शैक्षणिक; *n.* educator शिक्षक; प्रबोधक

educe *v.t.* विकसित करना, उन्नयन करना; सार निकालना, निष्कर्ष निकालना; *n.* educement उन्नति; विकास; सार; *adj.* educible निष्कर्ष योग्य; विकास योग्य; *ns.* educt निष्कर्ष, सार; eduction उन्नयन; विकसन; निष्कर्षण; सार निकालना; एडक्शन यंत्र; सद्योऽनुमान; eductor निष्कर्षणकर्ता; उन्नयनकर्ता

edulcorate *v.t.* मीठा बनाना; निरम्ल करना, (प्रक्षालन द्वारा) अम्लता रहित करना; मधुरीकरण करना; शुद्ध करना; *adj.* edulcorant मधुरीकर; निरम्लीकर; *n.* edulcoration मधुरीकरण, निरम्लीकरण; *adj.* edulcorative निरम्लीकर; मधुरीकर; *n.* edulcorator मधुरीकारक, निरम्लीकारक

ee. Scottish form of eye; *pl.* een.

eel *n.* ईल; बाम; ईल मछली, सर्पमीन; पकड़ में न आने वाला व्यक्ति; *n.* eelbasket ईल टोकरी; eelfare ईल पथ; ईल शिशु; eelset ईल जाल; eel-spear ईलमार भाला; eelworm ईल कृमि, सूत्र कृमि

eerie, eery *adj.* भयोत्पादक; भूतभयाविष्ट; भीरु; *n.* eeriness भयोत्पादकता; भीरुता

ef F, f अंग्रेज़ी वर्णमाला का छठा अक्षर

effable *adj.* कथनीय, अभिव्यक्ति योग्य

efface *v.t.* मिटाना, पोंछ डालना; उन्मूलन करना, नष्ट करना; भुला देना; *adj.* effaceable विलोपनीय; *n.* effacement विलोपन; — to efface oneself छिप जाना; अपने आपको तुच्छ समझना

effect *n.* नतीजा, परिणाम, फल; प्रभाव, असर; प्रयोजन; वास्तविकता, सच्चाई; (in *pl.*) सामान, माल; (theatre, cinema) ध्वनि, प्रकाश; *v.t.* पैदा करना, उत्पन्न करना; सिद्ध करना; संपन्न करना; अमल में लाना; *adj.* effective प्रभावशाली, प्रभावी; कारगर; सार्थक; शक्तिशाली; वास्तविक; कार्यकारी, कार्यसाधक, कार्यकर; युद्धक्षम, सज्जित; *n.* सज्जित सेना (सैनिक); *n.* effectiveness प्रभाविता, प्रभावकारिता; *adj.* effectless प्रभावहीन, निष्फल; निष्प्रयोजन; *n.* effector (biol.) संवेदनाग्राही; कार्यकर; (physiol.) प्रभावित्र; *adj.* effectual प्रभावशाली; अमोघ, अचूक; *n.* effectuality प्रभावशालिता, अमोघता; *v.t.* effectuate संपन्न करना, पूरा करना, कार्यान्वित करना; परिणत करना; *n.* effectuation संपादन; परिणमन; कार्यान्वयन; — general effect व्यापक प्रभाव; give effect to लागू करना, कार्यान्वित करना; in effect वस्तुतः, फलतः; तत्वतः; leave no effects बिना संपत्ति के मरना; take effect लागू होना, कार्यरूप में परिणत होना

effeminate *adj.* स्त्रैण, स्त्रियोचित, जनाना; मेहरा; कापुरुष; दुर्बल, कोमल; इंद्रियलोलुप; *n.* स्त्रैण पुरुष; मेहरा; *v.t.* & *i.* स्त्रियोचित बनाना, स्त्रैण बनाना; दुर्बल करना, क्लीव होना; also effeminise; *ns.* effeminacy, effeminateness स्त्रैणता; कायरता, कापुरुषता; दुर्बलता; सुकुमारता

efferent *adj.* अपवाही

effervesce *v.i.* बुदबुदाना; उबलना; झाग निकलना; फ़ेन निकलना; *ns.* effervescence, effervescency फ़ेनिलता; बुदबुदाहट; बुदबुदन; उबाल; जोश; *adjs.* effervescent फ़ेनिल; बुदबुदानेवाला; effervescible बुदबुदाने लायक

effete *adj.* श्रांत; व्यतीत; जीर्ण-शीर्ण

efficacious *adj.* फलदायक, प्रभावोत्पादक; गुणकारी, कारगर; अमोघ; *ns.* efficaciousness, efficacity, efficacy प्रभावोत्पादकता; सामर्थ्य; फलोत्पादकता

efficient *adj.* दक्ष, कुशल; प्रभावी, प्रभावशाली, गुणकारी; *n.* कार्यक्षम मनुष्य; प्रभावशाली व्यक्ति; *ns.* efficience (arch.), efficiency कुशलता, दक्षता, क्षमता, निपुणता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

effigurate *adj.* नियताकार; *n.* effiguration पुष्प वर्ध

effigy *n.* पुतला; प्रतिकृति; मुद्रांक; — burn in effigy पुतला जलाना

effleurage *n.* थपथपी, मालिश; *v.i. & t.* मालिश करते समय थपथपाना, चंपी करना

effloresce *v.i.* उत्फुल्लन होना; (chem.) लोनी लगना; *n.* efflorescence उत्फुल्लन; लोनी; *adj.* efflorescent उत्फुल्ल, लोनिया

effluent *adj.* बहिष्प्रवाही, बहि:स्रावी; *n.* बहिष्प्रवाह, बहि:स्राव; *n.* effluence बहिष्प्रवाह, बहि:स्राव

effluvium *n.* नि:स्यंद; दुर्गंध प्रसर्ग; *adj.* effluvial दुर्गंध प्रसर्गी

efflux *n.* बहि:स्राव; बहिर्वाह; also effluxion

efforce *v.t.* मजबूर करना; बलप्रयोग करना; बलपूर्वक खोलना; बलपूर्वक प्रस्तुत करना

effort *n.* प्रयत्न, प्रयास, कोशिश; मेहनत, उद्योग, चेष्टा; सफलता, उपलब्धि; *adj.* effortless निष्क्रिय, निश्चेष्ट; सहज; निरुद्योगी

effrontery *n.* निर्लज्जता; धृष्टता, गुस्ताखी

effulge *v.i.* देदीप्यमान होना, चमकना; *n.* effulgence दीप्ति, प्रभा, कांति, चमक; *adj.* effulgent दीप्त, चमक-दमक वाला

effuse *v.t. & i.* उँडेलना; उगलना (जैसे शब्द); बहाना (जैसे रक्त); नि:सृत करना, प्रसारित करना; *n.* बहाव; नि:सरण, ढलकाव; *adj.* प्रसारी; *ns.* effusiometer निस्सरण मापी; effusion निस्सरण; *adj.* effusive नि:सृत; *n.* effusiveness नि:सृति

egad *interj.* या अल्लाह !, हे भगवान !

egal *adj.* (Shak.) समान, तुल्य, बराबर; *adj. & n.* egalitarian समतावादी, समानतावादी; *ns.* egalitarianism समानतावाद, समतावाद; egality समता, समानता, तुल्यता

egarement (Fr.) भ्रांति, संभ्रम; घबराहट; उलझन, अस्तव्यस्तता

egence, egency *n.* आवश्यकता, जरूरत

eger *n.* Same as eagre.

Egeria *n.* मंत्रणादात्री

egest *v.t.* मल त्याग करना, बहि:क्षेपण करना; *n. pl.* egesta कूड़ा; मल, विष्ठा; *n.* egestion मल त्याग; बहि:क्षेपण; *adj.* egestive बहि:क्षेपणीय

egg *n.* अंड, अंडा, अंडाणु; (also egg...) अंडाकार वस्तु; *ns.* egg-and-spoon ... अंडा-चम्मच दौड़; egg-apparatus (b...) अंड समुच्चय; egg-apple बैंगन; egg-b...ing अंड दुर्मोचन, अंड बंधन; egg-bird ... पक्षी; *adj.* egg-bound अंड बंध; *ns.* egg-capsule, -case, -purse अंड संपुट; ...वरण; egg-cosy अंडे की ढँकनी, ऐग कों...; eggcup अंड प्याला, अंड कप; egg-dan... अंड नृत्य; egger अंड संग्रही, अंडे ... करने वाला; अंड संग्रही शलभ; eggery ... सेने की जगह, अंडालय; egg-flip अंड ... अंड मिश्रित पेय; egg-fruit बैंगन; egg-... अंडे उबालने का गिलास; eggler ... व्यापारी; eggnog अंड मिश्रित शराब; ... नॉग; egg-plant बैंगन (पौधा); egg-pl... अंडाकृति बेर; egg-powder अंडे का ... egg shell अंडे का छिलका, अंड कवच; eg... slice अंडा निकासी चम्मच, अंडा; eg... spoon अंडा खाने की चम्मच; egg-too... अंड दंत; *adj.* eggy अंड बहुला, अंडदा... अंडांकित; — a bad egg (coll.) नाक... व्यक्ति; put all one's eggs into o... basket अपना सब कुछ एक ही दाँव ... लगा देना; take eggs for money दें... वादा करके टालना; teach your gra... mother to suck eggs नानी के ... ननिहाल की बातें; सीखे हुए को सिखा...; tread upon eggs सावधानी बरत...; नाज़ुक परिस्थिति में सावधानी से कार्य कर...

egg *v.t.* उत्तेजित करना, उकसाना

egis. Same as aegis.

eglandular *adj.* ग्रंथिहीन, अग्रंथित; al... eglandulose

eglantine *n.* एग्लैन्टाइन पौधा

ego *n.* अहं, ईगो; *adj.* egocentric अहं... केन्द्रित; अहंकेन्द्री; *ns.* egoism (phil...) अहंवाद, अहंता; स्वार्थवाद, स्वहितवाद; (ethics) स्वार्थवाद; अहंमन्यता; egoist... अहंवादी; स्वार्थवादी, स्वार्थी, स्वहितवादी; ... *adjs.* egoistic, -al अहंमन्य, अहंवादी; *ns.* egoity अहंतत्व; egomania अहमुन्माद; ... egomaniac अहमुन्मादी; egotheism ... अहंदेवत्व; *v.i.* egotise आत्मश्लाघा करना, आत्मप्रशंसा करना; *ns.* egotism अहंमन्यता, अहंकार; आत्मश्लाघा, आत्मप्रशंसा; egotist ... अहंकारी, अहंमन्य; आत्मश्लाघी; *adj.* egotistic, -al अहंकारी, गर्वित; स्वार्थी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

egregious *adj.* घोर, पक्का; घृणित, अमर्यादित; कुख्यात; *n.* egregiousness घृण्यता; कुख्याति

egress *n.* निर्गमन, निर्गम, निर्गति; प्रवास; निकास; मोचन; *n.* egression निर्गमन, बहिर्गमन, प्रवास; निर्गति; निकास

egret *n.* बगुला

egurgitate *v.t.* वमन करना; उगलना, उद्गलन करना

Egypt *n.* मिस्र; *n.* Egyptian मिस्रवासी, मिस्री, मिस्र का निवासी; *adj.* मिस्र का, मिस्र से संबंधित; *ns.* Egyptologist मिस्रविद्; Egyptology मिस्र विद्या

eh *interj.* अरे!, ओ!, हे!, अवे!

eider *n.* the eider-duck ईडर बत्तख; *n.* eider down ईडर के पर

eidetic *adj.* सुस्पष्ट; मूर्तकल्पी, प्रतिमालंबन; *n.* मूर्तकल्पी व्यक्ति

eidograph *n.* ईडोग्राफ़, रेखाचित्र प्रतिलिपित्र

eidolon *n.* आइडोलोन, प्रतिच्छाया; प्रेतात्मा; छायाप्रतिबिंब

eigen- (in composition) अभिलक्षणिक, अपना, निजी; *ns.* eigen-frequency अभिलक्षणिक आवृत्ति; eigen-tone अभिलक्षणिक तान, अभिलक्षणिक स्वर; eigen value अभिलक्षणिक मान

eight *n.* आठ, अष्ट; अष्ट समूह (मनुष्यों या वस्तुओं का); आठ डॉड वाली नाव; आठ सिलिंडर वाली कार; अट्ठा (ताश का); अष्टाकृति जूता; आठ बजे; *adj.* eight-day अष्ट दिवसीय; *adj. & adv.* eightfold अष्टगुण, अठगुना, आठगुना; *adj.* eighth आठवाँ, अष्टम; *n.* आठवाँ हिस्सा; (mus.) सप्तक; *adv.* eighthly अष्टम स्थानीय; *adj.* eight-hour आठ घंटे का; *ns. & adjs.* eight-oar आठ मल्लाहों द्वारा चालित; eightscore अठ बीसी, एक सौ साठ; *n.* eightsome अष्टक; *adj.* eight-square सम अष्ट भुज; — an eight days सप्ताह; figure of eight स्केटिंग में या मोटर-लाइसेंस की परीक्षा में 8 अंक बनाना/बनवाना

eighteen *n. & adj.* अठारह; *ns.* eighteen-hole गॉल्फ़ खेल के अठारह घर; eighteenmo अठारह पेजी (ताव में 18 पन्नों का); *adj.* eighteenth अठारहवाँ; *n.* अठारहवाँ हिस्सा

eighty *n. & adj.* अस्सी; *pl.* eighties अस्सी से नवासी तक; *n. & adj.* eightieth अस्सीवाँ भाग

eigne *adj.* प्रथमोत्पन्न, प्रथम प्रसूत, पहलौठी का

eilding. See eldin.

einsteinium *n.* आइंस्टाइनियम (कृत्रिम रासायनिक तत्व, परमाणु संख्या 99)

eirenicon *n.* संधि-प्रस्ताव

either *adj.* or *pron.* कोई एक; दोनों में से एक; दो में से हरेक; *conj.* या

ejaculate *v.t. & i.* निकाल फेंकना; सहसा बोल उठना; स्खलन करना; *n.* ejaculation उद्गार; स्खलन; *adj.* ejaculative, ejaculatory स्खलन-संबंधी

eject *v.t.* निकाल फेंकना, बाहर फेंकना; निकाल देना, उत्क्षेपण करना; बाहर निकालना; बेदखल करना; *n.* निष्कासन, उत्क्षेपण; *ns. pl.* ejecta, ejectamenta इजेक्टा, निष्कासित पदार्थ (ज्वालामुखी से); *n.* ejection उत्क्षेपण, निष्कासन; निराकरण; वमन; निरसन; *adj.* ejective उत्क्षेपी, उत्क्षेपक; *ns.* ejectment निष्कासन, उत्क्षेपण; बेदखली; ejector निष्कासक, फेंकू; बेदखल करने वाला

ejusdem generis (L.) उसी प्रकार का, उसी जात का

eka- *pfx.* एका (संस्कृत एक) (काल्पनिक रासायनिक तत्वों का बोधक उपसर्ग)

eke *v.t.* योग करना, जोड़ना; बढ़ाना, वृद्धि करना; लंबा करना; कमी पूरी करना; *n.* eke (Scot.) संकलन, पूरण

eke *adv.* अतिरिक्त

ekistics *n.* नृआवासिकी

el *n.* एल (L.); एल आकृति की वस्तु

elaborate *v.t. & i.* विस्तार देना, विस्तार करना; परिष्कृत करना; *adj.* प्रयत्नसिद्ध; परिष्कृत; विस्तृत; जटिल; *ns.* elaborateness प्रयत्नसिद्धता, सुसंपादन; विस्तार, परिष्कृति; elaboration विस्तरण; परिष्कार; उत्पादन; *adj.* elaborative विस्तारक; *ns.* elaborator संस्कारक, विस्तारक; elaboratory (obs.) प्रयोगशाला

Elaeagnus *n.* इलेइऐग्नस (पौधा)

Elaeis *n.* इलीइस (पौधा)

elaeolite *n.* इलीओलाइट (खनिज)

elan *n.* उत्साह, स्फूर्ति

elance *v.t.* भाले की तरह फेंकना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

eland *n.* ईलैंड (दक्षिणी अफ्रीका का हिरन)

elanet *n.* एलैनेट, चील

elaphine *adj.* लाल हिरन संबंधी, लाल हिरन-सा

Elaps *n.* ऐलाप्स (सर्प वंश)

elapse *v.i.* खिसकना; व्यतीत होना, गुज़रना, बीतना; *n.* गुज़र

elasmobranch *n.* एलास्मो ब्रैंक (मत्स्य), उपास्थिमीन

elastic *adj.* प्रत्यास्थ, लचीला, नमनशील; *n.* इलास्टिक डोरी; *ns.* elastance इलैस्टैन्स, व्युत्क्रमधारिता; elasticity, elasticness प्रत्यास्थता; लचक, लोच; elastomer इलैस्टोमर, प्रत्यास्थलक (प्रत्यास्थ बहुलक)

elate *adj.* गर्वित; उल्लसित, प्रफुल्ल; *v.t.* प्रफुल्लित करना, उल्लसित करना; *ns.* elatedness उल्लास; हर्ष; elation उल्लास; हर्ष; उमंग; गौरव

elater *n.* इलेटर; इलेटर भृंग; *ns.* elaterium उत्क्षीरकी (एक विरेचक औषधि); elaterin, elaterite उत्क्षीरकी, एक राल सदृश धातु

elbow *n.* कोहनी, कुहनी, कफोणि; मोड़; *v.t.* कोहनी मारना; *ns.* elbow-chair बाँह वाली कुर्सी, आराम कुर्सी; elbow-grease कठोर परिश्रम; elbow-room पर्याप्त स्थान; — at one's elbow सन्निकट, समीप; bend, crook or lift the elbow अत्यधिक मदिरापान करना; out at elbow फटे कोट वाला; up to the elbows तन्मय, तल्लीन, रत, आकंठ मग्न

elchi, eltchi, elchee *n.* एलची, राजदूत

eld *n.* उम्र, वृद्धावस्था, जरा; पुराकाल प्राचीन काल

elder *n.* ऐल्डर वृक्ष; *ns.* elder berry ऐल्डर बैरी (फल); elder-gun ऐल्डर बंदूक; elder wine ऐल्डरबैरी मदिरा; elder-flower water ऐल्डर पुष्प जल (अर्क)

elder *adj.* जेठा, ज्येष्ठ; अग्रज; सयाना, वयोवृद्ध; *n.* जेठा, ज्येष्ठ व्यक्ति, सयाना, गुरुजन; अग्रज; *n.* elderliness प्रौढ़ता, सयानापन; *adj.* elderly सयाना, वयोवृद्ध; प्रौढ़; वृद्ध-सा; *n.* eldership ज्येष्ठता; बड़प्पन; ऐल्डर का कार्यक्षेत्र; *adj.* eldest वर्षिष्ठ; ज्येष्ठ; सबसे बड़ा; *ns.* elder hand, eldest hand खेल शुरू करने वाला; elders' hours उचित समय; रात्रि दस बजे से पहले

eldin, elding, (Scot.) **eilding** *n.* (northern) ईंधन

El Dorado, Eldorado ऐल डोरेडो (क... स्वर्ण देश)

elecampane *n.* एलिकांपेन (पौधा)

elect *v.t.* चुनना, चयन करना, ... निर्वाचन करना; *adj.* निर्वाचित, ... चुना हुआ; प्रवर; भगवान का प्या... चुनिंदा, चुना व्यक्ति; *n.* election ... निर्वाचन; वरण; चयन; *v.i.* electi... चुनाव में दौड़-धूप करना; *ns.* election... चुनाव में दौड़-धूप करने वाला (... *n.* & *adj.* electioneering चुनाव-... *adj.* elective निर्वाचित; निर्वाचन ... निर्वाचक; *n.* elector निर्वाचक; मतदाता; ... electoral, electorial निर्वाचकीय; नि... संबंधी; *ns.* electorate निर्वाचक ... निर्वाचन क्षेत्र, निर्वाचक समूह; el... ship निर्वाचकत्व; electoral vote (... निवचिक मत

Electra complex (psych.) इलेक्ट्रा म... (मातृ विद्वेषवशात् पितृ आसक्ति)

electric *adj.* विद्युत् संबंधी, विद्युत्; ... बिजली का; (fig.) रोमांचक; भावो... अस्थायी; *adj.* electrical विद्युत्, ... बिजली का, विद्युत् संबंधी; *ns.* electr... विद्युत्-ईल (मछली); electrician ... शियन, बिजली मिस्त्री, बिजली वाला; ... tricity विद्युत्, बिजली; *adj.* electri... बिजली लगाने योग्य, विद्युतीकरणीय... electrification बिजली लगाना, ... करण; *v.t.* electrify बिजली ... विद्युतीकरण करना; *n.* electris... विद्युतन, वैद्युतीकरण; विद्युत्-आवेशन; ... electrise बिजली लगाना, विद्यु... करना; *ns.* electric arc विद्यु... electric battery विद्युत बैटरी; el... blue विद्युत् नील; electric cal... वैद्युत कैलेमीन; electric chair बि... फाँसी कुर्सी, विद्युत् कुर्सी (मृत्यु ... लिए); electric eye प्रकाश-विद्यु... विद्युत् नेत्र; electric furnace विद्यु... बिजली की भट्ठी; electric guitar ... गिटार, इलैक्ट्रिक गिटार (वाद्य); el... hare बिजली से चालित खरगोश; ... organ (mus.) वैद्युत वाद्य; (zool.) वै... विद्युत् अंग; electric ray वैद्युत रे (... electric storm वैद्युत तूफ़ान, वैद्यु... electric torch बिजली की टॉर्च

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

electro- (in composition) विद्युत्, वैद्युत; *ns.* electro (coll.) an abbrev. of electroplate and electrotype; electro-analysis वैद्युत विश्लेषण, वैद्युत अपघटन; electrobath वैद्युत द्रव; electrobiologist वैद्युत जीव-विज्ञानी; electrobiology वैद्युत जीव-विज्ञान; electrocardiogram विद्युत्-हृद्लेख; electrocardiograph विद्युत् हृद्लेखी; electrocardiography विद्युत् हृद्लेखन; electrocement विद्युत् सीमेन्ट; *adjs.* electrochemic, -al विद्युत्-रासायनिक; *ns.* electrochemist विद्युत् रसायनज्ञ; electrochemistry विद्युत् रसायन; electro-culture वैद्युत-संवर्धन, वैद्युत संवर्ध; *v.t.* electrocute बिजली से मारना या प्राणदंड देना; *ns.* electrocution बिजली से मौत; बिजली द्वारा प्राणदंड; electrode विद्युदग्र, (विद्युत्) अग्र, इलैक्ट्रोड; electro-deposition वैद्युत-निक्षेपण; electrodynamics विद्युत् गतिविज्ञान; विद्युत्गतिकी; electrodynamometer इलैक्ट्रो डायनमोमीटर, विद्युत् शक्ति-मापी; electro-engraving विद्युदुत्कीर्णन; electroextraction, electro-winning वैद्युत पुनः प्राप्ति, वैद्युत निष्कर्षण; electrogilding वैद्युत स्वर्णलेपन, विद्युत्-स्वर्णन; electrograph वैद्युत अभिलेखी; electrokinetics विद्युत्-चलगतिविज्ञान; electrolier विद्युत्-दीपाधार; electrology विद्युद्विज्ञान; विद्युत् चिकित्सा; *v.t.* electrolyse विद्युत् अपघटन करना; *ns.* electrolysis विद्युत् अपघटन; electrolyte विद्युत् अपघट्य, इलैक्ट्रोलाइट; electrolytic विद्युत्-अपघटनी; *n.* electromagnet विद्युत् चुंबक; *adj.* electromagnetic विद्युत् चुंबकीय; *n.* electromagnetism विद्युत् चुंबकत्व; *adj.* electromechanical विद्युत् यांत्रिकीय; *ns.* electromechanics विद्युत् यांत्रिकी; electromer इलैक्ट्रोमर, वैद्युत चलावयव; *adj.* electromeric इलैक्ट्रोमरी, वैद्युत चलावयवी; *n.* electromerism वैद्युत चलावयवता; *adj.* electrometallurgical विद्युत् धातु-कर्मीय; *ns.* electrometallurgist विद्युत् धातु-कर्मविज्ञानी; electrometallurgy विद्युत् धातु-कर्मविज्ञान; electrometer इलैक्ट्रोमीटर, विद्युत् मापी; *adjs.* electrometric, -al विद्युत् मापीय; electrometry विद्युत् मिति; electromotion विद्युत् गति; *adj.* electromotive विद्युत् वाहक बल; *ns.* electromotor विद्युत्-चालक यंत्र, इलैक्ट्रो मोटर; electronegative ऋण विद्युती; electrophoresis, electrophoretic वैद्युत कण संचलन-; electrophorus इलैक्ट्रोफ़ोरस; electrophysiology वैद्युत शरीर-क्रियाविज्ञान; *v.t.* electroplate विद्युत् लेपन करना, बिजली से मुलम्मा करना; *n.* electroplating विद्युत् लेपन, बिजली से मुलम्मा करना; *adjs.* electropolar विद्युत्-ध्रुवीय; electropositive घन विद्युती; *n.* electroscope विद्युत् दर्शी; *adjs.* electroscopic विद्युत् दर्शीय; electrostatic स्थिर वैद्युत; *ns.* electrostatics स्थिर विद्युतिकी; electrotechnics विद्युत् शिल्प विज्ञान; electrotherapeutics वैद्युत चिकित्सा-शास्त्र; electrotherapy वैद्युत चिकित्सा; *adjs.* electrothermal विद्युतोष्मी, विद्युत्-तापीय, विद्युत् उष्मीय; electrothermic विद्युतोष्मीय; *ns.* electrothermics विद्युतोष्मिकी; electrothermy विद्युतोष्मिता; electrotint विद्युत्‌रंग; *adj.* electrotonic विद्युत्तानी; *ns.* electrotonus विद्युत् तानता; electrotype विद्युत् टाइप, विद्युत् ब्लॉक; *adj.* electrotypic विद्युत् टाइप संबंधी; *ns.* electrotypist विद्युत् टाइपकर्ता; electrotypy विद्युत् टाइप कर्म; electrovalency वैद्युत संयोजकता; *adj.* electrovalent वैद्युत संयोजक; — electromagnetic theory विद्युत् चुंबकीय सिद्धांत; electromagnetic wave विद्युत् चुंबकीय तरंग; electromotive force विद्युत् वाहक बल

electron *n.* इलेक्ट्रॉन; *adj.* electronic इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रॉनीय; *n. pl.* electronics इलेक्ट्रॉनिकी; — electron camera इलेक्ट्रॉन कैमरा; electron microscope इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी; electron-volt इलेक्ट्रॉन वोल्ट

electronegative. See electric.

electronic, etc. See electron.

electrophoresis...to...electrovalent. See electric.

electuary *n.* अवलेह (औषधि)

eleemosnary *adj.* भिक्षावलंबित; भिक्षा संबंधी; दातव्य; दानाश्रित; धर्मार्थ

elegant *adj.* ललित, सुरुचिपूर्ण; मनोहर, चारु; स्वच्छ; परिष्कृत, परिमार्जित; चुस्त; सुरूप; *ns.* elegance, elegancy लालित्य; सुचारुता; चुस्ती

elegy *n.* शोक गीत, मरसिया; करुण काव्य; *adjs.* elegiac, elegiacal शोक गीत या

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मरसिया संबंधी; *n.* elegiast शोक गीतकार, मरसिया लेखक; *v.i. & t.* elegise शोक गीत लिखना, मरसिया लिखना

element *n.* तत्व, मूल तत्व; मूल वस्तु; घटक, अवयव, अंश; (विद्युत्) अल्पांश; *pl.* मौसम; प्रकृति की शक्तियाँ; *adj.* elemental तात्विक; मौलिक; *n.* भूत, अधिभूत; *n.* elementalism अधिभूतोपासना; अधिभूतवाद; *adj.* elementary प्राथमिक, प्रारंभिक, मूल; तात्विक; अयौगिक; — elemental spirits अधिभूत; elementary particle मूलतत्व (जैसे इलेक्ट्रोन, प्रोटोन, न्यूट्रोन या पियोन)

elemi *n.* एलमी (रेज़िन); *n.* elemin ऐलेमिन

elench, elenchus (*pl.* elenchi) *n.* प्रतिहेत्वनुमान, सत्प्रतिपक्षानुमान; *adj.* elenctic प्रतिहेत्वनुमान संबंधी

elephant *n.* हस्ती, गज, हाथी; एलीफ़ैंट (28″×23″) काग़ज़ का माप; *ns.* elephantiac श्लीपद रोगी ग्रस्त, फ़ीलपाँव रोगी; elephantiasis श्लीपद, फ़ीलपाँव; elephant folio एलीफ़ैंट काग़ज़ के माप का पन्ना; elephant grass हाथी घास (टाइफ़ा की जाति); *adjs.* elephantine हाथी का; भीमकाय, विशाल; elephantoid गजवत्, हाथी जैसा; *ns.* elephant seal महासील (मछली); elephant's-ears बीगोनिया (पुष्प); elephant's-foot हाथीचक्र (पौधा); — a white elephant सफ़ेद हाथी, अत्यंत खर्चीली वस्तु

eleutherian *adj.* मुक्तिदाता, स्वतंत्रता देने वाला; *adj.* eleutherodactyl मुक्तपादी

elevate *v.t.* ऊपर उठाना, उन्नत करना; प्रसन्न करना, मुदित करना, आनंदित करना; *adj.* elevated उन्नत, उन्नयित, उत्थित, उच्च; आनंदित, प्रमुदित; *ns.* elevation उत्थान, उत्थापन, उन्नयन; उत्कर्ष; उच्चता; उत्सेध, ऊँचाई; आनंद; (archit.) उठान, एलीवेशन; (astron.) उन्नतांश; खड़ा नक्शा, ऊर्ध्व छंद; elevator एलिवेटर, उत्थापित्र, उत्थापक, लिफ़्ट; उन्नायक; यांत्रिक कोठार, अन्न भंडार, उन्नयन पेशी; *adj.* elevatory उन्नयनकारी, उन्नयन क्षम; उत्थापक; — elevated (railroad) उन्नयित रेलमार्ग

eleven *n.* ग्यारह, एकादश; ग्यारह खिलाड़ियों की टीम (क्रिकेट, फुटबाल आदि की); ग्यारह बजे; *adj.* ग्यारह संख्या वाला; *n.* elevens, elevenses (coll.) ग्यारह बजे का पेय (काफ़ी या चाय); *adj.* eleventh ग्यारहवाँ; एकादशांश; एकादशीय; *n.* (mus.) ... स्वर; — eleven and twenty ... (Shak.) एकदम ठीक; eleventh hour मौके पर

elf *n.* बेताल; परी; बौना; यक्ष; *v.t.* (S...) बाल उलझाना; *ns.* elf-arrow, ... यक्ष का तीर; elf-child परी द्वारा ... बच्चे के स्थान पर छोड़ा हुआ बच्चा; ...hood परीपन, परीत्व; *adj.* elfin परी... परी का; पिशाची; *n.* छोटी परी, ... *adjs.* elfish, elvan, elvish परी... शरारती; चालबाज़; हठी; *n.* elfland ... देश; *n.pl.* elflocks (Shak.) ... उलझी लटें; *v.t.* elf-shoot यक्ष बाण ... मारना; *n.* elf-shot यक्ष बाण

elicit *v.t.* प्रकाश में लाना; प्राप्त ... निष्कर्ष निकालना; *n.* elicitation ... निष्कर्ष

elide *v.t.* लोप करना; *n.* elision लोप

eligible *adj.* योग्य, उपयुक्त, पात्रता ... पात्र; वरणीय, निर्वाचन योग्य; वांछनीय ... (coll.) सुपात्र; *n.* eligibility योग्... पात्रता; वांछनीयता, वरणीयता

eliminate *v.t.* निकाल बाहर करना; ... देना, निराकरण करना, दूर कर देना; ... कर देना; छुटकारा पा जाना; विलुप्त ... विलोपन करना; *adjs.* eliminable ... निराकरणीय; eliminant (med.) रेचक; ... eliminant विलोपकारक; विलोपन ... निराकरण फल; elimination ... बहिष्करण; निरसन, निरास; निकाल ... निराकरण; *adj.* eliminative ... कारी; विलोपन संबंधी; *n.* elimin... विलोपक; निराकरक; *adj.* elimin... विलोपनकारी, निराकरणकारी

elision. See elide.

elite *n.* संभ्रांत व्यक्ति, एलीट टाइप, ... लोग, विशिष्ट जन-गण, सुशिष्ट जनता; ... *adj.*

elixir *n.* अलअक्सीर, एलिक्ज़ीर; अमृत, ... परमौषधि

elk *n.* एल्क बारहसिंगा, ऋष्य; *ns.* elk... fern एल्कशृंगाभ पर्णांग; elkhound ... कुत्ता (कुत्ते की जाति)

ell *n.* ऐल (लंबाई नापने का पैमाना); ... ellwand (नापने का) गज़; — give him ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

inch and he'll take an ell वह उँगली पकड़ कर पहुँचा पकड़ता है

ell *n.* एल (L), अंग्रेज़ी वर्णमाला का बारहवाँ अक्षर; L वर्ण की शक्ल की कोई वस्तु

ethos *n.* जाति स्वभाव; प्रकृति; आचार, लोकाचार, लोकनीति; *adjs.* ethologic, -al चरित्र शास्त्री, आचार शास्त्रीय; जाति स्वभाव संबंधी; *ns.* ethologist आचार शास्त्री; मानव प्रकृति विद्; जाति स्वभाव शास्त्री; ethology आचार शास्त्र; मानव प्रकृति विज्ञान; जैव वासिकी

ethyl *n.* एथिल [(C_2H_5) अलको... आदि का आधार]; *ns.* ethylami... माइन $(NH_2C_2H_5)$ अमोनिया-... कार्बन (इसमें हाइड्रोजन के एक ... स्थान एथिल ले लेता है); ethyle... ethene) एथिलीन गैस, ओली... (C_2H_4); — ethyl petrol एथि... [लेड टेट्रा एथिल युक्त पेट्रोल Pb (C...

etiolate *v.t. & i.* (bot.) पांडुर करना... हो जाना, पीला पड़ जाना; *ns.* eti... पांडुरता, पीलापन; वर्णहीनता; etiol... लिन, (पांडुरित पादपों में प्राप्त हो... पीला वर्णक)

etiology. U.S. spelling of aetiol...

etiquette *n.* शिष्टाचार; उपचार; (... के लोगों में) सामान्य नम्रता का व्य...

etna *n.* एटना(स्पिरिट से जलने वाले... या छोटा चूल्हा); *adjs.* Aetnean, E... एटना ज्वालामुखीय, एटना ज्वालामु...

etoile (Fr.) तारा; तारे के आ... वस्तु

Eton *n.* ईटन शहर; (in *pl.*) ई... *n. & adj.* Etonian ईटन कालेज में... —Eton collar चौड़ा सख्त कोट... महिलाओं के कुर्ते [जंपर आदि का (... कॉलर]; Eton crop ईटन क्रॉप (... बालों का फ़ैशन); Eton jacket ईट... Eton suit ईटन सूट

etourdi (fem. etourdie) (Fr.) मूर्ख,... चंचल वृत्ति; etourderie असावधानी,...

etranger (fem. etrangere) (Fr.) ... विदेशी

etrenne (usu. in *pl.* etrennes) नव वर्षोपहार, नए साल की भेंट

etrier *n.* (पर्वतारोहियों की) छोटी ... सीढ़ी, लघु रज्जु सीढ़ी

et sequens (L.) और निम्नलिखित, ... दिया हुआ; et sequentes, (neut. ... quentia) और नीचे दिए हुए

et sic de ceteris (L.L.) और इसी ... शेष भी

et sic de similibus (L.) और अन्य ... मामलों में भी इसी प्रकार

ettle *v.t.* (Scot.) इरादा रखना; उद्देश्य ... अभिलाषा करना, आकांक्षा करना; ... प्राय; प्रयोजन; इरादा, संकल्प, उद्देश्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

etude *n.* (mus.) भाव प्रबंध; रियाज़ी वादिश (वादक के प्रशिक्षण या वादन क्षमता की परीक्षा के लिए विशिष्ट वाद्य रचना)

etui, etwee *n.* (सुई आदि रखने की) डिबिया

etymon *n.* मूल शब्द; मूल धातु, धातु; (rare) शब्द का व्युत्पन्न अर्थ; *adjs.* etymic, etymological व्युत्पत्तिविषयक, व्युत्पत्ति-मूलक, व्युत्पन्न; *ns.* etymologicon, -cum व्युत्पत्ति कोष; *v.t. & i.* etymologise निरुक्ति या व्युत्पत्ति मालूम करना; व्युत्पत्ति-शास्त्र का अध्ययन करना; व्युत्पत्ति निकालना; *ns.* etymologist व्युत्पत्तिविज्ञानी, शब्द-व्युत्पत्तिविद्; निरुक्तिकार; etymology निरुक्त, व्युत्पत्तिशास्त्र; व्युत्पत्तिविज्ञान, शब्द व्युत्पत्ति प्रकरण; निरुक्ति, व्युत्पत्ति

etypic, -al *adjs.* अननुरूप, रूप विरुद्ध; असंगत

eucaine, eucain *n.* यूकेन (कोकेन के बदले प्रयुक्त संवेदनाहारी)

Eucalyptus *n.* यूकेलिप्टस वृक्ष; यूकेलिप्टस तेल; *ns.* eucalypt यूकेलिप्टस का पेड़; eucalyptol, eucalyptole सिनिओल (यूके-लिप्टस के पत्तों से प्राप्त तेलों का घटक)

Eucharist *n.* यूकैराइस्ट, यूखारिस्त, (ईसाई मत में) अंतिम भोज संस्कार; *adjs.* Eucha-ristic, -al यूकैराइस्ट संबंधी; अंतिम भोज संबंधी

euchlorine *n.* यूक्लोरीन गैस (अत्यधिक विस्फोटक गैस); *adj.* euchloric यूक्लोरीन विषयक, यूक्लोरीनीय

euchre *n.* यूकर (ताश का खेल); *v.t.* (विरोधी को) जीत लेना, हरा देना

euclase *n.* यूक्लेस (खनिज)

Euclidean *adj.* यूक्लिडीय, यूक्लिडी

eucrite *n.* यूक्राइट; *adj.* eucritic यूक्राइट संबंधी, यूक्राइटी

eucyclic *adj.* (bot.) सुचक्रकी (प्रत्येक चक्कर में पंखुड़ियों आदि की समान संख्या वाला फूल)

eudaemonism, eudemonism *n.* आत्म-प्रसादवाद, सुखशांतिवाद; आत्मोत्कर्षवाद, यूडिमोनियावाद; *ns.* eudaemonist, eude-monist आत्मप्रसादवादी, आत्मोत्कर्षवादी, यूडिमोनियावादी

eudialyte *n.* यूडायलाइट (ज़िरकोनियम, सोडियम, कैलसियम, लौह का सिलिकेट)

eudiometer *n.* गैस आयतन मापी

euge *interj.* वाह !, शाबाश !

Eugenia *n.* यूजीनिया (लवंगादि); — eugenol यूजिनॉल (लवंग तेल का मुख्य संघटक $C_{10}H_{12}O_2$); also eugenic acid

eugenic *adj.* सुजननिक, सुजनन-; सुजात; *n.* (treated as *sing.*) eugenics सुजननिकी, सौजनिकी, सुजननविज्ञान; सुजनन तत्व; *ns.* eugenism सुजननवाद; eugenist सुजनन-विज्ञानी, सुजननशास्त्री

Euglena *n.* यूग्लीना (एक कोशीय जल जीव वंश)

Eugubine *adj.* यूगुवियम या इगुबियम (प्राचीन नगर विषयक)

euharmonic *adj.* ठीक स्वर या लय युक्त; गायनात्मक; संगीतारंभ संबंधी

Euhemerism *n.* पौराणिक वृत्तों के इतिहास-सम्मत होने का सिद्धांत; *v.t. & i.* euheme-rise पौराणिक वृत्तों में ऐतिहासिकता बताना या सिद्ध करना; *n. & adj.* euhemerist पौराणिक वृत्तों की ऐतिहासिकता का अध्ययन-कर्ता; *adj.* euhemeristic पौराणिक वृत्तों की ऐतिहासिकता संबंधी

eulachon *n.* यूलकन, कैंडल फ़िश (मोमबत्ती की तरह जलाई जाने वाली उत्तर प्रशांत महा-सागरीय मछली); also oolakan, oulakan, -chon, ulicon, -chon, -kon

eulogium, eulogy *n.* प्रशंसा, प्रशस्ति, सराहना; गुणानुवाद, स्तुति, गुणगान; *v.t.* eulogise प्रशंसा करना, गुणगान करना; *n.* eulogist प्रशंसक, स्तुतिकर्ता; *adj.* eulogistic प्रशंसा-त्मक, प्रशंसा पूर्ण, स्तुतिमय

Eumenides *n. pl.* अप्सराओं का नाम (भयंकर और कठोर वस्तुओं का अपेक्षाकृत कोमल नामकरण)

eumerism *n.* (biol.) समानावयवता

Eumycetes *n. pl.* यूमाइसिटीज़ (कवक वर्ग)

eunuch *n.* क्लीव, हिजड़ा, नपुंसक, षंड; खोजा या तार स्वर गायक

eupatrid *n.* (प्राचीन यूनानी) अभिजात वर्ग का सदस्य)

eupepsy, eupepsia *n.* सुपाचन, अच्छा हाजमा (opp. to dyspepsia); *adj.* eupep-tic सुपाचक, हाजमे वाला, अच्छी पाचन शक्ति युक्त; *n.* eupepticity सुपचनीयता

euphemism *n.* शिष्टोक्ति; प्रियोक्ति, मंगल भाषण; सुभाषिता; कोमल वचन, कांत पदा-वली; *v.t. & i.* euphemise शिष्टवचन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बोलना, सुभाषण करना; *adj.* euphemistic मंगल भाषणात्मक, शिष्ट कथनात्मक

euphony *n.* सुस्वन, मधुर शब्द, श्रुति माधुर्य, सुरीली आवाज़; नाद सौंदर्य; सुश्रव्यता; also (obs.) euphonia; *n.* euphon यूफ़ॉन काँच; *adjs.* euphonic, -al, euphonious श्रुति मधुर, सुरीला; सुश्रव्य; *adv.* euphoniously सुरीलेपन से, श्रुति मधुरता से; *v.t.* euphonise मधुर स्वर निकालना, सुमधुर उच्चारण करना; मीठे बोल बोलना; *n.* euphonium मंद्र सैक्स हॉर्न, संनादी काँच

Euphorbia *n.* यूफ़ॉर्बिया (पौधा); Euphorbiaceae यूफ़ॉर्बिएसी (पादप कुल); *adj.* euphorbiaceous यूफ़ॉर्बिया का, यूफ़ॉर्बिया संबंधी; *n.* euphorbium यूफ़ॉर्बिया पौधों से प्राप्त गोंद

euphoria, euphory *ns.* यूफोरिया, उल्लासोन्माद, कल्याण भावना, सुखबोध; सुखभ्रांति; *adj.* euphoric उल्लासोन्मादात्मक, सुखबोधात्मक, कल्याण भावना विषयक

euphrasy *n.* (bot.) यूफ़ेज़ी (पौधा जो कभी आँखों के विकारों के लिए मुफ़ीद समझा जाता था)

Euphrosyne *n.* यूफ़्रोज़िनी, सौंदर्य की देवी (तीन यूनानी सौंदर्य देवियों में से एक)

Euphuism *n.* डंबर शैली, कृत्रिम एवं शब्दाडंबर पूर्ण शैली (जॉन लिली द्वारा प्रवर्तित); शब्दाडंबर; अतिशब्दाडंबरपूर्ण शैली में अभिव्यक्ति; *v.i.* euphuise शब्दाडंबरपूर्ण शैली में रचना करना; *n.* euphuist शब्दाडंबरपूर्ण लेखक, कृत्रिम शैलीकार; *adj.* euphuistic शब्दाडंबरपूर्ण शैली संबंधी

Eur(o)- (in composition) यूरोप-, यूरोपीय; *adj.* Eurafrican यूरैफ़्रीकी, यूरोप और अफ़्रीका संबंधी; *n.* यूरैफ़्रीकी जाति का व्यक्ति; *adj.* Eurasian यूरोपीय और एशियाई मिश्रित वंशज; यूरोप और एशिया (एक महाद्वीप) से संबंधित; यूरेशियाई जाति का व्यक्ति, यूरेशियाई; *ns.* Euratom यूरोपीय परमाणु ऊर्जा समुदाय (1958), परमाणुओं के संयुक्त शांतिपूर्ण विकास के लिए निर्मित संगठन; Euro-American यूरोपीय और अमरीकी; Euro-dollars यूरोपीय बैंकों में व्यापार-सुविधा के लिए जमा अमरीकी डालर; Euro-market, Euromart यूरोपीय साझा बाज़ार; Eurovision यूरोपीय दूरदर्शन-तंत्र

eureka rarely **heureka** *interj.* (उपलब्धि सूचक) 'पा लिया'! 'ये लो'!; *n.* खोज, यूरेका रेडार तंत्र

eurhythmy, eurythmy *n.* लययुक्त क्रम; तालबद्धता, सामंजस्यपूर्ण सामंजस्य; *adj.* eurhythmic लययुक्त बद्ध, सुंदर; सामंजस्यपूर्ण; *n. pl.* eurhythmics लय व्यायाम, शारीरिक चेष्टा संगति; लय-ताल कला, संगीत के साथ जाने वाला चेष्टाक्रम, अंगों की तालबद्ध

Euroclydon *n.* तूफ़ानी हवा, सेंट जहाज़ को तबाह करने वाला तूफ़ान

European *adj.* यूरोपीय; यूरोप निवासी यूरोप का निवासी व्यक्ति, गोरा गौरांग व्यक्ति; *v.t.* europeanise यूरोपीय तौर-तरीके स्वीकार कर लेना, यूरोपीय बनाना; — European plan (US hotels भोजन रहित आवास व्यवस्था, आवास व्यवस्था

europium *n.* यूरोपियम (धातु, परमाणु क्रमांक-63)

Eurus *n.* दक्षिण-पूर्वी हवा

Eurypharynx *n.* पेलिकन मछली

Eurypterus *n.* यूरिप्टेरस (मकड़ी वंशीय eurypterid यूरिप्टैरिड वंशीय; *n. pl.* Eurypterida यूरिप्टेरिडा; eurypteroid यूरिप्टेराभ

eurythmy usu. American spelling eurhythmy

Eusebian *adj.* यूसेबियस (गिरजे के इतिहास का जनक) संबंधी

Euskarian *adj.* बास्क जाति, बास्क

eusol *n.* कीटाणुरोधक दवा, पूतिरोधक (पानी में यूपैंड का घोल)

eusporangiate *adj.* (bot.) सुबीजाणु

Eustachian *adj.* यूस्टैकियो (इटली चिकित्सक) विषयक; — Eustachian यूटेशी नलिका, कंठकर्णनली; Eustachian valve यूस्टेशी कपाट

eustasy *n.* सुस्थिति (विश्व के तटरेखा परिवर्तन के कारण समुद्र स्तर का बढ़ना, न कि पृथ्वी के अवतलन और से); *adj.* eustatic सुस्थितिक

eustyle *adj.* यूस्टाइल [सवा दो अंतर पर (U आकार में) बने U आकार में निर्मित स्तंभावलि या

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

eutaxy *n.* अनवकाशिता, सुव्यवस्था, अच्छा क्रम; *n.* eutaxite पट्टीदार संरचना वाली ज्वालामुखी शिला; *adj.* eutaxitic पट्टीदार संरचना वाली

eutectic. See eutexia.

Euterpe *n.* यूटर्पी (संगीत और गीतिकाव्य की देवी; तालवंश); *adj.* Euterpean यूटर्पी या संगीत संबंधी

eutexia *n.* आशु द्रवणशीलता, सुद्रवणशीलता; *n.* eutectic सुद्रवणशील पदार्थ, सुहिमीभवन शील पदार्थ; *adj.* गलनक्रांतिक, द्रवणक्रांतिक; सुद्रवणशील, सुहिमीभवन शील पदार्थ विषयक; *adj.* eutectoid गलनक्रांतिकसम

euthanasia *n.* सुख मृत्यु, सहज मृत्यु; सहज मृत्यु स्थिति लाना, बिना कष्ट मारण; also euthanasy

euthenics *n.* (treated as *sing.*) सुजीवन विज्ञान, सुजीवनिकी

Eutheria *n. pl.* यूथीरिया, अपरास्तनी

Euthyneura *n. pl.* यूथिन्यूरा (जंतु वर्ग)

eutrophy *n.* स्वास्थ्यप्रद पोषण, सुपोषण, यूट्रॉफ़ी

eutropy *n.* यूट्रॉपी (यौगिकों की श्रेणी जिसमें मूलतत्व के परमाणु क्रमांक के साथ उसके क्रिस्टलीय आकार में नियमित परिवर्तन होता है); *adjs.* eutropic यूट्रॉपी के अनुसार; (bot.) सूर्याभिमुख घुमाव, सूर्य के साथ-साथ घूमना; eutropous सूर्याभिमुख घूमने वाला

Eutychian *adj.* यूटिकस के सिद्धांत संबंधी, यूटिकस के सिद्धांत का; *n.* यूटिकस के सिद्धांत का अनुयायी, यूटिकस का अनुयायी

euxenite *n.* यूक्सेनाइट

evacuate *v.t.* खाली करना, रिक्त करना; मलोत्सर्ग करना, मल त्याग करना; छोड़ देना, हटाना, निकाल ले जाना; निष्क्रमण करना या कराना; शून्य करना; (भूभाग को) खाली करना, रिक्त करना; निर्वात करना; *adj.* & *n.* evacuant विरेचक (दवा), रेचक (औषधि); *n.* evacuation रिक्तीकरण; मलोत्सर्ग, मलत्याग; परित्याग; निष्क्रमण, निकास; शून्यीकरण; *adj.* evacuative रिक्तीकरणात्मक; शून्यीकरणात्मक; निष्क्रमणात्मक; *ns.* evacuator, evacuee निष्क्रांत, निष्काम्य; शरणार्थी; निष्क्रमणार्थी

evade *v.t.* & *i.* टालमटोल करता; उपेक्षा करना; जी चुराना; समझ में न आना; बच निकलना; बचना; खिसकना

evagation *n.* परिभ्रमण, विपथन

evaginate *v.t.* बहिर्वलन करना; बहिर्नत करना; म्यान से निकाल लेना; *adj.* बहिर्वलित, म्यान रहित; *n.* evagination बहिर्वलन

evaluate *v.t.* मूल्यांकन करना; मान निकालना; परिगणन करना; *n.* evaluation मूल्यांकन, मूल्य निर्धारण; मानांकन; परिगणन

evanescent *adj.* क्षणस्थायी, क्षणजीवी, क्षणभंगुर, क्षणिक; *v.i.* evanesce ओझल हो जाना, लुप्त हो जाना; मिट जाना, हट जाना; *n.* evanescence लोप, तिरोभाव; क्षणभंगुरता

evangel *n.* (poet.) शुभ संदेश, सुसमाचार, गॉस्पेल (ईसाई धर्म); मूल-तत्व, सिद्धांत; ईसाई धर्मोपदेश या इंजील; *ns.* evangeliar, evangeliarion, evangeliarium, evangeliary सम्मिलित प्रार्थना में प्रयुक्त धर्म-पुस्तक इंजील; *adjs.* evangelic, -al ईसाई धर्म संबंधी; चारों गॉस्पेल (धर्म-पुस्तकों) से संबंधित; ईसाई धर्म ग्रंथ के अनुसार; ईसाई धर्म की शिक्षाओं से संबंधित; प्रोटेस्टेन्ट मत संबंधी; इंजीली, इंजील संबंधी, सुसमाचार संबंधी; *ns.* evangelical इंजील का अनुयायी; evangelicalism सुधर्मवाद, इंजीलवाद; evangelicalness, evangelicism इंजील के सिद्धांत; सुधर्मवाद; evangelisation ईसाई धर्म प्रचार; ईसाई बनाना; *v.t.* & *i.* evangelise ईसाई धर्म ग्रंथ से परिचय कराना, ईसाई धर्म का घूम-घूम कर प्रचार करना, ईसाई बनाना; *ns.* evangelism ईसाई धर्मोपदेश प्रचार; इंजीलवाद, सुधर्मवाद; evangelist इंजील लेखक (चतुष्टय के लेखकों में से एक); इंजील प्रचारक, ईसाई धर्म प्रचारक; evangelistary सम्मिलित प्रार्थना सभा में पठनीय ईसाई धर्म ग्रंथ के अंश, ईसा के चुने हुए उपदेशों के संग्रह; also evangelistarion; *adj.* evangelistic इंजील चतुष्टय के लेखकों का, चार सुसमाचार लेखकों का, सुसमाचार प्रचार संबंधी; — Evangelical Union (see Morisonian)

evanish *v.i.* अंतर्धान होना, अदृश्य होना; नष्ट होना, मिट जाना; *ns.* evanishment, evanition अंतर्धान, लोप, विलय; नाश, अंत

evaporate *v.i.* & *t.* वाष्पित करना; वाष्पित होना, भाप बनाना, हवा हो जाना, अदृश्य हो जाना; नष्ट हो जाना; *adj.* evaporable वाष्पशील, भाप बनने योग्य; *n.* evaporation वाष्पीभवन; वाष्पीकरण, वाष्पन; *adj.* evaporative वाष्पशील; वाष्प संबंधी; वाष्पनिक;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ns. evaporator वाष्पक, वाष्प बनाने वाला (व्यक्ति); वाष्पित्र (यंत्र); evaporimeter वाष्पनमापी

evasion *n.* अपवंचन; परिहार, बचाव; टालमटोल; *adjs.* evasible अपवंचनीय; परिहार योग्य; evasive कपटी, कुटिल; टालमटोल वाला; अस्पष्ट, अनिश्चित; *n.* evasiveness अपवंचकता; उपेक्षाभाव; टालमटोल

eve. See even (2).

evection *n.* (astron.) चंद्रकक्षा क्षोभ; (bot.) उत्कासन

even *adj.* सम, सपाट, समतल, चौरस; चिकना; एकरूप, समांतर या एक सीध में; (Shak.) निष्कपट, सीधा-सादा; संतुलित; सम, बराबर; समरूप; सम संख्या (दो से विभाज्य संख्या); *v.t. & i.* समतल, सपाट या चिकना बनाना; समान या बराबर हो जाना; समान समझना; बराबर या समान करना; (Shak.) अनुरूप चलना; *adv.* सही रूप में, ठीक इतना ही; लगभग; वस्तुतः; जैसा कि; ज्यों, जिस समय, तो भी, भी; तक, यहाँ तक कि; केवल; बिल्कुल; *adj.* even-down सीधी (वर्षा); ईमानदार; *adv.* पूर्णतया, पूर्णरूपेण; *adjs.* even-handed निष्पक्ष, न्याय-संगत, समदर्शी; even-minded सम स्वभाव, समचित्त; *ns.* evenness समता, बराबरी; एकरसता, एकरूपता; स्थिरता; निष्पक्षता; evens समान धन; *adv.* समानता की स्थिति में, बराबर; — be even with बदला लेना; समानता की स्थिति में होना, हिसाब चुकता होना; even date वही तारीख़; even money दोनों ओर से समान राशि की शर्त; even now (arch.) कुछ ही समय पूर्व; अब भी; even on (Scot.) निरंतर; even up on पुरस्कार देना; बदले में देना

even *n.* (poet.) शाम, संध्या, साँझ; *ns.* eve (poet.) शाम, संध्या; पूर्व संध्या (किसी त्योहार या विशेष दिन से पूर्व की संध्या), पूर्व दिवस; किसी घटना से एकदम पूर्व का समय; evenfall सायंकाल, झुटपुटा; evening शाम, सायंकाल, साँझ; जीवन संध्या, अंतिम घड़ी; सांध्य गोष्ठी, सांध्य आयोजन; evening-primrose सांध्य प्रिमरोज़, पीत सेवती; *adv.* evenings (U.S.) शाम को; *ns.* evening-star सांध्य तारा; शुक्र तारा; evensong सांध्य वंदना; even-tide संध्या-काल, शाम

event *n.* घटना, अनुवृत्त; विशेष घटना; खेल; *adjs.* eventful घटनापूर्ण; म... eventual संभावित, संभाव्य; अंति... eventualise घटित होना; *n.* even... संभाव्य घटना, संभाव्यता; (phreno... घटनाओं, परिवर्तनों आदि पर ध्यान दे... प्रवृत्ति; *v.i.* eventuate के परिणाम... पहुँचना; अंततः घटित होना

eventration *n.* आशय निस्सरण

ever *adv.* हमेशा, सदा, सर्वदा; नि... नित्य; कदापि, कभी, किसी भी समय; ... के लिए; *adj.* evergreen सदाबहार, ... पर्णी, सदाहरित; *n.* सदाबहार (वृक्ष ... सदापर्णी या सदाहरित वृक्ष आदि; ... everlasting अनंतकालीन, चिरस्थायी; ... अनंतता, शाश्वतता, नित्यता; सदाबहार ... एक पायेदार या टिकाऊ कपड़ा; *n.* ever... tingness अनंतता, नित्यता, निरंतरता; ... रत्व; *adj.* ever-living (Shak.) अमर; ... evermore सदा, सर्वदा, शाश्वत, ह... (also for evermore); — ever ... anon कभी-कभी, समय-समय पर, बारं... ever so किसी हद तक, बहुत दूर ... for ever सदा के लिए, शाश्वत; नि... लगातार

everglade *n.* उथली झील, घासी ... दलदल; (chiefly in *pl.*) फ़्लोरिडा ... दलदल क्षेत्र

evert *v.t.* बहिर्वलित करना; बाहर की ... से उलटना; *n.* eversion बहिर्वलन

every *adj.* प्रत्येक, हरएक, हरकोई; पूरा-... सब, हर संभव; *prons.* everybod... everyone प्रत्येक व्यक्ति, हर कोई; ... everyday प्रतिदिन का, नित्यप्रति ... रोज़मर्रा का, दैनिक; साधारण; रविवार ... अतिरिक्त अन्य दिनों का, कार्य दिवसों का; ... everydayness दैनिकता, प्रति दिवसी... Everyman प्राचीन नीति नाटक का ना... (मानवता, जनता या हर ऐरा-ग़ैरा का प्र... निधि); *pron.* everything सब कुछ, प्र... वस्तु, विशिष्ट वस्तु; *advs.* everyway ... तरह से, हर प्रकार से; everywhen, ever... whence, everywhither (all ra... everywhere सर्वत्र, सब जगह, हर ... हर स्थान पर; — every bit, whit ... संपूर्ण, पूर्णतया, पूर्णरूपेण; every here and there सर्वत्र, यत्रतत्र; every man Jack ... every mother's son सभी, निरपवाद ... से सभी; every now and then, or ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समय-समय पर, थोड़ी-थोड़ी देर बाद, घड़ी-घड़ी; every other हर दूसरा, एक छोड़कर एक; every so often समय-समय पर, थोड़ी-थोड़ी देर के बाद

evict *v.t.* बेदखल करना, (कानून द्वारा) हटाना; निकालना, बहिष्कृत करना, निष्कासित करना; *ns.* eviction बेदखली; निष्कासन; evictor बेदखल करने वाला व्यक्ति; निष्कासित करने वाला व्यक्ति, हटाने वाला

evident *adj.* प्रत्यक्ष, दृश्य; सुस्पष्ट, ज़ाहिर; व्यक्त; *n.* साक्षी, प्रमाण; *n.* evidence प्रत्यक्षता, सुस्पष्टता; प्रमाण, सबूत; साक्ष्य, गवाही, शहादत; संकेत; निशान, लक्षण; (मुकद्दमे में) सूचना या जानकारी; *v.t.* दिखलाना, प्रकट करना; साक्ष्य देना, गवाही देना; प्रमाणित करना; संकेत देना; *adjs.* evidential, evidentiary प्रामाणिक, प्रमाण विषयक, साक्षिक, साक्ष्य संबंधी; — in evidence न्यायालय द्वारा स्वीकृत सक्षम, साक्ष्य, प्रत्यक्ष प्रमाण, सुस्पष्ट; turn King's (Queen's) evidence सह अपराधी के विरुद्ध गवाही देना; सरकारी गवाह बन जाना, मुखबिर बनना

evil *adj.* असाधु, दुष्ट, बुरा, खराब; अनिष्टकर, हानिकर; अरुचिकर; निंदनीय; अशुभ, अमंगल; *adv.* दुष्टता से, बुरी तरह से; *n.* बुराई, दुष्टता; अनिष्ट, विपत्ति; चरित्रहीनता, भ्रष्टता; पाप; *ns.* evilness दुष्कर्म, दुष्कृत्य; नीचता, दुष्टता, बुराई; evil-doer पापी, कुकर्मी; evil eye बुरी नज़र, कुदृष्टि, पाप दृष्टि; *adj.* evil-favoured कुरूप, बदशकल; भद्दा; *n.* evil-favouredness (B.) कुरूपता; भद्दापन; विकृतांगता; *adj.* evil-minded दुष्टात्मा; दुराशय; दुष्ट; *n.* evil-speaking कुभाषण; बदज़बानी; झूठी निंदा, मिथ्यापवाद; *adj.* evil-starred (Tenn.) अमंगल जनक ग्रह में उत्पन्न; अभागा; *n.* evil-worker पापी, कुकर्मी; — the evil one दैत्य, शैतान; speak evil of निंदा करना, अशुभ वचन बोलना

evince *v.t.* वश में करना; (असंदिग्ध रूप से) प्रमाणित करना, साबित करना; स्पष्ट प्रदर्शित करना, प्रकाशित करना; सबूत देना; सूचित करना; *n.* evincement प्रमाणीकरण; प्रदर्शन, प्रकाशन; *adjs.* evincible प्रदर्शनीय, प्रकाशनीय; evincive प्रदर्शनात्मक; प्रमाणकारी; सबूत देने वाला; सूचक

Evipan *n.* एवीपैन (औषधि)

evirate *v.t.* पुंस्त्व ह्रास करना, बधिया करना, नपुंसक बनाना; असमर्थ बनाना

eviscerate *v.t.* आँतें निकालना; आशय निकालना, अशक्त या निस्तेज कर देना; *n.* evisceration आंत्र निष्कासन, आँत निकालना; अंतरंग क्षेपण; आशय निष्कासन

evite *v.i.* बचना, दूर रहना; *adj.* evitable परिहार्य, वर्जनीय, बचने योग्य; *v.t.* evitate (Shak.) बचना, परिहार करना; *n.* evitation परिवर्जन, परिहरण, बचाव

eviternal *adj.* नित्य, चिरंतन, निरंतर; *n.* eviternity नित्यता

evocation, etc. See evoke.

evoke *v.t.* बुलाना, आह्वान करना; उद्बोधन करना; उत्पन्न करना; (मन में) प्रबुद्ध करना, जगाना (मृतकों को); *v.t.* evocate बुलाना, आह्वान करना; प्रबुद्ध करना; (मृतकों को) जगाना; *n.* evocation बुलावा, आह्वान; उद्बोधन, जगाना; *adjs.* evocative, evocatory आह्वानकर्ता, पुकारने वाला; प्रबोधक

evolue *n.* उच्चतर सभ्यता के स्तर पर शिक्षित आदिम वर्ग का व्यक्ति

evolution *n.* विकास, क्रमविकास; उद्भव, उत्पत्ति, प्रकटीकरण; (chem.) विमोचन; निकास; निकलना; (math.) मूल क्रिया, मूलकलन; (usu. *pl.*) चाल, गति (सेना की टुकड़ी, भेड़ों के गोल आदि की); *n.* evolute (math.) केंद्रज, उद्वलय; *adj.* उद्वलित; *adjs.* evolutional, evolutionary विकासात्मक, विकास-, विकासमूलक, विकासीय, विकासवादी; *ns.* evolutionism विकासवाद; evolutionist विकासवादी; सैनिक संचलन में कुशल; *adj.* evolutive विकासोन्मुख, विकासशील

evolve *v.t.* & *i.* विस्तार करना या होना; प्रस्तुत करना; खोलना; खुलना; प्रकट करना; विकसित करना या हो जाना; सुलझाना, क्रमानुसार लगाना; परिणाम होना; *adj.* evolvable विकास योग्य; निकास योग्य; *n.* evolvement विकास, विस्तार; निकास परिणाम

evulgate *v.t.* प्रकट करना, उद्घारित करना, प्रकाशित करना

evulse *v.t.* तोड़ लेना; उन्मूलन करना, उत्पाटित करना

ewe *n.* भेड़ (मादा), मेषी, अवि; *ns.* ewe-cheese भेड़ के दूध से बना पनीर; ewe-lamb मेमना (मादा); ग़रीब की प्रियतम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वस्तु; ewe-milk भेड़ का दूध; ewe-neck घोड़े की पतली (मेहराब-सी) गर्दन; *adj.* ewe-necked पतली (मेहराब-सी) गर्दन वाला घोड़ा

ewer *n.* झारी, घड़ा, सुराही, टोंटीदार जल पात्र

ewest *adj.* or *adv.* पास, निकट, समीप

ewhow *interj.* (Scot.) ओहो !, हाय रे !, ओय होय!

ewigkeit *n.* (Ger.) नित्यता, अनंतता, शाश्वतत्व

ex- *(pfx.)* भूतपूर्व, as ex-emperor भूतपूर्व सम्राट; *prep.* बिना, रहित, as ex dividend लाभांश रहित; *n.* जो अब पहले से पूर्णतया बदल गया हो; (*pl.* ex's, ex'es)

ex *n.* X, x, अंग्रेज़ी वर्णमाला का चौबीसवाँ अक्षर

ex (L.) से, में से, के कारण; ex abundantia बहुतायत में से, प्राचुर्य में से; ex abundanti cautela आवश्यकता से अधिक सावधानी से; ex accidenti अकस्मात्, संयोग से, अनजाने

exacerbate *v.t.* क्रुद्ध करना, कुपित करना; कटु बनाना; चिढ़ाना, खिझाना; उत्तेजित करना, ताव दिलाना, भड़काना; तीव्र करना, बढ़ाना, प्रचंड करना; *n.* exacerbation, exacerbescence क्रोधोद्दीपन, उत्तेजन; पीड़ावर्धन; ज्वर आदि की तीव्रता

exact *v.t. & i.* ज़ोर डालना; बलपूर्वक लेना या वसूल करना; माँगना; आग्रह करना; अपकर्षण करना; आहरण करना, छीनना; आवश्यक होना; की अपेक्षा रखना; *adj.* यथार्थ, सही; कठोर, सख़्त; यथातथ्य; सुनिश्चित; बिल्कुल ठीक; पक्का; *adj.* exacting बलपूर्वक वसूल करने वाला; असंगत माँग करने वाला; अत्यधिक माँग करने वाला; *ns.* exaction बलपूर्वक ग्रहण; बलात् की गई माँग, अवैध माँग; आहरण, अपकर्षण; कार्य या कर आदि की जबरन वसूली; exactitude यथार्थता; सुस्पष्टता; *ns.* exactment, exactness सुस्पष्टता; यथार्थता, ठीक-ठीक; exactor, -er बलात् वसूलकर्ता, बाध्य करने वाला, अपने अधिकारों का सख़्ती से दावा करने वाला; fem. exactress; — exact sciences यथार्थ विज्ञान

ex aequo (L. L.) समान रूप से, न्याय्यतः

exaggerate *v.t.* बढ़ा-चढ़ा कर कहना, अतिशयोक्ति करना; नमक-मिर्च लगाकर बयान करना; तीव्र करना, हद से ज़्यादा ...; *n.* exaggeration अतिशयोक्ति; ... कर कथन; *adjs.* exaggerative, exaggeratory अतिशयोक्तिपूर्ण, बढ़ा-चढ़ा कर ... गई (बात); *n.* exaggerator अत्युक्ति... वाला, बढ़ा-चढ़ा कर कहने वाला

exalbuminous *adj.* (bot.) एल्बूमिन..., एल्बूमिन हीन

exalt *v.t.* उन्नत करना, ऊँचा करना, ... चढ़ाना; उल्लसित करना, प्रसन्न ...; प्रशंसा करना; प्रतिष्ठा बढ़ाना; शोधन ...; *n.* exaltation उत्कर्ष (पद या प्रतिष्ठा ...), उन्नति, तरक्की; बुलंदी; अत्युल्लास, ...तिरेक; (astrol.) किसी ग्रह की ... प्रभावी स्थिति; *adj.* exalted उच्च, ... उदात्त, उच्च; प्रतिष्ठित, गौरवशाली; exaltedness उच्चता, प्रतिष्ठा

examine *v.t.* परीक्षा लेना, इम्तहान ..., परखना, जाँचना; ग़ौर से देखना, ... करना; निरीक्षण करना; *n.* examen ... इम्तहान; *adj.* examinable परीक्षा... योग्य, निरीक्षणीय; *ns.* examinant ... परीक्षा लेने वाला, जाँच करने ...; परीक्षित व्यक्ति; examinate परीक्षित ...; परीक्षार्थी; examination परीक्षा, इम्... परख, जाँच-पड़ताल, तहक़ीक़ात, ... (familiarly contracted to ex...); examinee परीक्षार्थी, परीक्षा देने ...; examiner, examinator परीक्षक, प्र...; परीक्षा लेने वाला; *adj.* examining ...; जाँच-पड़ताल; पूछताछ

example *n.* उदाहरण, दृष्टांत; ...; नमूना; पुस्तक की एक प्रति; आदर्श, ...; निदर्शन, प्रमाण, नज़ीर; चेतावनी; ...; आदर्श उपस्थित करना; मिसाल पेश ...; उदाहरण देना, दृष्टांत देना; नमूना दि...

exanimate *adj.* निर्जीव, निष्प्राण; ...; हतोत्साह; *n.* exanimation ...; खिन्नता; उत्साहहीनता

ex animo (L.) हृदय से, मन से, ...दारी से

exanthem, exanthema *n.* (bot.) ...; स्फोटक ज्वर; *adj.* exanthematic, exanthematous स्फोटकीय, स्फोटक ज्वर ...

exarch *n.* राज्यपाल (इटली के ... प्रांत का); अधिधर्माध्यक्ष; बिशप (...; ... दूत; *ns.* exarchate राज्यपाल, अ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

या बिशप का पद या प्रदेश; exarchist अधिधर्माध्यक्ष या बिशप के समर्थक

exarch *n.* (bot.) एक्ज़ार्क, बहिरारंभ; बाह्य आदिदारुक, बहिरादिदारुक

exasperate *v.t.* भड़काना, तीव्र कर देना; चिढ़ाना, उत्तेजित करना, गुस्सा दिलाना; पीड़ाजनक बनाना, दुःखदायक बनाना; *adj.* उत्तेजित, क्रुद्ध; (bot.) विरूक्ष, खुरदरा, कोनेदार; *adjs.* exasperating, exasperative उत्तेजक, उत्तेजना पैदा करने वाला; *ns.* exasperation उत्तेजना, उत्तेजन; क्षोभ, क्रोध, गुस्सा; exasperator क्रुद्ध करने वाला, गुस्सा दिलाने वाला, चिढ़ाने वाला

excambion *n.* (Scots law) भूमियों का विनिमय; also excambium; *v.t.* excamb विनिमय करना

ex cathedra (L.L.) आधिकारिकता से, प्रामाणिकता से; न्याय्यतः

excavate *v.t.* खोखला करना, खाली करना; खोदना, खुदाई करना; कटाई करना; उत्खनन करना; *ns.* excavation उत्खनन, खुदाई; खोल, गर्त्त; excavator उत्खनक, खनक, खुदाई करने वाला; उत्खनित्र

exceed *v.t. & i.* अतिक्रमण करना, (से) अधिक होना, (से) बढ़कर होना; आगे बढ़ जाना; सीमा लाँघ जाना, सीमा से बाहर जाना; असंयमी होना; *adj.* exceeding से अधिक; अत्यंत, अत्यधिक; (bot.) बहिस्सारी

excel *v.t. & i.* से बढ़कर होना, से उत्कृष्ट होना; बढ़ जाना, आगे निकल जाना; अग्रगण्य होना; विशिष्ट होना; उत्कृष्ट कार्य करना; उत्कृष्ट होना; *ns.* excellence उत्कर्ष, श्रेष्ठता, विशिष्टता; excellency उत्कृष्ट कार्य; कोई महत्वपूर्ण गुण; योग्यता; महत्ता; परमश्रेष्ठ, महामान्य, महामहिम, श्रीमान् (उच्च पदाधिकारियों को दी जाने वाली पदवी); *adj.* excellent श्रेष्ठ, उत्कृष्ट, बढ़िया; अतिगुणी; बढ़-चढ़ कर; अतियोग्य; अत्युत्तम, बहुत अच्छा, असाधारण; *interj.* excelsior श्रेष्ठतर, उच्चतर, और अधिक ऊँचे; *n.* (U.S.) लकड़ी की खपचियाँ या पतली चिपटियाँ

excentric. Same as eccentric.

except *v.t. & i.* निकालना या छोड़ देना; छोड़ देना, सम्मिलित न करना; आपत्ति करना, एतराज़ करना; *prep.* के अतिरिक्त, को छोड़ कर, के सिवाय; *adj. & n.* exceptant अपवाद स्वरूप; आपवादिक; *prep.* excepting के अतिरिक्त, के सिवाय; *n.* exception अपवर्जन, वर्जन; अपवाद; आपत्ति, एतराज़, विरोध; *adjs.* exceptionable आपत्तिजनक; exceptional अपवादात्मक, अपवादिक; विशेष; exceptious (arch.) चिड़चिड़ा, दुःशील; exceptive अपवादी, अपवादात्मक; exceptless (Shak.) अपवाद रहित; सामान्य; *n.* exceptor आपत्ति करने वाला; अपवर्जनकर्ता; — the exception proves the rule अपवाद नियम को सिद्ध करता है।

exceptis excipiendis (L. L.) स्वीकार्य को स्वीकार करना; सापवाद

excerpt *n.* उद्धरण, उद्धत अंश; खुलासा; *v.t.* excerpt उद्धृत करना, खुलासा देना; छाँटना, चुनना; *ns.* excerpting चयन, उद्धरण देना; excerption उद्धृत अंश, उद्धरण; excerptor उद्धृत करने वाला, उद्धरण देने वाला

excerpta (L.; *pl.* of excerptum) उद्धरण, संकलन, चयन

excess *n.* अतिक्रमण; असंयम; अति, अधिकता, प्राचुर्य, अतिरेक, ज़्यादती; अधिक मात्रा; (Shak.) लाभ, अधिशेष; *adj.* अतिरिक्त; *adj.* excessive अतिशय, अत्यधिक; अतिमात्र, बेहद; असंयत; *n.* excessiveness अत्याधिक्य, अतिमात्रता, अतिशयता; असंयतता; — carry to excess आवश्यकता से अधिक करना; excess fare अतिरिक्त भाड़ा; excess luggage अधिक सामान (नियत मात्रा से अधिक)

exchange *v.t. & i.* विनिमय करना, एक वस्तु के बदले में दूसरी वस्तु लेना या देना; आदान-प्रदान करना, लेन-देन करना; वस्तु विनिमय करना; बदलना, अदल-बदल करना; दूसरे पदाधिकारी से अदला-बदली करके जाना, मुद्रा विनिमय करना; *n.* विनिमय; अदलाबदली, आदान-प्रदान; वस्तु-विनिमय; विनिमय की हुई वस्तु; साहूकारी हुंडियों का लेन-देन; मुद्रा विनिमय व्यापार; मुद्रा विनिमय; विभिन्न देशों में रुपए के मूल्य में अंतर; स्टॉक एक्सचेंज, शेयर बाज़ार, श्रेष्ठि-चत्वर; व्यापार विनिमय भवन; टेलीफ़ोन केंद्र, मिलान केंद्र; (U.S. slang) शराबघर, मदिरालय; *n.* exchangeability विनिमेयता; *adj.* exchangeable विनिमेय, विनिमय के योग्य; *n.* exchanger विनिमायक; विनिमय करने वाला; महाजन, साहूकार

exchequer *n.* एक्सचेकर, राजस्व विभाग; राजकोष; ... *v.t.* इंग्लैंड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की कानूनी अदालत में मुकद्दमा चलाना; -- Chancellor of the Exchequer (see chancellor); Court of Exchequer राजकोषाधिकरण, (पूर्वकाल में) इंग्लैंड की कानूनी अदालत; exchequer bill एक्सचेकर बिल, सरकारी खज़ाने की हुंडी, इंग्लैंड की सरकार के नोट

excide *v.t.* & *i.* काट डालना, काट कर पृथक् करना

excipient *n.* अनुपान, अनुद्रव्य; बंधक

excise *n.* उत्पादन शुल्क या कर, आबकारी; उत्पादन शुल्क विभाग; *v.t.* उत्पादन शुल्क या कर लगाना; *adj.* excisable उत्पादन शुल्क लगाने योग्य; *n.* exciseman उत्पादन शुल्क अधिकारी; — excise law (U.S.) आबकारी, मद्य कानून

excise *v.t.* काट लेना, काट डालना; *n.* excision उच्छेदन, कर्तन, काटना, उन्मूलन, विनाश

excite *v.t.* सक्रिय बनाना; जागृत करना, प्रबुद्ध करना; जोश दिलाना, भड़काना; उत्तेजित करना, ताव दिलाना; (विद्युत् या चुंबकत्व) उत्पन्न करना, प्रवाहित करना, ऊर्जित करना; (med.) उत्तेजित करना, उद्दीप्त करना; सुग्राही बनाना; *n.* excitability उत्तेजनीयता; उद्दीप्यता; *adj.* excitable उत्तेजनीय; उत्तेजनशील, जल्दी उत्तेजित होने वाला; *ns.* excitableness, excitancy उत्तेजनीयता, उत्तेजकता; उद्दीप्यता; *n.* & *adj.* excitant उत्तेजक, उद्दीपक; *n.* excitation उत्तेजन, उद्दीपन; ऊर्जन; *adjs.* excitative, excitatory उत्तेजनाप्रद, उत्तेजक, उद्दीपनशील; जोश में लाने वाला; excited उत्तेजित; क्रुद्ध; क्षुब्ध, उद्विग्न; *ns.* excitement उत्तेजना, उद्दीपन; उद्वेग, आवेश; exciter उत्तेजक, उद्दीपक; एक्साइटर यंत्र; *adj.* exciting उत्तेजक, उद्दीपक; *n.* excitor उत्तेजक, उद्दीपक; अभिवाही तंत्रिका (शरीर के किसी अंग को उत्तेजित करने वाली तंत्रिका)

exclaim *v.t.* & *i.* चिल्ला उठना; चिल्ला कर कहना; *n.* चिल्लाहट, चीत्कार; *n.* exclamation चिल्लाहट, चीत्कार, चीख; हाय-हाय, विस्मय की अभिव्यक्ति; विस्मयादिबोधक चिह्न, विस्मयादिबोधक; *adjs.* exclamative, exclamatory विस्मयादिबोधक; उत्क्रोशात्मक

exclave *n.* बहिःक्षेत्र (मुख्य भाग से पृथक् विदेशी क्षेत्र से घिरा क्षेत्र); see enclave

exclosure *n.* घुसपैठ मुक्त क्षेत्र, वर्जित

exclude *v.t.* बहिष्कृत करना, बाहर देना, बाहर करना, निकाल देना, अलग निषिद्ध करना, प्रविष्ट न होने देना; वर्जित करना, अपवर्जित करना, न होने *adj.* excluded (bot.) बहिःक्षिप्त; निकला हुआ; अपवर्जित, वर्जित; *ns.* exclusion बहिष्कार, बहिष्करण; सन; अपवर्जन, वर्जन; निषेध; exclu बहिष्कारवाद; अपवर्जनवाद; exclu बहिष्कारवादी; अपवर्जनवादी; *adj.* ex अपवर्जक, अपवर्जनकारी, निवारक; अनन्य, एकांतिक, एकमात्र, एकनिष्ठ; रूखा, असामाजिक; (U.S.) उत्कृष्ट, फ़ैशनेबल; बहिष्कृत; (log.) व्यावर्तक, च्छेदक; *n.* बहिष्कर्ता, एकमात्र उत्पाद exclusiveness बहिष्कार वृत्ति; निषिद्धता; exclusivism व्यावर्तक बहिष्करण; अपवर्जिता, एकांतिता, सारी; *adj.* exclusory अपवर्जनात्मक वर्जनकारी; बहिष्करणात्मक; — ex dealing बहिष्करण, सत्याग्रह; excluded middle (log.) विमध्य

excogitate *v.t.* सोच निकालना; ष्कार करना; ढूँढ निकालना; करना, (का) उपाय निकालना; *n.* tation सोच-विचार, आविष्कार, उपाय

excommunicate *v.t.* जाति या धर्म करना, हुक्का-पानी बंद कर देना, निकाल बाहर करना, बिरादरी से करना; *adjs.* excommunicable जाति से बहिष्करणीय; excommu जाति बहिष्कृत, धर्म से निष्कासित; बहिष्कृत व्यक्ति; *n.* excommunica बहिष्करण, जाति बहिष्करण, बहिष्कार excommunicatory धर्म बहिष्करण जाति बहिष्करण संबंधी, बहिष्कारी

ex concessis (or **concesso**) (L.L.)

ex consequenti (L.L.) परिणामस्वरूप

ex converso. Same as e converso

excoriate *v.t.* चमड़ी उधेड़ना, खाल छीलना, छिलका अलग करना; *n.* ex tion निस्त्वचन, चर्म विदारण, निस्त्व

excorticate *v.t.* छाल उतारना, हटाना; छिलका उतारना; *n.* exco त्वक् छेदन, छाल निवारण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

excrement *n.* गाद, उच्छिष्ट; मलमूत्र, बीठ, विष्ठा, मैला; गोबर; उत्सर्जित पदार्थ; *adjs.* excremental, excrementitial, excrementitious मलमूत्र संबंधी, विष्ठा संबंधी; विष्ठापूर्ण, मल बहुल

excrement *n.* (Shak.) अपवृद्धि; मूछें; *adj.* excremental अपवृद्धि संबंधी; मूछों का

excrementa (L.; *pl.* of excrementum) कूड़ा-कचरा, कूड़ा-करकट

excrescence *n.* अपवृद्धि; (मस्से, फोड़े आदि की) वृद्धि, अनावश्यक अंग या मांस आदि का होना; प्रवृद्धि; *n.* excrescency अपवर्धन, (मस्सों, फोड़ों आदि का) वर्धन, अनावश्यक अंग आदि की वृद्धि; *adj.* excrescent अपवृद्ध, प्रवृद्ध, अस्वाभाविक रूप से बढ़ा हुआ; excrescential अपवृद्धि युक्त; फोड़े-सा; अपवृद्ध मांस-सा

excrete *v.t.* उत्सर्जित करना, निकालना; मलोत्सर्ग करना, बीठ करना, गोबर करना; *n. pl.* excreta मलोत्सर्ग, बीठ, विष्ठा, मलमूत्र, गोबर; *n.* excretion उत्सर्जन, मलोत्सर्जन; मलत्याग; विष्ठा; मलमूत्र, गोबर; *adjs.* excretive मल त्यागने वाला; मलत्याग संबंधी; excretory मलोत्सर्ग संबंधी, उत्सर्जन संबंधी; उत्सर्जक, उत्सर्गी; *n.* उत्सर्जन वाहिनी, मलवाहिनी

excruciate *v.t.* यंत्रणा देना, सताना, पीड़ा देना, दुःख देना, कष्ट पहुँचाना; *adj.* excruciating मर्मभेदक, पीड़ादायक, अतिकष्टप्रद; यंत्रणामय; *n.* excruciation यंत्रणा, संताप, उत्पीड़न

excubant *adj.* सावधान, सचेत; पहरे पर नियुक्त

excudit (L.) प्रभावित; गढ़ा हुआ; ठप्पा लगा हुआ, मुद्रित

exculpate *v.t.* दोष मुक्त करना, निर्दोष ठहराना; अनभिशस्त करना; निरपराध ठहराना; बरी करना; *n.* exculpation दोषमुक्ति; अनभिशंसन, छुटकारा; *adj.* exculpatory दोष मुक्ति संबंधी; अनभिशंसी

ex curia (L.) अदालत के बाहर, न्यायालय बाह्य

excurrent *adj.* (bot.) आचूडाक्ष, बहिर्वर्ची; (zool.) बहिर्वाही, बाहर जाने वाली

excursion *n.* निकास, निष्क्रमण; आक्रमण, धावा, चढ़ाई; अभियान; सैर-सपाटा, भ्रमण, पर्यटन, आमोद-विहार; विचलन; मार्गातिक्रमण; उत्क्रम; विपथन; अप्रासंगिक वर्णन, प्रसंगांतर; *vs.i.* excurse अप्रासंगिक लिखना या वर्णन करना; excursionise भ्रमण करना, सैर-सपाटा करना, पर्यटन करना; *n.* excursionist भ्रमणकर्ता, पर्यटक; घुमक्कड़; *adj.* excursive भ्रमणशील; सैर का, पर्यटन विषयक; अप्रासंगिक; *ns.* excursiveness भ्रमणशीलता, पर्यटनशीलता, घुमक्कड़ी; excursus परिशिष्ट प्रकरण; विषयांतर; —excursion train पर्यटन गाड़ी, सैर गाड़ी

excuse *v.t. & i.* क्षमा करना, माफ़ करना, (अपराध) मार्जन करना; दोषमुक्त करना, निर्दोष ठहराना; जाने देना, छुटकारा देना; माफ़ी देना; (काम से) मुक्त करना, छुट्टी देना; रिहाई देना; सफ़ाई देना, निरपराध सिद्ध करना; क्षमा चाहना, माफ़ी माँगना; बहाना करना; *n.* सफ़ाई (क्षमा के लिए); क्षमा याचना, माफ़ी; छुटकारा; दंडमुक्ति; *adj.* excusable क्षम्य, क्षंतव्य; *ns.* excusableness क्षमायोग्यता, क्षंतव्यता; excusal क्षमा, माफ़ी; *adj.* excusatory क्षमायाचना सूचक, क्षमायाचक, क्षमावाची; — excuse me क्षमा करें, माफ़ करें

ex debito justitiae (L.L.) न्यायतः, न्याय के कारण

ex delicto (L.L.) किसी अपराध के कारण

ex dono (L.) उपहार स्वरूप, भेंट के रूप में

exeat *n.* अल्पकालिक छुट्टी, थोड़ी देर के लिए बाहर जाने की अनुमति; कॉलेज से (रात से अधिक बाहर रहने की) छुट्टी

execrate *v.t.* शाप देना, कोसना; घृणा करना, नफ़रत करना; निंदा करना, भर्त्सना करना; *adj.* execrable घृणित; निंदनीय; अधम, नीच; कोसने योग्य; *n.* execration शाप, अभिशाप; घृणा, नफ़रत; निंदा, भर्त्सना; *adjs.* execrative अभिशाप विषयक; घृणा सूचक; निंदात्मक; execratory शापभरा, अभिशाप युक्त; घृणापूर्ण

execute *v.t.* पूरा करना, निष्पन्न करना, निष्पादित करना; कार्यान्वित करना, अमल में लाना, लागू करना; पालन करना; निभाना; फाँसी देना, प्राणदंड देना; *adj.* executable संपादनीय, करणीय, निष्पाद्य; अमल में लाने योग्य; फाँसी देने योग्य; *ns.* executancy वादनकला, वादनकुशलता; executant निष्पादक; कार्यकारी, कर्ता; कुशलवादक, वादक; executer वादक; execution पालन, निष्पादन, कार्यसंपादन, कार्यान्वयन, फाँसी,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राणदंड; न्यायालय से सज़ा का वारंट; executioner वधिक, जल्लाद; *adj.* executive कार्यकारी, कार्यवाहक; कार्यपालक; कार्यकारी विधियों तथा आदेशों से संबंधित; प्रशासनिक, अधिशासी, प्रबंधक; *n.* कार्यपालिका, कार्यांग; प्रशासक, व्यवस्थापक; कार्यकारिणी; कार्यकारी (अधिकारी); (U.S.) कार्यपालिका का अध्यक्ष (प्रेसीडेंट, गवर्नर, मेयर आदि); (also chief executive मुख्य प्रशासक); *n.* executor निष्पादक, (वसीयत को) कार्यान्वित कराने वाला अधिकारी, कार्य-संपादक, निर्वाहक; प्रबंधक; (fem.) executress, -trix कार्य संपादिका; निष्पादिका; (*pl.* executrices, -trixes); *adj.* executorial कार्यनिष्पादक संबंधी; *n.* executorship निष्पादक (वसीयत के प्रबंधकर्ता) का पद, निष्पादकत्व; *adj.* executory कार्यकारी; प्रभावी; निष्पाद्य, निष्पादक; *n.* executry निष्पादक का पद; (Scots law) चल संपदा और परिसंपत्तियाँ; — executive session कार्यपालक अधिवेशन; (U.S.) कार्यकारी कार्य के निमित्त सेनेट की बैठक; एकांत में होने वाली कोई भी बैठक

exedra *n.* द्वार-मंडप, बरामदा, ड्योढ़ी; शोभनकक्ष, भित्ति पीठिका, बाहरी बैठक; सीढ़ीदार चबूतरा; अर्धवृत्त कक्ष; ताक, आला; also exhedra; *pl.* ex(h)edrae

exeem, exeme *v.t.* विमुक्त करना

exegesis *n.* भाष्य (विशेषकर बाइबिल का); *ns.* exegete, exegetist भाष्यकार; *adjs.* exegetic, -al भाष्यात्मक, भाष्य संबंधी; *n. pl.* exegetics भाष्य-शास्त्र

exempla (L.; *pl.* of exemplum) उदाहरण, निदर्शन; दृष्टांत कथा

exemplar *n.* अनुकरणीय व्यक्ति या वस्तु; प्रतिमान, आदर्श, नमूना; उदाहरण, मिसाल, निदर्शन; प्रति (पुस्तक की), नकल; *ns.* exemplariness, exemplarity अनुकरणीयता, आदर्शरूपता, दृष्टांतयोग्यता; *adj.* exemplary अनुकरणीय, निदर्शनी, आदर्शात्मक, उदाहरणात्मक, नमूने के योग्य

exemple (Fr.) उदाहरण, नमूना, दृष्टांत; par exemple उदाहरणार्थ, नमूने के तौर पर

exemplify *v.t.* उदाहरण या दृष्टांत द्वारा स्पष्ट करना; मिसाल देना; साक्ष्यांकित प्रतिलिपि तैयार करना; साक्ष्यांकित प्रति द्वारा प्रमाणित करना; *adj.* exemplifiable उदाहरण योग्य, दृष्टांत योग्य; *n.* exemplification दृष्टांत या उदाहरण द्वारा ... दृष्टांत, उदाहरण; प्रमाणित प्रति ...

exempli gratia (L.) उदाहरणार्थ, ... तौर पर; often abbreviated, e.g.

exempt *v.t.* विमुक्त करना, छूट दे... देना; *adj.* विमुक्त, रहित; बरी; ... आदि से) विमुक्त व्यक्ति, छूट प्राप्त ... विमुक्त अधिकारी; *n.* exemption ... छूट, माफ़ी; छुटकारा

exenterate *v.t.* पेट साफ़ करना; ... करना; *adj.* वस्ति कर्म कृत; *n.* exenteration पेट की सफ़ाई; वस्ति कर्म; निर... गुहांग)

exequatur *n.* मान्यता-पत्र

exequy (usu. in *pl.* exequies) *n.* ... अंतिम क्रिया, अंत्येष्टि संस्कार; *adj.* ex... अंत्येष्टि संस्कार संबंधी

exercise *n.* अभ्यास; उपयोग; कसरत, ... कवायद; आध्यात्मिक या मानसिक ... प्रशिक्षण, (इस प्रयोजन के लिए ... वाला) अनुष्ठान, व्रत आदि; ... प्रश्नमाला, (पाठ का) अभ्यास, ... लिखित कार्य; संगीत अभ्यास या ... शास्त्र-चर्चा, शास्त्रीय विवाद; (in *pl.*) ... सैनिक अभ्यास, युद्धाभ्यास; (U.S.) ... पूजापाठ, धर्मचर्या; *v.t. & i.* अभ्यास ... या कराना; (का) प्रयोग करना, ... लाना, उपयोग करना, का व्यवहार ... (अभ्यास द्वारा) प्रशिक्षण देना; (... का) अभ्यास देना; हैरान या परेशान ... चिंता में डालना; कर्त्तव्य पालन करना, ... उपभोग करना, रखना, काम में लाना, ... या व्यायाम करना या कराना, ... करना; *adj.* exercisable प्रयोग... योग्य; प्रशिक्षणीय; *n.* exercise-book अभ्यास-पुस्तिका

exercitation *n.* अभ्यास; नियोजन, ... भाषण, संभाषण

exergue *n.* मुद्रापृष्ठ पर मुख्य चिह्न ... तारीख आदि का स्थान; लेख; *adj.* ex... मुद्रापृष्ठांकित लेख संबंधी

exert *v.t.* (med.) आयास करना, ... करना, उद्योग करना, परिश्रम करना, ... में लाना; (obs.) करना, निष्पादन ...; *n.* exertion आयास, प्रयास, कोशिश, ... परिश्रम; चेष्टा, क्रियाशीलता; *adj.* ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आयामी; उद्योगशील, प्रयत्नशील; उद्योगी, परिश्रमी

exes *n. pl.* a slang abbreviation of expenses

exfoliate *v.t. & i.* पर्त उतारना या उतरना, छिलका या छाल उतारना या उतरना; अपपत्रित होना, अपपत्रित करना; अपशल्कित होना या करना; *n.* exfoliation अपशल्कन; पतन; अपपत्रण, अपदलन; *adj.* exfoliative अपशल्की, अपपत्री

ex gratia (L.) अनुग्रहपूर्वक, सानुग्रह

exhale *v.t. & i.* साँस छोड़ना, श्वास निकालना, अपश्वसन करना, उच्छ्वसन करना; भाप (के रूप में) छोड़ना, भाप बनना या बनाना; भाप या धुँआ उड़ाना; अपवहन करना, रिसना, टपकना; *adjs.* exhalable उच्छ्वसनीय, भाप बनने योग्य; exhalant उच्छ्वसनात्मक, अपश्वसनात्मक; उच्छ्वसित; अपवाही; भाप छोड़ने वाला अंग आदि; *n.* exhalation उच्छ्वसन; अपश्वसन; वाष्पीकरण; वाष्पण; वाष्प, भाप, उच्छ्वास; धुंध, कुहरा; (arch.) उल्का

exhale *v.t.* (Shak.) लंबा करना, खींचना

exhaust *v.t.* रेचन करना, निर्वात करना; खींच निकालना या निष्कासित करना, खाली कर देना; समाप्त करना, निःशेष करना; थका, थका देना; अशक्त या कमज़ोर बना देना; पूरी ताकत लगा देना; *n.* रेचन, निकास; निकास नली; (इंजन में से इस्तेमाल किए तरल पदार्थ या भाप का) निर्गम, निकास (exhaust-gas, -steam छोड़ी हुई गैस या भाप, रेचन गैस या भाप, निकास गैस या भाप); *adj.* exhausted निढाल, क्लांत, थका-माँदा; ख़ाली, रिक्त; समाप्त; निःशेषित; *n.* exhauster उत्स्रावक; निश्शेषक; रेचन करने वाला, निर्वातक; रेचित्र; *adj.* exhaustible निर्वातनीय; थकने योग्य; समाप्त हो जाने वाला; *n.* exhaustion निकास; निर्वातन; रेचन; निःशेषण, समापन, समाप्ति; क्लांति, श्रांति, परिश्रांति, थकान, थकावट; *adjs.* exhaustive थकाने वाला, थकाऊ; सर्वांगपूर्ण, संपूर्ण, सुविस्तृत; निश्शेष; exhaustless अक्षय, कभी समाप्त न होने वाला; अश्रांत; *ns.* exhaust-pipe निकास नली, निर्वातक नल, निर्वातक नली

exheredate *v.t.* (rare) दाय से वंचित करना; *n.* exheredation दायच्युति, उत्तराधिकार अपहरण

exhibit *v.t.* प्रदर्शित करना, दिखाना; प्रस्तुत करना, पेश करना; सार्वजनिक रूप से दिखाना; (med.) इलाज करना, उपचार करना; *n.* (law) लेख, दस्तावेज़ (न्यायालय में साक्ष्यरूप में प्रस्तुत वस्तु; प्रदर्शनीय वस्तु; (प्रदर्शनी में) प्रदर्शित वस्तु, प्रदर्शन, निदर्श; *ns.* exhibiter (rare) प्रदर्शक; exhibition प्रदर्शनी, नुमाइश; प्रदर्श, प्रदर्शन, (विश्व विद्यालय में दी जाने वाली) छात्रवृत्ति; उपचार, चिकित्सा; exhibitioner वृत्ति पाने वाला छात्र, छात्रवृत्ति भोक्ता; exhibitionism आत्मप्रदर्शन; कामांग प्रदर्शन; प्रदर्शन प्रवृत्ति, प्रदर्शनवाद; exhibitionist आत्मप्रदर्शक; प्रदर्शनवादी; *adj.* exhibitive प्रदर्शनशील; प्रदर्शनी के कार्य में रत; प्रतिनिधि; *n.* exhibitor प्रदर्शक, प्रदर्शनी में अपनी चीज़ें रखने वाला; *adj.* exhibitory प्रदर्शनीय, प्रदर्शनात्मक; — make an exhibition of oneself आत्म प्रदर्शन करना; मूर्खतापूर्ण व्यवहार से हँसी का पात्र बनना

exhilarate *v.t.* आनंदित करना, आनंद प्रदान करना; खुश करना, उल्लसित करना; सजीव बनाना, जीवंत बनाना; *adj.* exhilarant आनंददायक, आह्लादक; *n.* स्फूर्तिदायक या उल्लासक औषधि आदि; *adj.* exhilarating आह्लादक, आनंददायक, उल्लासकारी; *n.* exhilaration उल्लास, प्रफुल्लता, हर्षोद्रेक, आनंद, प्रसन्नता, खुशी; *adj.* exhilarative, exhilaratory उल्लासप्रद, आनंददायक

exhort *v.t.* प्रबोधित करना, उद्बोधित करना; प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना; समर्थन करना, (के लिए) आंदोलन करना; *n.* exhortation उद्बोधन, प्रबोधन; प्रोत्साहन; समर्थन; धार्मिक उपदेश; *adjs.* exhortative, exhortatory प्रेरणायुक्त, उपदेशात्मक, प्रोत्साहनार्थक, उद्बोधक; *n.* exhorter प्रबोधक, प्रोत्साहक; धार्मिक उपदेशक (पादरी से भिन्न)

exhume *v.t.* खोदकर निकालना; कब्र में से खोदकर निकालना; अनावृत करना, प्रकाश में लाना; also exhumate; *ns.* exhumation उत्खनन; शवोत्खनन; exhumer खोदकर निकालने वाला; प्रकाश में लाने वाला

ex hypothesi (L.L.) प्राक्कल्पनातः, प्राक्कल्पना से

exigent *adj.* अत्यावश्यक, ज़रूरी, अनिवार्य; तुरंत ध्यान या कार्यवाही के योग्य, अपेक्षी; *n.* उग्र; कठोर, सख़्त; *adj.* exigeant आग्रहकारी;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कठोर, सख्त; (fem. exigeante); *ns.* exigence, exigency अत्यावश्यकता, अनिवार्य आवश्यकता; अपेक्षा; आपात, संकट, आपत्काल; *pl.* आवश्यक सामग्री; अपेक्षाएँ

exigible *adj.* अपरिहार्य, आहरणीय, अभियाचनीय

exiguous *adj.* अल्प, स्वल्प, थोड़ा, लघु; *ns.* exiguity, exiguousness स्वल्पता, लघुता

exile *n.* निर्वासन, देशनिकाला, देशत्याग; निर्वास, प्रवास; प्रवासी, निर्वासित (व्यक्ति); *v.t.* & *i.* निर्वासित करना या होना, देश निकाला देना या देश से निकलना, देश त्यागना; *n.* exilement निर्वासन, देश निकाला; *adj.* exilic निर्वासन संबंधी, (प्राचीनकाल में बेबिलोनिया में) यहूदियों के निर्वासन का

exility *n.* पतलापन, सूक्ष्मता; परिष्कार

eximious *adj.* श्रेष्ठ, उत्तम; विख्यात, प्रतिष्ठित

ex improviso (L.) अचानक, सहसा

exine. See extine.

exist *v.i.* होना, अस्तित्व रखना, सत्ता रखना; बना रहना, रहना, विद्यमान होना; जीवित होना; *n.* existence अस्तित्व, सत्ता; स्थिति, विद्यमानता; आजीविका; जीवन, ज़िंदगी; *adjs.* existent अस्तित्ववान, विद्यमान, वर्तमान; जीवित; existential सत्तात्मक, अस्तित्वपरक; *ns.* existentialism अस्तित्ववाद; मानवसत्ता की नश्वरता का सिद्धांत, क्षणभंगुरतावाद; existentialist अस्तित्ववादी; क्षणभंगुरतावादी

exit *n.* (अभिनेता या पात्र का) रंगमंच से प्रस्थान; निर्गमन, निर्गम, निष्क्रमण; निकास, निर्गम (द्वार), गमन मार्ग, बाहर जाने का मार्ग; मृत्यु, मौत; *v.i.* बाहर निकलना, प्रस्थान करना; मर जाना; इहलीला समाप्त करना

ex-libris *n.* पुस्तक-पत्रक (नामादि लिखने के लिए काग़ज़ का टुकड़ा); *ns.* ex-librism पुस्तक-पत्रक संकलन; ex-librist पुस्तक-पत्रक अध्येता, पुस्तक-पत्रक संकलक

ex mero motu (L.) स्वांत:प्रेरणा से, अंत:-प्रेरणा से, स्वेच्छया, अपनी इच्छा से

ex natura rei (L.L.) किसी मामले की प्रकृति से, मामले के रंग-ढंग से

exo- (in composition) बाहर, बाह्य, बहि:, बहिर्; (often opp. to endo-, ento-; See also ecto-); *ns.* exocarp (bot.) बाह्य-फल भित्ति, बाह्यस्तर, बाह्यच्छद; exodermis एक्सोडर्मिस, बाह्यमूलत्वचा; ... बाह्य वल्कुट स्तर; exogamy ... विजातीय विवाह, बहिर्गोत्र विवाह; बहिर्युग्मन, असंबद्ध युग्मकों का ...; *adjs.* exogamic बहिर्विवाहीय; ... विवाह का; exogamous बाह्ययुग्म... वैवाहिक; बहिर्गोत्र विवाह संबंधी; *n.* e... द्विबीजपत्री (पौधा); *adj.* ex... बहिर्जात, बहिर्जनित

exode *n.* (यूनानी नाटक का) ... उपसंहार; प्रहसन

exodus *n.* बहिर्गमन, निर्गमन (... इज़राइलियों का मिश्र से), ... Exodus ओल्ड टेस्टामेंट का द्वि... (इंजील), निर्गमन ग्रंथ; *adj.* ... निर्गमन संबंधी; *n.* exodist उत्प्रवा... जाने वाला

ex officio (L.) पदेन, पद के कारण

exomis *n.* एक बाँह वाला या (... बाँह रहित वस्त्र

exon *n.* अंगरक्षक-अधिकारी (शरीर... या अंगरक्षकों का अधिकारी)

exonerate *v.t.* भारमुक्त करना, ... मुक्त करना, निर्दोष ठहराना; *n.* ex...ation भार मुक्ति; दोषमुक्ति; छुटका...; exonerative भारमुक्तिकर्ता; दोषमु... भारमुक्ति या दोषमुक्ति संबंधी; छोड़ने ...

exophagy *n.* स्वजाति भिन्न नर मां... (नरभक्षियों का दस्तूर); *adj.* ex...gous स्वजाति भिन्न नर मांस भक्ष...

exophthalmia, -mos, -mus *ns.* ने... *adj.* exophthalmic नेत्रोत्सेधी

exopodite, exopod *n.* बहि:पादांश

exorable *adj.* अनुनय-विनय से प्रभा... वाला, अनुनेय; ख़ुशामद प्रिय; *n.* ex... अनुनय-विनय, ख़ुशामद

exorbitant *adj.* अत्यधिक, हद से ... अमर्यादित, बेहिसाब; *ns.* exor... exorbitancy अत्यधिकता; अमर्या... exorbitate रास्ता भूल जाना, भटक...

exorcise *v.t.* झाड़-फूंक करना, ... (मंत्रादि द्वारा) भूत उतारना, भूत-... निवारण करना; *ns.* exorcism ... भूत-प्रेत निवारण; exorcist भूत ... ओझा, झाड़-फूंक करने वाला (also ... ciser)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

exordium *n.* आमुख, प्रस्तावना, भूमिका, उपोद्घात; *adj.* exordial आमुखीय, भूमिकात्मक, उपोद्घात संबंधी

exoskeleton *n.* बहिःकंकाल; *adj.* exoskeletal बहिःकंकालीय, बहिःकंकाल संबंधी

exosmosis *n.* बहिःपरासरण; also exosmose; *adj.* exosmotic बहिःपरासरण संबंधी

exospore *n.* बहिःबीजाणु, बीजाणु बहिश्चोल

exostosis *n.* (anat.) एग्सोस्टोसिस, अस्थि-अंडभवन, बाह्य अध्यस्थि

exoteric *adj.* बाह्य, बाहरी; लोकप्रचलित; सामान्य; जनसाधारण के योग्य; *adj.* exoterical सुगम्य; सर्वसाधारण संबंधी; *n.* exotericism सरल ज्ञान; सामान्य शिक्षा

exothermic *adj.* (chem.) ऊष्मा-उन्मोची, ऊष्मारेची, ऊष्माक्षेपी

exotic *adj.* विदेशी, विदेशज; विदेशागत; विजातीय; अन्यस्थानिक; *n.* विदेशी, विदेशागत वस्तु, पादप शब्द आदि; *n.* exoticism विदेश प्रेम; विदेशीपन, विदेशीयता

expand *v.t.* & *i.* फैलाना; फैलना; प्रसारित करना या होना; विस्तार पाना; विस्तृत करना, विस्तार देना; विकसित करना; व्याख्या करना, विस्तार से समझाना; बड़ा करना या होना; आयतन बढ़ाना; (fig.) अभिव्यक्तिशील होना; *n.* expanse विस्तार, फैलाव; आकाश; *n.* expansibility विस्तार्यता, प्रसरणशीलता; *adjs.* expansible विस्तार्य, विस्तारशील; फैलने योग्य; expansile विस्तारी, प्रसारयोग्य; *n.* expansion प्रसारण, विस्तारण; विकासन; प्रसार, प्रसरण, फैलाव; विस्तार; विकास; संवर्धन, वृद्धि; प्रसरण की मात्रा; अनंतता, विशालता; *adj.* expansional विस्तारात्मक; प्रसारात्मक; विकासात्मक; *ns.* expansionism विस्तारवाद; expansionist विस्तारवादी; *adj.* expansive प्रसरणीय, प्रसरणशील, प्रसारी; प्रसार-, विस्तार-; विस्तृत, व्यापक; *n.* expansiveness, expansivity प्रसार, विस्तार; प्रसारणीयता, व्यापकता

ex parte *adj.* एकतरफ़ा, एकपक्षीय; पक्षपातपूर्ण

expatiate *v.t.* विचरण करना, घूमना-फिरना, निर्बाध घूमना; पल्लवित करना; सविस्तर वर्णन करना, विस्तारपूर्वक लिखना या बोलना; *n.* expatiation स्वच्छंद विचरण; विस्तृत व्याख्यान या वर्णन; *adjs.* expatiative, expatiatory व्यापक, विस्तारात्मक स्वच्छंद विचरणात्मक; विशद व्याख्या संबंधी; *n.* expatiator स्वच्छंद विचरणकर्ता; विशद व्याख्याता

expatriate *v.t.* निर्वासित करना, देश से निष्कासित करना, देश निकाला देना; देश त्याग करना, स्वदेश छोड़ कर चले जाना; *n.* expatriation निष्कासन, निर्वासन, देश निकाला; देशत्याग, देशनिष्ठा-त्याग

expect *v.t.* & *i.* प्रतीक्षा करना; प्रत्याशा करना, अपेक्षा करना, आशा करना, उम्मीद करना; (coll.) कल्पना करना, समझना; *n.* (Shak.) प्रत्याशा, अपेक्षा; *ns.* expectance, expectancy प्रत्याशा, आशंसा; संभावना; आशा, उम्मीद; *adj.* expectant प्रतीक्षा करने वाला, राह देखने वाला; आशा करने वाला; *n.* प्रत्याशी, उम्मीदवार; अपेक्षी; किसी पद या अधिकार की प्रत्याशा; *ns.* expectation प्रत्याशा, अपेक्षा, भावी लाभ की आशा; प्रतीक्षा; संभावना; पूर्वानुमान, पूर्वाशा; *pl.* वसीयत से लाभ या संपत्ति पाने की आशा; *adj.* expectative प्रत्याशी; आकांक्षी, प्रत्यावर्ती, उत्तरभोगी; *n.* प्रत्याशा, संभावना; धर्मवृत्ति या पादरी के पद का आकांक्षी; *adj.* expected प्रत्याशित, अपेक्षित; अनुमानित; *n.* expecter प्रत्याशी, उम्मीदवार; आशंसी; *n.* & *adj.* expecting अपेक्षा, आशा, उम्मीद; अपेक्षी, आशावान

expectorate *v.t.* & *i.* खँखार कर बलग़म निकालना, कफ़ोत्सारण करना, खँखारना; (coll.) थूकना; *adj.* expectorant कफ़ निस्सारक; कफ़ोत्सारक; *n.* कफ़ोत्सारक (औषधि); expectoration कफ़ निस्सारण, कफ़ोत्सारण; बलग़म, कफ़; (coll.) थूक, खँखार; *adj.* expectorative कफ़ निस्सारक, कफ़ोत्सारक (औषधि), बलग़म निकालने वाली (दवा)

expedient *adj.* उचित, सामयिक, कालोचित, समयोचित, कार्यसाधक, इष्टकर, वांछनीय; युक्तिसंगत, उपयुक्त, समीचीन; (Shak.) शीघ्र, द्रुत, फुर्तीला; *n.* उपाय, युक्ति, तदबीर, तरकीब; *ns.* expedience (Shak.) शीघ्रता, जल्दबाज़ी; तत्परता; (Shak.) कार्यसाधकता, तत्परता; expediency उपयुक्तता, औचित्य; वांछनीयता; कार्यसाधकता, इष्टसिद्धि; समयोचितता; स्वार्थपरता, स्वार्थ; *adj.* expediential उचित, उपयुक्त, इष्टकर

expedite *v.t.* निर्विघ्न करना; शीघ्रता करना, त्वरित करना, शीघ्र कार्रवाई करना, शीघ्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निपटाना या पूरा करना; आगे बढ़ाना, तत्परता करना; *adj.* निर्बाध; निर्विघ्न; जल्दी, शीघ्र, मुस्तैद; *n.* expedition शीघ्रता, जल्दी, तत्परता, मुस्तैदी; अभियान, चढ़ाई; अभियात्रा, खोजयात्रा; यात्रा दल, अभियान दल; *adjs.* expeditionary अभियान संबंधी, विशिष्ट यात्रा का; शीघ्रतापूर्ण, तीव्र; तत्परतापूर्ण; expeditious शीघ्र, सत्वर; फुर्तीला, चुस्त; तत्पर, मुस्तैद; *n.* expeditiousness शीघ्रता, तेज़ी; तत्परता, मुस्तैदी; *adj.* expeditive त्वरित, तेज़; तत्पर

expel *v.t.* निष्कासित करना, निकाल बाहर करना; निकाल देना, निकालना; (Shak.) दूर रखना; *adj. & n.* expellant, -ent निकाल बाहर करने वाला; बहिष्कारक

expend *v.t.* लगाना; व्यय करना, खर्च करना; खा डालना; *adj.* expendable अपचेय; उत्सर्जनीय; खर्च या व्यय करने योग्य; also *n.*; *ns.* expenditure लागत, खपत, खर्च की रकम; व्यय, खर्चा, खर्च; expense खर्चा, व्यय; लागत; (in *pl.*) परिशोध, पूर्णीकरण, किसी कार्य की पूर्ति की लागत; (in *pl.* Scots law) मुकद्दमे की लागत; *adj.* expensive मँहगा; बहुमूल्य, बेशकीमती; खर्चीला; expensiveness खर्चीलापन, मँहगापन; — be at the expense of के खर्चे से, के व्यय से

experience *n.* अनुभव, तजरुबा; अनुभूति; *v.t.* अनुभव करना; अनुभूति होना; अनुभव द्वारा ज्ञान प्राप्त करना, का अनुभव प्राप्त करना; भोगना; सहना; *adj.* experienced अनुभवी, अनुभव प्राप्त; कार्यकुशल, दक्ष; समझदार; *adjs.* experienceless अननुभवी, अनुभवरहित; experiential अनुभवजन्य, अनुभवात्मक; *ns.* experientialism अनुभववाद, अनुभूतिवाद; experientialist अनुभववादी, अनुभूतिवादी; — experience meeting धार्मिक अनुभव विषयक गोष्ठी

experiment *n.* जाँच, परख, परीक्षा; प्रयोग, परीक्षण; *v.i. & t.* प्रयोग करना, परीक्षण करना; जाँचना, (की) परीक्षा करना, (को) परखना; *adj.* experimental परीक्षणात्मक, प्रयोगात्मक, प्रायोगिक, प्रयोगमूलक, आज़माइशी; अनुभवजन्य, प्रयोगगत; *v.i.* experimentalise प्रयोग करना; अनुभूति या अनुभव होना; *ns.* experimentalism प्रयोगवाद; experimentalist, experimenter, experimentist प्रयोगवादी, प्रयोगकर्ता; *n.* experimentation प्रयोग, परीक्षा; *adj.* experimentative परीक्षणात्मक, प्रयोगशील; experi- (obs.) अनुभवी; अभ्यस्त, कुशल

experimentum crucis (L.) कठिन ... अग्नि परीक्षा

expert *adj.* विशेषज्ञ, सुविज्ञ, विशेष ... प्राप्त, कुशल, प्रवीण, निपुण; *ns.* ... विशेषज्ञ, विशेष योग्यता प्राप्त व्यक्ति ... व्यक्ति; विशेषज्ञ-साक्ष्य; expertise ... विशेषज्ञता, प्रवीणता, निपुणता; विशेष ... विशेषज्ञ अभिमत; *n.* expertness ... कौशल, दक्षता

expiate *v.t.* प्रायश्चित्त करना; पाप ... करना; *adj.* expiable प्रायश्चित्त करने ... पाप शोधनीय; *ns.* expiation प्राय... पश्चाताप; पाप शोधन; expiator प्राय... प्रायश्चित्त करने वाला; पाप परिशोधक; expiatory प्रायश्चित्तिक, प्रायश्चित्त ... विशोधक

expire *v.t. & i.* निःश्वसन करना ... निकालना या निकलना, श्वास छोड़ना; ... करना या होना, अंत होना; मरना, ... जाना; बीत जाना; (अवधि) समाप्त ... रद्द होना; *adj.* expirable समाप्त होने ... समाप्य; मरणयोग्य; *ns.* expirant ... न्मुख; expiration निःश्वसन; समाप्ति ... मृत्यु; *adjs.* expiratory निःश्वास ... निःश्वासी; expired मृत; समाप्त; ... अतिक्रांत; लुप्त, निःश्वसित; expiring ... न्मुख; मृत्यु संबंधी, मृत्यु के समय ... *n.* expiry अंत, समाप्ति, अवसान

expiscate *v.t.* अनुसंधान करना, ... करना; *n.* expiscation अन्वेषण ... expiscatory अन्वेषण संबंधी, अन्वे...

explain *v.t. & i.* समझाना, स्पष्ट ... व्याख्या करना; कारण बताना, ... जवाबदेही करना, स्पष्टीकरण ... देना; *adj.* explainable व्याख्येय, ... योग्य; समझाने योग्य, स्पष्टीकरण ... explainer व्याख्या करने वाला, ... explanation स्पष्टीकरण; व्याख्या; ... वक्तव्य; सफ़ाई; कैफ़ियत; *adj.* exp... व्याख्यात्मक; व्याख्यारूप; — expl... रूपांतर करना, व्याख्या द्वारा ... (generally in a bad sense)

expletive *adj.* पूरक, अनुपूरक; *n.* ... शब्द; निरर्थक शब्द (व्याकरणिक); ... भर्ती की वस्तु आदि; निरर्थक ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

expletory पादपूरक (शब्द); पूर्णकारी; अनुपूरक

explicate *v.t.* अर्थ विश्लेषण करना, अर्थ खोलना; स्पष्ट करना; विवरण देना; *adj.* explicable व्याख्या योग्य, स्पष्ट करने योग्य; *n.* explication अर्थ विश्लेषण; व्यक्तीकरण; स्पष्टीकरण; व्याख्या; विवरण; *adjs.* explicative, explicatory विवेचनात्मक; व्याख्यात्मक, व्याख्या संबंधी

explicit *adj.* सुस्पष्ट, साफ़-साफ़, सुव्यक्त; सुनिश्चित; स्पष्टवादी; साफ़; खरा (व्यक्ति); *adv.* explicitly स्पष्टतः, स्पष्टतया, साफ़-साफ़; *n.* explicitness सुस्पष्टता; स्पष्टवादिता

explicit *n.* इति, अंत, समाप्त; अंत वाक्य

explode *v.t. & i.* विस्फोट करना या होना, आवाज़ के साथ फटना; निंदा करना, तिरस्कार करना; (अभिनेता को सीटी आदि बजाकर) अस्वीकार करना या अनुत्साहित करना; बदनाम करना; भंडाफोड़ करना; *adj.* exploded विस्फोटित, विस्फुटित, फटा हुआ; *n.* explosion स्फोटन, विस्फोट, धमाका, धड़ाका; (geol.) विस्फोटन, प्रस्फोटन; (ग़ुस्से आदि का) भड़क उठना, फूट पड़ना; *adj.* explosive विस्फोटक, विस्फोटात्मक, विस्फोटी; प्रस्फोटी, बहिःस्फोटक; *n.* विस्फोटक पदार्थ; स्फोट या स्पर्श व्यंजन; *n.* explosiveness विस्फोटकता, प्रस्फोटकता, स्फोटकता; — explosion shot (गॉल्फ़ में) गेंद पर ज़ोर से प्रहार

exploit *n.* वीरतापूर्ण कार्य, पराक्रम, उल्लेखनीय सफलता; कारनामा, करतूत; *v.t.* काम में लाना, उपयोग करना, काम लेना; लाभ उठाना; शोषण करना, अनुचित लाभ उठाना; *adj.* exploitable काम में लाने योग्य; शोषण योग्य; *ns.* exploitage, exploitation संदोहन, समुपयोजन; उपयोग; शोषण, स्वार्थ साधन; exploiter शोषक, स्वार्थ साधक; उपयोक्ता, संदोहक

explore *v.t. & i.* गवेषणा करना, अन्वेषण करना, खोज करना; छानबीन करना, जाँच-पड़ताल करना; *n.* exploration गवेषणा, अन्वेषण, खोज; छान-बीन, जाँच-पड़ताल; *adjs.* explorative, exploratory अन्वेषणात्मक, गवेषणा संबंधी; जाँच-पड़ताल विषयक; *n.* explorer समन्वेषक, अन्वेषक, गवेषक, खोजकर्ता; *adj.* exploring अन्वेषी

explosion. See explode

exponent *adj.* प्रवक्ता, आख्याता; भाष्यकार; प्रतिपादक, प्रतिनिधि; (lings.) द्योतक; *n.* आख्याता, प्रवक्ता; भाष्यकार; प्रतिपादक; (mus.) वादक या गायक; निदर्शन, उदाहरण, प्रकार; (math.) घातांक; *adj.* exponential घातीय, घातांकी, चरघातांकी; *n.* घातांक, चरघातांकी फलन; — exponential curve चरघातांकी वक्र; exponential equation चरघातांकी समीकरण; exponential function चरघातांकी फलन; exponential series एक्सपोनेंटी श्रेणी, चरघातांकी श्रेणी; exponential theorem चरघातांकी प्रमेय

exponible *adj.* व्याख्येय, व्याख्यापेक्षी; प्रतिपाद्य, विवरणापेक्षी

export *v.t.* निर्यात करना, माल देश से बाहर भेजना; *n.* निर्यात; निर्यात वस्तु या माल; *adj.* exportable निर्यात योग्य; *ns.* exportation निर्यातन; exporter निर्यातक, निर्यात करने वाला; — invisible exports अदृश्य निर्यात; visible exports दृश्य निर्यात

expose *v.t.* खोलना, प्रकट करना, अभिव्यक्त करना; अरक्षित या अनाश्रित रूप में छोड़ना; अनावृत करना, नंगा करना; (शिशु को) फेंक देना, छोड़ देना, परित्याग करना; (फ़ोटो) उद्भासित करना, फ़िल्म पर प्रकाश लगने देना, चित्र लेना, फ़ोटो खींचना; बिक्री के लिए रखना; प्रस्तुत करना, प्रतिपादित करना, व्याख्या करना; जोखिम में डालना; के प्रभाव में डालना; पोल खोलना, भंडा फोड़ना, रहस्य प्रकट करना; प्रदर्शित करना, नुमाइश करना, अभिदर्शित करना; *n.* (U.S.) विवरण; भंडाफोड़; *ns.* exposal विगोपन, अभिदर्शन, प्रकाशन; expose विगोपन, अभिव्यक्तीकरण; नग्न प्रदर्शन; विवरण; भंडाफोड़; *adj.* exposed अरक्षित; अनाश्रित, अनाच्छादित; उद्भासित; *n.* exposedness अरक्षण; अनाश्रयता; exposer, exposure अभिव्यक्तीकरण; अरक्षितता, अनाश्रयता; अनावरण; अपावरण; विगोपन; उच्छादन, उद्भासन; (फ़ोटो लेते समय) उद्भासन का समय; रहस्योद्घाटन, भंडाफोड़; प्रभावन; प्रदर्शन, उद्घाटन; प्रकाशन; परित्याग

exposition *n.* प्रतिपादन; विवरण; व्याख्या; (शिशु का) परित्याग; प्रदर्शनी, नुमाइश; व्याख्यात्मक प्रवचन; प्रस्तुतीकरण, अभिव्यक्तीकरण; *adj.* expositive व्याख्यात्मक; वर्णनात्मक, विवरणात्मक; धार्मिक भाष्य संबंधी; *n.* expositor प्रतिपादक, व्याख्याता, टीकाकार,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाष्यकार; (fem.) expositress प्रतिपादिका; *adj*. expository प्रतिपादक, व्याख्यात्मक, व्याख्या संबंधी; व्यष्टि हेतुक

ex post facto (L.) कार्योत्तर, पूर्व व्यापी, पूर्व प्रभावी

expostulate *v.i.* प्रतिवाद करना, आपत्ति करना, शिकायत करना; (Shak.) विवाद करना; *n*. expostulation प्रतिवाद, आपत्ति, शिकायत, उलाहना; *adjs*. expostulative, expostulatory प्रतिवादात्मक, शिकायती; *n*. expostulator प्रतिवादक, शिकायती

expound *v.t.* प्रतिपादित करना; व्याख्या करना, स्पष्ट करना, समझाना; बयान करना; *n*. expounder प्रतिपादक; व्याख्याता; (धर्म) प्रवक्ता

express *v.t.* अभिव्यक्त करना; (शब्द रूप में या संकेत रूप में) प्रकट करना; स्पष्ट रूप से बताना; उद्घाटित करना, ज़ाहिर करना; शीघ्रता से संपन्न करना; निचोड़ना; *adj*. सुव्यक्त, अभिव्यक्त; सुनिश्चित; ठीक-ठीक, हूबहू, सुस्पष्ट, साफ़; सुविवेचित, सोचा-समझा; द्रुत, तुरत, आशु; *adv*. शीघ्रता के साथ, जल्दी, तेज़ी से, तुरंत; विशेष रूप से; एक्सप्रेस गाड़ी से; द्रुतगामी दूत से; *n*. द्रुतगामी दूत या द्रुतगामी गाड़ी; एक्सप्रेस गाड़ी; विशेष संदेश; संदेश या सामान के द्रुत प्रेषण की व्यवस्था; विशेष उद्देश्य से प्रेषित गाड़ी या दूत; *n*. expressage, द्रुत प्रेषण व्यवस्था से माल ले जाना; द्रुत प्रेषण व्यवस्था से ले जाने का भाड़ा; *adj*. expressible कथनीय, व्यक्त करने योग्य; *n*. expression अभिव्यक्ति, अभिव्यंजन, अभिव्यंजना; पद, शब्दावली, कथन; किसी बात को प्रकट करने की शैली या ढंग; (mus.) आरोह-अवरोह, स्वर का उतार-चढ़ाव; भावाकृति, मुखाकृति, मुद्रा; भावाभिव्यक्ति; (math.) व्यंजक; (chem.) निष्पीडन; *adj*. expressional अभिव्यक्ति विषयक, अभिव्यंजनात्मक; शाब्दिक; *ns*. expressionism अभिव्यंजनावाद; expressionist अभिव्यंजनावादी; *adjs*. expressionless भावशून्य (चेहरा); अभिव्यक्ति-रहित; आरोह-अवरोह रहित (ध्वनि); expressive व्यंजक, अभिव्यंजक; भावबोधक; अर्थपूर्ण, सार्थक; द्योतक, सूचक; *n*. expressiveness अभिव्यंजकता; अर्थव्यंजकता; अर्थपूर्णता, सार्थकता; — express agency, company शीघ्र सामान प्रेषण कराने वाली एजेंसी, एक्सप्रेस एजेंसी; express delivery तुरत वितरण; express fee तुरत शुल्क; express letter, packet आशु पत्र; express parcel तुरत आशु पार्सल; express messenger दूत; विशेष संदेशवाहक; express बंदूक (बड़े शिकार को कम दूरी से बनाने के लिए); express train गाड़ी; to express oneself अपने या भावनाओं को अभिव्यक्त करना

expressis verbis (L.) स्पष्ट शब्दों में

exprobrate *v.t.* (arch.) भर्त्संना धिक्कारना; निंदा करना; उलाहना exprobration भर्त्संना, धिक्कार; गलौज; निंदा; *adjs*. exprobrative, bratory भर्त्सनात्मक, धिक्कारपूर्ण;

ex professo (L.) प्रकट रूप से

expropriate *v.t.* स्वत्वहरण करना, हरण करना, अधिकार छीन लेना; छीन लेना; *n*. expropriation स्वामित्वहरण; संपत्तिहरण

ex propriis (L.) अपने संसाधनों से

ex proprio motu (L.L.) स्वेच्छा इच्छा से

expugn *v.t.* जीत लेना, कब्ज़ा कर लेना, में करना; *adj*. expugnable योग्य, वश में करने योग्य; *n*. expu विजय, वशीकरण

expulse *v.t.* (obs.) ज़बर्दस्ती करना; निर्वासित करना; निकालना; करना; *n*. expulsion निर्वासन, बहिष्करण; बहिष्कार; *adj*. निर्वासनक्षम; निष्कासक, बहिष्कार करने वाला

expunge, expunct *vs.t.* मिटा देना; (कार्यवृत्त से) निकाल देना, उन्मार्जन करना; *n*. expunction विलोपन, मिटाना; निष्कासन

expurgate *v.t.* परिशोधन करना, करना, शुद्ध करना; पवित्र करना; करना; दोषमुक्त करना; *ns*. exp परिशोधन, शोधन, परिष्करण; दोषमुक्ति; expurgator परिशोधक परिष्कारक; दोष विमोचक; expurgatory परिशोधनात्मक, त्मक, शोधन संबंधी, शोधनीय; *v.t.* परिशोधन करना, शोधन करना, दोषमुक्त करना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

exquisite *adj.* (Shak.) क्लिष्ट कल्पित, दूर का; (obs.) दुरूह, दुर्बोध, गूढ़; रुचिर, स्वादिष्ट; अत्युत्तम; अति सुंदर; अतिशय, अत्यधिक; नाजुक, तुनकमिज़ाज; तीव्र, उग्र; अतिसंवेदनशील, सूक्ष्म; *n.* बाँका, छैला; *n.* exquisiteness अति सुंदरता; उत्कृष्टता; अतिशयता; रुचिरता; तीव्रता, उग्रता, सूक्ष्मता, अतिसंवेदनशीलता

ex quocunque capite (L.) जिस किसी भी स्रोत से, कहीं से भी

ex re nata (L.) Same as e re nata.

exsanguinous *adj.* रक्तहीन, रुधिर रहित; क्षीणरक्त; also exsanguine, -d, exsanguineous; *n.* exsanguinity रक्तहीनता; क्षीणरक्तता

exscind *v.t.* काटना, काटकर अलग करना; छाँटना

exsect *v.t.* काट कर अलग करना, बहिश्छेदन करना

exsert *v.t.* बाहर निकालना, बढ़ाना; उद्वर्ध; *adjs.* exserted बाहर निकला हुआ, बहिःक्षिप्त, निःसृत; exsertile बाहर निकलने योग्य, बहिःक्षेपणीय, निस्सरणीय; *n.* exsertion बहिःक्षेपण, निस्सरण

ex-service *adj.* भूतपूर्व सैनिक सेवा; *n.* ex-serviceman भूतपूर्व सैनिक

exsiccate *v.t.* सुखाना, उच्छोषण करना; निर्जल करना, खुश्क कर देना, सुखा देना; अवशोषण करना; मरुस्थल बनाना; *adj.* exsiccant अवशोषक, उच्छोषक; सुखाने वाला, निर्जलक; *n.* exsiccation उच्छोषण, अवशोषण, निर्जलन, शुष्कन; मरुस्थलीकरण; *adj.* exsiccative उच्छोषक, अवशोषक, सुखाने वाला, निर्जलक; *n.* exsiccator उच्छोषक यंत्र या वस्तु, अवशोषक उपकरण या कारक

exstipulate *adj.* (bot.) अनुपर्णी

exsuccous *adj.* नीरस, रसरहित; सूखा, शुष्क

exsufflicate *adj.* (Shak.) हाँफ़ते हुए; *v.t.* exsufflate हाँफ़ते हुए वर्णन करना; झाड़-फूंक कर प्रेत आदि उतारना, झाड़ना, झाड़-फूंक करना, निःश्वास छोड़ना; *n.* exsufflation निःश्वास, निःश्वसन; कठिनाई से श्वास छोड़ना, बलश्वास निःश्वसन; (भूत-प्रेत निकालने के लिए) झाड़-फूंक

ex tacito (L.) चुपचाप, खामोशी से

extant *adj.* प्रचलित; विद्यमान, वर्तमान, मौजूद

extasy, extatic. Same as ecstasy, ecstatic.

extempore *adv.* तत्काल, बिना तैयारी किए, पूर्व योजना के बिना; *adj.* तात्कालिक, अचिंतित; बिना तैयारी का; सद्यः, आशु; *n.* बिना तैयारी का भाषण, सद्यः भाषण; *adjs.* extemporal, extemporaneous तात्कालिक, सद्यः स्फूर्त, बिना तैयारी का; *ns.* extemporaneousness, extemporariness तात्कालिकता, तुरत-फुरत, सद्यः स्फूर्तता; *adj.* extemporary तात्कालिक, तत्क्षण तैयार किया हुआ, बिना तैयारी का (भाषण); *n.* extemporisation आशु रचना, आशु भाषण; (mus.) उपज; मनोधर्म; *v.t.* extemporise बिना तैयारी के भाषण देना, तत्काल भाषण देना या बोलना, बिना पूर्व तैयारी के रचना या अभिनय करना

extend *v.t. & i.* विस्तार देना, विस्तृत करना; तानना; फैलाना, फैलना; बढ़ाना; बढ़ना, अवधि बढ़ाना, मियाद बढ़ाना, वृद्धि करना; सीधा करना; आगे बढ़ाना, आगे फैलाना; पेश करना; प्रदान करना; भरसक काम लेना; (law; Shak.) ज़ब्त करना; कुर्क करना; मूल्य आँकना, कीमत लगाना; *adjs.* extendable, extendant (her.) विस्तरणीय, वितान्य; फैलाया गया, खोलकर सामने रखा गया, प्रदर्शित; extended विस्तृत, फैलाया हुआ, बढ़ाया हुआ, प्रवर्धित; अवधि वर्धित; पूरी लंबाई का; विस्तीर्ण; *n.* extender विस्तार करने वाला; विश्वविद्यालय शिक्षा विस्तार भाषण; *adjs.* extendible विस्तरणीय, विस्तार के योग्य; वितान्य, खिंचने वाला; extense (obs.) विस्तृत, व्यापक, विस्तीर्ण; *n.* extensibility विस्तरणीयता, विस्तारशीलता; *adjs.* extensible, extensile विस्तरणीय, विस्तार के योग्य, वितान्य; *n.* extension विस्तरण; (math.) विस्तार, विस्तृति; (chem., phys.) (of line) वर्धन, प्रसार; वितति, वितान; (U.S.) घर के साथ बना हुआ भाग, उपगृह या उपभवन; (log.) व्याप्ति; वस्त्वर्थ, वस्तु-निर्देश; (gram.) उद्देश्य या विधेय के साथ जोड़े जाने वाले शब्द; (university extension विश्वविद्यालय विस्तार, विश्वविद्यालय शिक्षा-विस्तार); *adj.* extensional विस्तारात्मक, विस्तार संबंधी; *ns.* extensionist विस्तारवादी; विश्वविद्यालय शिक्षा विस्तार भाषण या विद्यार्थी; extensity प्रसार, विस्तार; व्याप्ति; *adj.* extensive विस्तृत, विशाल; विस्तीर्ण, व्यापक;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विस्तार संबंधी; विस्तृत क्षेत्र की (खेती), भूप्रधान (कृषि); opp. to intensive; *ns.* extensiveness विस्तीर्णता, व्यापकता; विस्तार, फैलाव; extensometer दैर्घ्यवृद्धिमापी, एक्सटेन्सोमीटर; extensor वितानक; प्रसरिणी (पेशी); extent विस्तार, फैलाव; सुविस्तृत क्षेत्र; सीमा; (धन आदि का) अत्यधिक परिमाण या मात्रा; विस्तार क्षेत्र, पाट; व्याप्ति, पहुँच; संपत्ति का मूल्यांकन; (law) ऋणी की संपत्ति की ज़ब्ती के लिए प्रादेश; *adj.* सुविस्तृत, विस्तृत, फैला हुआ

extenuate *v.t.* कम करना, घटाना; कम समझना, कम महत्व देना; शक्ति कम करना; हलका करना, लघु करना; *n. & adj.* extenuating लघूकारी (व्यक्ति), लघूकारक; हलका करने वाला (व्यक्ति), तनूकारक; *n.* extenuation (अपराध आदि का) लघूकरण, न्यूनीकरण, अल्पीकरण; *adjs.* extenuative, extenuatory हलका करने वाला, कम करने वाला, लघूकारी; *n.* extenuator लघूकारी, लघूकारक व्यक्ति; (अपराध आदि को) कम करने वाला व्यक्ति

exterior *adj.* बाहरी, बाह्य, बहिः; विदेशी; *n.* बाहर; बाह्य स्वरूप, बाह्य रूप; बहिर्भाग (esp. in *pl.*); *n.* exteriority बाह्यता, बाहरीपन; बहिर्मुखता

exterminate *v.t.* (obs.) निकाल बाहर करना; तहस-नहस कर देना, नष्ट करना, विनाश करना; जड़ से उखाड़ देना, निर्मूल करना, मूलोच्छेदन करना; *adj.* exterminable नष्ट किए जा सकने योग्य; मूलोच्छेद्य; संहार योग्य; *n.* extermination विध्वंस, विनाश; मूलोच्छेदन; उन्मूलन; *adjs.* exterminative, exterminatory विनाशकारी, विनाशी; मूलोच्छेदी; *n.* exterminator विनाशकर्ता; उन्मूलनकर्ता; *v.t.* extermine (Shak.) नष्ट करना; उन्मूलन करना

external *adj.* बाहरी, बाह्य, बाहर का; भौतिक; मूर्त; दृश्य; विदेशी, वैदेशिक, परराष्ट्रीय; *n.* बाहर; बाह्य स्वरूप; (in *pl.*) बहिर्भाग; (in *pl.*) बाह्याचार, कर्मकांड, बाह्यानुष्ठान; बाह्यक; *adj.* extern, externe बाह्य; बाहर रहने वाला; *n.* बाहर रहने वाला, छात्रावास में न रहने वाला (छात्र, रोगी या चिकित्सक); *n.* externalisation बाह्यीकरण; बाह्यीभवन; *v.t.* externalise मूर्त रूप देना; *ns.* externalism बाह्याचारवाद, कर्मकांडवाद; बाह्यादानवाद; externality बाहरीपन, बाह्यता; ऊपरीपन; बहिर्मुखता, दृश्य ... अनावश्यक महत्व; externat ... विद्यालय, दिन का स्कूल; — ... student विश्वविद्यालय से बाहर का ... बहिर्विद्यार्थी

exterritorial. Same as extraterri...

extinct *adj.* बुझा हुआ, निर्वापित; ... विलुप्त, लुप्त, समाप्त; अप्रचलित, ... मृत; *adj.* extincted (Shak.) बुझा ... *n.* extinction निर्वापन, अग्निशमन; ... सत्यानाश, उन्मूलन; शमन; विलोप, ... समाप्ति, अवसान; *adj.* extinctive ... समापक; *n.* extincture (Shak.) ... निर्वापन; समाप्ति

extine *n.* (bot.) बाह्य चोल; also ex...

extinguish *v.t. & i.* बुझाना, ... करना; समाप्त करना, अस्तित्व मिटाना, ... करना, मिटा देना; निष्प्रभ करना, ... देना; बुझ जाना; मर जाना; *adj.* ex...guishable निर्वाप्य, बुझा देने योग्य, ... *ns.* extinguisher शामक, बुझाने ... निर्वापक, मोमबत्ती बुझाने की ... टोपी; extinguishment निर्वापन; ... विलोपन; उन्मूलन, विध्वंस

extirpate *v.t.* मूलोच्छेदन करना, ... उखाड़ना; मिटा देना, विनाश करना, ... नहस कर देना; — (Spens., Shak., ... extirp; *adj.* extirpable उन्मूलनीय, ... करने योग्य; *ns.* extirpation उन्मूलन, ...च्छेदन, विनाश, विध्वंस; extir... उन्मूलक; विनाशकर्ता; निराई करने की ... *adj.* extirpatory मूलोच्छेदी, ... विनाशकारी

extol *v.t.* (Spens.) बढ़ाना; तारीफ़ ... प्रशंसा के पुल बाँधना, गुणगान करना ... extolment प्रशंसा, गुणगान, तारीफ़

extort *v.t.* ऐंठना, ऐंठ लेना, छीनना, ... दस्ती छीनना या लेना, खसोटना; ग़लत ... से प्राप्त करना; *adj.* ऐंठा हुआ; ज़ब... छीना हुआ, खसोटा हुआ; ग़लत ... प्राप्त; *adj.* extorsive बलात् ऐंठने ... छीनने वाला; *n.* extortion खसोट, ... दस्ती वसूली; बलात् ग्रहण; *adjs.* ex...tionary बलात् ग्रहण संबंधी, ... वसूली संबंधी; extortionate खसोटने ... ज़बरदस्ती वसूल करने वाला; अतिशय, ... अधिक; *n.* extortioner बलात् ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्ता, जबरदस्ती पैसा ऐंठने वाला; लुटेरा; *adj.* extortive बलात् ऐंठने या छीनने वाला

extra (L.) बाह्य, बाहर; — extra modum फ़िज़ूलखर्च; उपाय रहित; extra muros सीमा से बाहर

extra *adj.* अतिरिक्त; विशेष, असाधारण; उत्कृष्ट; अति, ज़्यादा; *adv.* असाधारण रूप से, अतिरिक्त रूप में; *n.* अतिरिक्त वस्तु; समाचार पत्र का विशेष संस्करण; बिना बल्ले के बनाया गया रन (दौड़); अतिरिक्त या गौण अभिनेता; *adjs.* extra-condensed (print.) अतिसंघनित, सँकरी छपाई; extra-curricular पाठ्यचर्येतर, पाठ्येतर; *v.t.* extra-illustrate अतिरिक्त चित्र देना, किसी पुस्तक में अन्य स्थानों से चित्र लेकर सन्निविष्ट करना, अतिरिक्त चित्रण करना; *n.* extra-illustration अतिरिक्त चित्रण, अतिरिक्त चित्र सन्निवेश; *adjs.* extra-sensory अतींद्रिय; extra-special अति विशेष, अति असाधारण; *n.* (सायंकालीन समाचार पत्र का) अति विशेष संस्करण

extra- *pfx.* बाहर, -बाह्य, -इतर; *adjs.* extra-axillary कक्षस्थेतर; extra-cellular कोशिका-बाह्य; extradotal दहेज के अतिरिक्त, दहेज से इतर; extrafloral पुष्प-बाह्य; extraforaneous बाहर, बाहरी, बाह्य, बहिर्द्वारीय, द्वारबाह्य; extragalactic परागांगेय, परागैलेक्सीय; extrajudicial विधि-बाह्य; न्यायालय से बाहर की गई (अपराध-स्वीकृति); वादेतर, न्यायेतर; extralimital निर्धारित क्षेत्र से बाहर का; किसी विशेष क्षेत्र या युग के पशुओं के अतिरिक्त; also extralimitary; extra-marital (of relations, etc.) विवाहेतर; extrametrical छंदेतर (किसी छंद में निर्धारित शब्दों से अतिरिक्त); extramundane लोकातीत, लोकबाह्य, लोकोत्तर, अतिभौतिक, बहिःप्राकार, प्राचीर-बाह्य, चहारदीवारी के बाहर का, प्राकार-बाह्य; extramural बहिर्विश्वविद्यालयी; बहिःशाल; कारा-बाह्य, बाहरी; extra-parochial पल्ली क्षेत्र से बाहर का; extra-physical भौतिकातीत, भौतिक नियमों की सीमा से बाहर का, प्राकृतिक नियमों से स्वच्छंद; extra-professional व्यवसाय-बाह्य, किसी विशिष्ट व्यवसाय से बाहर का; व्यवसाय शुल्क क्षेत्र से बाहर का; extra-provincial प्रदेश क्षेत्रातीत, प्रदेश या प्रांत से बाहर का; extra-regular नियमातिरिक्त, नियम से मुक्त; extra-solar परासौर परिवारीय, सौर परिवार से बाहर का; extra-territorial अतिरिक्त देशीय, अपरदेशीय; also exterritorial; *ns.* extraterritoriality अतिरिक्त देशीयता; अपर देशीयता; also exterritoriality; extra-time अतिरिक्त समय; *adjs.* extra-tropical उष्णवलयपार, बहिरुष्ण-कटिबंधीय; extrauterine गर्भाशय-बाह्य; extravascular वाहिकाबाह्य

extract *v.t.* जबरदस्ती खींच लेना या निकालना, ऐंठना; चुनना; प्राप्त करना, पाना; उद्धृत करना, उद्धरण देना; सार निकालना; निस्सारण करना, अर्क निकालना, निचोड़ना, निष्कर्षण करना; *adj.* प्राप्त, निस्सारित, उद्धृत; *n.* extract रस, सार, निचोड़, निष्कर्ष, अर्क, सत्त; उद्धरण, अवतरण; निष्कर्षण, ऊन निकालना (ऊनी कपड़े में से रासायनिक विधि से); *adjs.* extractable (also extractible) निष्कर्षणीय, निकालने योग्य; *n.* extraction निष्कर्षण, कर्षण; निष्कासन; वंश, कुल; वंश परंपरा; जन्म, उद्भव; निष्कर्ष, निचोड़, सार; *adj.* extractive निस्सारक, दोहक; निष्कर्षी; सार के गुण का, सारवत् (extractive matter किसी औषधि का घुलनशील अंश, विलयशील अंश); *n.* extractor निष्कर्षक (यंत्र), निस्सारक, निचोड़ने वाला, निस्सारित्र; — extract the root of a quantity किसी संख्या का मूल निकालना या मालूम करना

extradition *n.* (अपराधी का) प्रत्यर्पण, देश को लौटाना, वापसी; *adj.* extraditable प्रत्यर्पण योग्य, सुपुर्द करने योग्य (अपराधी), प्रत्यर्पणात्मक (अपराधी); *v.t.* extradite (अपराधी को) प्रत्यर्पित करना; (भागे हुए अपराधी को) उसकी सरकार के हवाले करना

extrados *n.* चापोत्तल; बहिश्चाप

extrait (Fr.) सार; उद्धरण

extraneous *adj.* बाहरी, बाह्य, बहिरंग; असंबद्ध, असंगत; विदेशी, विजातीय; *n.* extraneity बाह्यता, बहिरंगता; असंगति, असंबद्धता, विजातीयता

extraordinary *adj.* असाधारण, असामान्य; अपूर्व, अद्भुत, विलक्षण, आश्चर्यजनक, अनोखा; अतिरिक्त; विशेष रूप से नियुक्त (सहाधिकारी); *n.* extraordinariness असाधारणता, विशिष्टता; विलक्षणता; — extraordinary ray असाधारण किरण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

extrapolate *v.t.* & *i.* बहिर्वेशित करना; वाग्विस्तार करना; *n.* extrapolation बहिर्वेशन; वाग्विस्तार

extravagant *adj.* फ़िज़ूलखर्च, अपव्ययी, खर्चीला, उड़ाऊ; असंयत, असंयमी; अनियमित; *ns.* extravagance, extravagancy अपव्यय, फ़िज़ूलखर्ची; असंयम; *v.i.* extravagate भटकना; पथभ्रष्ट होना; सीमा लाँघ जाना, मर्यादा का उल्लंघन करना

extravaganza *n.* अतिशयी रचना, अतिशयी नाटक, एक्स्ट्रावैगैंज़ा; (mus.) अतिक्रामी संगीत; अव्यवस्थित रचना; बेतुकी बात, बेतुका काम या व्यवहार

extravasate *v.t.* उत्स्राव करना, परिस्राव करना, वाहिका-बाह्य करना; (geol.) उत्सरण करना; *n.* extravasation उत्सरण, परिस्रवण, वाहिका से निकालना (रुधिर का)

extravert, extrovert *v.t.* बहिर्मुख करना; बहिस्सरण करना, बहिर्वर्तन करना; प्रकट करना; *n.* बहिर्मुख, बहिर्मुखी; भौतिकतावादी; *n.* extraversion, extroversion बहिर्मुखता; बहिस्सरण, बहिर्वर्तन

extreme *adj.* दूरतम, अंत्य, छोर का, सिरे का; अंतिम, आखिरी; अत्यधिक, परम, चरम; नितांत; उग्र, तीव्र, आत्यंतिक, उत्कट; *n.* सिरे या छोर पर की वस्तु; केंद्र से दूरतम बिंदु, चरम सीमा, पराकोटि; सिरा, छोर, अति; *ns.* extremism अतिवाद; उग्रवाद; चरम पंथ; extremist अतिवादी, अतिभागी; उग्रपंथी, उग्रवादी, गरमदलीय, चरम पंथी; extremity सिरा, छोर, अंत, चरम सीमा, पराकाष्ठा; अग्रांग (हाथ, पैर आदि); परम-संकट; मरण; — extreme unction (see unction); go to extremes चरम सीमा तक जाना, चरम रूप ग्रहण करना; अतिरूप धारण करना; in the extreme नितांत, अत्यंत; पूर्ण रूप से; the last extremity दैव दुर्विपाक, दुर्भाग्य की पराकाष्ठा; मृत्यु, मरण

extricate *v.t.* छुड़ाना, मुक्त करना; (उलझन में से) निकालना, उद्धार करना; सुलझाना; *adj.* extricable विमोचनीय; उद्धरणीय, सुलझाने योग्य; *n.* extrication विमोचन; उद्धार, छुटकारा, त्राण

extrinsic *adj.* बाह्य, बाहरी, परतः; अनावश्यक; गौण, अप्रधान; अपद्रव्यी; बहिर्जात (opp. to intrinsic); *adj.* extrinsical बाह्यवर्ती, बाहरी; बहिस्थ; *n.* extrinsicality बाह्यता

extrorse *adj.* बहिर्मुखी, बहिर्नत

extrovert, extroversion. Same as extravert, etc.

extrude *v.t.* & *i.* (जबरदस्ती) निकालना; बहिर्वेधन करना; बहिष्कार करना; बाहर निकला हुआ होना, ढकेलना; extrusion बहिर्वेधन करना, निष्कासन, बहिष्करण; *adjs.* extrusive, extrusible बहिर्वेधी; निष्कासन योग्य, बहिष्करणीय

exuberant *adj.* भरपूर, प्रचुर, समृद्ध; भरा, उर्वर, उपजाऊ; उल्लासपूर्ण, प्रफुल्ल; शब्दाडंबरपूर्ण (भाषा); *ns.* exuberance, exuberancy प्रचुरता, आधिक्य; उर्वरता, समृद्धि; शब्दाडंबर; *v.i.* exuberate भरपूर होना, हराभरा होना, समृद्ध होना

exude *v.t.* & *i.* निःस्रवण करना, टपकाना, चुआना; निःस्रवण होना, रिसना, पसीने के रूप में रिसकर बहना, पसीजना; *ns.* exudation रिसाव, निःस्राव; प्रस्वेद, पसीना; exudate रिसन, निःस्रवण; प्रस्वेदन; प्रस्वेद, निःस्राव, रिसाव

exulcerate *v.t.* भड़काना, तीव्र करना, उत्तेजित करना; व्रण या फोड़े की तरह पीड़ा देना, कष्ट पहुँचाना; *n.* exulceration उत्तेजना; व्रणन; व्रण के समान पीड़ादायक, कष्टदायक

exult *v.i.* उल्लसित होना, अत्यधिक आनंदित होना, फूला न समाना; विजयोत्सव मनाना; *ns.* exultance, exultancy उल्लास; आनंद; विजयोल्लास; *adj.* exultant उल्लसित, अत्यानंदित; विजयोल्लास युक्त; *n.* exultation उल्लास; विजयोल्लास; हर्षोन्माद

ex utraque parte (L.) किसी भी ओर से

exuviae *n. pl.* निर्मोक; केंचुली, मोचित; (geol.) (प्राणियों के) जीवाश्मी अवशेष; *adj.* exuvial निर्मोकी, केंचुली का, मोचितांशीय; *v.i.* exuviate केंचुली छोड़ना, केंचुली से निकलना; (खाल उतारना); exuviation निर्मोचन, केंचुलीमोचन

ex voto (L.) मन्नत-उपहार; मनौती के अनुसार, सशपथ मनौती करते हुए

eyas *n.* बाज़ का बच्चा; बेपर का बाज़, बिना सधाया बाज़; *adj.* (Spens.) अविकसित, अजातपक्ष, बेपर; *n.* eyas-musket बेपर या बिना सधाया नर बाज़; (Shak.) शिशु

eye *n.* (obs.) फ़ीज़ैंट के बच्चे, चकोर के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

eye *n.* आँख, चक्षु, नेत्र, अक्षि; पुतली, आँख का तारा; दृष्टि, नज़र; ध्यान; लक्ष्य, निशाना; आँख जैसी वस्तु; तीक्ष्ण दृष्टि; नाका, सुई का छिद्र; गोल छिद्र या सूराख; खान का प्रवेश-द्वार; झरना, चश्मा; तुकमा, तार का छल्ला, फंदा; खिड़की या गोल छिद्र; आँख, अंकुर (आलू का); ऐनक का शीशा (लेंस); केंद्र (तूफ़ान का); *pl.* पोताक्ष, लंगर छेद, गाला; *v.t.* देखना, दृष्टि डालना, सतर्क दृष्टि रखना; पर्यवेक्षण करना; *v.i.* (Shak.) दिखाई देना; *ns.* eye-ball नेत्र गोलक, कोया; eye-bath नेत्र चषक, आँख धोने की प्याली; eye-beam दृष्टिपात; eyebrow भौंह, भौं, भ्रू, भृकुटि; (ship) कार (पन रोक); *v.t.* कृत्रिम भौंह लगाना; *adjs.* eyebrowless भौंह रहित, भृकुटि रहित; eyed चक्षु युक्त, आँखों वाला; आँखों के-से निशान वाला, चक्षु सदृश चिह्न युक्त; *ns.* eye-drop (Shak.) आंसू, अश्रु; eye-flap अक्षि आवरक, अक्षि वेष्टक; eye-ful आँखों में समाने योग्य; (slang) आकर्षक दृश्य, मनोहर दृश्य; eye-glance आशु दृष्टि, सरसरी नज़र; eyeglass ऐनक, चश्मा, उपनेत्र; eyelash बरौनी, पक्ष्म; *adj.* eyeless नेत्रहीन, दृष्टिहीन, अंधा; *ns.* eyelid पलक, नेत्रच्छद, पपोटा; eye-opener आँखें खोलने वाली बात, अप्रत्याशित घटना; eye-piece नेत्रक, नेत्रिका; आइपीस, उपनेत्र; eye-pit नेत्र कोटर, नेत्र गर्त; eye-salve आँखों की मरहम; eye-servant स्वामी की उपस्थिति में ठीक से काम करने वाला नौकर; eye-service स्वामी की उपस्थिति में कृत समुचित सेवा; eye-shot दृष्टिसीमा, दृष्टि-प्रसार; eyesight दृष्टि, दृष्टिशक्ति, नज़र; दृश्य; प्रेक्षण; eyesore आँख का काँटा, घृणित वस्तु; eye-splice रस्सी की लड़ियों का फंदा या जोड़; eye-spot दृष्टि बिंदु, दृक् बिंदु; *adj.* eye-spotted (Spens.) आँखों के से बिंदुओं वाला; *ns.* eye-string पलकों की नसें; eye-tooth अक्षि दंत, कुत्ता दाँत, ऊपर के जबड़े में आँखों के नीचे के दाँत; eye-wash अंजन, काजल; आँखों की दवा, नेत्र-धावन; बहलावे की बातें, ढकोसला; eye-water आंसू, अश्रु; आँखों की दवा; eye-wink (Shak.) पलकों को जल्दी-जल्दी झपकाना; दृष्टि, नज़र; क्षण, पल, पलक झपकने का समय; eye-witness चश्मदीद गवाह, आँखों देखी बात, दर्शन साक्षी, प्रत्यक्ष-दर्शी गवाह, प्रत्यक्ष साक्षी; — all my eye (slang) बकवाद; धोखा; ढकोसला, बेवकूफ़ी; be all eyes ध्यानपूर्वक देखना, सावधान होना, सतर्कता से देखना; be a sheet in the wind's eye नज़रों में मस्त होना, मदोन्मत्त होना; clap, lay, set, eyes on (coll.) ध्यान से देखना, घूरना, नज़र जमाना; cry one's eyes out अत्यधिक रोना, रो-रोकर आँखें सुजा लेना; cut one's eye-teeth बचपना समाप्त होना, विवेक बुद्धि का पैदा होना, अकल आ जाना; electric eye (see electric); eye for eye प्रतिशोध, बदला; eye of day सूर्य; give an eye to ध्यान देना; glad, green eye (see glad, green); have an eye to (किसी वस्तु को) लक्ष्य में रखना, किसी वस्तु पर दाँत होना, नज़र में रखना; in eye नज़र में, दृष्टि में; in one's mind's eye ज्ञान-चक्षु द्वारा; कल्पना में; in the eyes of के विचार में, की राय में; in the wind's eye वायु की विपरीत दिशा में; keep one's (or an) eye on सतर्क रहना, सावधानी बरतना, दृष्टि या नज़र रखना; keep one's eye skinned सतर्क रहना, सावधान रहना; make a person open his eyes आश्चर्य से मंत्र विस्फारित कर देना, आँखे खोल देना, समझाना; make eyes at आँखें लड़ाना; प्रेमभरी नज़र से देखना; mind your eye (slang) सावधान रहना, होशियार रहना; naked eye (see naked); open a person's eyes किसी की आँखें खोल देना; किसी को स्पष्ट अनुभव कराना या अवगत कराना; pipe, or put a finger in, the eye रोना, रुदन करना; put a person's eye out अंधा करना; (चालाकी से किसी) का स्थान लेना; see eye to eye पूर्णतः सहमत होना, एकमत होना; see with half an eye सरसरी तौर पर देखना, एक नज़र देख लेना; throw sheep's eyes at संकोच-पूर्वक आँखे लड़ाना; turn a blind eye on की ओर से आँख बंद कर लेना, चश्मपोशी करना, अनदेखी करना; under the eye of की देखरेख में, के पर्य-वेक्षण में; up to the eyes अत्यधिक व्यस्त; सिर तक डूबा हुआ

eyelet *n.* अँखुआ; छेद, सूराख, (कपड़े आदि में फीता बाँधने का) छोटा छेद; (also eyelet-hole); अक्षिका, छोटी आँख; *v.t.* अँखुआ बनाना

eyeliad, eyliad *n.* old variants of oeillade

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Eyeti, Eyetie, Eytie (slang) इटली वासी, इतालवी

eyne *n. pl.* (arch.) आँखें

eyot. Same as ait.

eyra *n.* आइरा (दक्षिण अमरीकी विडाल)

eyre *n.* गश्त; चल न्यायालय, गश्ती अदालत

eyry, eyrie. See aerie.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

F

F, f *n.* अंग्रेज़ी वर्णमाला का छठा अक्षर; (mus.) चौथा सुर (म); फ़ारेनहाइट का संक्षिप्त रूप; *ns.* F-clef f-परदा; f-hole वायलिन आदि यंत्रों में बना हुआ f-छिद्र; — the three F's मुक्त विक्रय, धारण-अधिकार की स्थिरता; उचित किराया

fa *n.* संगीत की sol-fa स्वरलिपि में चौथा स्वर; also fah

fab (slang) *adj.* उत्कृष्ट, उत्तम, आश्चर्यजनक

fabaceous *adj.* सेमाभ, फली जैसा

Faberge *n.* नाज़ुक सोने और तामचीनी के पात्र (19वीं तथा आरंभिक 20वीं सदी में निर्मित)

Fabian *adj.* विलंबवादी, युद्ध को टालने का विश्वासी; समाजवाद के क्रमिक विस्तार का विश्वासी; *n.* (1884 में स्थापित) फ़ेबियन समाज का सदस्य या समर्थक; *n.* Fabianism फ़ेबियनवाद, फ़ेबियन समाजवाद

fable *n.* आख्यायिका, नीतिकथा, पौराणिक या नाटकीय आख्यान; दंतकथा; सामान्य चर्चा का विषय; *v.i.* & *t.* आख्यायिका या नीतिकथा सुनाना; कल्पना करना; आविष्कार करना; *adj.* fabled आख्यायिकाओं में वर्जित; कहानियों में प्रसिद्ध; कल्पित; *n.* & *adj.* fabling आख्यायिका-कथन; आख्यायिका कथन संबंधी; *n.* fabler आख्यायिका सुनाने वाला; *adj.* fabular आख्यायिका संबंधी; *v.i.* fabulise आख्यायिका सुनाना; *ns.* fabulist आख्यायिकाकार; गपोड़िया; fabulosity काल्पनिकता; *adj.* fabulous कल्पित, मिथ्या; आख्यायिका से संबंधित; आख्यायिकाओं में प्रसिद्ध; अत्यधिक; आश्चर्यजनक; *n.* fabulousness काल्पनिकता; मिथ्यात्व; आश्चर्यजनकता

fabliau *n.* (प्राचीन फ़्रांसीसी) पद्यबद्ध कथा; लघु चंपू, गाथा

fabric *n.* रचना, बनावट, संविन्यास, संरचना; रूपाकार, ढांचा; भवन; तांतव; कपड़ा, वस्त्र; *n.* fabricant रचनाकार, निर्माता; *v.t.* fabricate रचना करना, गढ़ना; संविरचन करना; झूठी बातें गढ़ना; *n.* fabrication संविरचन, निर्माण; गढ़ना; मनगढ़ंत बात, कपोल कल्पना; *adj.* fabricative रचना संबंधी; मनगढ़ंत, कपोल कल्पित; *n.* fabricator रचनाकार, विरचक; विरचक उपकरण; मन से गढ़ने वाला; जालसाज़

facade *n.* मुख, रुख; मुहार, भवन मुख, गृह मुख, सामना, अग्रभाग; मुखौटा; (fig.) दिखावा

face *n.* मुख, मुखड़ा, चेहरा, मुंह, आनन; मुखपट्ट, फलक, पटल-पार्श्व; धार; मुहार, आगा, सामना; (print.) टाइप मुख; मुख का भाव, मुखाकृति; आकार, रूप; उद्धतता, ढिठाई, गुस्ताखी; मुख-विकृति; उपस्थिति; सामने; (mining) अंताग्र; *v.t.* & *i.* सामना करना; सामने आना, सामने होना, सम्मुख होना; बराबरी करना; विरोध करना, (तह, रंग) चढ़ाना; सामने से ढक देना; काटना, काट-छांट करना; चेहरा घुमाना; (किसी दिशा को) जाना; (obs.) उद्धत होना; दिखावा करना; *ns.* face-ache मुख-पीड़ा; face-card ताश का सचित्र (बादशाह, बेगम, गुलाम वाला) पत्ता, सीधा पत्ता; face-cloth मुख प्रक्षालन वस्त्र; *adj.* faced चेहरे वाला; बाह्य सतह पर सजाया हुआ; तह चढ़ाया हुआ; *ns.* face-guard मुखौटा; face-lifting मुख-उपचार; बाह्य रूप संस्कार; facer दिखावा करने वाला; उद्धत (व्यक्ति); (slang) तमाचा; गुस्ताखी, बदतमीज़ी; face value प्रत्यक्ष मूल्य; facing मत्था, अगाड़ी, मोहरा; लेपन; लेप, पलस्तर; अभिदिशा (of strata); प्रफलक; मुखन; — face down कड़ी दृष्टि से शर्मिंदा कर देना; face out साहस से काम सिद्ध कर लेना; face the music (U.S.) किए का फल भुगतना; कठिन स्थिति का सामना करना; face to face आमने-सामने; fly in the face of स्पष्ट प्रतिरोधी होना; have two faces दोहरा व्यक्तित्व होना; in the face of के बावजूद; के सामने; lose face प्रतिष्ठा खो देना; on the face of it स्पष्टतः, प्रत्यक्षतः; पहली दृष्टि में; pull a long face मुंह लटकाना, उदास हो जाना; put a good face on के संबंध में साहसपूर्ण भाव रखना; संतुष्ट होना; right face ! left face ! right about face! दक्षिणावर्त; वामावर्त; परिवर्त (परेड में आदेशक शब्द); save one's face (अपनी) लाज या इज़्ज़त रखना; set one's face against तीव्र विरोध करना; show (one's) face दिखाई देना, सामने आना; to one's face सामने, मुंह पर, स्पष्टता से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

facet *n.* पक्ष, पहलू; फलक, फलकिका; पृष्ठक, मुख, मुखिका; *v.t.* फलक बनाना; *adj.* faceted फलक युक्त, फलकित; मुखाश्रित

facetious *adj.* हँसोड़, विनोदी, विनोदप्रिय; विनोदशील, परिहासशील, मज़ाकिया, अशिष्ट, परिहासयुक्त, अश्लील; *n. pl.* facetiae चुटकुले, लतीफ़े, फब्तियाँ; अश्लील साहित्य, अशिष्ट परिहास ग्रंथ; *n.* facetiousness हँसोड़पन, विनोदशीलता, मज़ाकियापन; अश्लीलता

facial *adj.* मुख संबंधी; facial angle फलक कोण

facies *n.* सामान्य पक्ष; (geol.) संलक्षणी; (zool.) विषमवासक; (bot.) उपसहसंधक

facile *adj.* (obs.) मिलनसार; सुसाध्य, सहजसाध्य; सीधा, बुद्धू; सुकर, सुगम, सरल, आसान, सहज; वाक्पटु, धारा-प्रवाह (वक्ता) (निंदात्मक); *ns.* facileness सुसाध्यता; सीधापन, सरलता, आसानी, सुकरता, सुगमता; वाक्पटुता; वाचालता; facilitation सुसाध्यीकरण; सुगमीकरण; सरलीकरण; facility आसानी, सुकरता, सुगमता, सुसाध्यता; दक्षता, निपुणता; सीधापन, नम्यता; (esp. in *pl.*) facilities सुविधा, सुभीता, सहूलियत

facile princeps (L.) सहज रूप में प्रथम, अनायास प्रमुख

facinorous *adj.* अत्यधिक भ्रष्ट, दुराचारी, अन्यायी; *n.* facinorousness भ्रष्टता, दुराचार; अन्याय

facon de parler (Fr.) बोलने का ढंग, मात्र शब्द रूप

faconne *n.* कपड़े के रंग में कढ़ाई किया नमूना, ऐसे नमूने वाला कपड़ा

facsimile *n.* (हस्तलेख या सिक्के की) प्रतिकृति, अनुकृति, प्रतिलिपि, हूबहू नक़ल; *adj.* प्रतिकृति जैसा, हूबहू, वैसा ही; *v.t.* प्रतिकृति बनाना, प्रतिलिपि करना, हूबहू नक़ल करना; *n.* facsimilist प्रतिकृतिकार; — facsimile telegraph प्रतिकृति तार

fact *n.* (arch.) तथ्य, सच्चाई, कृति, कार्य; सत्य; वास्तविकता, असलियत, यथार्थता; तथ्यकथन; *adj.* factual तथ्यपरक, तथ्यात्मक; वास्तविक, यथार्थ; *ns.* factuality, factualness तथ्यपरकता, तथ्यात्मकता; वास्तविकता, यथार्थता; factum कार्य, कृत्य; तथ्य; — as a matter of fact वास्तव में, वस्तुतः; **in fact, in point of fact** वस्तुतः, सचमुच, **असल में; अवश्य** ही, निश्चय ही; the fact of the matter मामले की वास्त[विक] स्थिति

faction *n.* पक्ष, गुट, दल; गुटबंदी, [दल]मतभेद; *adj.* factional गुट या दल [में] मतभेद उत्पन्न करने वाला; *ns.* faction[alism] गुटबंदी, दलबंदी; गुटवाद; factionary [गुट] का सदस्य; *adj.* factious कलह[प्रिय], लड़ाका; गुटबंदी करने वाला; गुट भाव[ना से] प्रेरित; अनबन या फूट करवाने वाला, [फूट] डालने वाला; *n.* factiousness कलहप्रियता, लड़ाकूपन; गुटबंदी; अनबन, फूट, भेद

factitious *adj.* कृत्रिम, बनावटी; [नकली], यादृच्छिक; *n.* factitiousness कृत्रि[मता], बनावटीपन, नक़ल; *adj.* factitive [प्रेरणार्थक] (क्रिया); प्रेरणार्थक

factor *n.* अभिकर्ता; कारिंदा, गुमा[श्ता], आढ़तिया; (Scot.) संपत्ति-अभिकर्ता; (math.) खंड, गुणनखंड, गुणक, अपवर्तक; उत्[पादन] तत्व; कारक; घटक; जीन; *n.* factorage दलाली; कारिंदा या अभिकर्ता का [शुल्क], आढ़तिए की दस्तूरी, आढ़तिए का बट्टा; *adj.* factorial क्रमगुणित, गुणनखंड संबंधी; *n.* गुणनफल; *v.t.* factorise गुणनखंड [करना], कुर्क करना; *ns.* factorship गुमाश्तागी[री], दलाली; factory कारखाना, फ़ैक्टरी; [विदेश में] देश से व्यापार समझौता; कोठी; — judicial factor न्यायिक अभिकर्ता (व्यक्ति की संपत्ति के लिए न्यायालय से नियुक्त अभिकर्ता)

factotum *n.* गुमाश्ता, कारिंदा

facture *n.* कारीगरी, हस्तकौशल, कार्यकुशलता

facula *n.* प्रद्युतिक (सूर्य का अधिक चमकीला भाग); अतिभा

faculty *n.* संकाय, प्रभाग; प्रभाग के अध्यापक; कार्यक्षमता, योग्यता; मनःशक्ति, कार्य[शक्ति]; किसी व्यवसाय के सदस्य; कार्यकारिणी [शक्ति]; *adj.* facultative विकल्पी, वैकल्पिक, आकस्मिक; संकाय संबंधी; — Court of Faculties हेनरी अष्टम द्वारा स्थापित [विशेष] न्यायालय (जिसमें कैंटरबरी के आर्चबिशप [को] व्यय-मुक्ति और विशेष सुविधाएं देने [का] अधिकार रहता था)

facundity *n.* वाग्मिता, वाक्पटुता

fad *n.* मनोलहरी, रौ; सनक, झक, धुन; faddiness रौ, सनकीपन, झक्कीपन; *adj.* faddish सनकी, झक्की, धुनी; *ns.* faddism, faddishness सनकीपन, झक्कीपन;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सनक, झक, धुन; कट्टरपन; faddist सनकी, झक्की, धुनी; कट्टर व्यक्ति; *adj.* faddy कट्टर

faddle *v.i.* खिलवाड़ करना; बकवास करना; *n.* निरर्थक बात, बकवास

fade *v.i. & t.* फीका करना या पड़ना, मंद करना या होना, धीमा करना या होना, रंग उड़ना, विवर्ण होना, रंग उतर जाना, हल्का पड़ना; पीला पड़ना; मद्धिम होते-होते लुप्त हो जाना, विलीन हो जाना; लुप्त होना, ग़ायब होना; *n.* म्लानन, फीकापन; धीमापन, मंदता; *adj.* (arch.) फीका, क्षीण, मंद; विवर्ण, धुँधला; *adj.* fadeless म्लानताहीन, फीका न पड़ने वाला, लुप्त न होने वाला; *n. & adj.* fading मंदन, क्षीणन, म्लानन, विवर्णता; मंद होता हुआ, फीका पड़ता हुआ; *adj.* fady फीका, धुंधला, मद्धिम; — fade-away क्रमिक लोप होना; मुरझा जाना, लोपन, अवमंदन; fade-out क्रमिक मंदता; अवतीव्रण; fade-in प्रकटन, आवर्धन; उत्तीव्रण, क्रमिक स्पष्टता

fade (Fr.) फीका, रंगहीन; fadaise मूर्खतापूर्ण उक्ति, बेहूदा बात, बकवाद; fadeur फीकापन, मंदता

fadge *v.i.* सहमत होना; ठीक पड़ना, सफल होना, कामयाब होना, कर डालना

fading *n.* एक (संभवतः आयरिश) प्राचीन नृत्य

fado *n.* फ़ैडो (पुर्तगाली लोकगीत या लोक नृत्य)

faeces *n.pl.* तलछट, उच्छिष्ट; कूड़ा-करकट; मल, विष्ठा; *adj.* faecal तलछट संबंधी; मल संबंधी

faex populi (L.) भीड़, बचे-खुचे लोग

fag *v.i. & t.* थक जाना; थकाना, श्रांत करना या होना; परिश्रम करना; पिदना; पिदाना; *n.* पिद्दी, थकाने वाला, उबाऊ काम; नीरस काम; *ns.* fag-end वस्त्र का सिरा; सिरा; रस्सी का उधड़ा किनारा; तितिम्मा, कूड़ा-करकट; सिगार या सिगरेट का टुकड़ा; faggery नीरस या थकाने वाला काम; चाकरी, टहल; फ़ीलिंडग, पिद्दी, क्षेत्र रक्षण; *n. & adj.* fagging चाकरी, टहल; फ़ीलिंडग, क्षेत्र रक्षण; थकाने वाला, उबाने वाला; — to fag out फ़ीलिंडग करना; पदना, क्षेत्र रक्षण करना

faggot, fagot *n.* ईंधन, लकड़ियों का गट्ठर; छड़ी; गट्ठे-जैसा; (ढालने के लिए काटी गई) लोहे की छड़ों का कट्ठा; अनुपयुक्त मतदाता; सूअर के मांस का व्यंजन; *adj.* बनावटी, विशेष प्रयोजन से बनाया गया; *v.t.* गट्ठा बाँधना; *ns.* faggoting, fagoting फ़ैगोटिंग कढ़ाई; — to burn one'sfag got ग़लत बात को अस्वीकार करना

fagotto *n.* तुरही, शृंगी; *n.* fagottist तुरही बनाने वाला, तुरही वादक

Fagus *n.* फ़ैगस (भोजपत्र आदि पादप वंश); Fagaceae फ़ैगसी, फ़ैगस कुल; *adj.* fagaceous फ़ैगस कुली

fahlband *n.* फ़ालबांड, खनिज बहुला पट्टी; fahlerz फ़ालेर्टस (खनिज); fahlore फ़ाल अयस्क, फ़ाल ओर

Fahrenheit *adj.* फ़ारेनहाइट थर्मामीटर या तापक्रम संबंधी (इसमें 32 अंश पर हिमांक और 212 अंश पर क्वथनांक होता है)

faible *n.* कमज़ोरी, दुर्बलता, (ब्लेड का) कमज़ोर हिस्सा

faience *n.* फ़ेएन्स, मिट्टी के पालिशदार बरतन

fail *n.* दूब चौरा, घास युक्त भूमि; घास-फूस; *n.* fail-dike (Scot.) फूस की दीवार

fail *v.i. & t.* कम होना, कमी पड़ जाना, अपर्याप्त होना; त्याग देना, छोड़ जाना; मृत होना; असफल होना; अनुत्तीर्ण होना, विफल होना; भूल जाना, चूक जाना; निराश करना या होना, आशा पर पानी फिर जाना; दिवालिया होना, टाट उलटना; *adj.* failed असफल; अनुत्तीर्ण, अपर्याप्त; दिवालिया; *n.* failing त्रुटि; कमज़ोरी, न्यूनता, कमी; असफलता; *adj.* असफल; *prep.* के अभाव में, के न होने पर; *n.* failure विफलता, पात; भंग; त्रुटि; कमज़ोरी; दिवालियापन; — fail of असफल होना, कर न पाना; without fail निश्चय ही

faille *n.* तिरछी बुनती वाला नरम सघन रेयॉन या रेशमी कपड़ा

fain *adj.* प्रसन्न, खुश; *n.* fainness उत्सुकता

faineant *adj. & n.* निष्क्रिय, अक्रिय (विशेषतः फ्रांस के उत्तरवर्ती कठपुतली मेरो विंजियन); *ns.* faineance, faineancy निष्क्रियता, अक्रियता

faint *adj.* अशक्त, कमज़ोर; हल्का, धुंधला, मद्धिम; अस्पष्ट; फीका, पीला; निरुत्साह; भीरु, कातर, डरपोक; शिथिल, सुस्त; मूर्च्छोन्मुख; अप्रिय; *v.i.* अशक्त होना, कमज़ोर होना; धीमा पड़ना, विवर्ण होना; मूर्च्छित हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाना; अस्पष्ट होना; विलुप्त होना; साहस खो देना; *n.* मूर्च्छा; बेहोशी; *adjs.* faint-heart (also *n.*) अशक्त हृदय; faint-hearted कमज़ोर दिल वाला; निरुत्साही, शक्तिहीन, कातर, शिथिल; *n.* faint-heartedness अशक्त हृदयता, निरुत्साह, शक्तिहीनता, कातरता, शिथिलता; *n. & adj.* fainting मूर्छा, बेहोशी; बेहोश होने वाला; *adj.* faintish धुंधला-सा, मद्धिम-सा; *ns.* faintishness धुंधलापन, मंदता; faintness अशक्तता; धीमापन, मंदता; निराशा, कातरता; *n. pl.* faints आसवन के प्रारंभ और अंत में ऊपर आ जाने वाली गंदी शराब (also feints); *adj.* fainty अस्पष्ट-सा, धुंधला-सा

fair *adj.* उज्ज्वल, चमकदार; सुंदर, सुरूप; गोरा, गौरवर्ण; साफ़, अच्छा, अनुकूल, शुष्क (मौसम); स्पष्ट; ऋजु, सरल; समृद्ध; निष्पक्ष; न्याय्य, न्यायसंगत, तर्कसंगत, संगत; समयोचित, समयानुकूल; संभाव्य; विश्वसनीय; संतोषजनक; मामूली, साधारण; (dial.) खरा, सच्चा; *n.* सुंदर वस्तु या व्यक्ति; (arch.) स्त्री; (Shak.) सौंदर्य, सुंदरता; *v.t.* सुंदर बनाना; साफ़ प्रतिलिपि करना; *v.i.* (मौसम) साफ़ हो जाना, अनुकूल होना; *adv.* सुंदरता से, उचित रूप से, न्यायसंगत ढंग से; उपयुक्त रूप में; ऋजुता से; (dial.) प्रत्यक्षतः; नम्रतापूर्वक; अनुकूलता से; (dial.) बिल्कुल, निश्चय ही; *adjs.* fair-and-square ईमानदार, सच्चा; fair-boding (Shak.) शुभ शकुन का; also *adv.*; *ns.* fair copy स्वच्छ प्रतिलिपि, सुवाच्य प्रति; fair-dealing निष्कपट व्यवहार; *adj.* fair-faced गोरा, सुंदर, खूबसूरत; *n.* fair field न्यायपूर्ण परिस्थितियाँ; *adjs.* fair-haired, fair-headed सुनहरे बालों वाला, भूरे बालों वाला; *n.* fairing आकर्षणग्रासी, फ़ेयरिंग, (नौपोत निर्माण) वक्र या उभार का समायोजन और परीक्षण; *adj.* fairish सुंदर-सा; काफ़ी अच्छा; काफ़ी पिए हुए, नशे में धुत्त; *adj.* fair-minded न्यायप्रिय, निष्पक्ष; *ns.* fairness सौंदर्य; स्वच्छता; गोरापन; औचित्य, न्याय, निष्पक्षता; fair play ईमानदारी; निष्पक्ष व्यवहार; *adjs.* fair-seeming सौंदर्याभासी; fair-spoken स्पष्टवादी; विनम्र; शिष्ट; *ns.* fair trade तस्कर व्यापार; मुक्त व्यापार नीति; fairway नौवाह्य जलपथ, नाव्य जलपथ; (गोल्फ़ का) सपाट घास का मैदान; fair-weather साफ़ मौसम, सुमौसम; — fair (be)fall (arch.) के लिए सौभाग्य; keep fair with हेलमेल रखना, मित्रतापूर्ण व्यवहार रखना; … fair with कृपापात्र होना, प्रिय होना; … fair, the fair sex स्त्री जाति, म…

fair *n.* मेला, पैंठ; नुमायश, प्रदर्शनी; … बाज़ार; *ns.* fair-day मेले का दिन; … दिन; fair-ground मेले की जगह, … भूमि; fairing मेले में या मेले से लेकर … भेंट; मानार्थ उपहार; — a day after the fair, behind the fair बहुत वि… समय चूक कर; get one's fairing … उचित दंड या पुरस्कार पाना

fairy *n.* परी; परी-जाति; परीदेश; मोहिनी, जादूगरनी; अत्यंत रमणीय …; *adj.* परी जैसा; नाज़ुक, सुकोमल; …; *n. pl.* fairy-beads फ़ॉसिल क्रिनॉइड की गाँठें; *ns.* fairy-butter …; fairy-cycle बच्चों की साइकिल; fairydom परिस्तान, परीदेश; परीलोक; … godmother कृपालु सिंडेरेला परी; …कारी मित्र; fairyhood, fairyism … रूप; fairyland परीदेश, परिस्तान; … लोक; *adj. & adv.* fairylike … जैसा; अत्यधिक मनोरम और आकर्षक; … जैसे रूप में; अत्यधिक मनोरमतापूर्वक; fairy-money परी-धन, जादू का …; अप्रत्याशित रूप से मिला हुआ धन; fairy-ring हरितवलय, छत्रक वृत्त; … नृत्यस्थली; fairy-stone फ़ेयरी स्टोन (… जंतु), छत्रक प्रस्तर; संग्रथन; fairy tale … कथा, परियों की कहानी; अविश्वसनीय … झूठ, मिथ्या; आश्चर्यजनक बात

fait accompli (Fr.) निष्पन्न कार्य, … निर्विवाद तथ्य

faites vos jeux (Fr.) (जुए में) … लगाओ, दाँव लगाओ

faith *n.* भरोसा, विश्वास; निष्ठा; धार्मिक … आस्था; धर्म-प्रत्यय, धर्मनिष्ठा; धार्मिक … धर्म; वफ़ादारी, विश्वसनीयता; *interj.* … से !, धर्म से !; निश्चय ही; *adj.* faithful वफ़ादार, विश्वासपात्र, विश्वसनीय; … एकनिष्ठ; सच्चा, खरा; यथार्थ, ठीक …; *ns.* faithfulness वफ़ादारी; … ईमानदारी; faith-healer निष्ठा-उपचारक …, आस्था-चिकित्सक; faith-healing, or … निष्ठा-उपचार, आस्था चिकित्सा; *adj.* faithless निष्ठाहीन, आस्थाहीन, धर्मविश्वास-रहित; विधर्मी; नास्तिक; बेईमान; विश्वास-घाती; *ns.* faithlessness …

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेईमानी; विश्वासघात; अविश्वसनीयता; faithworthiness विश्वासपात्रता; विश्वसनीयता; *adj.* faithworthy विश्वास-योग्य, विश्वसनीय; — bad faith धोखा, फ़रेब, कपट; Father of the faithful अब्राहम; खलीफ़ा; in good faith नेकनीयती से, सच्चाई से, सच्चे दिल से; the Faithful आस्तिक (विशेषकर इस्लाम पर विश्वास रखने वाले)

faitor *n.* ठग, प्रवंचक, धोखेबाज़; often faitour

faix *interj.* (dial.) धर्म से!, धर्म की शपथ!, ईमान से!

fake *v.t.* गेंडुरी बनाना, लपेटना; *n.* गेंडुरी, कुंडली, लड़ी

fake *v.t.* लूटना, आक्रमण करना; उड़ा लेना, चोरी करना; जाल करना, छल-कपट करना; *n.* लूट, चोरी; जाल; छल-कपट; जाली सामान; नकली, जाली; मनगढ़ंत; *n.* fakement जाल, कपट-छल, धोखा; *n.* faker जालसाज़, कपटी, धोखेबाज़; जाली सामान बनाने वाला

fakes, faikes *n.pl.* फ़ेकस, रेतीली शैल, पतली परत वाला शेल युक्त रेतीला पत्थर

fakir *n.* फ़क़ीर, मुस्लिम संत; fakirism फ़क़ीरी

fa-la *n.* पुराना प्रेमगीत, फ़ा-ला गान; fa la-la टेक के रूप में प्रयुक्त अक्षर

Falange *n.* फ़ैलेंज (स्पेन का फ़ासिस्ट गुट); *ns.* Falangism फ़ैलेंजवाद (स्पेन में प्रचलित फ़ासिज़्म का रूप); Falangist फैलेंजिस्ट (फ़ासिस्ट गुट में विश्वास रखने वाला)

falbala *n.* झालर; सजावट; कतरन; गोट

falcade *n.* घोड़े की सरपट चाल

falcate, -d *adj.* दात्राकार, हँसिए के आकार का, वक्र, मुड़ा हुआ; *ns.* falcation वक्रता, दात्राकारता; falcula वक्र पंजा, दात्राकार पंजा; *adjs.* falciform, falculate लवित्राकार, हँसियाकार, दात्राकार, वक्र, मुड़ा हुआ

falchion *n.* दात्राकार तलवार; वक्र खड्ग

falciform. See falcate.

falcon *n.* बाज, शिकरा, बहरी, श्येन, खगांतक; शिकारी पक्षी; फ़ाल्कन (तोप); *ns.* falconer बाज़दार, बाज पालक, शिकारी पक्षियों को पालने और शिकार की शिक्षा देने वाला; falconet छोटी तोप; *adj.* falcon-eyed तीक्ष्ण दृष्टि वाला; *ns.* falcon-gentil, -gentle मादा बाज़; *adj.* falconine बाज़ जैसा, बाज संबंधी; *n.* falconry बाज़दारी, बाज़ पालन

faldstool *n.* मुड़ने वाला स्टूल या चौकी; अभिषेक-चौकी; बिशप कुर्सी; गिरजाघर में प्रार्थना की चौकी; *n.* faldistory (गिरजाघर में) बिशप का आसन

fall *v.i. & t.* गिरना, झड़ना; गिर पड़ना; औंधा गिरना; कूद पड़ना; जन्म होना; ढह पड़ना; (शाब्दिक या लाक्षणिक) पतन होना, पतित होना, नीचे गिरना; मर जाना; धीमा पड़ जाना, मंद होना; कम होना, (भाव) गिरना; भाटा आना, नीचे उतरना; डूबना; (मुँह) लटक जाना; नीचे की ओर बहना, प्रवाहित होना; ढाल पर लुढ़कना; नीचे की ओर लटकना या झुकना; खो बैठना, खो देना; (द्वंद्व युद्ध में) मूर्च्छित होकर या मर कर गिर पड़ना; निकाल दिया जाना, गिरा दिया जाना; विनष्ट हो जाना; (शक्ति, स्थान, गुण या यश) खो देना; निम्नस्थ होना; विजित होना, पराजित होना, बंदी होना; शिकार हो जाना; लोभ में आना; झपटना; फँस जाना; वापस आना; संयोगवश आ जाना; क्रमशः आ जाना; घटित होना; आ पड़ना, आ टपकना; निकलना; आगे आना; अंतर्गत होना; बँट जाना; हिस्से में आना (कर्त्तव्य, भाग्य आदि के रूप में); स्थिति ग्रहण करना, क्रम में आना; जगह पाना; झुकाव होना; टकराना; अवनत होना; समाप्त करना; उलट देना; गिराना; लुढ़का देना; पाना, ग्रहण करना; *n.* पतन; गिरी हुई वस्तु; एक बार में गिरने वाली मात्रा; आक्रमण; पराजय; मृत्यु; अवनति; ढलान, ढाल; जल का नीचे बहना; प्रपात, झरना; अवनति-मात्रा; मूल्य-ह्रास; स्वर-मंदन; लय, आरोह-अवरोह; शरद्-ऋतु, पतझड़; कुश्ती, द्वंद्व युद्ध; पराजय; पाप में फँसना; झालर, गोट; भाग्य; हिस्सा; नीचे करने या फहराने की रस्सी; *n.* fall-cloud स्तरी मेघ; *adj.* fallen पतित, गिरा हुआ; मृत (विशेषकर युद्ध में); पराजित; भ्रष्ट, गिरी हुई अवस्था में, नष्ट-भ्रष्ट, ध्वस्त; *ns.* fallen star काही से रंग का शैवाल (जिसको पहले उल्का-उद्भूत माना जाता था); *n. & adj.* falling गिरना, पतन; अवरोही; *ns.* falling band उल्टा कॉलर (17वीं शताब्दी में प्रचलित); falling-off अवनति; falling sickness अपस्मार, मिर्गी; falling star उल्का; falling stone उल्काश्म, उल्कापिंड; fall-trap अवपात फंदा; — fall across संयोगवश भेंट हो जाना, अचानक मिलना; fall among बीच

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में पाना (अपने को); fall away पतित होते जाना; खिसकना, घसकना, ढहना; क्षीण होना; विद्रोह करना; fall back पीठ दिखाना, हार मानना, पीछे हटना; fall back, fall edge चाहे कुछ भी हो; fall back upon आश्रय लेना, आधार मानना; fall behind पिछड़ जाना; पीछे छूट जाना; छूट जाना; fall flat निष्प्रभाव होना; fall for (U.S.) मुग्ध हो जाना; प्रभावित होना; fall in (mil.) पंक्ति में स्थान ग्रहण करना, पंक्तिबद्ध होना; (भवन आदि का) धँस जाना, दरार पड़ जाना; गिर जाना; fall in with सहमत होना, एकमत होना, बात मानना; अचानक मिल जाना; fall off उदासीन होकर छोड़ देना; अवनति होना; बिगड़ना; मर जाना, विनष्ट हो जाना; विद्रोह करना, बग़ावत करना; पीछे हटना; fall on टूट पड़ना, आक्रमण करना; मिलना; fall on one's feet संकट में से निकल आना; अप्रत्याशित सौभाग्य प्राप्त करना; fall out झगड़ पड़ना, मतभेद हो जाना; घटित होना, आ पड़ना; पंक्ति छोड़ना; fall over (Shak.) शत्रु से मिल जाना; (Scot.) सो जाना; fall short कम या अपर्याप्त होना; समाप्त हो जाना; असफल होना, पूरा न कर सकना; fall through असफल होना, व्यर्थ होना; fall to शीघ्रता से या उत्सुकता से प्रारंभ करना; जुट जाना; खाने पर टूट पड़ना, खाना शुरू कर देना; fall upon आक्रमण करना; टकरा जाना; भिड़ना; आ पड़ना; try a fall कुश्ती के दाँव का प्रयोग

fall *n.* फंदा, फंद, जाल

fall *n.* ह्वेल के शिकार के समय ह्वेल को देखने पर पुकार; ह्वेल का आखेट; loose fall ह्वेल को खो देना

fallacy *n.* भ्रांति, भुलावा, छलावा; तर्क-दोष; दोष; तर्काभास; (coll.) हेत्वाभास, सत्याभास; *adj.* fallacious भ्रामक; भ्रांतिमय; सदोष, ग़लत; निराधार; निराशाजनक; कपटपूर्ण; *n.* fallaciousness भ्रामकता, निराधारता

fallal *n.* फ़ीता (फहराने वाला), फरहरा; सस्ता अलंकरण, सजावट; *adj.* (obs.) रंगीला, छैल-छबीला; छिछोरा; *n.* fallalery रंगीलापन, छैल-छबीलापन; छिछोरापन

fallible *adj.* स्खलनशील, चूकने वाला; दोष क्षम; *n.* fallibility दोष क्षमता; स्खलनशीलता; चूक

Fallopian tube *n.* डिंबवाहिनी नली, फ़ैलोपिओ नली

fallow *adj.* परती, पलिहर, बंजर, ... *n.* परती भूमि; *v.t.* परती छोड़ना, ... छोड़ना; *ns.* fallow-chat, fallow-... गेहूँ की बाल; fallowness परतीपन, ...

fallow *adj.* भूरा-पीला, पिलछौहाँ; *n.* f... deer भूरा-पीला मृग

जैसा; *ns.* fibril रेशक, तंतुक; fibrilla ... तंतुक; *adjs.* fibrillar, fibrillary, ... late, fibrillated रेशा संबंधी, ... रेशेदार; fibrillous रेशेदार; ... fibrin फ़ाइब्रिन, तांत्विन; fibrin... फ़ाइब्रिनोजन (फ़ाइब्रिन बनाने वाली ...) *adj.* fibrinous फ़ाइब्रिन संबंधी, ... जैसा; *n.* fibrocartilage तंतुपास्थि; ... fibroid रेशेदार; *n.* रेशेदार ट्यूमर; ... fibroin फ़ाइब्रॉइन; fibroline फ़ाइब्रो... fibrolite फ़ाइब्रोलाइट (खनिज); fibro... फ़ाइब्रोमा, तंतु अर्बुद (रोग); *v.i.* fib... रेशेदार बनना; *adj.* रेशेदार; *ns.* fib... रेशामयता, तंतुमयता, तंतु आर्ति; fibro... तंतुशोथ; *adjs.* fibrotic सूत्रण रोग सं... fibrous रेशेदार; fibrovascular रेशों ... बना हुआ

fibula *n.* फ़िबुला, बकलस; बहिर्जंघिका, ... जंघिका; *adj.* fibular बकलस संबंधी; ... जंघिका संबंधी

fichu *n.* वस्त्र-खंड (गरदन पर डाला ... वाला तिकोना वस्त्र)

fickle *adj.* चंचल, चपल, अस्थिर चित्त, ... मुल; परिवर्तनशील; *n.* fickleness चंच... चपलता, ढुलमुलपन; परिवर्तनशीलता

fico *n.* (Shak.) ठेंगा

fictile *adj.* मृद्‌रूप्य, अभिघट्य (मृत्तिका... नम्य

fiction *n.* कथा-साहित्य; कल्पित या मि... कहानी; कल्पितार्थ; असत्य, झूठ; रो... कथा-साहित्य; कल्पना; *adj.* fictio... कल्पित; कथा-साहित्य संबंधी; *n.* fictio... कथाकार, उपन्यास या कहानी लेखक; ... fictitious कल्पित, काल्पनिक; कृत्रिम, ... मनगढंत, झूठा, जाली; fictive कल्... काल्पनिक, बनावटी; *n.* fictor मिट्टी ... मूर्तियाँ बनाने वाला

fid *n.* गावदुम सुआ; मेख, पच्चर

fiddle *n.* बेला, वायलिन; बेला वादक; ... *v.t. & i.* बेला बजाना; धोखा देना, ... कर देना; व्यर्थ समय गँवाना; खिलवाड़ करना; ... *ns.* fiddle block दोघिर्री कप्पी; fiddle... bow बेला बजाने का गज़; *interj.* fiddle... de-dee बेकार की बात !, वाहियात !; ... fiddle-faddle इधर-उधर करना, ... नष्ट करना; *n.* बेकार की बात, ... निकम्मा, आलसी; *interj.* वाहियात!, बेकार, ... *n.* fiddle-faddler निकम्मा या आलसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

adj. fiddle-faddling निकम्मा, ns. fiddlehead जहाज के पहलू पर नक्काशी; fiddler बेला वादक; फ़िडलर); also fiddler crab; fiddle- बेला बजाने का गज; तुच्छ वस्तु; fiddlestick(s) वाहियात !; fiddle- बेला का तार; adj. fiddling बेकार करने वाला; — a face like a लटका हुआ मुंह; as fit as a fiddle ठीक; पूर्णतः स्वस्थ; fiddler's फ़िडलर्स ग्रीन, (नाविकों के) तटवर्ती गृह का नाम; fiddler's money play first or second fiddle में पहले या दूसरे वायलिन वादक का लेना; किसी भी बात में मुख्य या गौण का स्थान लेना; Scotch fiddle

n. जंगला, खिड़की के चारों ओर की फ़िडली

amore (L.) आस्था और प्रेम से; — et fiducia आस्था और विश्वास के fide et fortitudine आस्था और के साथ; fidei defensor धर्मरक्षक, ; fide non armis आस्था से न कि ; fides et justitia निष्ठा और fides Punica विश्वासघात

n. निष्ठा, कर्त्तव्यनिष्ठा; संलग्नता; , ईमानदारी, स्वामिभक्ति; तद्रूपता

v.i. चंचल होना, अशांत या अस्थिर चुलबुलाना; n. चंचल या चुलबुला अनियमित गति; बेचैनी, चुलबुलाहट; pl. स्नावयिक बेचैनी; v.i. fidge बेचैनी से घूमना; उत्सुक या व्यग्र होना; fidgetiness चंचलता, चुलबुलाहट; बेचैनी; fidgety चंचल; चुलबुला; बेचैन

[Fog Investigation Dispersal Operation] n. फ़िडो (विमान पत्तन पर जला कर धुंध को हटाने की विधि)

! (Fr.) लज्जा की बात ! शर्म करो !

adj. विश्वास्य, विश्वसनीय; निर्दिष्ट, विश्वासी; ढालू; adj. fiduciary ; न्यासीय, न्यासवंत; n. न्यासी, धारी

et audax (L.) विश्वासी और साहसी

interj. छि: ! छि: !; धिक्कार !

n. जागीर, भूसंपदा

n. मैदान; चरागाह; खेल आदि का मैदान; खेत; क्षेत्र, क्रीड़ा-क्षेत्र, युद्ध-क्षेत्र; युद्ध; विस्तार; (U.S.) टेलीविज़न का फ़्रेम; खनिज क्षेत्र; (her.) ढाल की सतह; पृष्ठभूमि; शिकार में भाग लेने वाले; प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार; (क्रिकेट) फ़ील्डरों (क्षेत्र रक्षकों) की स्थिति; *v.t. & i.* गेंद पकड़ना या रोकना; क्षेत्ररक्षण करना, फ़ील्डिंग करना; गेंद लपकने के लिए अपने स्थान पर तैनात होना; *ns.* field allowance जंगी भत्ता; बहिःक्षेत्रीय भत्ता; field artillery जंगी तोपख़ाना; field battery मैदानी बैटरी (टुकड़ी); field bed शिविर-शय्या; खुले मैदान में बिछाई गई शय्या; field book क्षेत्र बही, मापांकन पुस्तिका; fieldboots लंबे बूट; field botany क्षेत्र वनस्पतिविज्ञान; field geology क्षेत्र भूविज्ञान; field club क्षेत्र-क्लब; *n. pl.* field colours मैदानी झंडियाँ; *ns.* field-cornet (S. African hist.) कस्बे का मजिस्ट्रेट; field day क्रीड़ा-दिवस, अभ्यास का दिन; महत्त्वपूर्ण कार्यों का दिन; *adj.* fielded (Shak.) खेमा डाले हुए, शिविरबद्ध; *ns.* fielder फ़ील्डिंग करने वाला, क्षेत्ररक्षक; fieldfare फ़ील्ड फ़ेयर (पक्षी); field glass(es) दूरबीन; field gun फ़ील्डगन; मैदानी तोप; field hand क्षेत्र मजदूर; field hospital रणभूमि अस्पताल; जंगी अस्पताल; field ice ध्रुवीय मैदानों पर जमी बर्फ़ की तह; fielding (क्रिकेट) क्षेत्ररक्षण, फ़ील्डिंग; field lark फ़ील्ड लार्क (अमरीकी पक्षी); field marshal फ़ील्ड मार्शल (उच्च सैनिक अधिकारी); field meeting गुप्त धार्मिक बैठक; fieldmouse मूस, घूस; field naturalist प्राकृतिक इतिहास अध्येता; field night जमघटी रात; *n. pl.* field note क्षेत्र टिप्पणी; *ns.* field officer क्षेत्र-अधिकारी; सेना का एक अधिकारी; fieldpiece युद्ध क्षेत्रीय तोप या बंदूक; field preacher खुले मैदान का उपदेशक या पादरी; field preaching खुले मैदान में उपदेश देना; fieldsman फ़ील्डर, क्षेत्ररक्षक; *n. pl.* field sports मैदानी खेल जैसे शिकार, घुड़दौड़ आदि; *advs.* fieldward, fieldwards मैदान की ओर; *n.* fieldwork खेती का काम; क्षेत्र-कार्य; क्षेत्रीय अध्ययन, स्थलीय अध्ययन; often in *pl.* अस्थायी मोर्चाबंदी; — field of view, vision दृष्टि क्षेत्र; दृष्टि परास; keep the field आंदोलन चलाए रखना; अपनी स्थिति पर दृढ़ रहना; take the field युद्ध-कार्रवाई आरंभ करना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

fiend *n.* शैतान; भूत-प्रेत; आततायी, नृशंस, क्रूर; दुराचारी; लती; भक्त; *adj.* fiendish शैतान जैसा; अतिक्रूर, नृशंस; *n.* fiendishness शैतानपन; अतिक्रूरता, नृशंसता; *adj.* fiend-like शैतान जैसा; अतिक्रूर, नृशंस

fierce *adj.* भीषण, प्रचंड, घोर, उग्र; प्रबल, उत्कट; हिंस्र, खूँख्वार; *n.* fierceness प्रचंडता, उग्रता; उत्कटता; हिंस्रता, खूँख्वारपन

fiery *adj.* आग का, अग्निमय, आग्नेय; उग्र, जोशीला, उत्तेजनापूर्ण; उतावला, जल्दबाज़; गुस्सैल, चिड़चिड़ा, क्रोधी; शुष्क (क्रीड़ा स्थल); *n.* fieriness अग्निमयता, उग्रता; उतावलापन; जल्दबाज़ी; चिड़चिड़ापन, गुस्सैलपन; *adjs.* fieryfooted द्रुतगति वाला; fiery hot उग्र, जोशीला, उत्तेजनापूर्ण; fiery new बिल्कुल नया; fiery short संक्षिप्त और आवेगपूर्ण

fiesta *n.* फ़ीस्टा, भोज; संत-दिवस; त्योहार, पर्वदिवस

fife *n.* छोटी बाँसुरी; *v.i.* बाँसुरी बजाना; *ns.* fife-major (obs.) रेजिमेंट का प्रमुख बाँसुरी वादक; fifer बाँसुरी वादक; fife rail अधगोल कटहरा (पा०)

Fifish *adj.* सनकी, झक्की; अजीब, विचित्र

fifteen *adj.* & *n.* पंद्रह; पंद्रह का समूह; *n.* fifteener पंद्रह वर्णों का छंद; *adj.* fifteenth पंद्रहवाँ; *n.* पंद्रहवाँ भाग; (mus.) द्विगुण अष्टक; — the fifteen, 1715 का जैकोबाइट विद्रोह

fifth *adj.* पाँचवा, पंचम; *n.* पंचमांश; (mus.) पंचम स्वर, पंचम (अंतराल), पंचमक; — fifth column पाँचवाँ कालम; Fifth columnist पंचमांगी, देशद्रोही

fifty *adj.* & *n.* पचास; *pl.* fifties पचास से उनसठ तक के अंक, या वर्ष (जीवन या शताब्दी के); *adj.* fiftieth पचासवाँ; *n.* पचासवाँ भाग; *n.* & *adj.* & *adv.* fifty-fifty आधा-आधा, पचास प्रतिशत; *adj.* fiftyish पचास के लगभग आयु का

fig *n.* अंजीर का वृक्ष; अंजीर; छोटी चीज़; *v.t.* ठेंगा दिखाना; *ns.* fig-leaf अंजीर (वृक्ष) की पत्तियाँ; मूर्ति या चित्र के गुप्तांगों को ढँकने के लिए बनाई गई अंजीर की पत्तियों की अनुकृति; अपर्याप्त वस्त्र; चालाकी से बात टालना, बहाना करना; काम चलाऊ चीज़; fig-tree अंजीर का वृक्ष; figwort फ़िगवर्ट (पौधा)

fig *n.* (coll.) आकार; वेशभूषा, वस्त्र; आकृति, रूप; *v.t.* तैयार होना, वेशभूषा से [illegible] होना; सजाना, सँवारना; *n.* figgery [illegible] की सजावट

fight *v.i.* & *t.* लड़ना, झगड़ना; युद्ध [illegible] द्वंद्व युद्ध करना, विरोध में लड़ना; [illegible] द्वारा या अन्य उपायों से लड़ना, [illegible] प्राप्त करना; लड़ाना; *n.* कलह; संघर्ष; [illegible] लड़ाई; लड़ने की चाह या भाव; *n.* fi[illegible] लड़ने वाला, योद्धा, लड़ाकू; *adj.* fi[illegible] लड़ने वाला, युद्ध के योग्य; लड़ाई, संघर्ष; fighting cock लड़ाकू मुर्ग़ा; — fi[illegible] fish लड़ाकू मछली; fight it out लड़ाई [illegible] फ़ैसला करना; लड़ कर तय कर[illegible] fight shy of अविश्वास के कारण [illegible] रहना; live like fighting cocks [illegible] भोजन-पान प्राप्त करना

figment *n.* कल्पना, मनगढ़ंत बात

figuline *adj.* मिट्टी का बना हुआ; मिट्टी [illegible] बर्तन संबंधी, मृण्मय पात्र संबंधी

figure *n.* आकृति, रूप; आकार; ज्यामि[illegible] रेखाचित्र; आरेख; (Shak.) जन्मपत्र, [illegible] कुंडली; नमूना, प्रारूप; उदाहरण चित्र; [illegible] गठन; मानव-आकृति या मूर्ति, प्रति[illegible] व्यक्तित्व, व्यक्ति; प्रभावशाली, महत्[illegible] बेतुका या भोंडा व्यक्ति; अंक, संख्या; परि[illegible] आँकड़े; मूल्य, कीमत, दाम; (rhet.) बल[illegible] (log.) आकृति (पा०); (mus.) स्वर-[illegible] गटकरी; (नृत्य) तोड़ा; स्केटिंग का गति[illegible] प्रतीक; *v.t.* आकृति देना, रूप गढ़ना; [illegible] या प्रतिमा बनाना; चित्रित करना; आँ[illegible] करना; प्रारूप बनाना; कल्पना करना; (U.S.[illegible] हिसाब लगाना, गणना करना; प्रतीक ब[illegible] पहले से बतलाना; आँकड़े बनाना; *n.* fig[illegible] rability गणनीयता; आरेखणीयता; *adj.* figurable, figural गणनीय; आरेख[illegible] *n.* figurant, figurante बैले में स्वतंत्र न[illegible] *adj.* figurate चित्रीय, निश्चित आकृति [illegible] (mus.) आलंकारिक, अलंकृत; *n.* figurati[illegible] रेखाकृति; अलंकार विधान, अलंकार प्र[illegible] (mus.) अलंकरण; *adj.* figurative आलंका[illegible] रिक, लाक्षणिक; रूपकात्मक अलंकृत; विशि[illegible] प्रतीकात्मक; *ns.* figurativeness आलंका[illegible] रिकता, लाक्षणिकता; रूपकात्मकता; विशिष्ट[illegible] प्रतीकात्मकता; figure-caster ज्योति[illegible] figure-casting पशुओं की आकृतियों के [illegible] तैयार करना; *adj.* figured आकृतियुक्त[illegible] प्रतिमांकित, या आरेखांकित; गणित, [illegible] हुआ; आँकड़ों के रूप में; *ns.* figure-dance

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

... figurehead पुतली (जहाज़ के ... बनी हुई प्रतिमा); नाम मात्र का ... figure-weaving आकृति-बुनाई; ... छोटी मूर्ति या नक़्क़ाशी, मूर्तिका, ... figurist अंकप्रयोक्ता, अंकविशेषज्ञ; — cut a figure विशिष्ट रूप में प्रकट होना; ...d bass अंकित मंद्र; figure on ... रहना, सहारा समझना

... v.i. (Scot.) बेचैनी से छटपटाना; ...; n. बेचैनी, तड़फड़ाहट; कार्य का ... अंश; सख्त या दुस्तोषणीय व्यक्ति; ...ery हंगामा, बतंगड़; *adjs.* fikish, ... हंगामा मचाने वाला या बतंगड़ करने ...

... n. तंतु, सूत्र, रेशा; (bot.) पुंतंतु; ... तंतु; तार लहर; संवाहक; *adjs.* ...entary तंतु, सूत्र या रेशे जैसा; fila-...entous तंतु-, तंतुमय

... n. (बाज़ की अँतड़ियों के) सूत्र-कृमि; ... सूत्रकृमि रोग

... n. फ़ाइलेरिया, मच्छरों के काटने से ... उत्पन्न कृमि-विशेष; *adj.* filarial फ़ाइ-... संबंधी; *n.* filariasis फ़ाइलेरिया रोग

... n. वनस्पति-तंतु; सुतली

... n. सूत्रण, अटेरन (रेशम को अटेरन ... या लपेटना); सूत्रण-कारखाना; *n.* ...ory सूत्रण-मशीन

... n. एक प्रकार का बादाम

... v.t. चुराना; उड़ा लेना, हाथ साफ़ ...; मूसना; *n.* filcher चोर; *n. & adj.* ...ing चोरी; चोरी करने वाला

... n. फ़ाइल, मिसिल; तार या डोरा जिसमें ... नत्थी होते हैं; हवाले के लिए ... किए गए काग़ज़ों की गड्डी; नामावली ... सूची; पंक्ति, पांत, क़तार; सैनिकों की ... सैनिक; *v.t. & i.* फ़ाइल में रखना; ... करना; लिखाना, दर्ज करना; न्याया-... के सामने लाना, (मुक़दमा) चलाना; ... जमा करना, रख देना; पंक्तिबद्ध ... *adjs.* filaceous सूत्रनिर्मित, तांतव; ... सूत्र युक्त; *n.* file-copy फ़ाइल-नक़ल ...; (संशोधन एवं परिवर्तनयुक्त) ... की संपादकीय प्रतिलिपि; *adjs.* fili-... सूत्र-जैसा, तंतुरूप; filipendulous ...; *ns.* filofloss पतला मुलायम ...; filoplume पतला बाल जैसा पर; ... सूत्र-जैसा; — file off कूच करना, चल देना; file with बराबर होना, समान होना; single file, Indian file इक-हरी पंक्ति

file *n.* रेती; सुधारने या चमकाने का उपकरण; चालाक या धूर्त व्यक्ति; जेबकतरा; *v.t.* रेती से घिसना; सुधारना, चमकाना; *n.* filecutter रेती बनाने वाला; *adj.* filed रेती किया हुआ, चमकाया हुआ, चिकना; *ns.* file-fish रेती मछली, रेती सी त्वचा वाली मछली; filer रेती से घिसने वाला, रेती चलाने वाला; filing रेती के घिसने से निकले हुए कण; रेती से घिसाई

file *v.t.* (Shak.) अपवित्र करना, गंदा करना, दूषित करना

filemot *adj.* पिलौंसा, पक्का पीला, मुरझाई पत्ती के रंग का; *n.* मुरझाई पत्ती का रंग; also philamot; philomot

filial *adj.* संतानविषयक; संतानीय, संतानोचित, संतान-संबंधी

filibuster *n.* सैनिक लुटेरा या जलदस्यु; अनधिकृत युद्ध करने वाला; (विधान सभा में भाषणों या प्रस्तावों से) विघ्नकारी, गतिरोधकारी; विधानसभा में बाधा; *v.i.* लूट-मार करना; बाधा डालना; *ns.* filibustering लूट-मार; बाधा; filibusterism बाधा-वाद, बाधक होने की प्रवृत्ति

Filices *n. pl.* फ़िलीसीज़ (पर्णांग वर्ग); *ns. pl.* Filicales फ़िलिकेलीज़ (पर्णांग वर्ग); Filicineae फ़िलिसिनी (पर्णांग कुल); *adj.* filicinean पर्णांगकुलीय

filigree *n.* तारकशी, ज़रदोज़ी, ज़री का काम, ज़रदोज़ी का काम; also filagree; *adj.* filigreed ज़रदोज़ी के काम वाला

Filipino *n.* फ़िलिपाइन्ज़ का निवासी

filius nullius (L.) जारज, हरामी, अज्ञात माता-पिता का पुत्र; filius populi जन-पुत्र; filius terrae भूमि-पुत्र; निम्नवर्ग में उत्पन्न

fill *v.t. & i.* भरना, पूरना, पूर्ति करना, पूर्ण करना; तृप्त करना; ठूंसना; ठूंस कर खाना; (किसी का) कार्य करना; (esp. U.S.) (काम) पूरा करना, कार्यान्वित करना; भर जाना, पूर जाना; तृप्त होना; *n.* भराव, पूर्ति; पेट भर, भरपेट; *ns.* filler भरने वाला, पूरक; भराव; कीप, कुप्पी; filling भराव, भरत; बानक; — fill in लगाना, लगाए रखना; पूरा करना, भरना; खानापुरी करना; fill the bill पर्याप्त या उपयुक्त होना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

fill, fil *n.* (Shak.) बाण, तीर; (ताँगे आदि का) बम; — fill-horse, p(h)il-horse (Shak.) बम में जुता घोड़ा

fille (Fr.) लड़की, पुत्री; — fille de chambre निजी लौंडी; fille de joie वेश्या, वारांगना; fille d'honneur सम्मानित कुमारी

fillet *n.* फ़ीता, पट्टी, तसमा; हड्डी अलग करके लपेटा हुआ गोश्त; जाँघ या पुट्ठे का गोश्त; मछली के मांस का क़तला; (archit.) कार्निसों के बीच की पट्टी; *v.t.* फ़ीता या पट्टी बाँधना; क़तले बनाना; (मांस से) हड्डी निकालना

fillip *v.t.* चुटकी बजाना; अँगूठे पर उछालना; उत्तेजित करना, प्रोत्साहित करना; *n.* चुटकी; उत्प्रेरक, प्रोत्साहक

fillister *n.* खाँचा-तल

filly *n.* बछेड़ी; चंचल आवारा लड़की; छिनाल

film *n.* फ़िल्म, चलचित्र, सिनेमा; परत, झिल्ली; पटल, तह; पतला धागा; धुंधलापन; *v.t. & i.* फ़िल्माना, चल-चित्र बनाना; सिनेमा के लिए ढालना; परत या झिल्ली से ढकना, झिल्ली से ढक जाना; *adj.* filmable फ़िल्माने योग्य, चलचित्र बनाने योग्य; *ns.* film fan चल चित्रों या सिनेमा का शौक़ीन; film house सिनेमाघर; *adj.* filmic सिनेमा संबंधी, फ़िल्म विषयक; *n.* filminess धुंधलापन; *adj.* filmish फ़िल्मी, सिनेमा जैसा; *ns.* film play फ़िल्म कथा; film star सिने-अभिनेता, फ़िल्मी सितारा; *adj.* filmy फ़िल्मी, फ़िल्म जैसा; झिल्ली से ढका हुआ; धुंधला; मेघयुक्त; filmy ferns तनुपर्णी पर्णांग

filoselle *n.* मोटा कच्चा रेशम

fils (Fr.) पुत्र, बेटा; (नाम के बाद) कनिष्ठ

filter *n.* फ़िल्टर; निस्यंदक; छन्ना, छानी, छन्नी; *v.t. & i.* छानना; छनना; निस्यंदन करना; रिसना; चूना; *adjs.* filterable, filtrable निस्यंदनीय, छानने योग्य; *ns.* filter-bed निस्यंदन स्तर, फ़िल्टर स्तर; filter-paper फ़िल्टर काग़ज़, निस्यंदन पत्र; filter-passer, filterable virus निस्यंदनशील विषाणु; filter-tip फ़िल्टर युक्त सिगरेट; *v.t. & i.* filtrate टपकाना; टपकना, चूना, रिसना; *n.* निस्यंद या फ़िल्टरित या छना हुआ तरल पदार्थ; *n.* filtration निस्यंदन, छनाई

filth *n.* कचरा, गंदगी, मैल; अपवित्रता, अशुद्धता; अश्लीलता, अपशब्द; *n.* filthiness गंदापन; अपवित्रता; अश्लीलता; *adj.* [filthy] गंदा; अपवित्र, अशुद्ध; अश्लील

fimbria *n.* झालर; *adj.* fimbriate [...] दार; (her.) किनारीदार; *v.t.* fimbr[iate] झालर लगाना, किनारा मोड़कर [...] fimbriated झालरदार, किनारा मुड़ा [...] fimbriation झालर लगाना, किनारा [...]

fimicolous *adj.* शमल पुंज वासी; [...] उगने वाला

fin *n.* पक्षक; पंख, बाज, मीन पंख; [...] पख, पतला उभरवाँ किनारा; *ns.* fin[...] fin-whale नीलीतिमि, फ़िनतिमि

fin (U.S. slang) *n.* पाँच डालर का नो[ट]

finable *adj.* जुर्माने-योग्य

finagle *v.t.* (चापलूसी या चालाकी से) [...] करना; ठगना

final *adj.* अंतिम, आख़िरी, अंत्य [...] समापक; सुनिश्चित, निर्णीत; अंत या [...] संबंधी; (mus.) न्यास; *n.* अंतिम [...] खेल या परीक्षा); *v.t.* finalise अंति[म रूप] देना, समाप्त करना, पूरा करना; *ns.* fina[lism] प्रयोजनवाद; साध्यवाद, उद्देश्य[वाद]; finalist साध्यवादी, उद्देश्यवादी; fi[nality] अंतिमता, परिसमाप्ति; पूर्णता; निश्चया[त्मकता]; अंतिम रूप, अंतिम अवस्था; उद्देश्य[...] प्रयोजनता

finale *n.* अंत, समाप्ति; समापन, उप[...] (संगीत रचना में) अंतिम स्वर-वितान; [...] तिका आदि में अंतिम गीत; अंतिमांश [...] नाटकांत

finance *n.* वित्त, अर्थ; सार्वजनिक धन[...] व्यवस्था, अर्थप्रबंध; *n. pl.* आर्थिक [...] *v.t.* अर्थ व्यवस्था करना; आर्थिक [...] जुटाना; *v.i.* पूँजी या रुपया लगाना; [...] financial वित्तीय, वित्त संबंधी; *ns.* fi[nan]cialist वित्त दाता, रुपया लगाने [...] financier वित्त दाता, वित्तकार, [...] वित्त विशेषज्ञ; पूँजीपति, अर्थपति; वित्त[...] *v.i. & t.* पूँजी देना, रुपया लगाना, [...] धोखा देना

finch *n.* फ़िंच (पक्षी), कुलिंग; *adjs.* fin[ch]backed, finched धारीदार पीठ वाला

find *v.t. & i.* पाना, प्राप्त करना, [...] पा जाना; पता लगाना, ढूँढ निका[लना]; समझना, देख पाना; अनुभव करना; [...] निर्णय करना; ठहराना; सुराग़ तथा [...] (शिकार) पा लेना; *n.* उपलब्धि, प्राप्ति[...]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाने वाला, पता लगाने वाला; उप-
... अन्वेषी दूरबीन; find-fault
... छिद्रान्वेषी, दोषदर्शी; finding
... पता लगाना; खोज, आविष्कार; निष्कर्ष,
... परिणाम; pl. (मोची के) अतिरिक्त उप-
... (U.S.) उपकरण; — find one in
... प्रबंध करना; find one's account
... सिद्ध होना; find one's feet
... करना; नई परिस्थितियों का मुक़ाबला
... योग्य होना; find oneself (अपने
... को) अनुभव करना; find out पता
... खोज निकालना

... siecle (Fr.) उन्नीसवीं शताब्दी का अंत,
... युग की समाप्ति; उस युग के विचारों की
... ह्रासोन्मुख

... बढ़िया, उत्तम; सुंदर,सुहावना; पतला;
... तेज़, तीक्ष्ण; सुकोमल; परिष्कृत;
... भव्य; (अधिकतर व्यंग्य से) बहुत
... कहने !; विशुद्ध, खरा; सुसंस्कृत; *v.t.*
... सूक्ष्म या पतला करना; शुद्ध
... परिष्कृत करना; क्रमशः परिवर्तित
... *v.t.* fine-draw साफ़ सिलाई करना,
... करना (जिससे जोड़ दिखाई न पड़े);
... या अतिसूक्ष्मता से रेखांकन करना;
... fine-drawn सफ़ाई से सिला हुआ; सूक्ष्म-
... fineish (also finish) कुछ-
... ; *ns.* fineness बढ़ियापन,
... बारीकी, सूक्ष्मता; तीक्ष्णता; खरा-
... चाँदी या सोने की) शुद्धता; finer
... शुद्ध करने वाला; finery भव्यता;
... सजावट, अलंकरण; शोधन-गृह; लोह
... fine-spoken मृदुभाषी; fine-
... बारीक कता हुआ; अतिसूक्ष्म; — fine
... पर्याप्त, बहुत; fine arts ललित-
... fine gentleman, lady छैल चिक-
... छबीला; छैल छबीली; परिष्कृत या
... स्त्री या पुरुष; fine metal परिष्कृत
... fine writing ललित लेखन

... अंत, समाप्ति; अंतिम निर्णय;
... अवसर पर दिया गया) शुल्क;
... नज़राना; जुर्माना, अर्थ
... *v.t.* (Shak.) समाप्त करना; जुर्माना
... दंड देना; (Shak.) बंधक रखना
... रखना; *adj.* fineless (Shak.)
... अनंत

... शैम्पेनी मदिरा; — fine Cham-
... बढ़िया मदिरा

... *v.t.* चालबाज़ी से माल उधार लेना

finem respice (L.) अंत समझना

fines herbes (Fr.) (cook.) छौंक के लिए कटा हुआ मिर्च मसाला

finesse *n.* कौशल, युक्ति, चातुरी; चालाकी; कपट; ताश के खेल की एक चतुर चाल; *v.t. & i.* ताश की चतुर चाल चलना; चातुरी या चालाकी करना; *ns.* finesser युक्ति या चालाकी करने वाला; finessing युक्ति या चालाकी

fingan *n.* हत्था रहित कॉफ़ी का प्याला; also finjan

finger *n.* उँगली, अंगुलि; अंगुष्ठमाप; स्पर्श; अंगुलि-स्पर्श; *v.t. & i.* उँगलियों से छूना; अंगुलियों से कार्य संपादन करना; चुराना; उँगलियों से खेलना; (mus.) (उँगलियों से) वाद्य यंत्र बजाना; उँगलियों का प्रयोग करना; *ns.* finger-alphabet गूँगे बहरों की वर्णमाला, अंगुलि संकेत वर्णमाला, स्पर्श-वर्णमाला; fingerboard डांडी, (वायलिन आदि का) अंगुलि पटल; fingerbowl, -glass (खाने के बाद) उँगलियाँ धोने का कटोरा; finger('s)-breadth अंगुल, अंगुष्ठमाप; *adj.* fingered प्रांगुलित, अंगुलि युक्त; *ns.* finger-grass तकड़ी, डिजिटेरिया (घास); fingerguard तलवार के हत्थे पर उँगलियों के खाने; fingerhole अंगुलि छिद्र (वाद्य यंत्र में), उँगली से बंद करके ध्वनि ऊँची करने का छिद्र; fingering उँगलियों से छूना; अंगुलि-साधन, अंगुलि चालन; *adj.* fingerless अंगुलिहीन, अंगुलिरहित; *ns.* fingerling बहुत छोटा प्राणी; अंगुलि मीन; fingermark अंगुलि चिह्न या धब्बा; finger-plate अंगुलि पट्ट; कलुष रक्षिका; finger-pointer दोष दिखलाने वाला, उँगली उठाने वाला; fingerpost दिशा निर्देशक पट; fingerprint अंगुलि छाप, उँगलियों के निशान; fingerstall अंगुलिधानी; अंगुलित्राण; finger-tip टिकुली; अंगुलाग्र; — a finger in the pie फँसे होना, उलझन में पड़ना; have at one's finger(s')-ends, -tips अच्छी तरह जानना; किसी विषय का पूरा ज्ञान होना; have one's fingers all thumbs बेढंगा होना

fingering *n.* (मोज़े या जुराब बनाने का) मोटा ऊनी डोरा

finial *n.* कंगूरा, कलश, कलसी, शिखांत

finical *adj.* नकचढ़ा; आडंबर प्रिय, अति-विवरणप्रिय; भद्र, शालीन; *ns.* finicality, finicalness नकचढ़ापन; आडंबरप्रियता;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आडंबर; तड़क-भड़क; नकचढ़ापन; आडंबर-प्रियता, अतिविवरणप्रियता; *n. & adj.* finicking, finicky, finikin आडंबरप्रिय, बनावटी, टीप-टाप वाला

fining *n.* शोधन, परिष्कार प्रक्रिया; शोधक, परिष्कारक; *n.* fining pot शोधन पात्र, परिष्कार पात्र

finis *n.* अंत, समाप्ति; निर्वहण

finish *v.t.* समाप्त करना, ख़त्म करना; पूरा करना, पूर्ण करना; अंतिम रूप देना; चमकाना, परिष्कृत करना; शिक्षा पूरी करना; अंत कर देना, नष्ट कर देना; *n.* अंत, समाप्ति; चमक, परिष्कार; अंतिम सज्जा, प्लास्टर की अंतिम तह; तैयारी; *adj.* finished तैयार, संपूर्ण; परिष्कृत; परिसज्जित; *n.* finisher समापक, परिष्कारक; *n. & adj.* finishing समापन; परिष्कृति; परिष्करण; समापक, परिष्कारक, अंतिम, तैयारी

finite *adj.* परिछिन्न, परिमित, सीमित, ससीम, सांत; सीमाबद्ध; विधेय; *ns.* finiteness, finitude सीमितता, सीमाबद्धता; finite verb समापिका क्रिया, विधेय क्रिया

finjan. See fingan.

finks. Same as fenks.

fin mot de l' affaire (Fr.) विषय की तह, बात की जड़, व्याख्या

Finn *n.* फ़िनलैंडवासी; *n.* Finlander फ़िनलैंडवाला; *adjs.* Finnic फ़िनलैंडवासी-संबंधी; Finnish फ़िनलैंड या वहाँ के वासियों से संबंधित; फ़िनलैंड की भाषा, फ़िनी भाषा; Finno-Ugrian, Finno-Ugric उराल-अल्ताई भाषा और राष्ट्र संबंधी; also Ugro-Finnic

finnesko, finnsko, finsko *n. pl.* रेनडियर की खाल के जूते

fino *n.* शैरी

finnock, finnack, finnac *n.* फ़िनॉक (मछली)

fiord, fjord *n.* फ़ियॉर्ड, दंतुर तट, प्रोद्दरी (दो ऊँची चट्टानों के बीच समुद्र का लंबा भाग)

fiorin *n.* फ़ियोरिन (घास)

fioritura *n.* बेलबूटे, कसीदाकारी

fippence a shortened form of fivepence

fipple *n.* (dial.) अधर, निचला होंठ; (रेकार्ड करने वाले यंत्र में) पतला होंठ

fir *n.* देवदारु; *n.* fir-cone देवदारु का... *adj.* firry देवदारु से भरा हुआ; ... संबंधी; *ns.* fir-tree, fir-wood देवदारु ... देवदारु की लकड़ी

fire *n.* आग, अग्नि, अनल, पावक; ... ज्वाला; जलती हुई लकड़ियाँ या अन्य ... लपटें; अग्निकांड; गोलाबारी; ईंधन; ... उपकरण; दहन, ज्वलन, जलन; ... विद्युत्; बिजली, ज्वालामुखी की ज्वाला; ... या सूजन की जलन या उत्ताप; चमक, ... कण; आवेश; उत्साह; आवेग, जोश, ... *v.t. & i.* आग सुलगाना, जलाना, प्रज्वलित करना; जल उठना, भड़क उठना; ... करना; गोलाबारी करना; आग पर ... भूनना; प्रदाहन करना, दाहन करना; ... डालना; निकाल देना; भगा देना; ... नौकरी से अलग कर देना; प्रोत्साहित ... जोश दिलाना; आवेश युक्त करना; ... आवेश में आ जाना; क्रोध में फूट पड़ना; fire-alarm अग्नि-सचेतक; fire-arms ...यास्त्र; fire-arrow अग्निवाण; fire... फ़ायर बैंक (पक्षी); अँगीठी की ... दीवार, अग्नि पृष्ठ भित्ति; fireball ... उल्का; प्रक्षेपण-अस्त्र-विशेष; fire-balloon अग्नि-गुब्बारा; आतिशबाज़ गुब्बारा; fire-... भट्ठी छड़-जालक; विद्युत्-विकिरक में ... एलिमेंट; fire-basket सुवाह्य अंगीठी; fire-bird फ़ायरबर्ड (रक्ताभ पक्षी); fire-... अग्नि विस्फोट; fire-blight दग्ध-अंगमारी; fire-bote (किराएदार ... ईंधन के लिए अधिकार; fire-box अग्नि-... बॉयलर भट्ठी; चूल्हा; firebrand मशाल; ... लकड़ी; firebrat फ़ायरब्रेट (कीट); fire-brick अग्निसह ईंट; fire-brigade ... fire-bucket आग बुझाने की बाल्टी; fire-... अग्निसह मिट्टी, तापसह मृत्तिका; fire-control गोलाबारी नियंत्रण; अग्नि निरोध; ... fire-crested wren अग्नि किरीटी (... *adj.* fired जला हुआ, दग्ध; *ns.* fire-... मीथेन, फ़ायर डैम्प, विस्फोटी खनिगैस; fire-drake अग्नि सर्प (आतिशबाज़ी); fire-... अग्नि रक्षा अभ्यास, आग बचाव ... अग्नि रक्षा ड्रिल; अग्नि बरमा, अग्नि ... fire-eater फ़ायर ईटर, आग निगलने ... (बाज़ीगर); लड़ाकू व्यक्ति; fire-edge (... अग्नि से कड़ा किनारा; ताज़ी केक के ... का चुरमुरापन; प्रथम उत्साह; fire-engine ... दमकल; अग्निशामक इंजन; fire-escape ... बचाव उपाय, अग्नि रक्षा उपाय; fire-...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...nguisher अग्निशामक, दमकल; *adj.* fire-eyed (Shak.) चमकीली आँखों वाला; *ns.* fire-fighter (esp. U.S.) आग बुझाने वाला; fire-flag (Coleridge) आग की चमक; fire-flaught (Swinburne) आग या बिजली की ...; firefloat आग बुझाने वाली नौका; ... जुगनू, खद्योत; firegrate अग्नि-..., आग-झँझरी; fireguard अग्नि ... अँगीठी के सामने लगी हुई लोहे की जाली; fire-hook (जलते हुए भवनों को) गिराने ... कुंदा; fire-hose अग्नि-नल; आग ... का नल; firehouse अँगीठी युक्त घर; ...-गृह; fire-insurance अग्नि बीमा; *n. pl.* fire-irons अँगीठी के पास के उपकरण; ..., शॉवेल आदि (आवश्यक नहीं कि ये ... के हों); *adj.* fireless अग्नि रहित; ...हीन; *ns.* firelight आग का प्रकाश; fire-lighter अग्नि जलाने का उपकरण; fire-lock फ्लिंट लॉक बंदूक; fireman फ़ायरमैन, ... झोंकने वाला; आग बुझाने वाला ... खानों में सुरक्षा का ध्यान रखने वाला ... गोलाबारी करने वाला व्यक्ति; fire-mark (इमारतों पर) अग्नि बीमा चिह्न; fire-marshal (U.S.), fire-master दमकल ...; *adj.* fire-new नवनिर्मित; *ns.* fire-office अग्नि बीमा दफ़्तर; अग्निशमन ...; fire-opal अग्निवर्णी, लहसुनिया, कांत ...; firepan अग्नि पात्र; fireplace ..., अग्निधानी, अग्निकोष्ठ; fireplug ... बुझाने के लिए प्रयुक्त होने वाला नलका; fire-policy अग्नि बीमा पालिसी; firepot ... गोला; *adj.* fireproof अग्निसह; ... अग्निसह बनाना; *ns.* firer फ़ायर करने ..., गोली चलाने वाला; गोलाबारी करने ...; fire-raiser दाहक; fire-raising ..., गृहदाह; *adj.* fire-resisting अग्नि-...; *n.* fire-risk आग का खतरा, अग्नि ...; *adj.* fire-robed (Shak.) अग्निवेष्टित; *n.* firescreen आग बचाव पर्दा; fireship ... ले जाने वाला जहाज; fireshovel ... झोंकने वाला बेलचा; fireside अँगीठी ...; *adj.* घरेलू; परिचित; *ns.* fire-..., firing-step गोलाबारी की आड़ या ...; fire-stick आग जलाने की लकड़ी, ..., चिनगारी वाली लकड़ी; firestone ... (मणि); fire-tube अग्नि नलिका; fire-walk, -ing आग पर चलना; fire-walker आग पर चलने वाला; fire-warden (U.S.) अग्नि बुझाने और रोकने का अधिकारी; fire-watcher अग्नि से बचाव की निगरानी रखने वाला; fire-watching अग्नि निरीक्षक; fire-water उत्साहपूर्ण प्रवृत्तियाँ; firewood काष्ठ ईंधन; firework (obs.) गोलावारी; आतिशबाज़ी; संगीत भाषण आदि में जोशीली शैली; fireworm जुगनू, खद्योत; fire-worship अग्नि-पूजा; fire-worshipper अग्निपूजक; firing दाग़ना; गोलाबारी; ईंधन झोंकना; ईंधन; ज्वालन; firing line फ़ायर लाइन, शत्रु की मार के भीतर का क्षेत्र या सैन्यदल; firing party फ़ायर टोली; firing pin फ़ायर पिन, विस्फोटक पिन; firing point दहन-ताप बिंदु; — catch or take fire आग लगना, आग पकड़ना; आवेश में आना; fire and brimstone नरक ! (क्रोध और चिढ़ की अभिव्यक्ति); fire and sword सैनिक विध्वंस; fire off गोली दाग़ना; बहुत जल्दी-जल्दी बोलना; fire out (Shak.) निकाल देना; fien up आग सुलगाना; आवेश में आ जाना; to fire प्रज्ज्वलित; set on fire, set fire to आग लगाना; under fire शत्रु की गोलियों के निशाने में

firk *v.t.* प्रेरित करना; उकसाना; (Shak.) कोड़े मारना, पीटना

firkin *n.* फ़र्किन (9 गैलन की माप का)

firm *adj.* दृढ़, सुदृढ़; स्थिर, स्थायी; मज़बूत, ठोस; अटल, अडिग; सुनिश्चित; *v.t.* दृढ़, स्थायी या सुनिश्चित करना; बाँधना; *adj.* firmless अस्थिर, डगमग; *n.* firmness दृढ़ता, मज़बूती; ठोसपन; अटलता, स्थिरता; सुनिश्चितता

firm *n.* फ़र्म, कारखाना; व्यवसाय संघ, महाजनी या तिजारती कोठी

firmament *n.* आकाश, आसमान, नभ, गगन; नभोमंडल, गगनमंडल

firman *n.* फ़रमान; आदेश

firn *n.* फ़र्न, कणहिम, नेवे

first *adj.* पहला, प्रथम; अगला, आगे का; सर्वप्रमुख; मुख्य, प्रधान; (gram.) उत्तम (पुरुष); *n.* प्रथम श्रेणी, प्रथम स्थान; प्रथम श्रेणी या प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला व्यक्ति; *adv.* सबसे पहले, पहले; पहली बार, पहले-पहल; *n.* first-aid प्राथमिक उपचार; *adjs.* first-begotten अग्रज, सबसे बड़ा; first-born पहलौठी का; *n.* पहलौठा (बच्चा); *adj.* first-class प्रथम श्रेणी का, सर्वश्रेष्ठ; *ns.* first-day इतवार, रविवार; first-floor (see floor); first-foot

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(Scot.) नए वर्ष में आने वाला सर्वप्रथम व्यक्ति; *v.t. & i.* सबसे पहले आना; प्रथम व्यक्ति के रूप में सबके घरों में जाना; *ns.* first-footer सबसे पहले आने वाला; first-fruit -fruits नव सस्य, नवान्न, आग्रहायण; मौसमी नया फल; किसी चीज का पहला लाभ; पोप को समर्पित पहली उपज का लाभ; *adj.* first-hand स्वतः, प्रत्यक्ष; *adv.* स्वतः, प्रत्यक्ष रूप में; *ns.* firstling प्रथम प्रसूत, प्रथम जात; प्रथम फल; first name प्रथम नाम; first-night प्रथम (प्रदर्शन) संध्या; first-nighter प्रथम (प्रदर्शन) संध्याओं का दर्शक; first-offender पहली बार अपराध करने वाला; *adj.* first-rate सर्वोत्कृष्ट, सबसे अच्छा; सर्वोत्तम; *n.* सर्वोत्तम (जहाज़); *adv.* सर्वोत्तम रूप में; *adj.* first-time तात्कालिक; *n.* first water सर्वोत्तम चमक (हीरे मोतियों की)

firth *n.* फ़र्थ, तंग खाड़ी

fisc, fisk *n.* राजकोष; सार्वजनिक राजस्व; निजी वित्त; *adj.* fiscal राजकोष या राजस्व संबंधी; *n.* खजांची, कोषाध्यक्ष; सरकारी वकील; (रोमन साम्राज्य के अधीन) प्रमुख क़ानून अधिकारी; (Scot.) फ़ौजदारी मुक़दमों में सरकारी वकील; — the fiscal question मुक्त व्यापार या रक्षा

fisgig. See fizgig.

fish *n.* मछली, मत्स्य, मीन; मछली का मांस; (*pl.* fish or fishes); *v.i. & t.* मछली मारना, मछली पकड़ना; मछली पकड़ने में सहायक होना; पानी से निकालना; (अज्ञात/अप्रसिद्ध को) सबके सामने लाना; कुरेदना, कुरेद कर निकालना; छान डालना; लंगर उठाना; *adj.* fishable मछली पकड़ने योग्य; *ns.* fishball, -cake मछली का कबाब; *adj.* fish-bellied मछली की तरह फूले पेट वाला; तोंदियल; *ns.* fish-bone मछली की हड्डी; fish-carver, fish-slice, fish-trowel मछली के टुकड़े करने वाला चाकू; fish-creel मछुए की टोकरी; fish-day मछली खाने का दिन; fisher, fisherman मछुआ; मछली पकड़ने वाला; fishery मत्स्यकी; मीनक्षेत्र, मत्स्यक्षेत्र; मत्स्यपालन; मीन उद्योग, मत्स्य उद्योग; fish-fag मछुआरी; *adj.* fishful मछलियों से भरा हुआ; *ns.* fish-garth मछलियों के संरक्षण या ग्रहण के लिए नदी में लगाई गई आड़; also fish-weir; fish-glue मत्स्य-सरेस; fish-god मत्स्य-देवता; fish-guano मत्स्य-खाद, मछली की खाद; fish-hatchery मत्स्य-पालन क्षेत्र; fish-hawk मत्स्यभक्षी (पक्षी); fish-hook मत्स्य कौटा, बंसी, कँटिया; *v.t.* fishify (Shak.) मछली बना देना; *n.* fishiness मत्स्य सादृश्य, मत्स्यता; *adj.* fishing मत्स्य ग्रहण संबंधी, मछली पकड़ने से संबंधित; *n.* मछली पकड़ना, मत्स्य ग्रहण; *ns.* fishing-frog ऐंगलर मछली; fishing-rod (मछली पकड़ने की) लग्गी, छड़; fishing-tackle मछली-जाल; मत्स्यन संभार; fish-kettle मछली उबालने की पतीली; fish-ladder, fish-way मत्स्यगामी पथ; fish-louse मछली की जूँ (परजीवी जंतु), मत्स्य यूका; fish-manure मछली की खाद, मत्स्य खाद; fish-meal मत्स्य-चूर्ण; fishmonger मछलियाँ बेचने वाला, धीवर; fish-packing मछली की डिब्बाबंदी; fish-pond मत्स्य-ताल (also fish-stew); fish-salesman मत्स्य-विक्रेता; fish-sauce मत्स्य चटनी; fish-scrap (सरेस निसृत) मछली की चमड़ी; fishskin मछली की त्वचा; fish-spear मछली को मारने वाली बर्छी; मत्स्य-भाला; fish-strainer बॉयलर से मछली निकालने की कड़छी; *adj.* fish-tail मत्स्य-पुच्छ; *ns.* fish-torpedo स्वचालित तारपीडो; fishwife, fishwoman मछियारी; *adj.* fishy मछली से बना हुआ, मछली-जैसा; मछलियों से भरा हुआ; संदेहपूर्ण; खतरनाक; — fisherman's luck भीग कर भी मछली न पकड़ पाना; fisherman's ring एक प्रकार की मुद्रा-अंगूठी; fish in troubled waters स्वार्थ के लिए कठिन समय का लाभ उठाना; have other fish to fry करने के लिए दूसरा काम होना; make fish of one and flesh (*or* fowl) of another पक्षपातपूर्ण भेदभाव करना; neither fish nor flesh (nor good red herring), or neither fish, flesh, nor fowl माया मिली न राम; odd fish *or* queer fish विचित्र व्यक्ति

fish *n.* (naut.) जोड़ पट्टी; खेलों का पटल; *v.t.* जोड़ पट्टी बाँधना; *ns.* fish-joint पट्टी जोड़; fishplate जोड़ पट्टी

fishgig. See fizgig.

fisk *v.i.* (obs.) कुलेलें करना, इधर-उधर घूमना

fissile *adj.* विखंड्य, विखंडनीय, विदल्य; *adjs.* fissicostate खंड पर्शुकीय; खंड शिरीय; fissilingual खंड जिह्व; *ns.* fissility विखंड-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शीलता, विदल्यता; fission विखंडन, विभंजन, विभाजन; *adj.* fissionable विखंडनीय, विखंडनीय; *ns.* fissiparism, fissiparity विखंडनशीलता, विखंडनप्रजता; *adjs.* fissiparous विखंडनशील, विखंडनप्रज; fissiped, fissipede फ़िसीपेड, विलग्नांगुल, अयुक्तांगुलि; *n.* अयुक्तांगुलि पशु; *adjs.* fissirostral चंचु; fissive विखंडन संबंधी; *n.* fissure विदर, दरार; *adj.* fissured विदर-युक्त, विभाजित

fissle *v.i.* (Scot.) सरसराना

fist *n.* मुट्ठी, मुष्टि, घूँसा; (coll.) लिखावट, हस्तचिह्न, हस्तलेख; *v.t.* मुट्ठी में रखना; घूँसा मारना; *n.* fistiana मुक्केबाज़ों के किस्से; *adjs.* fistic, -al लड़ाकू; *ns.* fisticuff मुक्का, घूँसा; fist-law पाशविक बल का कानून; मात्स्य न्याय; *adj.* fisty मुट्ठी बाँधे हुए

fistula *n.* संकीर्ण नलिका; (med.) फ़िस्ट्यूला, भगंदर, नालव्रण, नासूर; *adjs.* fistular, fistulose, fistulous नलिकाकार, नालीदार

fit *adj.* उपयुक्त, अनुरूप; ठीक; लायक; क्षमतावान्, योग्य; सरल, आसान; प्रशिक्षित, स्वस्थ, दुरुस्त; *n.* अनुरूपता; वस्त्र की कटाई और माप; चुस्त पोशाक; *v.t. & i.* उपयुक्त या योग्य बनाना; फ़िट करना, ठीक करना; अनुकूल बनाना; जुटाना; लगा देना, ठीक-ठाक कर देना; उपयुक्त होना; फ़िट आना, ठीक बैठना; अनुकूल होना; *ns.* fitment (Shak.) देय; किसी सिरे पर बैठाई हुई चीज़; फ़र्नीचर या और कोई उपकरण; फ़िटिंग, जुड़नार; fitness अनुरूपता, उपयुक्तता; स्वस्थता, दुरुस्ती; fit-out वेषभूषा, वस्त्र-सज्जा; fitter फ़िटर, जोड़ार, मिस्त्री; *adj.* fitting उपयुक्त, समुचित; फ़िटिंग, जुड़नार; जोड़ार या मिस्त्री का काम; — fitting-out उपयुक्त और आवश्यक वस्तुएँ जुटाना; fitting-shop जोड़ार दुकान; fit on पहना कर ठीक बिठाना, फ़िट करना; fit out ठीक करना; fit up जुड़नार लगा देना

fit *n.* (obs.) आपत्ति; चक्कर, घुमरी; मिर्गी, अपस्मार; मूर्च्छा; बीमारी का दौरा; दौरा (रंज हँसी का); तरंग, लहर, सनक, मौज; *v.t.* (Shak.) मरोड़ना, ऐंठना; चौंकाना; *adj.* fitful आवेशयुक्त; सनकी, मौजी; अनियमित; *adv.* fitfully आवेशपूर्वक; सनक के आधार; *n.* fitfulness आवेशयुक्तता; अनियमितपन; — fit of the face मुखविकृति, मुँह चिढ़ाना; fits and starts अनियमित गति से काम

fit *n.* (arch.) गीत; कविता-खंड; राग, तान, लय; also fitt, fitte, fytte

fitch *n.* फ़िच (पौधा)

fitch *n.* गंधमार्जार; गंधमार्जार की खाल; गंध-मार्जार के बालों का ब्रश; सूअर के बालों का बना छोटा ब्रश; *ns.* fitchet, fitchew गंध-मार्जार या उसकी खाल

fitz *pfx.* अपत्य-, संतान (इंग्लैंड के राजाओं की अवैध संतानों के लिए)

five *adj. & n.* पाँच, पंच; *n.* पंचक, पंजा; पंच संख्यात्मक वस्तु; पाँच बजे का समय; *n.* five-a-side पाँच-पाँच खिलाड़ियों का फ़ुटबाल खेल; *adjs.* five-bar पंच-छड़; five-finger पंचांगुलिक (अभ्यास जैसे पियानो का); *adj. & adv.* fivefold पँचगुना; पँच-गुने रूप में; पाँच तहों में लपेटा हुआ; *adj.* five-parted पंचधा विभक्त; *n.* fivepence पाँच पेंस (का सिक्का); *adj.* fivepenny पाँच पेंस (मूल्य) का; *n.* fiver (coll.) पाँच पौंड का नोट; *adj.* five-square (B.) पँच-भुजी; — bunch of fives मुट्ठी, मुष्टि

fives *n. pl.* (Shak.) गेंद का खेल

fix *v.t. & i.* जमाना, जड़ना, बैठाना, पक्का करना, तैयार करना, ठीक करना; तय करना, नियत करना; स्थायी, ठोस, पक्का, स्थिर या अडिग बनाना या रखना; बाँधना, साथ लगाना; ठीक करना, मरम्मत करना, व्यवस्थित करना, देखरेख करना; स्थायी रूप से जमना; पक्का या निश्चित हो जाना; *n.* (coll.) उलझन, असमंजस, दुविधा; (उप-करणों की सहायता से पहचानी गई) वायुयान की स्थिति; *adj.* fixable जड़ने, जमाने, स्थिर या नियत करने योग्य; *v.t.* fixate दृढ़ करना, स्थायी बनाना, स्थिर करना; दृष्टि जमाना, टकटकी लगाना; (विकास) रोक देना; *ns.* fixation स्थिरीकरण, स्थिरण; स्थिरीभवन; दृष्टिबंधन; लक्ष्य बंधन; स्थिरता, दृढ़ता; (phys., chem.) यौगिकीकरण (नाइ-ट्रोजन आदि का); (फ़ोटो का) स्थायीकरण; विबंधन; fixative स्थायीकर, स्थिरक; स्था-पक; fixature स्थिरीकारक (बालों को चिपकाने का द्रव); *adj.* fixed नियत, निश्चित, स्थिर; बद्ध; स्थायी, पक्का; यौगिकी-कृत, संयुक्त; अवाष्पशील; *ns.* fixedness नियत-तन, स्थायित्व; स्थिरता; fixer फ़िक्सर; बंधान, बिचौलिया; नियत करने वाला; स्थिरीकारक;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

fixing नियतन; व्यवस्था; स्थिरीकरण, स्थिरण; (U.S. in *pl.*) जोड़; कतरनें; उपस्कर; fixity नियतन, स्थायित्व, स्थिरता; *adj.* fixive स्थिरीकारक; *ns.* fixture जोड़; जुड़नार; लाग; अनुबंध, अनुलग्नी; स्थापक; स्थावर; स्थिर पद वाला व्यक्ति; मियादी, निश्चित समय अथवा घटना; fixure (Shak.) स्थायिता; स्थिरता, स्थिति, अवस्था; — fixed oils अवाष्पशील तेल; fixed stars तारा, तारक; fix on अलग करना, निश्चित करना, तय करना; fix up व्यवस्था करना; नियत करना; (U.S.) ठीक-ठाक करना, व्यवस्थित करना

fizgig, fisgig *n.* घबड़ाई हुई लड़की; सीले हुए बारूद का घड़ाका; क्रोशिया; तीक्ष्ण अस्त्र

fizz, fiz *v.i.* सीत्कार करना, चरचराना; *n.* सीत्कार, चरचराहट; फेनिल पेय, (विशेषकर शैम्पेन); *n.* fizzer चरचराने वाला; कोई भी बढ़िया चीज़; तेज़ गेंद; *n. & adj.* fizzing चरचराना; चरचराने वाला; *v.i.* fizzle चरचराना; भभक कर बाहर आना, चिटकना, व्यर्थ जाना; असफल होना; *n.* परेशानी या चिंता की स्थिति; असफल प्रयत्न; *adj.* fizzy परेशान, चिंतित; असफल

fizzen. See foison.

fjord. Same as fiord.

flabbergast *v.t.* (coll.) हक्का-बक्का कर देना, आश्चर्य-चकित कर देना

flabby *adj.* पिलपिला, मुलायम, थुलथुल, शिथिल, लटकता हुआ; *n.* flabbiness पिलपिलापन, थुलथुलपन; शिथिलता

flabellum *n.* गिरजाघर में लगा हुआ पंखा; (biol.) व्यजनक, फ़्लाबेलम; *adj.* flabellate पंखाकार; व्यजनाकार; *n.* flabellation व्यजनन; *adj.* flabelliform व्यजनाभ; पंखानुमा

flaccid *adj.* ढीला, श्लथ, शिथिल; क्षीण, अबल; मुलायम और कमज़ोर; लिसलिसा, चिपचिपा; *ns.* flaccidness, flaccidity ढीलापन, शिथिलता; अबलता, क्षीणता; चिपचिपाहट

flacker *v.i.* (dial.) थपथपाना, फड़फड़ाना

flacket *n.* कुप्पी, पतली गर्दन वाली बोतल

flacon *n.* इत्र की शीशी

flaff *v.i.* (Scot.) फड़फड़ाना; फूंकना; *n.* पंखों की फड़फड़ाहट; फूंक; *v.i.* flaffer फड़फड़ाना

flag *v.i.* लटकना, ढीला पड़ना, मुरझाना; सुस्त पड़ना, निरुत्साह होना, शिथिल हो जाना; धीमे से फड़फड़ाना; *n.* flagginess मुर्झा... निरुत्साह, शिथिलता; *adj.* flaggy ढीला... शिथिल, सुस्त, निरुत्साह

flag *n.* आइरिस (पौधा); (B.) नरकुल; ... flag-basket नरकुल की टोकरी; ... flaggy आइरिस के पौधे या नरकुल से युक्त; *n.* flag-worm नरकुल कृमि

flag *n.* झंडा, ध्वज, ध्वजा, पताका; ... निशान-पर्ची; ध्वजपोत; गुच्छेदार पूंछ; ... झंडियों से सजाना; झंडा फहरा कर सूचना देना; *ns.* flag-captain ध्वजपोत कमांडर; flag-day झंडा दिवस; *adj.* flaggy पताका जैसा; फहराने वाला; *ns.* flag-lieutenant ध्वजपोत अधिकारी, ध्वज-लेफ़्टिनेंट; flag-officer ध्वज अधिकारी (नौसेना का अधिकारी जिसे पद सूचक ध्वज लगाने का अधिकार है उदाहरणार्थ-एडमिरल, वाइस एडमिरल, रियर एडमिरल और कोमोडोर); ध्वजपति; flag-ship ध्वज-पोत; flagpole, flagstaff, flag-stick ध्वज-दंड; flag-wagging ध्वज संकेतन; अत्यधिक देशभक्ति; — flag down (कार को) रुकने का संकेत; flag of distress शोकसूचक ध्वज; flag of truce संधिसूचक श्वेत ध्वज; black flag (see black); clip the flag आदर प्रदर्शन के लिए) झंडे को नीचा कर के फिर ऊपर करना; red flag लाल झंडी (खतरासूचक झंडी); क्रांति-ध्वजा; समाजवादी गीत; strike or lower the flag (आदर, पराजय, आत्मसमर्पण या कमान का अधिनायकत्व छोड़ने के कारण) झंडा उतार देना; white flag संधि ध्वज

flag *n.* पत्थर की सिल, (फ़र्श पर जड़ने के लिए) प्रस्तर खंड; *v.t.* प्रस्तर खंड जड़ कर फ़र्श बनाना; *ns.* flagging प्रस्तर खंड, पत्थरों का फ़र्श; flagstone प्रस्तर खंड; *adj.* flaggy प्रस्तर खंड युक्त

flagellum *n.* कोड़ा, चाबुक, कशा, कशाग्र, कशिका, कशाभिका; *n. pl.* Flagellata फ़्लेजेलेटा (कशाभिका-जंतु वर्ग); *v.t.* flagellate कोड़ा मारना, कशाघात करना; *adj.* कशाभयुक्त, कशाभिकामय, कशाभी; *adjs.* flagellated कशाभ युक्त; कशाभी; flagellant कोड़े मारने वाला, कशाघाती; *n.* अपने को (धार्मिक दंड-स्वरूप) कोड़े मारने वाला व्यक्ति; *ns.* flagellantism (धर्मदंड के रूप में) कोड़े मारने का सिद्धांत; flagellation कोड़ा मारना, कशान्यास, कशाघात; flagellator कोड़ा मारने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

…ना, कशाघाती; *adjs.* flagellatory कशा-घात संबंधी; flagelliferous कशाभी; flagelliform कशाभ रूपी, कशाभवत्

flageolet *n.* फ़्लेजिओलेट बाँसुरी, नफ़ीरी

flageolet *n.* फ़्लेजिओलेट (सेम)

flagitate *v.t.* मिन्नत करना, प्रार्थना करना; …ना, माँगते रहना; *n.* flagitation …; प्रार्थना

flagitious *adj.* अत्यंत दुष्ट, दुरात्मा; महा-पापी, जघन्य अपराधी; *n.* flagitiousness दुष्टता, महापातक, जघन्य अपराधी

flagon *n.* बड़ी चौड़े मुंह वाली बोतल; सुराही (मदिरा रखने की)

flagrant *adj.* बदनाम, कुख्यात; संगीन, घोर, …; *ns.* flagrance, flagrancy बदनामी, कुख्याति; जघन्यता; *adv.* flagrantly बदनामी से, कुख्यात होकर; जघन्यतापूर्वक, संगीन रूप से

flagrante bello (L.) जब युद्ध प्रचंड रूप में हो; flagrante delicto रंगे हाथ

flail *n.* फ़्लेल, कंडनी, अनाज पीटने की साँटी; …युगीन अस्त्र; *v.t.* साँटी से पीटना, मूसलवत् … से प्रहार करना

flair *n.* अंतर्बोध, अंतर्प्रेरणा; टोह लेने की शक्ति या क्षमता; (popularly) जन्मजात …

flak *n.* (mil. slang) हवाई आक्रमण निरोधक तोप या शस्त्र

flake *n.* पत्रक, शल्कल, चिपुट, संस्तर; गाले, …, हल्के टुकड़े (जैसे बर्फ़ के); चिनगारी, …; (Spens.) (बिजली की) कौंध, …; *v.t. & i.* शल्कल या फाहे या गाले …ना; शल्कल या फाहे या गाले के रूप में …ना; *ns.* flake-white चित्रांकन के लिए …क श्वेत रंग, शल्कल या फाहों का सा …रंग; flakiness शल्कलता; *adj.* flaky शल्कल या फाहों जैसा

flake *n.* मंच, ढाँचा; (naut.) लपेटा या …, लटकन

flam *n.* सनक; शेखचिल्लीपन; छल, धोखा; *v.t.* छल करना, धोखा देना

flam, flamm. Same as flawn.

flambeau *n.* मशाल (*pl.* flambeaux)

flamboyant *adj.* (archit.) ज्वाला जाली (ज्वाला के आकार की नक्काशी से अलंकृत …शैली की फ़्रांसीसी वास्तु); लहरदार, लहरियादार; अलंकृत; भड़कीला, चटकीला; *n.* गुलमोहर; *ns.* flamboyance, flamboyancy अलंकृतत्व; भड़कीलापन; flamboyant(e)-tree गुलमोहर का पेड़

flame *n.* लौ, लपट, ज्वाला, अग्निशिखा; क्रोध, क्रोधावेश; विचारों की तेज़ी; स्नेह, भाव-मयता; प्रेम, प्रेमपात्र; *v.i. & t.* लौ उठना, शोला भड़कना, लपटें उठना, भड़कना, भड़-काना, प्रज्ज्वलित करना; जलाना; *adjs.* flame-coloured (Shak.) लपट के रंग का, लाल-सुनहरे रंग का; flamed (Spens.) प्रज्ज्वलित, उद्दीप्त; आवेश में भरा हुआ; *n.* flame-leaf गुलमोहर (पौधा); *adj.* flameless ज्वालाहीन; *ns.* flamelet छोटी लपट; flame-thrower शोला फेंक (यंत्र), ज्वाला प्रक्षेपक; *adjs.* flaming सुर्ख़ लाल; चटक; उग्र, प्रचंड, क्रोधोद्दीप्त; घोर; flammable (U.S.) ज्वलनशील; flamy ज्वाला जैसा या ज्वाला युक्त

flamenco *n.* बंजारों का गीत

flamfew *n.* गप्प, झूठी मनगढंत बात

flamingo *n.* फ़्लैमिंगो (पक्षी), हंसावर

flammule *n.* छोटी सी लौ, ज्वालिका; *adj.* flammulated रक्ताभ; *n.* flammulation लौ की तरह के निशान

flanch *n.* see flange; *adj.* flanched

flaneur *n.* घुमक्कड़, आवारा; *n.* flanerie घुमक्कड़पन, आलस्यवश कुछ काम न करना

flange *n.* गोट; झालर; कोर, औंठ, कगर; *v.i.* फैलाना, चौड़ा करना; कोर लगाना, औंठना; *adj.* flanged कोरयुक्त; औंठवाला

flank *n.* बग़ल, बाज़ू, कुक्षि, पार्श्व, पार्श्वभाग; सेना या जहाज़ी बेड़े का पार्श्वभाग; दायें या बायें भाग में स्थित सिपाहियों की टुकड़ी; *v.t.* पार्श्व पर आक्रमण करना, रक्षा करना या डराना; *n.* flanker क़िला-विशेष; *v.t.* पार्श्व से आक्रमण करना

flannel *n.* फ़लालैन, फ़लालैन का कपड़ा; *pl.* क्रिकेट के खिलाड़ियों के वस्त्र; *v.t.* फ़लालैन से रगड़ना या आवृत्त करना; *n.* flannelette फ़लालैन जैसा सूती कपड़ा; *adjs.* flannelled, flannelly फ़लालैन से गढ़ा हुआ, फ़लालैन पहने हुए

flap *n.* थपथपाहट, फड़फड़ाहट; पट्टा, पल्ला; *v.t. & i.* थपथपाना, फड़फड़ाना; *n.* flap-doodle चाटुकारिता; *adj.* flap-eared (Shak.) लटकते हुए कानों वाला; *n.* flapper

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फड़फड़ाने या थपथपाने वाला; तीतर; (slang) किशोरी; चंचल लड़की

flare *v.i.* फूलना, फैलना; उभड़ना, उमड़ना; भड़क उठना, भभक उठना, प्रदीप्त होना, प्रज्ज्वलित होना; आगबबूला होना, क्रोध में भभक उठना; भड़कीला होना, तड़क-भड़क दिखाना; *n.* फूलना, फैलना; भड़क, भभक; लपट, उत्तेजन, प्रदीप्ति; भभूका; लूका; भड़कीलापन, तड़क-भड़क; *n.* flare-up धधक, प्रदीप्ति;तेज़ प्रकाश; *adjs.* flaring प्रज्ज्वलित, धधकता हुआ; भड़कीला, तड़क-भड़क वाला; फैला हुआ; flary प्रज्ज्वलित; भड़कीला

flaser *n.* फ़्लेज़र, रेखित

flash *n.* दमक, कौंध, चमक, चौंध; क्षणदीप्ति, भाव का स्फुरण; फूट पड़ना; क्षण, पल; जलप्लावन; जल-पटल; वरदी पर लगा चमकदार फीता; वरदी पर लगा हुआ कोई भी चिह्न; चोरों की बोली; तार का संक्षिप्त संदेश, कौंध समाचार, तत्क्षण तार; (flash-back) पूर्व दृश्य, अतीत दृश्य; *adj.* भड़कीला, आडंबरपूर्ण; अपराधियों और उनकी भाषा से संबंधित; (पहले) फ़ैशनेबल; *v.t. & i.* कौंधना, चमकना; चमक उठना; स्फुटित होना; दमकना; बौद्धिक दीप्ति प्रकट करना; फट पड़ना, भड़क उठना; कौंध की तरह द्रुत होना; चमकाना, दमकाना; तत्क्षण संदेश भेजना; *ns.* flash-board प्रवाह पटल; flasher कौंधक; flash-house चकला; *adv.* flashily कौंधते हुए; बिजली की सी चमक या गति से; *ns.* flashiness कौंधने की प्रवृत्ति; बिजली की सी चमक या गति; flashing चमकना, कौंधना; फूट पड़ना; (chem.) काँच लेपन; (eng.) भरत, भराई; ढाँप, जोड़ ढाँप; *adj.* चमकदार, कौंधता हुआ; *ns.* flashlight कौंध प्रकाश; (phot.) क्षणदीप, क्षणप्रभा, कौंध बत्ती; flash-point दमकांक; दमक तापांक; प्रज्ज्वलन ताप; स्फुरांक; *adj.* flashy क्षणदीप्तिवान्; तड़क-भड़क वाला; ऊपरी सजावट वाला; (Milt.) आडंबरपूर्ण, भड़कीला

flask *n.* फ़्लास्क, सुराही, पलिघ; बोतल, जेबी बोतल; सींग या धातु का बना पात्र

flat *adj.* सपाट, समतल, चपटा, चौरस; फीका, नीरस, अरोचक; एकरस, विरस; सामान्य; बेस्वाद; प्रभावहीन; उदास, हताश; खरा; स्पष्ट, साफ़; (of feet) चपटा (पैर); (mus.) कोमल (स्वर); उतरा हुआ (स्वर); (phon.) स्वरयुक्त, स्वरित; *n.* समतल भूमि; सम स्थान, मैदान; उथले पानी से भरा स्थल; फ़्लैट, निवास गृह; (naut.) विशेष कक्ष का फ़र्श; दृश्य-पटल; अरोचक प्रसंग या ... भोंदू, बुद्धू; (mus.) कोमल चिह्न; ... अंकित स्वर; पियानो पर काला पर्दा; ... समतल या चौरस रूप में, सीधा लेटा हुआ ... सीधे-सादे रूप में; *ns.* flatboat पटेला, ... तल की नाव; flat-cap एक प्रकार की टोपी ... flat-fish चपटी मीन; चपटी मछली; flat-foot चपटा पाँव, सपाट पाद; (slang) पुलिस वाला; *adj.* flat-footed चपटे पाँव वाला; (U.S.) दृढ़निश्चयी ... *n.* flat-footedness चपटा पाँव रोग, सपाट पाँव रोग; *adj.* flathead चपटे सिर वाला; *n.* (U.S.) भोंदू, घामड़; *ns.* flatiron लोहपत्ती, पत्ती लोहा; इस्तरी; flatness चपटापन, समतलपन, चौरसपन; flat-race सामान्य दौड़, समतल भूमि पर दौड़; *adj.* flatted चपटा किया हुआ, समतल बना हुआ; *n.* flat spin चक्करघूर्ण; हंगामा, हलचल; *v.t. & i.* flatten समतल बनाना, चौरस करना; समतल हो जाना; *n.* flatting बिना चमकाया हुआ चित्रांकन; चिपिटन; *adj.* flattish कुछ-कुछ समतल; *adj.* or *adv.* flatways, flatwise चित पड़ा हुआ, सपाट ... सपाट ओर से; *n.* flat-worm चपटा कृमि; — flatten out हवाई जहाज़ को ... स्थिति में लाना या आड़ा करना; flat out पूरी गति पर; पूरी कोशिश से, पूर्ण प्रयत्नपूर्वक; flat rate समान दर, सामान्य दर; that's flat यह स्पष्ट है; the flat घोड़ों का सामान्य दौड़ समय

flatter *v.t.* चापलूसी करना; चाटुकारी करना, खुशामद करना, मक्खन लगाना, मिथ्या प्रशंसा करना; भरमाना, बहकाना, फुसलाना; ... नाओं या बहलावों से प्रसन्न करना; ... करना, प्रसन्न करना; *n.* flatterer चापलूस, चाटुकार, खुशामदी; *adj.* flattering चापलूसी से भरा, चाटुकारितापूर्ण; *n.* flattery चापलूसी, चाटुकारिता, खुशामद

flatus *n.* फूँक; हवा का झोंका; निःश्वास, पाद, अपानवायु, गंदी हवा; *ns.* flatulence, flatulency आध्मान, उदरवायु के कारण पेट फूलना, अफारा, वातस्फीति; उदरवायु, बाय; थोथी या खोखली बात; *adj.* flatulent आध्मानशील, फूला हुआ, अफारा वाला; *adv.* flatulently आध्मानतः; *adj.* flatuous आध्मानी

flaught (Scot.) *n.* उड़ान; फटफटाहट; ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

flaughter फड़फड़ाहट; *v.i.* फड़फड़ाना, फड़फड़ाना

flaught *n.* (Scot.) फाहा, गाला; खाल; कौंधा; चिनगारी; तृणभूमि; *v.t.* कतरना; चमड़ा उतारना; धुनना, धुनकना; *v.i.* **flaughter** तृणभूमि में घास काटना; *n.* घास की कटाई-छंटाई

flaunt *v.i.* फरफराना; झूमना, इतराना; तड़क-भड़क दिखाना; *v.t.* दिखावा करना, आडंबर करना; *n.* (Shak.) दिखावा, आडंबर; *n.* **flaunter** दिखावा, प्रदर्शन; आडंबर; *adjs.* **flaunting, flaunty** दिखावा करने वाला, आडंबरपूर्ण

flautist *n.* बांसुरीवादक

flavescent *adj.* आपीत, पीला-सा

flavin, flavine *n.* पीला रंग

flavour *n.* सुरुचिक, सुवास, सुरस, लज़्ज़त, स्वाद, सुस्वाद; *v.t.* सुरुचिक करना, सुवास युक्त करना; *adj.* flavorous सुरुचिक, सुवास युक्त; *n.* flavouring सुरुचिकारी, सुवासकारी; *adjs.* flavourless सुरुचिहीन, सुवासहीन; flavoursome सुरुचिक, सुवास युक्त

flaw *n.* हवा का झोंका; प्रभंजन; आवेश; हंगामा, बखेड़ा

flaw *n.* (Shak.) फाहा, टुकड़ा, चिपित्ती; (geol.) अनुप्रस्थ, भ्रंश; स्तरभ्रंश, दरार; त्रुटि, कमी; *v.t.* दरार पड़ना, स्तर भ्रंश होना; टूट जाना

flax *n.* अलसी, सन, पटसन, पटुआ; सन के रेशे; सन का पौधा; (New Zealand flax); *ns.* flaxcomb सन कंघी; flax-dresser सन के रेशे निकालने वाला; *adjs.* flaxen सन का बना या सन जैसा; पिलछौंहा; flax-mill सन मिल; flax-seed अलसी; flax-wench सन के रेशों को कातने वाली स्त्री; flaxy सन जैसा; हल्के रंग का; — purging flax सन-विशेष

flay *v.t.* छीलना, खाल उतारना, छिलका उतारना; कटु आलोचना करना; *ns.* flayer छीलने वाला; कटु आलोचक

flea *n.* पिस्सू; पिशु; *ns.* fleabane फ़्लीबेन (पौधा); flea-bite पिस्सू दंश; दंश चिह्न; (fig.) छोटी सी चीज़, नगण्य वस्तु; *adjs.* flea-bitten पिस्सू का काटा हुआ; नीच या कमीना आदमी; हल्के रंग पर लाल चकत्तों वाला (विशेषकर घोड़ों के लिए प्रयुक्त);

— a flea in one's ear मार्मिक फटकार

fleam *n.* (पशुओं का) नश्तर; छुरिका

fleche *n.* चक्करदार मीनार, पतली मीनार

fleck *n.* चित्ती, धब्बा; कण, टुकड़ा; *vs.t.* fleck, flecker चित्तीदार करना, धब्बा डालना; धारी डालना; *adjs.* flecked चित्तीदार, धारीदार; fleckless बिना चित्ती का, धारी रहित

flecti non frangi (L.) झुकाया जाना, टूटना नहीं

flection a bad spelling of flexion

fledge *v.t.* & *i.* पंख लगाना, पंखों से युक्त करना; पंख उगना, पंख युक्त होना; *n.* fledgling विशाव (पक्षिशावक जिसके नए पंख निकले हों), चिड़िया का बच्चा; *adj.* fledgy (Keats) परदार

flee *v.i.* & *t.* भागना, रफ़ूचक्कर होना, पलायन करना; दूर रहना; *n.* fleer पलायक

fleece *n.* ऊन, मेष लोम; कर्तित ऊन, कच्ची ऊन; *v.t.* ऊन कतरना; लूट लेना; ऊन से ढँकना; *adjs.* fleeced ऊनयुक्त; fleeceless ऊन रहित; *ns.* fleecer ऊन काटने वाला; ठग; fleece-wool पहली कटाई के बाद की ऊन; *adj.* fleecy ऊन-युक्त; ऊन जैसा

fleech *v.t.* & *i.* (Scot.) चापलूसी करना, फुसलाना, घिघियाना; *ns.* fleeching, fleechment चापलूसी, घिघियाहट

fleer *v.i.* & *t.* मुंह चिढ़ाना, बिराना, तिरस्कारपूर्वक मुंह बिचकाना, टेढ़ी नज़र करना, भँवें चढ़ाना; उपहास करना, मज़ाक उड़ाना; *n.* उपहास, मज़ाक; *n.* fleerer उपहास करने वाला; *n.* & *adj.* fleering उपहासकारी

fleet *n.* समूह, कारवाँ, बेड़ा (जहाज़ों, चिड़ियों विमानों, मोटरकारों आदि का); जहाज़ो बेड़ा, नौसेना; एडमिरल के अधीन नौसेना का एक खंड

fleet *adj.* द्रुत; चुस्त, फुरतीला; क्षणभंगुर; *adj* fleet-foot (Shak.) द्रुतगामी; *n.* fleetness द्रुतगामिता

fleet *v.i.* (obs.) तिरना, बहना; जल्दी बीत जाना, अत्यंत क्षणिक होना; *v.t.* (Shak.) जल्दी बिताना; *adj.* (dial.) उथला, छिछला; *adj.* fleeting क्षणिक, क्षणभंगुर, अल्पकालिक, अनित्य

fleet *n.* छिछली खाड़ी या आखात; *ns.* the Fleet or Fleet Prison लंदन का एक जेल-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गाड़ी; बच्चा गाड़ी; mail-catcher डाक लेने वाला यंत्र (चलती गाड़ी से); mail-coach, -car, -carriage, -drag, -gig, -van डाक डिब्बा, डाक गाड़ी; mail-guard डाक रक्षक; mailing-card (U.S.) पोस्ट कार्ड; mail-table डाक मेज़; mailman डाकिया, पत्रवाहक; mail-plane, mail-train डाक वाहक, पत्र वाहक, डाक गाड़ी; mail order माल आदेश; डाक बिक्री

mail *n.* (Scot.) अदायगी; किराया; *ns.* mailer किरायेदार, कॉटेज में रहने वाला; mailing किराए का फ़ार्म; किराया

mail, maile *n.* (obs.) मेल (आधी पैनी)

mail *n.* (Scot.) (इस्तरी का) धब्बा; दाग़; *v.t.* (इस्तरी करते हुए) दाग़ लगा देना

maim *n.* लँगड़ापन, अपंगता; अंगहीनता; *v.t.* लंगड़ा करना, अपंग करना; अंगहीन कर देना; *adj.* लँगड़ा, अपंग, अंगहीन; *adj.* maimed लंगड़ा, अपंग, अंगहीन; *ns.* maimedness लंगड़ापन, अपंगता, अंगहीनता; maiming अपंग करना; अंगहीनता

main *n.* मुख्य भाग; मुख्य भूभाग; मुख्य सागर; मुख्य पाइप या नलिका; अनिवार्य; प्रचुर भाग; *adj.* बड़ा, मुख्य, प्रमुख; प्रधान; *ns.* main-boom प्रमुख पाल में लगी हुई बल्ली; main-brace प्रमुख मस्तूल डेक; main-course मुख्य पाल; main-deck मुख्य डेक; main-door मुख्य द्वार; प्रमुख दरवाज़ा; mainland मुख्य भूमाग; महाद्वीप; mainlander मुख्य भूभाग के निवासी; mainmast बड़ा डोल; mainsail बड़ा पाल; mainsheet छोटे बादवान से बँधी हुई रस्सी; mainspring मुख्य कमानी, बड़ी कमानी; (fig.) प्रमुख उद्देश्य; mainstay बड़े डोल की रस्सी; मुख्य सहारा; maintopmast निचले मुख्य मस्तूली डंडे का मंचक; main-mast मुख्य मस्तूल; maintopsail प्रमुख पाल; mainyard मुख्य मस्तूल के नीचे की शहतीर; — might and main सर्वाधिक बल

main *n.* वेलचा

main *n.* मेन (हैज़ार्ड में 5-9 तक के अंक); हैज़ार्ड खेल; मुर्गों की लड़ाई; प्रतियोगिता के मुर्गे; प्रतियोगिता (खेल)

main *v.t.* (dial.; Shak.) लंगड़ा करना, अपंग करना

mainor, mainour, manner *n.* चोरी; चोरी की वस्तु; — in, with, the manner कार्य में, चोरी का माल लिए हुए

mainprise *n.* (law) प्रतिभूति, जमानतदारी; *ns.* mainpernor ज़मानती

mains *n. pl.* (Scot.) घरेलू फ़ार्म

maintain *v.t.* बनाए, बचाए, चालू, रखना; सहारा देना; प्रोत्साहन देना; जारी रखना; पोषण करना; भरण-पोषण करना; संचालन करना; देखभाल करना; अनुरक्षण करना; भरण-पोषण करना; दावा करना; दृढ़तापूर्वक कहना; (law) पैरवी करना; संधारण करना; *adj.* maintainable संपोषणीय; अनुरक्षणीय; जारी रखने योग्य; समर्थनीय; *ns.* maintainer संपोषक; अनुरक्षक; जारी रखने वाला; समर्थक; पैरवी करने वाला; maintenance धारण, संधारण, पोषण, भरण-पोषण; पोषण; अनुरक्षण, देखभाल; *v.t.* चालू रखना, काम चलाऊ रखना

maire (Fr.) मेयर, महापौर, नगरपाल

maison de ville (Fr.) नगर गृह, नगर में निर्मित घर

maisonnette, maisonette *n.* छोटा घर या फ़्लैट

maitre (fem. maitresse) **de ballet** *n.* नर्तक प्रशिक्षक और रिहर्सल करने वाला

maitre d'hotel *n.* होटल का प्रबंधक

maize *n.* मक्का, मकई; मकई वर्ण; also *adj.*; *n.* water maize जल मक्का

majesty *n.* प्रताप, तेजस्विता; विभूति; रोब-दाब, दबदबा; सत्ता, प्रभुत्व; His Majesty श्री तत्र महान, महामहिम; Your Majesty श्री तत्र महान्; Her majesty तत्र महती; *adj.* majestic, -al प्रतापी, तेजस्वी, ऐश्वर्यशाली, राजसी; राज योग्य, राज प्रतापवान, शाही, भव्य; शानदार; *ns.* majesticalness, majesticness (obs.) ऐश्वर्य, प्रताप, तेज, राज प्रताप, भव्यता

Majlis *n.* मजलिस, सभा; also Mejlis

majolica *n.* चिकना तथा वार्निशदार मिट्टी का बर्तन; मजोलिका

major *adj.* अधिक, गुरु, दीर्घ, मुख्य, प्रधान, मेजर; *n.* प्राप्त वय, वयस्क, बालिग़; मेजर (सेनाधिकारी); सार्जेंट मेजर; (U.S.) (विद्यार्थी का) मुख्य विषय; *v.i.* अधिक होना; (U.S.) कॉलिज में विशेष योग्यता प्राप्त करना; *ns.* majorat ज्येष्ठता, ज्येष्ठाधिकार; major-domo मेजर डोमो, गृह प्रबंधक; major-general मेजर जनरल (सैनिक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...); major-generalcy, major-generalship मेजर जनरल का पद; — major axis दीर्घ अक्ष; major premise (log.) साध्य-प्रतिज्ञा; major suit (bridge) हुकुम का पत्ता, पान का पत्ता; major term साध्य पद, गुरु पद

majoritaire (Fr.) बहुमत पक्षीय व्यक्ति (विशेषकर समाजवादी)

majority *n.* बहुमत, अधिकांश, बहुसंख्या, बहु-पक्ष; उत्कर्ष, श्रेष्ठता; प्राप्तवयता, वयस्कता; मेजर पद; also *adj.*; — go over to *or* join the majority मर जाना

majuscule *n.* (palaeog.) बड़ा अक्षर; *adj.* majuscular बड़ा, दीर्घ

make *v.t.* बनाना, निर्माण करना; सृष्टि करना, उत्पन्न करना; अस्तित्व में लाना; संपादन करना, प्रस्तुत करना; उत्पन्न करना; निष्पादन करना; करवाना; प्रेरित करना; में परिणमित करना; नियुक्त करना; प्रतिनिधि रूप में करना; मानना; निष्कर्ष निकालना; धक्का देना; स्थिति में लाना; स्थापित करना; तरक्की देना, पदोन्नति करना; तत्पर करना; (Shak.) बंद करना; (cards) फेंटना; तुरुप बोलना; संघटित करना; कुल योग होना; पैदा होना, उत्पादित होना; योग्य होना; दृष्टिगोचर होना; पहुँचना; पूरा करना, प्राप्त करना; आरंभ करना; *n.* आकार, रूप; बनावट, बुनत, तंतु विन्यास; गठन; विरचन; निर्माण; छाप; मार्का; प्रकार; संघटन; निर्मित वस्तु; संपर्क (विद्युत्); तुरुप बोलना; *adj.* make-and-break विच्छेदी एवं संयोजी परिपथ; संपर्क और विच्छेद; जोड़-तोड़ (संपर्क); *n.* makebate दुष्ट; *v.i.* make-believe बहाना बनाना, का स्वाँग भरना; गढ़ना; *n.* बहाना, छल; कृतक विश्वास; प्रतीति भ्रम; स्वाँग; *adj.* बहाना बनाने वाला, स्वाँग संबंधी; *adj.* make-do काम चलाऊ; *ns.* maker बनाने वाला, निर्माता, रचयिता, कर्ता; सृष्टिकर्त्ता (ईश्वर); (arch; esp. in Scots form, makar) कवि; (bridge) घोषणा करने वाला; ताश में घोखा देने वाला; makeshift काम चलाऊ चीज़; *adj.* काम चलाऊ; *ns.* make-up व्यवस्था, बनावट, विन्यास, संघटन; प्रकृति, स्वभाव; रूप सज्जा, शृंगार साधन, मेक अप; (print.) स्तंभ विन्यास; make-weight पासंग; कमी पूरक; making रचना, निर्माण; आकार, रूप, स्वरूप; (in *pl.*) लाभ; (in *pl.*) मूल पदार्थ; — make a figure स्पष्ट होना; सुस्पष्ट होना; make after पीछा करना; make against विरोध करना, प्रतिकूल बात कहना; make a (good) meal, dinner, etc. छक कर भोजन करना; make amends संतुष्ट करना, कमी पूरी करना; make an ass of oneself मूर्खवत् व्यवहार करना; make a night of it रात्रि को आनंद मनाना; make as if, or though बहाना करना; make at शत्रुता सूचक इशारा करना; make away (with) चुराना, छुटकारा पाना, नष्ट करना, मार डालना; make down (काटकर) छोटे नाप का बनाना; (Scot.) चादर आदि झड़काना; make eyes at(see eye); make for की ओर जाना, पर आक्रमण करना; पक्ष लेना; make free with (see free); make friends मित्रवत् होना; दोस्ती गाँठना; make head or tail of मतलब समझना; make much of दुलारना, चाहना, प्यार करना; बहुत कुछ समझना; make no doubt कोई संशय न होना, आश्वस्त होना; make nothing of कोई बड़ा न समझना; समझने में पूर्णत: असमर्थ होना; make of से बनाना; से समझना; (obs. & Scot.) दुलारना, चुमकारना; (obs.) मानना; make off with ले भागना; make on (Shak.) दुलारना, लाड़-प्यार करना; make one's way आगे बढ़ना; जीतना, अग्रसर होना; make or meddle with बाधक बनना, बाधा पहुँचाना; make out भांपना, पता लगाना; देखना; निकालना, हिसाब लगाना; सिद्ध करना; के सदृश बनाना; खींचना; (obs.) प्राप्त करना, अवाप्त करना; भरना; (किसी तरह) निर्वाह करना; सफल होना; make over पुन: बनाना, पुन: निर्माण करना; बदलना, हस्तांतरण; make sail पाल खोलना; नाव खेना; make sure (of) विश्वस्त होना; संशय से परे रखना; प्राप्त करना; निश्चित होना; (obs.) वाग्दान करना, सगाई करना; make the best of सर्वाधिक लाभ प्राप्त करना; अच्छी तरह से लेना; make the most of अधिक फ़ायदा उठाना; make up कल्पित करना; गढ़ना; इकट्ठा करना; व्यवस्थित करना; पार्सल बनाना; आकार देना; तरतीब में रखना; झगड़ा करना; संघटित करना; मरम्मत करना, संपूर्ण करना; वेष बनाना; सज्जा लगाना, स्तंभ विन्यास करना; पूरा करना; क्षतिपूर्ति करना; (Shak.) निर्णय करना; make up one's mind सोच-विचार करना, निश्चित होना;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

make up to मित्र बनना, मित्र बनाना; पूर्ति करना; on the make (coll.) स्व प्रगति में तत्पर

make *n.* (dial.) मित्र, पति, पत्नी; *adj.* makeless (obs. or dial.) मित्रहीन, पतिहीन, पत्नीविहीन

makimono *n.* मैकिमोनो (रेशम लपेटी हुई लकड़ी)

mal- *pfx.* बद-, कु-, दुस्-, दुर्-, ; अ-, अन-

Malabar-rat *n.* मालाबारी चूहा

Malacca-cane *n.* मलैका की छड़ी

malacia *n.* मृदता, रेचकता; अप्राकृतिक भूख

malacology *n.* शुक्ति विज्ञान, मोलस्का विज्ञान (घोंघा आदि जंतुओं का अध्ययन); *adj.* malacological शुक्ति विज्ञान संबंधी, घोंघा विज्ञान विषयक; *n.* malacologist शुक्ति विज्ञानी, घोंघा विज्ञानी

malacophilous *adj.* (bot.) शंबूक परागित, घोंघा परागित

Malacopterygii *n.pl.* मैलकॉप्टरजी (मत्स्य); *adj. & n.* malacopterygian मैलकॉप्टरजी संबंधी

Malacostraca *n. pl.* मृदुपृष्ठ वर्म, मैलेकॉस्ट्रेका; *adj. & n.* malacostracan, malacostracous मृदुपृष्ठवर्मी, मैलेकॉस्ट्रैका संबंधी

maladaptation *n.* दुरनुकूलन, अपानुकूलन

maladdress *n.* अजीबपन, बेढंगापन

maladjustment *n.* कुसमायोजन, अपसमायोजन; कुव्यवस्था

maladminstration *n.* कुप्रशासन, कुशासन

maladroit *adj.* अदक्ष, अनाड़ी, फूहड़; *n.* maladroitness अदक्षता, अनाड़ीपन, फूहड़पन

malady *n.* बीमारी, रुग्णता; रोग, व्याधि, मर्ज़

mala fide (L.) कदाशय, असद्भाव, बुरा इरादा

Malaga *n.* मलागा (श्वेत सुरा)

Malagasy *adj.* मैडागास्करीय; *n.* मैडागास्कर वासी; मैडागास्कर भाषा; also Malagash

malaise *n.* बेचैनी, क्लांति, व्याकुलता, घबराहट; रुग्णता, अस्वस्थता

malapert *adj.* धृष्ट, ढीठ; उन्नत, बेअदब; गुस्ताख; उद्धत; *n.* malapertness धृष्टता, ढिठाई, बेअदबी, गुस्ताखी

malapporpriate *v.t.* दुरुपयोग करना; *n.* malappropriation दुरुपयोग

malapropism *n.* दुष्प्रयोग, हास्यास्पद शब्द प्रयोग

malapropos *adj.* कुव्यवस्थित; अनुपयुक्त; अदक्ष, अकुशल; *adv.* कुव्यवस्थितता से; अनुपयुक्तता से; बेवक्त

malar *adj.* कपोल संबंधी, गाल संबंधी; *n.* कपोलास्थि

malaria *n.* मलेरिया; *adjs.* malarial, malarian, malarious मलेरिया संबंधी

malark(e)y *n.* (U.S.) निराधार कहानी, बकवास

malassimilation *n.* कुपोषण, कुभोजन

malax, malaxate *vs. t.* गूंध कर, मसल कर या रगड़कर नरम करना

Malay, -an *n.* मलयवासी, मलय भाषा; *adj.* मलय भाषा या लोगों से संबंधित

malconformation *n.* दुरनुरूपण, बेतुकापन

malcontent *adj.* असंतुष्ट (राजनीतिज्ञ); *n.* असंतुष्ट व्यक्ति; *adj.* malcontented असंतुष्ट; *n.* malcontentedness असंतुष्टता

maldistribution *n.* कुवितरण

male *n.* (Spens.) for (mail armour)

male *adj.* पुल्लिग, नर; पुंजातीय, पुं-; (bot.) पुंकेसरी; (mach.) मेल; *n.* नर, पुरुष; (Shak.) पिता; *ns.* male-fern मेल-फर्न; male orchis मेल आर्चिस (पादप); male order (शिल्पकला में) डोरिक शैली; male rhymes अंत्यानुप्रास

malediction *n.* निंदा, आक्रोश; अभिशाप; *adjs.* maledicent निंदात्मक; maledict निंदित; *v.t. & i.* निंदा करना, अभिशाप देना; *adj.* maledictory अभिशापपूर्ण, निंदात्मक

malefactor *n.* दुष्कर्मी, कुकर्मी; अपराधी, अपकारी; *n.* malefaction अपराध, दुष्कर्म, कुकर्म, जुर्म; *adjs.* malefactory, malefic शरारती, बदमाश; अपराधी, दुष्कर्मी, कुकर्मी, अपकारी; *ns.* malefice अपकार, दुष्कर्म, कुकर्म; जादू; maleficence अपकार, दुष्कर्म, कुकर्म; जादू; *adjs.* maleficent, maleficial (rare) हानिकर; अशुभ; अपराधी

maleic. See under malic.

malemute *n.* मेलम्यूट (ऐस्किमो कुत्ता); also malamute

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

malengine *n.* कुकर्म, अपराध; धोखा

malentendu (Fr.) ग़लतफ़हमी, भ्रम

malevolent *adj.* द्वेषी, द्वेषपूर्ण, दुर्भावपूर्ण, अपकारी, अपरूप; *n.* malevolence दुर्भाव, द्वेष, अपकार

malfeasance *n.* दुष्कर्म, अकृत्यापकरण; अपराध, बुराई, दुष्करण; भ्रष्टाचार; *adj.* malfeasant दुष्कर्मी, अकृत्यापकारी, अपकारी, दुष्करणीय; भ्रष्टाचारी

malformation *n.* अपरचना, कुरचना; विकृति; कुरूपता; *adj.* malformed अपरचित, कुरचित, विकृत, कुरूप

malfunction, -ing *ns.* अपक्रिया, कुसंक्रिया

malgrado *prep.* (obs.) के बावजूद, के होते हुए भी

malgre (Fr.) के होते हुए, के बावजूद; malgre lui, moi, etc. मेरे, उसके प्रयत्नों के बावजूद; खामख्वाह, ज़बरदस्ती; malgre tout तथापि, तो भी, सभी बातों पर विचार के बाद भी

malic *adj.* मैलिक (अम्ल); *n.* malate मैलेट(लवण); *adj.* maleic मैलेइक;—maleic acid मैलेइक एसिड, मैलेइक अम्ल

malice *n.* विद्वेष, दुर्भावना; द्रोह, चिढ़ाने की इच्छा; *v.t.* विद्वेष करना, दुर्भाव रखना; *adj.* malicious विद्वेषी, दुर्भावनाशील; शरारती; *n.* maliciousness विद्वेषपूर्णता, दुर्भावनाशीलता

malicho *n.* (Shak.) शरारत

malign *adj.* दुःसाध्य; तीव्र, उग्र; हानिकर, अनिष्टकर; क्षतिकारी; द्वेषी, प्रद्वेषी; *v.t.* बुराई करना, बदनाम करना; (obs.) शत्रुता करना, द्वेष करना; दुर्भाव रखना; *ns.* maligner निंदक, बदनाम करने वाला; शत्रु, द्वेषी, दुर्भावनाशील व्यक्ति; malignity दुःसाध्यता, उग्रता, निंदा, बदनामी; घृणा, कटुता, कड़ुआपन; द्वेष, वैर; *n.* malignment निंदा, बदनामी, घृणा, कटुता, कड़ुआपन; द्वेष, प्रद्वेष, वैर

malignant *adj.* हानिकर; तीव्र; द्वेषी, प्रद्वेषी; (also cap; hist.) शाही; (med.) दुर्दम, विषालुता; esp. कैंसरी, कर्कटी; *ns.* malignance, malignancy हानि, द्वेष, प्रद्वेष, दुर्दम्यता, विषालुता

malinger *v.i.* बीमारी का बहाना करना, छद्म रुग्णता दिखाना; *ns.* malingerer छद्म रोगी; malingery छद्म रोग

malison *n.* शाप, अभिशाप

malkin *n.* (Shak.) गंदी या फूहड़ स्त्री; झाड़न, गुच्छ; हौआ, बिजूखा; (Scot.) ख़रगोश; also mawkin

mall *n.* माल (बड़ा लकड़ी का हथौड़ा); मुंगरा, मुंगरी; मुंगरी का खेल; खेलने की मुंगरी; सड़क, आम सड़क; *v.t.* हथौड़े से पीटना, पीटना

mallard *n.* नीलसर, जंगली बत्तख

malleate *v.t.* हथौड़े से पीटना; (पीटकर) पतला करना; *adj.* malleable आघात वर्ध्य, आघात वर्धनीय; *ns.* malleableness, malleability आघात वर्ध्यता; आघात वर्धनीयता; malleation आघात वर्ध्यता, आघात-वर्धन; *adj.* malleiform हथौड़ाकार; *n.* malleus मैलियस, मुद्गरास्थि

mallee *n.* मली (पौधा); *n.* mallee-bird, -fowl, -hen मली-बर्ड, -फ़ाउल, -हेन (पक्षी); mallee-scrub मली गुल्म

mallemuck *n.* मलीमक (पक्षी)

malleolus *n.* गुल्फ़ वर्ध; *adj.* malleolar गुल्फ़ वर्ध संबंधी

mallet *n.* मुंगरी, घन, मोगरी, मोगरा, मुद्गर

mallophaga *n. pl.* मैलोफ़ेगा (कीट); *adj.* mallophagous मैलोफ़ेगाई

mallow *n.* मैलो (पौधा)

malm *n.* खड़ियामय चट्टान; खड़िया, या चाक मिश्रित मिश्रण

malmsey *n.* मामज़ी अंगूर; मामज़ी सुरा; also malvasia, malvesie, malvoisie

malnutrition *n.* कुपोषण, अपोषण

malodour *n.* दुर्गंध, बदबू; *adj.* malodorous दुर्गंधमय, बदबूदार; *n.* malodorousness दुर्गंधमयता

Malpighia *n.* मैलपिगिया (पादप); *adj.* malpighian मैलपिगीय

malposition *n.* दुःस्थिति, कुस्थिति

malpractice *n.* अनाचार, कदाचार; भ्रष्टाचार; कुप्रथा; *n.* malpractitioner अनाचारी, कदाचारी, भ्रष्टाचारी

malpresentation *n.* अप्रकृत गर्भ स्थिति

mal soigne (Fr.) फूहड़, मैला-कुचैला; अस्त-व्यस्त, बिखरे बालों वाला

malt *n.* माल्ट, यव्य; माल्ट सुरा; *v.t.* माल्ट बनाना, माल्ट मिलाना; *v.i.* माल्ट बनना;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(facet.) माल्ट सुरापान करना; *adj.* माल्ट युक्त, माल्ट निर्मित; *ns.* maltase माल्टेस; malt-dust माल्ट चूरा; malt-extract माल्ट सार; malt-floor माल्ट फ़र्श; malt-horse माल्ट होर्स (शराब खींचने के काम आने वाला घोड़ा); (Shak.) मूढ़ व्यक्ति; malt-house माल्टगृह, माल्ट तैयार करने का स्थान; malt-kiln माल्ट भट्टा; malt liquor माल्ट सुरा; malt-mill माल्ट मिल; maltose माल्टोस, यव शर्करा; maltster, maltman माल्ट बनाने वाला; maltworm (Shak.) शराबी, पियक्कड़; *adj.* malty माल्टी

Malta *adj.* माल्टा द्वीपीय; *adj.* Maltese माल्टा का, माल्टा वासी, माल्टा भाषी; *n.* माल्टावासी; (*pl.* Maltese); माल्टा द्वीपीय भाषा; — Malta fever माल्टा ज्वर; Maltese cross माल्टाई क्रॉस; Maltese dog माल्टाई श्वान

maltalent *n.* (Spens.) दुराव, द्वेष

maltha *n.* माल्था (प्राचीन सीमेंट)

Malthusian *adj.* (थोमस रॉबर्ट) माल्थस का; *n.* माल्थस का शिष्य; *n.* Malthusianism माल्थसवाद

maltreat *v.t.* दुर्व्यवहार करना, अत्याचार करना; *n.* maltreatment दुर्व्यवहार, अत्याचार

Malva *n.* माल्व (पौधा); *adj.* malvaceous माल्वई

malversation *n.* दुर्व्यवहार; भ्रष्टाचार

mal vu (Fr.) अस्वीकार्य, अननुमोदनीय

mamba *n.* मांबा (विषैला अफ़्रीकी सर्प)

mambo *n.* ओझा, जादू-टोना करने वाला; वेस्ट इंडीज़ नृत्य या इसकी धुन

mamelon *n.* गोल पहाड़ी, टीला

mameluco *n.* मैमलूको (ब्राज़ील का गोरा-काला संकर)

Mameluke *n.* मैमेल्यूक (मुस्लिम देशों में गुलाम); श्वेत दास, गुलाम

mamilla *n.* स्तनाभिका, स्तनाग्र, चूचुक, कुचाग्र; कुचाग्रवत् उभार, उत्सेद; *pl.* mamillae; *adjs.* mamillar, mamillary चूचुक-धारी; स्तन संबंधी; स्तनाकार, चूचुकाभ; घुंडीदार; mamillate, mamillated स्तनी; स्तनवत्; *n.* mamillation कुचाग्रवत उत्सेदन; *adj.* mamilliform स्तनाकार, चूचुकाकार, घुंडीदार

mamma, mama *n.* मामा (माँ); *n.* ... my मम्मी (माँ); (U.S.) धाय, ... आया

mamma *n.* दुग्ध ग्रंथि; स्तन, चूचुक; *pl.* mammae; *adjs.* mammary स्तन संबंधी, चूचुक संबंधी; mammate स्तनधारी, ...धारी; *n.* mammifer स्तनपायी, ...; *adjs.* mammiferous स्तनधारी, ...धारी; mammiform स्तनाकार, ...आकार; *n.* mammilla (see mamilla)

mammal *n.* स्तनधारी, स्तनपायी, ...; *adjs.* mammalian स्तनी; mammaliferous स्तनधर; मैमेलिफ़ेरस; mammalogical स्तनी विज्ञान संबंधी; *ns.* mammalogist स्तनी विज्ञानी; mammalogy स्तनीविज्ञान

mammee *n.* ममी फल (also mammee apple); ममी पादप; *n.* mammee-sapota ममी-चीकू (फल)

mammer *v.i.* (Shak.) हिचकना, ... संशय में पड़ना

mammet, maumet, mawmet, ... *n.* मूर्ति, प्रतिमा; (Shak.) पुतली, कठपुतली; *ns.* mammetry, maumetry, mawmetry मूर्ति, मूर्तियाँ; मुहम्मदवाद

mammilla. Same as mamilla.

mammock *n.* बेढंगी वस्तु, आकारहीन वस्तु; *v.t.* (Shak.) फाड़ डालना, क्षत-विक्षत करना, विकृत करना

mammon *n.* धन-संपत्ति; Mammon धन देवता, कुबेर; *adj.* mammonish धन लोलुप, धन परायण; *ns.* mammonism धन लोलुपता, धन परायणता; mammonist, mammonite धन लोलुप व्यक्ति, धन परायण व्यक्ति; *adj.* mammonistic धन लोलुप, धन परायण

mammoth *n.* मैमथ (हाथी); *adj.* विशाल, ... विशालकाय; *n.* mammoth-tree ... पादप

man *n.* मानव, मनुष्य, पुरुष, नर, आदमी; नौकर, कर्मचारी; मातहत; सैनिक; पति, ... मोहरा (शतरंज का); स्तूप; स्तूप-युक्त पहाड़ी; जलपोत (as in man-of-war); ... तपस्वी मनुष्य; *pl.* men; *adj.* also in composition (as man-cook) ... पु-; *v. t.* (सुरक्षार्थ) आदमी देना, ... भरना; मनुष्यता प्राप्त करना, ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कराना; *ns.* man-at-arms सुसज्जित सैनिक, योद्धा; man-body (Scot.) पुरुष; man-child बच्चा, लड़का; *pl.* men-children; mandom (rare) मानवता, मनुष्यता; man-eater मानव भक्षी, नर भक्षी; आदमखोर पशु; *adjs.* man-entered (Shak.) मनुष्यत्व प्राप्त; manful पराक्रमी, वीर, शूर, बहादुर; निडर; साहसी; शक्तिशाली; मज़बूत; सज्जन; *n.* manfulness पराक्रम, शूरवीरता, बहादुरी, निर्भयता; साहस, दृढ़ सज्जनता; *v.t.* manhandle मानव शक्ति से चलाना; (orig. slang) बुरी तरह पेश आना, उग्रता से पकड़ना; *ns.* manhole नर छेद, नर विवर, मैनहोल; manhood पुरुषत्व, मानवता, मनुष्यता; मानव स्वभाव, मानव प्रकृति, पौरुष; man-hour श्रम घंटा, मानव घंटा; man-jack, man jack व्यक्ति; mankind नर, मानव; मानव संहति, मानव जाति, मनुष्य; *adj.* (Shak.) मानवोचित; *adj.* man-like मनुष्यवत्, मानववत्; *n.* manliness मानवता, मनुष्यता; *adjs.* manly पुरुषोचित; वीर, निर्भीक; सम्मानित, गौरवान्वित; सज्जन, नेक; मनुष्यत्व संबंधी; मानव गुण संपन्न; man-made मानव निर्मित; *n.* man-milliner नारी वस्त्र बनाने वाला; *adjs.* man-mined मानव स्वभाव का; manned मानवित; पुल्लिग; mannish मानवोचित; *n.* ... manness मानवोचितता, मानवता, ...; man-of-war युद्धपोत; (arch. or ...) सैनिक, योद्धा; (in full man-of-war bird मैन ऑफ़ वार पक्षी); (Portuguese man-of-war, see Physalia); man-of-war's-man योद्धा, सैनिक, नौसैनिक; manpower मानव शक्ति, जन शक्ति; man-queller (Shak.) मानव हत्यारा; man-servant नौकर, सेवक; *pl.* men-servants; man-slaughter नर हत्या; (law) मानव हत्या; man-slayer नर हत्यारा, मानव हत्यारा; man-stealer अपहरणकर्त्ता; man-trap मैन ट्रैप (अपराधियों को फाँसने का जाल); men-folk(s) पुरुष, मर्द, मानव; — man-about town शौकीन व्यक्ति, रसिक व्यक्ति; man alive! आश्चर्य द्योतक अव्यय; manhood suffrage पुरुष मताधिकार; man in the street जनसाधारण, सर्वसाधारण; man of business एजेंट, वकील; man of god संत, साधु, संन्यासी, महात्मा; man of his hands पराक्रमी, वीर मनुष्य; man of law वकील; man of letters विद्वान; लेखक; man of sin नास्तिक, परमेश्वर विमुख; man of straw अविश्वासी मनुष्य, अविश्वस्त व्यक्ति; man of the world दुनियादार, अनुभवी व्यक्ति; man to man प्रति व्यक्ति, एक आदमी एक के साथ; खुले आम; to a man निर्विवाद

mana *n.* (anthrop.) माना (अधिमानवीय शक्ति, अतींद्रिय शक्ति)

manacle *n.* हथकड़ी; *v.t.* हथकड़ी डालना; निरोध करना

manage *n.* घुड़सवारी; *v.t.* सधाना; सँभालना; चलाना, संचालन करना; नियंत्रित करना, शासन करना; बागडोर सँभालना; की युक्ति निकालना; (arch.) किफ़ायत से प्रबंध करना; का सफल प्रबंध करना; पक्ष में लेना; छल योजना करना; प्रबंध करना, नियमन करना; *v.i.* काम चलाना; चलते रहना, सफल होना; *n.* manageability संचालनीयता, नियंत्रणीयता, वश्यता; *adj.* manageable संचालनीय, नियंत्रणीय, वश्य; *n.* manageableness संचालनीयता, नियंत्रणीयता, वश्यता; *ns.* management प्रबंध, प्रबंधन, व्यवस्था, बंदोबस्त; प्रबंध कौशल; प्रशासन; संचालन, प्रबंधक वर्ग; manager प्रबंधक, व्यवस्थापक; संचालक, मैनेजर; घरेलू प्रबंधकर्त्ता; (U.S.) नेता; fem. manageress; managership मैनेजर पद, मैनेजर पन; *adjs.* managerial प्रबंधकीय, व्यवस्थापकीय, मैनेजरी; managing प्रबंध-, व्यवस्थापक-; also *n.*

manakin *n.* मैनेकिन (पक्षी); बौना, पुतली

manana (Sp.) (भावी) कल, भविष्य में

manatee, manati *n.* मांती, मैनेटी, जलगाय

manchineel *n.* मांचीनील (पादप)

Manchu, Manchoo *n.* मांचू, मांचू भाषा; *adj.* मंचूरिया (वासी) संबंधी; *n.* Manchuria (Jap. Manchukuo) मंचूरिया; *adj.* Manchurian मंचूरियाई

mancipation *n.* (Rom. hist.) हस्तांतरण; *v.t.* mancipate हस्तांतरण करना; *adj.* mancipatory हस्तांतरणीय

manciple *n.* प्रबंधक, कारिंदा; (खाद्य) प्रबंधक, भंडारी

Mancunian *adj.* मानचेस्टर संबंधी; *n.* मानचेस्टरवासी

mancus *n.* (hist.) मैन्कस (इंग्लैंड की मुद्रा विशेष, 30 पैंस); *pl.* mancuses

Mandaean *n.* & *adj.* मैंडेन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

mandamus *n.* परमाधिदेश; *pl.* mandamuses

mandarin *n.* मेन्डारिन; (cap.) मेन्डारिन भाषा (चीनी); दफ़्तरशाह; (also mandarine) संतरा; मध्विरा; *n.* mandarinate मेन्डारिन कार्यालय; मंडारिन; — mandarin duck मन्डारिन बत्तख़

mandate *n.* अधिदेश; आदेश, शासनादेश; आज्ञा; अधिरोप, अभियोग; अधिकार पत्र; पोप की आज्ञा; *v.t.* अधिदेश देना, शासनादेश देना, आदेश देना, आज्ञा देना, अधिकार पत्र देना; *ns.* mandatary, mandatory प्रादेश धारक; प्रादेश, आज्ञा; mandator प्रादेश दाता, आज्ञा दाता; *adj.* mandatory अधिदेशात्मक; अधिदेश प्राप्त; (U.S.) अनिवार्य, आवश्यक; आदेशात्मक, शिक्षाप्रद; निर्देशिका, निदेशक

mandible *n.* मैन्डिबल, चिबुकास्थि; चंचु; *adjs.* mandibular मैन्डिबुलर, चिबुक-; mandibulate, -d चिबुक-

mandioc, mandiocca. See manioc.

mandoline, mandolin मैंडोलिन (वाद्य यंत्र); *ns.* mandola, mandora मंडोला, मंडोरा (बड़ी मैंडोलिन)

mandrake *n.* मैनड्रेक (विषैला पौधा); (Shak.) mandragora

mandrel, mandril *n.* दंडक, मेंड्रेल

mandrill *n.* मैन्ड्रिल (जंतु)

manducate *v.t.* चर्वण करना, चबाना, खाना; *adj.* manducable चर्वणीय, भक्ष्यणीय; *n.* manducation चर्वण, भक्षण; प्रचर्वण; *adj.* manducatory चर्वण संबंधी, भक्षण संबंधी

mane *n.* अयाल, बाल, केसर; लंबे बालों का गुच्छा; *adjs.* maned अयाल युक्त; maneless अयाल रहित; *n.* mane-sheet अयाल पट्टी; ओढ़नी

manege *n.* अश्वनियंत्रण; अश्वारोहण, घुड़सवारी, अश्व-प्रशिक्षण; घुड़कदम; अश्वारोहण विद्यालय, घुड़सवारी का स्कूल; *v.t.* सधाना, प्रशिक्षित करना

manet (L.) (मंच पर) अवशेष

mangabeira *n.* मैंगाबेरा (ब्राज़ीली रबड़ वृक्ष)

mangabey *n.* मैंगाबे (सफ़ेद पलकों वाला वानर)

mangal *n.* ठठेरा

manganese *n.* मैंगनीज (धातु तत्व ...

परमाणु क्रमांक-25); *n.* manganate ...; *adjs.* manganic मैंगनिक; mangani... मैंगनीफ़ैरस; *ns.* manganin ... manganite मैंगेनाइट; *adjs.* mangan... मैंगनस; manganese bronze मैंगनीज़-... manganese spar मैंगनीज़-स्पार

mangel-wurzel, mangold-wurzel ... जानवरों का चुकंदर; also mangel, man... gold

manger *n.* चरई, नांद; चरनी; — ... in the manger दाल-भात में मूसरचंद

mangle *v.t.* धज्जी-धज्जी करना, ... उड़ाना; विकृत करना, बिगाड़ना; *n.* mangl... धज्जी-धज्जी करने वाला; विकृत करने वा...

mangle *n.* मैंगल, वेल्लपीडित्र (लिनेन ... करने की मशीन); *v.t.* मैंगल प्रयोग क... धुनना; *n.* mangler मैंगल से साफ़ ... वाला, धुनिया

mango *n.* आम का पेड़, आम्र वृक्ष; आम्र फ... आम, अंब; *pl.* mangoes; — wild mango जंगली आम

mangonel *n.* मैंगोनल प्रक्षेपास्त्र; शिला प्रक्षे...

mangosteen *n.* मैंगोस्टीन; also mangost...

mangrove *n.* मैनग्रोव, गरान

mangy, mangey *adj.* पपड़ीदार; ... *ns.* mange पपड़ीदार; manginess पपड़ी... दार होना

mania *n.* उन्माद; पागलपन; सनक, ... व्यसन; *n.* maniac उन्मादी, पागल ... व्यसनी; *adj.* पागल; *adj.* maniacal उन्म... विक्षिप्त, पगला, सनकी, झक्की; *adv.* maniacally उन्मत्तता से, विक्षिप्तता से, पागलपन से; *adjs.* manic उन्मादग्रस्त, ... manic-depressive psychosis उन्माद-अवसाद-चक्र

Manichaean, Manichean *adj.* मानिकी... संबंधी; *n.* मानिकीवादी; also Manichee; *ns.* Manichaeanism, Manichaeism, Manicheanism, Manicheism मानीवाद

manicure *n.* नख-हस्त-प्रसाधन; नख-हस्त-प्रसाधक; *n.* manicurist नख-हस्त-प्रसाधक

manifest *adj.* भौतिक, प्रत्यक्ष; स्पष्ट; प्रकट, व्यक्त; *v.t.* सुस्पष्ट करना; दिखाना, शंका समाधान करना; भेद खोलना, ... करना; *n.* वक्तव्य; मालसूची, वहन पत्र, भार सूची; *adj.* manifestable प्रदर्शनीय, ... करने योग्य; *n.* manifestation

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्पष्टीकरण; अभिव्यक्ति; प्रकाशन; प्रदर्शन; रहस्योद्घाटन; जुलूस, प्रदर्शन; आविर्भाव; प्रकाशन; *adj.* manifestative प्रव्यक्त, प्रकाश्य, प्रदर्शनीय; *n.* manifestness स्पष्टता, प्रकाश्यता, प्रदर्शनीयता

manifesto *n.* आविष्पत्र, घोषणा-पत्र, नीति पत्र; *pl.* -o(e)s; *v. i.* (rare) घोषणा पत्र देना

manifold *adj.* विविध, नानारूप, अनेकाविध, बहुरूप, बहुमुख, बहुत; *n.* बहु छिद्री नासिका; (math.) समूह; कार्बन कॉपी, प्रतिलिपि; (dial.; also in *pl.*) अनेकों; *v.t.* गुणा करना, बढ़ाना; प्रतिलिपि तैयार करना; *n.* manifolder प्रतिलिपि तैयार करने वाला, प्रतिलिप्यक; *n.* manifoldness विविधता, नानारूप, बहुरूप; manifold-paper मैनीफ़ोल्ड पेपर (प्रतिलिपि काग़ज़); manifold-writer प्रतिलिपयण यंत्र

maniform *adj.* हस्ताकार, पंजाकार

manihot *n.* मैनिहाट (पादप)

manikin, mannikin *n.* मानवक, बौना; पुतला; काष्ठ निर्मित मूर्ति; पुतला

manil(l)a *n.* मनीला (चुरट); मनीला काग़ज़; Manil(l)a hemp मनीला हैंप, मनीला सन

manilla *n.* मनीला

manioc *n.* कसावा, मैनिहाट; कसावा खाद्य; also mandioc, mandioc(c)a, manihoc

maniple *n.* पैदल सेना, पदाति दल (रोमन सेना में); मैनिपल, हस्तपट, हस्त पट्टिका; *adj.* & *n.* manipular पदाति संबंधी

manipulate *v.t.* (हाथ से) चलाना; चालबाज़ी करना; चालाकी से काम निकालना; हस्त-कौशल दिखाना; हेरफेर करना; जोड़-तोड़ करना; हाथ से काम करना, हाथ काम में लाना; *n.* manipulation चालबाज़ी; हस्तकौशल; हेरफेर; जोड़-तोड़; कार्य साधन; *adjs.* manipul(at)able हस्त साध्य, हस्त कौशल संबंधी; manipular, manipulative, manipulatory प्रहस्तनशील; हस्त कौशल संबंधी; प्रवंचक, छल युक्त; *n.* manipulator हस्त कुशल व्यक्ति; स्वार्थसाधक; छलयोजक, चालबाज़; (phys.) परिचालक

manis *n.* मानिस (साल)

manito *n.* प्रेत, जिन्न; also manitou

manjack *n.* मैन्जक (पादप)

manna *n.* मन्ना (इज़रायलियों का खाद्य); शिरखिस्त; दिव्यान्न; स्वादिष्ट भोजन; *adj.* manniferous स्वादिष्ट; *ns.* manna-croup, -groats मन्ना बीज; manna-dew मैन्ना; manna-grass जल वनस्पति; mannite, mannitol मैनिटॉल (मधुर सुरा); mannose मैनोस

mannequin *n.* पंजर, पुतला; वस्त्रवाही परिचारक

manner *n.* तरीका, विधि; काट, प्रकार; शैली; आचार; आदत; रिवाज, रहम; लेखन-शैली, विचार-शैली; किस्म; ढंग, भाँति; रीति; (*pl.*) नीतियाँ; आचरण, सुव्यवहार; चरित्र, चाल चलन; शिष्टता; *adj.* mannered शिष्ट; व्यवहारी; कृत्रिम; अस्वाभाविक, आडंबर पूर्ण; mannerism कृत्रिमता, व्यावहारिकता, व्यवहार वैचित्र्य; विचार शैली; ढंग; प्रयोग वैचित्र्य, वैलक्षण्य; mannerist व्यावहारिक व्यक्ति, व्यवहार वैचित्र्य वाला व्यक्ति; *adj.* manneristic कृत्रिम, व्यावहारिक, व्यवहार वैचित्र्य; *n.* mannerliness कृत्रिमता, व्यावहारिकता, व्यवहार वैचित्र्यता; *adj.* mannerly शिष्ट, भद्र; सुव्यवहारी; सुशील, विनयशील; नम्र, विनीत; — by no manner of means किसी भी अवस्था में; in a manner के ढंग में, एक प्रकार से; make one's manners सलाम करना, नमस्ते करना; shark's manner लोभ, लालच; to the manner born आदत से मजबूर, जन्म का आदी

manoeuvre, (U.S.) maneuver *n.* कुशल कार्य-साधन युक्ति; युक्ति चालन, युद्धाभ्यास, युद्धाभिनय; विदग्ध प्रयोग; *v. i.* & *t.* कुशल कार्यसाधन करना; युक्ति चालन करना; सेना या जलपोत की दिशा परिवर्तन करना; पैंतरे बदलना; युद्धाभिनय करना; विदग्ध प्रयोग करना; *ns.* manoeuvrer कुशल कार्यसाधक, चालाकी से काम निकालने वाला; manoeuvrability कार्यसाधकता; चालाकी, कपट प्रबंध; युक्ति चालन; युद्धाभिनय, विदग्ध प्रयोग; *adj.* manoeuvrable कार्यसाधक, चालाक, युक्ति चालक

manometer *n.* दाबांतर मापी, निपीडांतर मापी, मैनोमीटर; *adjs.* manometric, -al दाबांतरदर्शी; दाबदर्शी

manor *n.* जागीर, सामंत भूमि; ज़मींदारी; कर अदा भूमि; गढ़ी; मेनर; *ns.* manor-house, -seat ज़मींदार का गृह, मेनर महल, मेनर वास, मेनर भवन; *adj.* manorial

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामंती, मैनरीय, जागीर संबंधी, जमींदारी संबंधी

manred *n.* (obs.) श्रद्धांजलि; कर्मचारी वर्ग; (Scot.) manrent

mansard *n.* दुढालु छत

manse *n.* मेन्स (मंत्री निवास, पादरी निवास); — son of the manse मंत्री पुत्र

mansion *n.* रिहायश, विश्राम स्थल, निवास स्थान, भवन, हवेली, मकान, महल, कुलीन व्यक्ति का निवास स्थान; जागीरदार का घर; (astrol.) घर, ख़ाना; (in *pl.*) विशाल भवन; *ns.* Mansion House मैंशन हाउस (लंदन के लार्ड मेयर का निवास स्थान); mansionry (Shak. mansonry) निवास; निर्माण

mansuete *adj.* सज्जन; नरम, नम्र; सौम्य, विनीत; *n.* mansuetude सज्जनता, नरमाई, नम्रता, सौम्यता

manta *n.* कंबल; चोग़ा; भूल

manteau, manto *n.* (17th—18th cent.) मैंटो (ढीला-ढाला जनाना परिधान)

manteel *n.* सैनिक चोग़ा; जनाना लबादा

mantel *n.* मैंटल ट्री, अँगीठी कानस; अंगीठी पट्ट, अँगीठी ताक़; *ns.* mantelet मेंटलेट; mantel-piece मेंटल पीस, अँगीठी कानस; अँगीठी पट्ट; mantelshelf अँगीठी पट्ट; manteltree मैंटल ट्री

mantic *adj.* ज्योतिष संबंधी; साधुई, संत-

manticore, manticora *n.* मैंटिकोर (सिंह वृश्चिक युग्म)

mantilla *n.* छोटा लबादा; दुपट्टा, ओढ़नी

Mantis *n.* मैंटिस (कीट वंश); *n.* mantid मैंटिस वंशी कीट; — mantis shrimp मैंटिस श्रिंप (कीट)

mantissa *n.* अपूर्णांश, दशमलवांश

mantle *n.* लबादा, चोग़ा; प्रावरक, आवरण; पावार; पश्चपक्ष; पपड़ी (द्रव में); मेंटल; *v.t.* & *i.* ढकना, आवृत करना; आच्छादित करना; अंधकारयुक्त करना; पपड़ी डालना; आप्लावित करना, से भर देना; छिपाना, प्रच्छन्न करना; फैलना; पपड़ी पड़ना; झाग निकलना; आप्लावित होना; पंख फैलाना; *ns.* mantlet, mantelet ओढ़नी, दुपट्टा; (fort.) बक्तर; mantling ओढ़नी का कपड़ा

mantua *n.* (17th—18th cent.) मंतूआ (महिलाओं का ढीला गाउन); (Scot.) manty; *n.* mantua-maker वस्त्र निर्माता; मंतूआ बनाने वाला

Mantuan *adj.* मंतुआ (इटली) का; *n.* मंतुआ वासी

manual *adj.* हस्तीय, हस्त-, हाथ का, हस्तकृत; कर चालित, हस्तेन; हस्त कार्य, शारीरिक; *n.* शस्त्र व्यायाम; गुटका, पुस्तिका, नियम पुस्तिका; दीपिका, मैनुअल; हाथ से बजने वाला वाद्य यंत्र; जन्म के पंख; — manual alphabet हस्त मुद्राक्षर, हस्त संकेताक्षर, हस्त वर्णमाला (अंधों के लिए); manual exercise शस्त्राभ्यास

manubrium *n.* मूठ, पकड़, मुष्टिकाकार अंग, मैनुब्रियम; उरोस्थिमुष्टि; *pl.* manubria; *adj.* manubrial मुष्टिकाकार

manufacture *v.t.* निर्माण करना, बनाना, गढ़ना; अंधाधुंध बनाते जाना; *v.i.* निर्माण में लगना; *n.* विनिर्माण, निर्माण; उत्पादन, निर्मित वस्तु; *n.* manufactory कारख़ाना, निर्माणी, निर्माणशाला; *adj.* manufactural निर्माण संबंधी, उत्पादन संबंधी; *n.* manufacturer विनिर्माता, निर्माता, उत्पादक; *adj.* manufacturing विनिर्माणी

manuka *n.* मानू का (पादप)

manul *n.* मानूल (मध्य एशियाई बिल्ली)

manumit *v.t.* दास्य-मोचन, दासता से मुक्त करना; मुक्त करना, स्वतंत्र करना; *n.* manumission दास्य मुक्ति

manure *v.t.* (obs.) पकड़े रखना, रोकना; (obs.) प्रबंध करना; (obs.) कृषि करना; खाद डालकर उपजाऊ बनाना; *n.* खाद, उर्वरक; *ns.* manurance (arch.) कृषि, खेती-बाड़ी; manurer कृषक, किसान; *adj.* manurial कृष्य. खाद-; *n.* manuring खाद देना, खाद डालना

manus *n.* हस्त, हाथ; जानवरों के अगले पैर

manuscript *adj.* हस्तलिखित; *n.* पांडुलिपि, हस्तलेख, हस्तलिखित दस्तावेज़; हस्तलिपि, हस्तांक

Manx *n.* मॉक्स (आइज़ल ऑफ़ मैन की भाषा); *adj.* आइज़ल ऑफ़ मैन वासी संबंधी; — Manx cat मैंक्स बिल्ली; Manxman आइज़ल आफ़ मैन वासी; fem. Manxwoman

many *adj.* (*compar.* more, *superl.* most) बहुत, बहु; कई, अनेक; *n.* अनेक व्यक्ति, बहुसंख्या; (Spens.) परिचर, परिजन; *adj.* many-coloured बहुरंगी, विविधरंगी, रंगबिरंगा; many-eyed बहुनेत्री; many-folded (Spens.) बहुस्तरीय; बहुत ही; many-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

headed बहुशीर्ष; बहु-, अनेकयुक्त; many-root बहुमूलिया (पादप); many-sided बहु-भुज; बहुपार्श्व; n. many-sidedness बहु-भुजता, बहु पार्श्वता; adj. many-tongued बहुभाषी; — many a बहुत से (with singular noun and verb); many-headed beast, monster लोग, जनसाधारण; the many भीड़

manyplies *n. sing. & pl.* तृतीय आमाशय; also maniplies, and (dial.) moniplies, monyplies

manzanilla *n.* मंज़ानिला (पादप)

Maoist *n.* माओवादी

Maori *n.* न्यूज़ीलैंड की गेहुँआ रंग की प्रजाति का सदस्य; इसकी भाषा; *pl.* Maoris; also *adj.*; – Maori hen वेका

map *n.* नक्शा, मानचित्र; (math.) प्रतिचित्र; *v.t.* का मानचित्र बनाना; *ns.* map-measurer मानचित्र की दूरी नापने का यंत्र; map-mounter मानचित्र तैयार करने वाला; mappemond (hist.) विश्व-मानचित्र; (obs.) विश्व; mapper नक्शानवीस, मानचित्रकार; mappery (Shak.) मानचित्रण; mappist मान चित्रकार; map-reading मानचित्र अध्ययन; mapwise मानचित्रानुसार; — map out योजना बनाना; विभाजित करना; off the map अस्तित्व से परे; नकारा; on the map उल्लेखनीय

maple *n.* मैपल, पुतली (वृक्ष); मैपल काष्ठ, पुतली वृक्ष की लकड़ी; *adj.* मैपल का; *n.* maple-sugar मैपल शर्करा; maple-leaf मैपल पर्ण

maqui *n.* मकी (चिली का सदाबहार क्षुप)

maquis *n. sing. & pl.* (bot.) माकि (वनस्पति); झाड़ियों का समूह, क्षुप गुच्छ; फ्रांसीसी गुरिल्ला सैनिक

mar *v.t.* (obs.) हस्तक्षेप करना; नष्ट करना; बिगाड़ना; घायल करना, क्षति पहुंचाना; रूप बिगाड़ना; *ns.* marplot किसी कार्य या योजना में भंग डालने वाला; mar-sport खेल बिगाड़ने वाला; बाधा डालने वाला, बाधक; mar-text अशिक्षित या अनभिज्ञ प्रचारक या उपदेशक

marabou(t) *n.* मारबूट (पक्षी; इसके पंख; पंखों की कंठी; सफ़ेद कच्ची सिल्क)

marabout *n.* मारबूट, मुराबीत (मुसलमान संन्यासी, फ़कीर; मकबरा, ताबूत)

marah *n.* कड़वापन, कटुता; कड़वी वस्तु

maranatha. See anathema.

Maranta *n.* मरान्टा (पादप)

maraschino *n.* मरस्किनो (मदिरा)

marasmus *n.* शरीर क्षय, सूखा रोग; *adj.* marasmic क्षय ग्रस्त; *n.* Marasmius मैरास्मियस, सूखा रोग

Marathon *n.* मैराथन; मैराथन जाति; marathon क्षमतापरीक्षण; *adj. & n.* Marathonian मैराथनी; marathon race मैराथन जाति

Marattia *n.* मरेटिया

maraud *v.i.* लूटमार करना; *v.t.* उजाड़ना; *n.* आक्रमण; लूटमार; *n.* marauder आक्रमण करने वाला; लूटमार करने वाला

marble *n.* मार्बल, संगमरमर; संगमरमर की सिल, कंचा; संगमरमरी आभा; (fig.) कठोर, ठंडी, चमकदार, सफ़ेद वस्तु; (in *pl.*) कंचों का खेल; *adj.* संगमरमर का; चमकदार; अबरी, सख्त, कड़ा; कठोर; मज़बूत; संगमरमर युक्त; *v.t.* संगमरमर की तरह चमकाना; *adj.* marble-breasted कठोर हृदयी, क्रूर; *n.* marble-constant कठोर, सख्त, अचल; *n.* marble-cutter संगमरमर काटने वाला; संगमरमर काटने का यंत्र; *adj.* marbled मार्बल का, संगमरमर की तरह रेखांकित; अबरीदार; *n.* marbled-white चारुश्वेत (तितली); *adj.* marble-edged संगमरमर के किनारे वाला; marble-hearted कठोर हृदयी, क्रूर, अडिग; *ns.* marble-paper मार्बल पेपर; marbler संगमरमर की तरह रेखांकित करने वाला; अबरीकार; marbling संगमरमर सदृश रेखांकन, अबरीकरण; *adv.* marbly संगमरमर की तरह, अबरीदार

marc *n.* तलछट; *n.* marc brandy मार्क ब्रांडी

marcantant *n.* (Shak.) व्यापारी, सौदागर

marcasite *n.* मार्केसाइट (खनिज)

marcato *adj.* निशान लगा हुआ; अंकित; सुनिश्चित, सुस्पष्ट; विशिष्ट; (mus.) निर्दिष्ट; *superl.* marcatissimo; also *adv.*

Marcel, marcel *n.* (in full Marcel wave) बालों की कृत्रिम लहर; *v.t.* (बालों को) लहरदार बनाना; *adj.* marcelled लहरदार

marcella *n.* टुइल बुनती में सूती या लिनन के तंतु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

marcescent *adj.* म्लान, विदीर्यमाण, जरमाण; *adj.* marcescible म्लान होने योग्य, म्लानक्षम

Marcgravia *n.* मार्कग्रेविया (आरोही बेल)

March *n.* मार्च (मास); — March beer मार्च बियर, मार्च महीने में बनाई हुई तेज़ मदिरा; march hare मदकाल का शशक; उन्मत्त, पागल

march *n.* सीमा, सीमांत, छोर; सीमांत प्रदेश (used chiefly in *pl.* marches); *v.i.* साझे की सीमा रखना, संयुक्त सीमा रखना; *ns.* march-dyke, -dike सीमा दीवार (सामान्यतः घास की); marchman सीमांतक; march-stone सरहदी पत्थर; march-treason शांतिभंग अपराध, शांति काल में अवैध रूप से पड़ोसी देश की सीमा उल्लंघन करना; — riding the marches नगरपालिका क्षेत्र में सवारी उत्सव

march *v.i. & t.* मार्च करना, प्रयाण करना, कूच करना; मार्च कराना; चलने को मजबूर करना, चलाना; *n.* मार्च, प्रयाण, अभियान; मार्च करना; मार्च दूरी; नियमित मार्च; मार्च धुन, प्रयाण संगीत; पड़ाव;—forced march (सामरिक महत्व के कारण) सेना का आगे की ओर बढ़ाव; marching orders मार्च आदेश, प्रयाण आदेश; marching regiment जंगम सैन्य दल; march past मार्च पास्ट; on the march चलते हुए; rogue's march दुर्जन प्रयाण संगीत

Marchantia *n.* मार्केन्शिया (पादप)

marchen *n. sing. & pl.* कहानी, कथा, लोककथा; परीकथा

marchpane *n.* (Shak.) बादाम की मिठाई

Marcionite *n.* मार्सिअनवादी; also *adj.*; *ns.* Marcionist मार्सिअनवादी; Marcionitism मार्सिअनवाद

Marcobrunner *n.* मार्कोब्रूनर (श्वेत सुरा)

Marconi *adj.* मार्कोनी संबंधी; *v.t. & i.* marconi (बेतार से) संपर्क करना; *n.* marconigram बेतार संदेश; *v.t. & i.* marconigraph बेतार संदेश भेजना

Mardi Gras (Fr.) ईस्टर का मंगलवार

mare *n.* घोड़ी; — mare's nest माया, काल्पनिक वस्तुएं, व्यर्थ की खोज; mare's tail मेयसंटेल (पौधा); the grey mare is the better horse पत्नी पति से बढ़ कर है

mare *n.* (Shak.) भयावह स्वप्न; दुःस्वप्न (परामानसिकी)

mare *n.* चंद्रमा या मंगल ग्रह में काला दिखने वाला समतल क्षेत्र

mare clausum (L.) बंद सागर (किसी देश के अधिकार क्षेत्र का समुद्री भाग)

maremma *n.* दलदल भूमि (समुद्र के किनारे)

mareschal. Same as marshal.

margarin *n.* मार्जरीन, कृत्रिम मक्खन; *n.* margarine मार्जरीन, कृत्रिम मक्खन; margarite माला क्रिस्टलाणु, मारगेराइट (खनिज); *adj.* margaritiferous मणिमय; —margar(it)ic acid मारगैरि(टि)क अम्ल

margay *n.* मारगै (उत्तरी अमरीकी चीता)

marge *n.* हाशिया, किनारा

margin, poet, **margent** *n.* सीमा, तट, कोर, किनारा, बॉर्डर; (print.) हाशिया, उपांत; (com.) गुंजाइश, पड़ता; अंतर, अतिरिक्त माल, छूट; जमा; सीमांत; (archit.) पट्टी; *v.t.* किनारा, हाशिया या बॉर्डर लगाना; सीमा में प्रवेश करना; *adj.* marginal किनारा, बॉर्डर, हाशिया संबंधी, सीमांतक; हाशिए में, सीमांत में; सीमांत, उपांतस्थ, उपांत; *n.* marginalia पार्श्व-टिप्पणी, हाशिया टिप्पणी; *v.t.* marginalise हाशिए में टिप्पणी देना; *adv.* marginally सीमांततः; *adjs.* marginate, -d हाशिएदार; margined हाशिएदार; *n.* marginal land सीमांत प्रदेश, उपांत भूमि

margosa *n.* नीम का पेड़

margrave *n.* मार्ग्रेव (जर्मनी का संभ्रांत व्यक्ति); fem. margravine; *ns.* margravate, margraviate मार्ग्रेव पद

marguerite *n.* मार्गराइट (पादप)

mariage de convenance (Fr.) सुविधा विवाह, पारस्परिक लाभ का सौदा

marialite *n.* मैरियालाइट (खनिज)

marid *n.* मैरिड (जिन्न)

marigold *n.* गेंदा

marigraph *n.* ज्वार-भाटा लेखी; *n.* marigram ज्वार-भाटा लेख

marijuana, marihuana *n.* भाँग, चरस, गाँजा

marimba *n.* मरिंबा (वाद्य यंत्र)

marine *adj.* समुद्रीय, नौ, समुद्री, जहाजी; *n.* नौसैनिक; जहाजी बेड़ा, नौ बेड़ा, समुद्री क्षेत्र (नक्शों में); *ns.* marinade मैरिनेड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(द्रव); v.t. marinate नमक, मसाला लगाना; n. mariner नाविक, मल्लाह; -marine acid मरीन अम्ल, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, नमक का तेजाब; marine boiler ...वायलर; marine glue (see glue); marine insurance नौ बीमा, समुद्री बीमा; marine soap नारियल के तेल का साबुन; marine store जहाजी गोदाम; marine stores जहाजी पुर्जे; जहाजी वितरण; marine trumpet ट्रोंबा मैरिना (वाद्य यंत्र)

Mariolatry n. मेरी-आराधना; n. Mariolater मेरी-आराधक; adj. Mariolatrous मेरी-आराधनात्मक

marionette n. कठपुतली

marital adj. पति संबंधी, विवाह संबंधी, वैवाहिक, दांपत्य

maritime adj. समुद्रीय; समुद्र व्यापार या ...संबंधी; समुद्र तटीय, समुद्रवर्ती, समुद्र के निकट, अनुसमुद्री; समुद्रवासी; तटवर्ती, ...; समुद्र व्यापारिक

Marivaudage n. कृत्रिम लेखन, लेखन में नाज़ुक मिज़ाजी

marjoram n. मुरवाक, मरुआ, कुठरा

mark n. सीमा, सरहद; मानक; सीमांत ...; (hist.) सीमा पत्थर; चाँद, लक्ष्य, निशाना, गोल; (obs.) बाज़ का शिकार; चिह्न, निशान; प्रतीक; प्रभेदक चिह्न; मुद्रांक, ..., मार्का, छाप; मार्कायुक्त या छापदार ...; मोहर; निशानी; अंगूठा निशान; ...चिह्न; प्रभाव; धब्बा, धारी; लक्षण; ...चिह्न; प्रभेद, विशेषता; द्रष्टव्यता, ध्यान ...; अंक, नंबर, पदचिह्न; v.t. चिह्नित करना, निशान लगाना; प्रकट करना; लिखना, ... करना; छाप लगाना; हस्ताक्षर करना; ... देना; ध्यान देना; आदर करना; v.i. ...ध्यान रखना; adj. marked अंकित, चिह्नित; अभिहित; लक्षणान्वित; प्रकटित, व्यक्त; ध्यान देने योग्य, उल्लेखनीय; सुस्पष्ट; चौकस; ...; ns. marker चिह्नक, निशान लगाने वाला; अंक देने वाला; अंकन पटल; पुस्तिका चिह्न; बुक मार्क; उपस्थिति अभिलेखक; ... मॉनीटर; (U.S.) स्मारक पट्ट; केन्द्रीय ...; marking अंकन, चिह्नित करना, निशान लगाना; नंबर देना; (esp. in pl.) ... स्थिति या प्रवृति; also adj.; ns. marking-ink अमिट स्याही; marking-nut भिलावाँ, मल्लातक; markman ...निर्दिष्ट व्यक्ति; marksman, marks-woman निशानेबाज़, लक्ष्यवेधी; अंगूठा टेक; mark-white (Spens.) निशान पट्ट का केंद्र; — beside the mark बेसिर-पैर की बात; mark one's mark उल्लेखनीय प्रभाव डालना; प्रभावशालिता प्राप्त करना; mark down लिखना; कम मूल्य लिखना, मूल्य कम करना; स्थिति को समझना; अपने लिए निश्चित करना; mark off रेखांकित करना; चिह्न लगाना; अलग करना; a mark on (arch.) इच्छुक, बहुत पसंद करने वाला; mark out योजना रखना; नियत करना, निर्दिष्ट करना; mark time कदम ताल चलना; बिना उन्नति के काम करना; mark up कीमत बढ़ाना; off the mark पीछे रहने वाला; pass the mark अयोग्यता का चिह्न दूसरे को दे देना; soft mark भोला-भाला; up to the mark संतोषजनक सीमा तक

mark n. मार्क; (obs.) बाट (8 औंस का); (obs.) मार्क मूल्य; जर्मनी का सिक्का

market n. हाट, मंडी; बाज़ार; (U.S.) दुकान; मार्केट; क्रय-विक्रय; माँग; विक्रय शर्त; माल; विक्रय, विक्रय दर; कीमत; दर, मूल्य; v.i. खरीद-फ़रोख्त करना, क्रय-विक्रय करना; v.t. बाज़ार में रखना; ns. marketability, marketableness पण्यता, पण्य योग्यता, बिक्री योग्यता, विपण्यता; विक्रेयता; adj. marketable पण्य; बिक्री योग्य, विक्रेय, पण्य योग्य; ns. market-bell (Shak.) मार्केट घंटी; market-cross मार्केट क्रॉस (चिह्न); market-day हाट दिन, बाज़ार दिवस; marketer क्रेता, विक्रेता; market-hall, market-house बाजार गृह, विपणन गृह; marketing विपणन, क्रय-विक्रय, बाज़ार करना; market-man विक्रेता, क्रेता मार्केट में काम करने वाला; market-place, market-square मंडी क्षेत्र, बाज़ार; market-price, market-value बाज़ार कीमत, बाजार मूल्य; market-town बाजार नगर, मंडी; market-woman विक्रेत्री, मार्केट में काम करने वाली; — on the market विक्रय के लिए; विक्रयार्थ

markhor n. मारखोर (जंगली बकरी)

marl मार्ल, मार्ल अश्म; (poet.) भूमि; v.t. मार्ल डालना; ns. marl-pit मार्ल गड्ढा; marlstone मार्ल अश्म; adj. marly मार्लमय

marl v.t. मारलीन से बाँधना

marl a dial. form of marble; adj. चितकबरा, चित्तीदार; adj. marled मार्बल युक्त; n. marling चिकना करना, मार्बल लगाना;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

adj. marly, mirly मार्बल युक्त

marline *n*. मारलीन; *n*. marline-spike मारलीन सूआ

marm. See ma'ma.

marmalade *n*. मुरब्बा, मार्मलेड; — marmalade tree मार्मलेड पादप

marmarosis *n*. मार्मरोसिस (चूने से मार्बल बनाना); *v.t.* marmarise चूने से मार्बल बनाना

marmoreal *adj*. मार्बल का, मार्बल जैसा

marmose *n*. मार्मोस (पादप)

marmoset *n*. नखर वानर, मार्मोसेट (द० अफ़्रीकी वानर)

marmot *n*. शैल मूषक, मार्मोट (कृंतक)

marocain *n*. मारकीन

Maronian *adj*. विरजिल शैली का

Maronite *n*. मरोनाइट (जाति)

maroon *n*. दास; असहाय छोड़ा हुआ व्यक्ति; (chem.) घनारुण, मारून, नीलाकण, उन्नाबी; *v.t.* काला पानी में छोड़ देना; असहाय छोड़ देना; *ns.* marooner असहाय छोड़ देने वाला; marooning असहाय छोड़ देना

maroquin *n*. अजा चर्म, बकरे का चमड़ा; मोरक्को चर्म

marplot. See mar.

marque (Fr.) मार्का, छाप, ट्रेडमार्क

marquee *n*. शामियाना

marquetry, marqueterie *n*. उत्कृति, खुदा-काम, जड़ाऊ काम; खचित शिल्प, खचित कर्म

marquis, marquess *n*. मार्क्विस (उपाधि); fem. marchioness; *ns.* marquisate, -quessate मार्क्विस लॉर्ड; marquise (फ़्रांस में) मार्शियोनेस; विशेष प्रकार की छतरी, प्रवेश शामियाना; मार्क्वी, निजी युद्ध पोत (का कप्तान)

marram, marrum *n*. तटवर्ती घास

marriage *n*. विवाह, शादी, परिणय; पाणिग्रहण; परिणय बंधन; *adj*. marriageable विवाह-योग्य; *ns.* marriageableness विवाह योग्यता; marriage-bed विवाहितों की शैया; विवाह संभोग; विवाह के अधिकार और दायित्व; marriage-bone मनोरंजक विचार; marriage-contract विवाह-समझौता; विवाहित व्यक्तियों की संपत्ति संबंधी समझौता; marriage-favour विवाह भूषण; marriage-licence विवाह अनु[illegible]; *pl.* marriage-lines विवाह-प्रमाण-पत्र; marriage-portion दहेज; marriage-ring विवाह मुद्रिका; marriage-settlement विवाह अवस्थापन (पति की मृत्यु हो जाने पर पत्नी और बच्चों के लिए संपत्ति संबंधी)

marrow *n*. मज्जा; (obs.) गूदा; [illegible] का सार भाग; निगूढ़ार्थ; *ns.* marrow-bone मज्जा अस्थि; *pl.* जानु [illegible]; marrowfat मैरो फ़ैट (फल); *adj*. marrowish मज्जा सदृश, मज्जा [illegible]; marrowless मज्जा रहित, निर्मज्ज; marrow-squash (U.S.) कुम्हड़ा, [illegible] कद्दू; *adj*. marrowy मज्जा युक्त, मज्जपूर्ण, [illegible]शाली; ओजस्वी; — spinal marrow मेरु[illegible]

marrow *n*. (arch.) साथी, संगी, [illegible] विवाहार्थी; वर, वधू; *v.i.* साथी होना, [illegible] वधू बनना; *v.t.* को वर या वधू बना[ना]; विवाह करना, जोड़ा बनाना; *adj*. marrowless पति हीन, पत्नी हीन

marrowsky *n*. स्पूनरिज़्म, आद्यक्षर विपर्यय; *v.i.* आद्यक्षर विपर्यय कहना

marry *v.t.* विवाह करना; दहेज में देना; विवाह बंधन में बांधना; *v.i.* विवाह करना; [illegible] पत्नी रूप में स्वीकार करना; *adj*. married विवाहित; *n*. marrier विवाह कराने वाला; परिणेता, परिणायक; marrying विवाह करना

marry *interj*. (arch.) निःसंदेह; अवश्य[illegible] बेशक; marry come up क्रोध आदि का [illegible]

Mars *n*. मार्स (रोम का युद्ध देवता); [illegible] ग्रह; (old chem.) लोहा, लोह

Marsala *n*. मर्साला (हल्की सुरा)

Marseillaise *n*. मार्सेलेज़ (फ़्रांस क्रांति [illegible] या संगीत)

marsh *n*. गीली भूमि, पंक, दलदल, [illegible]; *adj*. दलदली, पंकिल; *ns.* marsh-fever मलेरिया; कच्छ ज्वर; marsh-gas पंक [illegible] मार्श गैस, मीथेन; marsh-harrier मार्श-हैरियर (दलदल भूमि की चील); marshiness दलदल, पंकिलता; कच्छता; marshland दलदल भूमि, पंकिल भूमि, कच्छ [illegible]; marshlander दलदल भूमि का; कच्छ [illegible] का; marshlocks मार्श लॉक्स (प्र[illegible]) also marsh-cinquefoil; marsh-mallow मार्श मैलो (पौधा; एक प्रकार की मिठाई); marsh-man दलदल में रहने वाला [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

marsh-marigold दलदली गेंदा; marsh-mphire दलदली बथुआ; marshwort ...ली बूटी; *adj.* marshy भाँवर; दलदली, ...

marshal *n.* (obs.) सलोतरी, शालिहोत्री; ...; कारागार अधिकारी; (Oxford) ... का परिचर, बुलडॉग; युद्ध नियंत्रक अधिकारी; (in France) मार्शल; (U.S.) ... कार्य निष्पादक अधिकारी; पुलिस ... अग्निशामक दल का मुखिया; *v.t.* विन्यास ..., क्रमबद्ध करना, क्रम में रखना, सुव्यव-... करना; विधिपूर्वक ले चलना; प्रवेश ...; *v.i.* विधि पूर्वक चलना; *ns.* marsh-... मार्शल पद या कार्यालय; (esp. in the ... Marshalsea) शाही कैदखाना; marshaller आगे चलाने वाला; विन्यास करने ..., क्रमबद्ध करने वाला; प्रवेशक; marsh-...ling विन्यास, क्रमबंधन; प्रवेशन; एकत्री-..., प्राथमिकता निर्धारण; marshalship ...पद; — marshalling yard विन्यास ..., समाहरण यार्ड; marshal of the Royal Air Force शाही वायु सेना का उच्चतम पद

Marsilea *n.* मार्सीलिया, चौपतिया; also Marsilia

Marsipobranchii *n. pl.* कोष्ठ क्लोमी, मार्सी-...; *n.* marsipobranch कोष्ठ क्लोमी, ...क; *adj.* marsipobranchiate ...किएट

marsupium *n.* (zool.) शिशुधानी; *adj.* marsupial शिशु धानी संबंधी; *n.* धानी प्राणी; *n. pl.* Marsupialia शिशु धानी गण, मार्सू-...लिया

mart *n.* व्यापार स्थल, हाट; मंडी, बाज़ार; *v.i.* (Shak.) आयात-निर्यात होना; *v.t.* (Shak.) विक्रय करना; बेचना

mart *n.* (Scot.) मार्ट (गाय या बैल का ... तथा मसाले लगा मांस)

martagon *n.* मार्टगन (पौधा)

martel *n.* संग्रामी हथौड़ा; *v.i.* (Spens.) हथौड़ा मारना; *pa. t.* martelled

martello *n.* (in full martello tower) गोल ...

marten *n.* चितराला, कशीका, मार्टेन

martenot *n.* मार्टेनो (इलेट्रानिक वाद्य यंत्र)

martial *adj.* मार्ज़ (युद्ध देवता) संबंधी, मंगल ...; ... सेना संबंधी; योद्धा, युद्धप्रिय, युद्ध ...; *ns.* martialism मार्शल वाद; martialist सैनिक, संतरी; *adv.* martially सैनिक ढंग से; युद्ध रूप से; — martial law सैनिक शासन, फ़ौजी शासन; सैनिक विधि, फ़ौजी कानून, सैनिक कानून

Martian *adj.* मार्ज़ संबंधी, मंगल ग्रह संबंधी; सांग्रामिक; *n.* मंगल ग्रह वासी

martin *n.* अबाबील; बट्टी; also martinet

martingale *n.* ज़ेरबंद; पेशबंद; जुए में हारने पर दाँव डबल करना

Martini *n.* मार्तिनी (मिश्रित मदिरा)

Martini (-Henry) *n.* मार्तिनी हेनरी (बंदूक)

martlet *n.* अबाबील

martyr *n.* हुतात्मा, शहीद; निजी आस्था के कारण यातना भोगी; चिर रोगी, यातना ग्रस्त; *v.t.* शहीद करना, आत्म बलिदान करना; *n.* martyrdom शहादत, आत्म-बलिदान; प्राणोत्सर्ग, प्राणाहुति, हुतात्मता; यातना, यंत्रणा; *v.t.* martyrise बलिदान करना; शहीद करवाना; प्राणोत्सर्ग करवाना; का बलिदान करना; *adj.* martyrological शहीदनामा संबंधी; *ns.* martyrologist शहीदों का इतिहासकार; martyrology शहीद वृत्तांत, शहीदों का इतिहास, शहीदनामा, शहादतनामा

marvel *n.* अचंभा, चमत्कार; आश्चर्यजनक वस्तु; *v.i. & t.* अचंभा होना; चमत्कृत होना; आश्चर्य करना; *adj.* marvellous चमत्कारी; आश्चर्यजनक, चमत्कार पूर्ण, अद्भुत; *n.* marvellousness चमत्कारिता, आश्चर्य-जनकता; — marvel of Peru गुल-अब्बास, गुलाबास

Marxian *adj.* (कार्ल) मार्क्स संबंधी; *n.* मार्क्स-वादी; *ns.* Marxianism, Marxism मार्क्स-वाद; *n. & adj.* Marxist मार्क्सवादी

marybud *n.* गेंदे की जड़

marzipan *n.* मार्ज़ीपेन (बादाम की मिठाई)

Masai *n.* मसाई, केन्या और तंज़ानिया में उच्च भूभाग के निवासी; also *adj.*

mascara, mascaron. See mask.

mascot *n.* तावीज़

masculine *adj.* पुंजातीय, नर-; पुरुषवत्; (gram.) पुल्लिंग; *n.* नर, पुरुष; पुंजातीय शब्द; *adv.* masculinely पुंजातीय ढंग से; *n.* masculineness पुंजातीयता, पुल्लिंगता, पौरुष; *v.t.* masculinise पुल्लिंग बनाना, पुरुषत्व लक्षण विकसित करना; *v.i.* पुरुषत्व लक्षण विकसित होना; *n.* masculinity

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुंजातीयता, पुल्लिगता, पौरुष, पुंस्त्व, पुरुषत्व

maser *n*. मेसर (उपकरण में बिना विक्षोभ के दूरवर्ती रेडार और रेडियो संकेतों को प्रवर्धित करने की युक्ति)

mash *n*. मैश; सानी; दलिया; दली हुई वस्तु; मिश्रण, गड़बड़झाला; *v.t.* मैश बनाना; दलना, पीसना; (dial.) मिलाना; मिश्रण बनाना; *ns*. masher मैश बनाने वाला; दलने वाला, गड़बड़झाला करने वाला; mashing मैश बनाना, दलना, मिलाना; mash-tub, -tun, -vat, mashing-tub नाँद, हौदा

mash *v.t.* (obsolescent slang) मोहित करना, आकर्षित करना; प्रेमालाप करना, प्रेमाभिव्यंजन करना, माशूक की तरह बर्ताव करना; *v.i.* इश्कबाज़ी करना, मिथ्या प्रेम करना, हाव-भाव दिखाना; *n*. प्रेमी, प्रेमिका; छैला, दिल-फेंक; *n*. masher रंगीला, छैला, मजनू, बाँका, रसिया; — mashed on पर आसक्त, का आशिक

mashie, mashy *n*. गोल्फ़ की छड़ी

water-cool जल शीतलन, पानी डाल कर ठंडा करना; *adj*. water-cooled पानी डाल कर ठंडा किया हुआ, जल शीतित; *n*. water-cooler जल-शीतक, जल शीतलित्र; *adj*. & *n*. water-cooling जल-शीतलन; *ns*. water-core जल क्रोड़ (रोग); water-course जल मार्ग; नहर, नाला; नदी; water-cow जल गाय; water-craft नौका, नाव; नौकाएँ; तैराकी; water-crane जल क्रेन; water-cress (often, esp. formerly in *pl*.) वाटर क्रैस (जल वनस्पति), जलपत्ती; water-culture जल संवर्ध, जल संवर्धन; water-cure जल चिकित्सा; water-deck जल डैक; water-deer जल मृग, वाटर-डीयर; water-diviner पानी का पता लगाने वाला, यष्टिक जल-खोजी; water-doctor जल चिकित्सक; मूत्र चिकित्सक; water-dog जलीय शिकारी कुत्ता; वाटर-वोल (जंतु); (coll.) अनुभवी नाविक; अच्छा तैराक; बादल का टुकड़ा, तीतर पंखी बदली, वर्षा द्योतक बादल खंड; water-drinker जल पीने वाला; मद्य त्यागी; water-drop (जल) बूंद, जल-बिंदु; आँसू; water-dropwort वाटर ड्रॉपवर्ट (पादप); *adjs*. watered भीगा हुआ, छिड़काया हुआ; नहरी; बाढ़ग्रस्त; तरलीकृत; (fig.) तनूकृत; जलांकित, जल चिह्नित; जल सिंचित; watered-down बहुत पतला किया हुआ; *ns*. water-elder वाटर एल्डर (पादप); water-engine जल इंजन; (obs.) आग बुझाने का इंजन; water-equivalent जल-तुल्यांक; waterer सेचक, सींचने वाला व्यक्ति, पानी सींचने का पात्र; waterfall जल प्रपात; water-fern वाटर फ़र्न (पादप); water-finder पानी का पता लगाने वाला; water-flag वाटर-फ़्लैग (पादप); water-flea वाटर फ़्ली (जल जंतु); water-flood बाढ़, आप्लावन, आप्लव; water-flow (जल का) बहाव, जल प्रवाह; water-flowing प्रवाही; *ns*. water-fly जल कीट; (Shak.) उपेक्ष्य, तुच्छ व्यक्ति; water-fowl जल कुक्कुट, जल पक्षी; तैरने वाले पक्षी; water-front (नगर का) सागरोन्मुख भाग, तटीय नगर भाग; water-gall (obs. and dial.) जल-दर्रा; बदली, इंद्रधनुष; water-gap water-gas भाप-अंगार-गैस; water-gate जल-द्वार; water-gauge, -gage जल प्रमापी; जल दाब; जल दाब मापी; water-glass जल घड़ी; वाटर ग्लास (यंत्र); काँच का बर्तन (पौधे रखने के लिए); पानी में सोडियम या पोटा-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शियम सिलिकेट का गाढ़ा घोल; जल विलेय काँच; water-god जल देवता, वरुण देवता; water-guard तट रक्षक पुलिस; water-hammer जलावरोध ध्वनि; धक्का; जलयुक्त निर्वात स्थान; water-head स्रोत, स्रोत स्थल, जल वर्चस; water-hemlock वाटर हैमलॉक (पादप); water-hen जल कुक्कुटी, जल मुर्गाबी; water-hole जल विवर; जल गर्तिका, जल छिद्र; water-horse (अश्वाकार) जल देवता, जल परी; water-ice फल बर्फ़, जमाई हुई बर्फ़, कुल्फ़ी की बर्फ़; wateriness जलपूर्णता, जलयुक्तता; watering पानी लाना, पानी छिड़कना, पानी देना, सींचना, पनियाना; जल मिश्रण, जल मिलावट; लहरियादार बनाना; लहरियादारी; watering-call (घोड़ों को) पानी पिलाने का आह्वान; watering-can, -pot हज़ारा, पानी देने की बाल्टी, सिंचन पात्र; watering-place जल ग्रहण स्थान, जल प्राप्ति स्थान, जलाशय; जल स्रोत, चश्मा; watering-trough नाँद, प्याउ; जल द्रोणी; (रेल मार्ग के बीच इंजन का) जलग्रहण स्थल; जलवत्, पानी जैसा, जल पूर्ण; पतला, जल मिश्रित; *ns.* waterish-nest जलवत्ता, जलपूर्णता; पतलापन, जल मिश्रितता; water-jacket जलधानी, वाटर जैकेट; water-jet जल फ़व्वारा; जल प्रधार; *adj.* जल प्रधार चालित; *ns.* water-joint जल रोधी; नाली; water-jump जल कुदान; water-leaf जल वनस्पति; (archit.) स्तंभ पर पर्ण अलंकरण, लुगदी पत्र; अवशोषक काग़ज़, माड़ीहीन काग़ज़; water-lens जल लेन्स, जल काँच; *adj.* waterless जल शून्य, जल रहित, निर्जल; *ns.* water level जल तल, जल पृष्ठ, पाण सल, साधनी, जल मापक यंत्र; (geol.) भौम जल स्तर; (mining) जल निकास मार्ग; waterlily जलनलिनी; कुमुद, कुमुदिनी; उत्पल; water-line जल रेखा; जल तल; तटीय रूपरेखा, वाटर लाइन; *v.t.* waterlog जलाप्लावित करना; जल से संतृप्त करना; *ns.* water-lot जल निमग्न भूमि (खंड); water-main जलवाहक मुख्य नल, जल प्रणाल; waterman मल्लाह, माँझी, केवट, नाविक; दक्ष नाविक; (hist.) जलापूर्ति कारक व्यक्ति; पानी वाला; जल निवासी प्राणी (काल्पनिक); waterman-ship माँझीपन; नाविकता, मल्लाही; पानी पिलाने का काम; watermark जलांक, जल चिह्न; ज्वार-भाटा द्योतकांक; पोत की जल रेखा; वाटर मार्क; *v.t.* जलांकित करना, जल चिह्न लगाना; वाटर मार्क लगाना; *ns.* water-meadow जल सिंचित शाद्वल या घास स्थली; जल बाँगर; water-measure जलमाप; water-melon तरबूज़; water-meter जल मापक यंत्र, वाटर मीटर; water-mill पनचक्की; water-mocassin वाटर मुकेसिन (सर्प); water-mole वाटरमोल (जंतु) water-monkey सुराही; water-motor जल चालित मोटर; water-mouse जल मूषक; (Austr.) हाइड्रोमिस वर्ग का मूषक; water-music (hist.) जल-यात्राकालीन रचित संगीत; water-nymph जल परी; water-parting जल विभाजक (नाली), जल संभर, पनढाल; water-pipe जल नल; water-plane जल स्तर; जल पोत; water-plant जल पादप; water-plantain जल कदली; water-plate वाटर प्लेट; water-poet वाटर पोयट; जॉन टेलर; water-polo जल पोलो (खेल); water-pore जल रंध्र; वाटर पोर; water-pot जल पात्र, घड़ा, मटका; water-power जल शक्ति; जल प्रपात; water-pox पानी झारा, मोतिया शीतला; water-privilege जलाधिकार; जलाधिकार प्रयोग स्थल; *adj.* waterproof जल सह; *n.* जल सह पदार्थ; *v.t. & i.* जल सह बनाना; जल सह होना; *ns.* waterproofing जल सहकरण; जल सहकारक (पदार्थ); water-pump जल पंप; (मज़ाक में) नेत्र; waterquake (समुद्र) जल कंप; water-rail जल रेल; water-ram जल रैम; water-rat जल छछूंदर; वाटर रैट (जंतु); समुद्री डाकू, जल-दस्यु; नाविक, मल्लाह; water-rug वाटर रग (जंतु); watersapphire जल नीलमणि; water-seal जल सील, जल संमुद्र; watershed जल विभाजक, पन विभाजक, पनढाल, काठी; (erron.) अपवाह क्षेत्र; ढलवाँ जल निकास मार्ग; water-shoot अपवाह, परनाला; कृत्रिम सोपान; *adjs.* water-shot (rare) नदी द्वारा पार किया हुआ; water-side तटीय, तटवर्ती, समुद्र किनारे का; *ns.* water-smeet नदी संगम स्थल; water-smoke जल वाष्प, जल धूम; water-snake पनिया साँप, जल सर्प; water-soldier वाटर सोल्जर (पादप); water-spider जल-लूता; water-splash (सड़क पर बहने वाला) जल-प्रवाह; water-spout नल की टोंटी; जल-धारा, जल का फुहारा; मूसलाधार वर्षा; मेघास्तंभ, जल बवंडर, जल-स्तंभ; water-sprinkle (Spens.) पानी का छिड़काव,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जल फुहार; छिड़काव, बूंदाबूंदी; water-sprite जल देवता, जल परी; *adj*. water-standing (Shak.) अश्रु पूरित, आँसू भरा; *ns*. water-strider वाटर स्ट्राइडर (जंतु); water-supply जल प्रदाय, जल प्रबंध, पानी की सप्लाई, जल पूर्ति, जल-भरण; water-table (geol.) भौम जल स्तर; water-tap पानी की टोंटी; water-thermometer-जल थर्मामीटर; water thief (Shak.) जल दस्यु, समुद्री लुटेरा; *adj*. watertight जलरोधी, जलरुद्ध; (fig.) त्रुटि रहित, बिल्कुल अलग; *ns*. watertightness जलरुद्धता; त्रुटिहीनता; water-tower जल प्रस्थाणु, जल टंकी की मीनार, वाटर टावर; water-tunnel (aero.) जल सुरंग; water twist वाटर ट्विस्ट (सूत), जल वेष्टन; असामान्य बटाई (बटना); *adj*. water-vascular जल संवहनी-संबंधी; जल संवहनी-तंत्र संबंधी; *ns*. water-violet वाटर वॉयलेट (पौधा); water-vole वाटर वोल (जंतु); water-wagon पनगाड़ी, जल वैगन; water-weed तरंग, लहर, ऊर्मि; (बालों का) घुँघरालापन; *v.t*. (बालों को) घुँघराला बनाना; *ns*. waterway कुल्या, नहर, नाव्य जल; जल मार्ग, जल पथ; water-weed जल वनस्पति; water-wheel पनचक्का; पानी चढ़ाने का इंजन; जल चाक; *n. pl*. water-wings तरण पंख; *n*. water-work (usu. in *pl*.) जल कल, जल घर; वाटरवर्क्स; (obs.) फ़व्वारा, सोपानी झरना; (obs.) दीवार दरी; (slang) अश्रुपात; *adjs*. water-worn जल से घिसा हुआ; पनघिसा, जल घृष्ट; watery जल का, जल संबंधी, जलीय; जलपूर्ण, जलयुक्त; गीला, नम; जलवत्; पतला, पारदर्शी; बेस्वाद, स्वादहीन; कमज़ोर, दुर्बल; फीका, नीरस; समुद्र वर्षा, ज्वार-भाटा आदि से संबंधित; *n*. water-yam वाटरयॅम (पादप;) — above water (आर्थिक) संकट मुक्त; be, go, on the water-wagon (slang) मदिरा आदि से परहेज़ करना; cast one's water मूत्र परीक्षण करना; deep water *or* waters अति गहरा जल; कठिनाई, संकट; hold water परीक्षण में ठीक उतरना; like water प्रचुरतः, अत्यधिकता से; बेपरवाही से; make a hole in the water (slang) डूब जाना; make the mouth water मुँह में पानी आना; make, pass, water पेशाब करना; still waters run deep धीरा सो गंभीरा; under water अवतल; water of crystallisation क्रिस्टलन जल; water of life मादक पेय, सुरा, शराब आदि; water on the brain जल शीर्ष; watertight compartment जल रोध कक्ष; (fig.) कूप मंडूकता

waterloo *n*. (अंतिम) पराजय, पूर्ण पराजय; Waterloo cracker (obs.) वाटरलू आतिशबाज़ी

watt *n*. वाट (मात्रक); *ns*. wattage वाटेज, वाटता; watt-hour वाट घंटा; wattmeter वाटमापी

wattle *n*. (dial.) शाखा, टहनी; (collective *sing*. *or* in *pl*.), नरकुल, टट्टर, ठाठ, ठाठर; (dial.) रोक, बाधा; वाटल (आस्ट्रेलियाई, बबूल), लोलकी, चंचु शृंग, स्पर्शक; *v.t*. ठाठना, टट्टर लगाना; छप्पर बाँधना; *ns*. wattlebark वाटल वल्क, वाटल छाल; wattle-bird वाटल पक्षी; *adj*. wattled टट्टरदार, नरकुल युक्त; *ns*. wattling टट्टर बाँधना; छप्पर बाँधना; छप्पर बाँधने का सामान; wattle-work नरकुल का काम, टट्टर का काम; — wattle and daub, dab नरकुल और मिट्टी, टट्टर और पलस्तर

waugh *interj*. वाँ!, शोक, क्रोध आदि द्योतक अव्यय

waught, waucht *n*. (Scot.) बड़ी घूंट; *v.t. & i*. बड़े-बड़े घूंट भर कर पीना

waul, wawl *v.t*. आऊँ-आऊँ करना; also *n*.; *n. & adj*. wauling, wawling आऊँ-आऊँ; आऊँ-आऊँ करने वाला

wave *n*. तरंग, लहर; महोर्मि, बड़ी तरंग; तरंग लंबाई, तरंग दैर्घ्य; (poet.) तरंगित गति, ध्वनि; तल वक्रता, उन्नतावनतता; लहरिया; तरंगण; घुँघरालापन; (fig.) हिलोर, हिलकोरा; *v.i. & t*. लहराना; हिलोरें मारना; झाला देना, फहराना; फहराकर संकेत देना; तरंगित होना; आगे-पीछे लहरें मारना; घुमाना; संकेत देना, इशारा करना, संकेत से बताना; लहरिएदार बनाना; लहरदार आकृति देना; *n*. waveband (radio) तरंग बैंड; *adj*. waved तरंगायित, लहरीला; उन्नतावनत; (of hair) घुँघराले, छल्लेदार; दोलायित, हिल्लोलित; *ns*. wavefront तरंगाग्र; waveguide (electronics) तरंग पथ निर्धारित्र, तरंग पथक; wavelength तरंग दैर्घ्य; *adj*. waveless तरंगहीन, लहर रहित, शांत; *n*. wavelet तरंगिका, लघु लहर; *adj*.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

wavelike तरंगवत्; *ns.* wave mechanics तरंग यांत्रिकी; wave-meter तरंग मापी; wave-motion तरंग गति; *v.t.* waver दोलायित करना, झुलाना; डगमगाना, अस्थिर होना; लड़खड़ाना, विचलित होना; ढुलमुल करना, द्विविधा में पड़ना; बदलना, परिवर्तित करना; *n.* waverer अस्थिर बुद्धि व्यक्ति, विचलित प्राणी, ढुलमुल आदमी; *n. & adj.* wavering दोलायमान (व्यक्ति), संकोची (व्यक्ति), अनिश्चित (व्यक्ति); *n.* waveringness दोलायमानता, संकोचशीलता, अनिश्चितता; *adjs.* waverous, wavery अस्थिर, अनिश्चित; *ns.* waveson (पोत भंग के पश्चात्) समुद्र में बहता हुआ सामान; waviness तरंगिलता, तरंगायितता, लहरदारपन; *n. & adj.* waving तरंगण; उन्नतावनति; घुंघराला होना, तरंगित या तरंगायित; उन्नतावनत; घुंघराला; *adj.* wavy उर्मिल, तरंगित, लहरदार

wavellite *n.* वेवेलाइट (खनिज)

waw *n.* (Scott.) तरंग, लहर, ऊर्मि

wax *n.* मोम, वैक्स (खनिज हाइड्रोकार्बन); सिक्थ; मोम जैसा कोई पदार्थ, कान का मैल, कर्णमल; चपड़ा, लाख; चर्मकारीय मोम; खान की कीचड़ मिट्टी; चाशनी-मधु; (fig.) शीघ्र प्रभावित होने वाला व्यक्ति, नरम दिल आदमी; *v.t.* मोमियाना, मोम लगाना; *ns.* wax-bill वैक्स बिल पक्षी, लाक्षा चंचु पक्षी, मोम चंचु; wax-chandler मोमबत्ती वाला (बनाने वाला, बेचने वाला); wax-cloth सिक्थ वस्त्र, मोम वस्त्र, मोमजामा; wax-doll मोम की गुड़िया; *adj.* waxen मोम से बना, मोम निर्मित; मोमिया, मोम जैसा; शीघ्र प्रभावित होने वाला, मिटने वाला; *ns.* wax-end (better waxed end) मोम लगा धागा (चर्मकार का); waxed-leather मोम चर्म; waxer मोम लगाने वाला, मोमिया बनाने वाला; wax-flower मोमी पुष्प या फूल; वैक्स पुष्प (पौधा); waxiness मोमियापन; कोमलता; प्रभाव्यता; waxing मोम लगाना, मोम लेपन, सिक्थन; wax-insect मोम कीट; wax-light मोमबत्ती का प्रकाश; wax-moth पतंगा, परवाना, शलभ; wax-myrtle वैक्स मायर्टल (पादप); wax-painting मोम चित्रकारी; wax-palm मोम उत्पन्न करने वाला ताड़ का वृक्ष; wax-moth पतंगा, परवाना, शलभ; wax-paper मोमिया काग़ज़; *adj.* wax-red(Shak.) लाक्षा वर्णी; *ns.* wax-tree मोम उत्पन्न करने वाला वृक्ष; wax-wing वैक्स विंग (पक्षी); waxwork सिक्थ कर्म, मोम का काम, मोम की कारीगरी; (*pl.*) मोमी मूर्तियों की प्रदर्शनी; wax-worker मोमिया काम का कारीगर, मोमिया काम करने वाला; *adj.* waxy मोमवत्, मोम जैसा; नर्म, मुलायम; सुप्रभाव्य; (fig.) अति संवेदनशील; पांडु, पीला, विवर्ण; लेईदार; — waxy degeneration मोमी अपघटन

wax *v.i.* वर्धित होना, बढ़ना; अवस्थांतरित होना

wax *n.* (coll.) आवेश, क्रोधावेश; *adj.* waxy (slang) क्रुद्ध, कुपित, उत्तेजित

way *v.t.* (Spens.) तोलना, अंदाज़ा लगाना

way *n.* रास्ता, सड़क, मार्ग; (गति की) दिशा; दूरी; (आगे बढ़ने का) अवकाश या स्थान; (कार्य करने की) स्वतंत्रता, व्यवहार रीति; अवस्था, स्थिति; (जीवन में) उन्नति, आगे बढ़ना; सामान्य या स्वाभाविक आचरण; (in *pl.*) विशेष आचरण या व्यवहार, व्यक्तिगत विशेषताएँ; तरीका, शैली; पद्धति; साधन; पथ; पहलू; इरादा; (naut.) प्रगति; दिशा; (in *pl.*) वेज़; *v.i.* (Spens.) यात्रा करना, सफ़र करना; *n.* way-bill मार्ग पत्रक, यात्रियों के नाम तथा सामान की सूची; यात्रा क्रम, यात्रा में गन्तव्य स्थानों की सूची; बिल्टी, डाक-चालान; सामान सूची, रवन्ना; way-bread (dial.) केला; *v.i.* wayfare (arch.) पद-यात्रा करना, पैदल यात्रा करना, पर्यटन; *n.* (arch.) पद यात्रा; पैदल यात्रा; *n.* wayfarer पद यात्री पैदल यात्री, पर्यटक; *n. & adj.* wayfaring पद-यात्रा करना, पर्यटन; पद यात्रा करने वाला; way-freight मार्ग स्टेशन का भाड़ा, गाड़ी से सामान भाड़ा; *adjs.* way-going (Scot.) प्रस्थान करने वाला, जाने वाला, जुदा होने वाला; waygone (यात्रा) क्लांत, परिश्रांत, थका हुआ; *v.t.* waylay घात में रहना; मार्ग में लूटना, आक्रमण करना; (fig.) की प्रतीक्षा करना; (obs.) रुकावट लगाना; बीच में रोकना, अटकाना; *ns.* waylayer घात में रहने वाला; मार्ग में लूटने वाला या आक्रमण करने वाला; बाधक; अवरोधक; way-leave दूसरे की भूमि पर से जाने की अनुज्ञा, मार्ग अनुज्ञा; *adj.* wayless मार्गहीन, पथहीन; *ns.* way-maker पथ-प्रदर्शक, अगुवा, अग्रसर; पुरोगामी, पूर्वगामी, अग्रदूत; way-mark, -post मार्ग-दर्शक चिह्न; way-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

passenger रास्ते में उतरने वाला यात्री, मार्ग यात्री; wayside मार्ग या सड़क का किनारा; *adj.* सड़क के किनारे उगा हुआ या अवस्थित; *ns.* way-station (U.S.) छोटा स्टेशन, बीच का स्टेशन, मध्यवर्ती स्टेशन; way-traffic स्थानीय यातायात; way-train (U.S.) लाइन पर स्थित प्रायः सभी स्टेशनों पर ठहरने वाली रेलगाड़ी, मार्ग रेलगाड़ी, मार्ग ट्रेन; way-warden मार्ग निरीक्षक, सड़क निरीक्षक; *adj.* wayworn मार्ग श्रांत, (रास्ते का) थका-माँदा; — be by way of समझा जाना, तथाकथित, कथित होना; by, with, one's way of it (Scot.) (स्वयं के) विचार के अनुसार; by the way प्रसंग वश, आकस्मिक; अकस्मात, मार्ग में; रास्ते के किनारे; by way of के अभिप्राय से, के मतलब से; के रूप में; come one's way उसी प्रकार आना, होना; (fig.) अपने मार्ग में आना, मिल जाना; go out of the, one's, way, put oneself out of the way (से) पीछा छुड़ाना, निपटाना, सुलझाना; go the way of all the earth मर जाना; have a way with one (को) आसानी से मना लेना; have one's way अपनी बात पूरी करना, मनचाहा पा लेना; have way (naut.) गति में होना; in a bad way बुरी स्थिति में; अस्त-व्यस्त; in a way संकट में; किसी हद तक; एक प्रकार से; in the family way गर्भ धारण किए हुए; in the way मार्ग में, रास्ते में; (lit. & fig.); रुकावट डालते हुए; in the way of सुस्थिति में, अच्छी स्थिति में; (coll.) की आदत में; के संदर्भ में, के अनुसार; lead the way मार्गदर्शन करना, पथ-प्रदर्शन करना; make one's way आगे बढ़ना, फलना-फूलना; (lit. & fig.) उन्नति करना; make way स्थान देना; अग्रसर होना, आगे बढ़ना; on the way उद्देश्योन्मुख, गंतव्य मार्ग की ओर; उन्नति से; out of the way रास्ते से हटकर, भटका हुआ; (Shak.) खोया हुआ, छुपा हुआ; take one's way चला जाना, आगे बढ़ना; अपना मार्ग अपनाना, अपना काम करते रहना; under way गति में (पोत); ways and means राजस्व साधन; अर्थोपाय

wayward *adj.* हठी, दुराग्रही; ज़िद्दी; मौजी, तरंगी, झक्की; अनियमित; निरंकुश; *n.* waywardness हठीलापन, ज़िद्दीपन; मौज, तरंग, झक्कीपन; निरंकुशता

we *pron. pl.* of I हम

weak *adj.* निर्बल, कमज़ोर, अशक्त; सुकुमार, नाज़ुक; अस्वस्थ; मंद बुद्धि, दुर्बल बुद्धि; हलका; प्रभावशाली; कलाहीन; अप्रत्यायक; अनिर्णायक; संघटक, अंश रहित; (gram.) नियमित; (lings.) स्वराघातहीन; अल्प बलाघात युक्त, दुर्बल बलाघातयुक्त; गिरावट की ओर मूल्य वाली; *v.t. & i.* weaken निर्बल या दुर्बल कर देना; शक्तिहीन करना, कमज़ोर होना, निर्बल होना; ढुलमुल होना, अस्थिर होना; ढीला पड़ना; *n.* weakener निर्बल, शक्तिहीन, क्षीण करने वाला व्यक्ति; *adjs.* weak-eyed मंद दृष्टि; weak-handed शक्तिरहित; weak-headed मंद बुद्धि, अल्प बुद्धि; दुर्बल मस्तिष्क का; weak-hearted भीरु, डरपोक; कोमल हृदयी; weak-hinged अस्थिर, अस्थायी; weak-kneed कमज़ोर घुटनों वाला; ढुलमुल; *ns.* weakliness निर्बलता, कमज़ोरी, अशक्तता, कोमलता, अस्वस्थता; weakling कमजोर, अशक्त व्यक्ति; *adj.* weak-minded मूढ़, मंद बुद्धि; शिथिल बुद्धि; आसानी से मान जाने वाला; *ns.* weak-mindedness मूढ़ता; बुद्धि दौर्बल्य, कमज़ोरी; weakness कमज़ोरी, निर्बलता, दुर्बलता, कोमलता; अस्वस्थता; *adjs.* weak-sighted मंद दृष्टि; weak-spirited शक्ति रहित, स्फूर्ति रहित, डरपोक, कायर; weaker sex स्त्री, नारी; weak-side, point दोष, त्रुटि, बुराई, ऐब

weal *n.* मंगल, क्षेम, कल्याण, हित; *adj.* well-balanced (Shak.) सुव्यवस्थित; *n.* wealsman (Shak.) perh राजनेता; — the public, general or common weal विश्व-कल्याण, जन-हित, जन-कल्याण

weald *n.* (poet.) वन भूमि, जंगल; *adj* Wealden जंगल संबंधी; परतदार; also *n.*

wealth *n.* (arch.) समृद्धि; धन, दौलत, संपत्ति; धन-दौलत, वैभव; (fig.) प्राचुर्य, बाहुल्य, बहुतायत; *n.* wealthiness वैभव, संपन्नता, प्राचुर्यता; *adj.* wealthy धनी, धनवान, धनाढ्य

wean *v.t.* स्तन्यमोचन करना, अपस्तन्यन करना, दूध छुड़ाना; संतुष्ट करना, अनुकूल बनाना; से अलग करना, आदत छुड़ाना; *ns.* weaning-brash स्तन मोचनी प्रवाहिका; *adj.* weanling दूध छुड़ाया, स्तन्य मोचित; *n.* दूध छुड़ाया बच्चा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

weapon *n.* शस्त्र, हथियार, अस्त्र; *adj.* weaponed सशस्त्र, हथियारों से लैस; weaponless निरस्त्र, निहत्था, शस्त्र रहित

wear *v.t. & i.* पहनना; शरीर पर डाल देना; प्रदर्शित करना, दिखाना; (of a ship) झंडा फहराना; घिस जाना, नष्ट हो जाना, छीजना; खपा लेना, थका देना, ऊब जाना; के अनुरूप लाना; (poet.) (समय) बिताना, (समय) काटना; (Scot.) (भेड़) चराना; घिस जाना, छीजना; (poet.) समय बीतना, कटना; कट-फट जाना, जीर्ण या पुराना हो जाना, जीर्ण होना, क्षत होना; टिकाऊ होना, टिकना, चलना; (Shak.) फ़ैशनप्रिय होना; में बदलना, बनना; *n.* धारण, पहनना; घिसाई, छिजाई; टिकाऊपन; घिसी वस्तु, वस्त्र; वेशभूषा; *adj.* wearable पहनने योग्य, परिधेय; *n.* wearer पहनने वाला, धारी; *adj.* wearing धारणीय, पहनने का; थका देने वाला, थकाऊ, छिजाने वाला; *n.* घर्षण, घिसना; पहनना, धारण; टिकाऊपन, चलाऊपन; व्यतीत करना; *ns.* wearing-apparel वस्त्र, पहनने के कपड़े, परिधान; wear-iron आधार पट्टी; —wear and tear, tear and wear टूट-फूट, विघर्षण; wear away घिस जाना, खत्म हो जाना; किसी तरह बिताना; wear down (fig.) घट जाना, घटा देना, समाप्त हो जाना या कर देना; wear off (रगड़ कर) समाप्त कर देना; घिस जाना, नष्ट हो जाना; धीरे-धीरे समाप्त या लुप्त हो जाना; wear out घिस जाना, घिस कर नष्ट हो जाना; खपा डालना; तंग करना, सताना; (win and) wear जीतना, मौज उड़ाना

wear *v.t. & i.* (naut.) (पतवार को मोड़ कर) नई दिशा में ले जाना

weary *adj.* श्रांत, थका हुआ; बहुत थका हुआ; (dial.) अदना; *v.t. & i.* थका देना, श्रांत करना; धैर्य खो देना; निशक्त करना; थक जाना, अधीर होना; (Scot.) प्रतीक्षा करना (with *for*); *adjs.* wearied श्रांत, थका हुआ; weariful थकाऊ, क्लांतिकर, उबाऊ, नीरस; *adj.* weariless निरंतर, अनवरत; *n.* weariness श्रांति, थकान, थकावट, क्लांति; *adj.* wearisome श्रांतिकर, क्लांतिकर, थकाने वाला; उबाऊ, विरक्तिकर; *n.* wearisomeness श्रांतिकरता, क्लांतिकरता, उबाऊपन; —weary out थका डालना, चूर कर देना; Weary Willie (slang) आवारागर्द; (slang) कूर, आलसी

weary *n.* (Scot.) शाप, कसम (as in weary on you, weary fall you)

weasand *n.* ग्रसिका, हलक; वायु नलिका; गला

weasel *n.* वीज़ल (जंतु); वीज़ल जैसा व्यक्ति; वीज़ल टैंक; *ns.* weasel-cat वीज़ल कैट (जंतु); weasel-coot मादा स्मू; स्मू शिशु; *adj.* weasel-faced वीज़लमुखी, लंबोतरे मुँह वाला; — weasel-word टालू शब्द, भ्रामक शब्द; weasel-out दायित्व टालना

weather *n.* मौसम, ऋतु; जलवायु, आबोहवा; प्रत्यावर्तन, (भाग्य का) फेर; (formerly specif.) तूफ़ान, प्रतिकूल मौसम; (naut.) हवा का रुख, वायु दिशा; शीतल तथा नम मौसम; काल, दिन, समय; *v.t. & i.* खुली हवा में रखना, वायु प्रभावित करना; वात दिशा में (जलपोत को) खेना; (lit. & fig.) बच कर निकल जाना, से बचना; पाल लगाना; ढलवाँ करना; विवर्ण या फीका होना, मलिन होना, विघटित होना; *adj.* (naut.) वातोन्मुख, वायु की दिशा में स्थित; अनुवात; *adjs.* weather-beaten ऋतु हत, मौसम से आहत, जलवायु से नष्ट किया हुआ; weather-bitten ऋतु विकृत; *n.* weather-board पोत की वात दिशा; छज्जा, जल निष्कासन का ढलुवाँ तख्ता; *v.t.* ढलुवाँ तख्ते लगाना; *ns.* weather-anchor अनुवात लंगर; weather-boarding तख्ते; छज्जा; *adj.* weather-bound बुरे दिन या मौसम के कारण रुका हुआ; *n.* weather-bow गलही की वात दिशा; weather-box, weather-house वैदर बॉक्स (खिलौना); weather-cloth वैदर क्लॉथ, मौसम रक्षी कपड़ा; weathercock वातसूचक या वातदर्शक मोर, वात-दिग्दर्शक; अवसरवादी; *v.t.* वातसूचक लगाना; अवसरवादी की तरह व्यवहार करना; *adjs.* weather-driven वायु चालित, तूफ़ान चालित; weathered (archit.) कुछ ढलवाँ; (geol.) अपक्षीण; पका, सिझाया हुआ; *n.* weather-eye मौसम चक्षु (यंत्र); *v.t.* weather-fend (Shak.) मौसम से बचाना; शरण लेना; *ns.* weather-forecast मौसम पूर्वानुमान; weather-gall (Scot. -gaw) अपूर्ण इंद्रधनुष, वर्षा सूचक; weather-glass वायुदाब मापी; weather-gleam (dial.) क्षितिज की चमक; *adj.* weather-headed (Scott) मनमौजी, तरंगी; *n.* weathering (archit.) ढलान; (geol.) अपक्षय, अपक्षयण;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मौसम का आदी होना; अनुवात होना; *adj.* weatherly (naut.) अनुवाती; *n.* weather-map मौसम मानचित्र, मौसम नक्शा; *adj.* weathermost (naut.) अनुवात दूरतम; *n.* weather-notation मौसम संकेत लेखन प्रणाली; *adj.* weather-proof ऋतुसह; ऋतु सह वस्तु, ऋतु प्रभाव रहित; *v.t.* ऋतुसह बनाना; *ns.* weather-prophet मौसम-विशेषज्ञ; मौसम पूर्वानुमानित्र, मौसम की पूर्व सूचना देने वाला यंत्र; weather-report (loosely) मौसम रिपोट; weather-side अनुवात दिशा, पवन मुख; weather-sign मौसम संकेत; पूर्वलक्षण, पूर्वानुमान; weather-stain रंग उड़ना, धब्बे पड़ना (मौसम के कारण); weather-station मौसम कार्यालय; weather strip मौसम पट्टी; weather-symbol मौसम संकेत चिह्न; weather-wise (lit. & fig.) (मौसम) पूर्वानुमान कुशल, — keep one's weather eye open सतर्क रहना; तीखी नज़र रखना; keep, have, the weather of अनुवात होना; का लाभ प्राप्त करना, फ़ायदा उठाना; make fair weather (Shak.) मैत्री करना, चापलूसी करना; make good, bad, heavy, etc., weather of it (lit. & fig.) तूफ़ान (क्रोध) के समय अच्छा, बुरा व्यवहार करना; stress of weather आँधी, तूफ़ान, बवंडर; under the weather अस्वस्थ, फटीचर; weather along मौसम के अनुसार बना लेना; weather on (lit. & fig.) अवसर से लाभ उठाना; weather out लाभ प्राप्त करना, विरोध होते हुए फ़ायदा उठाना या सफलता प्राप्त करना

weave *v.t. & i.* बुनना, बुनाई करना; गूँथना; कपड़ा बनाना; चित्रित करना; संगठित करना, संग्रथित करना; बनाना, निर्माण करना; गढ़ना, सन्निविष्ट करना, बठा देना; सोच निकालना; कहानी आदि की रचना करना; *n.* बुनाई, बुनावट, वयन; *ns.* weaver बुनने वाला; जुलाहा, बुनकर; weaver-bird बुनकर पक्षी, बया; weaving वयन, बुनाई, बुनावट

weave *v.t. & i.* इधर-उधर फिरना; अंदर-बाहर लपेटना; (boxing) प्रहार और बचाव के लिए आगे-पीछे होना; (aero.) टेढ़ी-मेढ़ी चाल से उड़ना; इधर-उधर, ऊपर-नीचे हिलना; हिला कर संकेत करना; *n. & adj.* weaving संकेत; हिलने वाला, संकेतक

web *n.* जाला (मकड़ी का) जाल, बुनी हुई वस्तु; थान (कपड़े का); कपड़ा प्रकार; (धातु की) चादर, चद्दर; पट्टी; बड़ा कागज़, कागज़ का पुलिंदा; पिच्छ फलक; (anat.) झिल्ली; (जल पक्षियों का) पाद-जाल; (आँख पर) जाला, झिल्ली; षड्यंत्र, फंदा, जाल; *v.t.* (जाल से) ढकना या संबद्ध करना, जोड़ना; *adj.* webbed जालपादी; *n.* webbing पट्टी, निवाड़, मगज़ी; (zool.) जालपादी होना; जालपाद का मज़बूत किनारा; *adjs.* webby जालमय, जालेदार, पट्टीदार; web-fingered जुड़ी अंगुलियों वाला; *n.* web-foot जालपाद; *adjs.* web-footed, web-toed मुलायम (पंजों की) चर्म वाला; *n.* web-worm (U.S.) वैबवर्म (जाला बनाने वाले कीट)

wecht *n.* (Scot.) छाज, सूप

wed (Scot. wad) *v.t. & i.* विवाह करना, शादी करना; विवाह संस्कार कराना, विवाह कराना; संयोजित होना, जोड़ना, एक कर देना; विवाह होना; *adj.* wedded परिणीत, विवाहित, शादी-शुदा; संयोजित; (का) समर्थक, वचनबद्ध; (से) प्रतिबद्ध; *ns.* wedding विवाह, शादी; विवाहोत्सव; wedding-bed विवाह शैया, सुहाग की सेज; wedding-cake विवाह का केक; *n. pl.* wedding-cards विवाह कार्ड; (विवाह का) निमत्रण-पत्र; *ns.* wedding-day विवाह दिवस; विवाह की वर्षगाँठ; wedding-dower दहेज, दायजा; wedding-dress दुल्हनी वस्त्र, विवाह के समय के वस्त्र; wedding-favour दुल्हे के वस्त्र; wedding-finger अनामिका (जिस में अंगूठी पहनाते हैं); wedding-ring वैवाहिक अंगूठी; — silver, golden, diamond, wedding (विवाह की) रजत, स्वर्ण, हीरक जयंती

wedge *n.* पच्चड़, फन्नी, फान, टक, वेज; वेज आकार की वस्तु; वेज के तले की गोल्फ़ छड़ी; *v.t. & i.* पच्चड़ लगाना, फान लगाना, वेज लगाना; वेज से धकेलना, घुसा देना; जड़ना, कस कर फँसाना, लगाना; अति भीड़ होना; वेज बाँधना; वेजबनाना; वेज की तरह ज़ोर लगाना; कस जाना, जकड़ जाना; *adjs.* wedged वेज युक्त, पच्चड़ युक्त; wedge-shaped फानाकार, टंकाकार, वेज के आकार की; wedge-tailed फानाकार पूँछ वाला; *adv.* wedge-wise वेज की तरह से; *n.* wedging पच्चर लगाना, फान लगाना; the thin, or small, end of the wedge समारंभ, महत्वपूर्ण परिवर्तन; the (wooden) wedge सब से निम्न विद्यार्थी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Wedgwood (ware) *n.* वेजवुड वेअर (चीनी मिट्टी के बर्तन)

wedlock *n.* विवाह, विवाह-बंधन, विवाहित स्थिति, (esp. in the phrase born in, *or* out of, wedlock औरस; वर्ण (संकर); —break wedlock विवाह बंधन तोड़ना

Wednesday *n.* बुधवार

wee *n.* (Scot.) अल्पांतर; अल्पकाल

wee *interj.* वी (शूकर शावक की आवाज़ का द्योतक); also *v.i.* & *n.*

weed *n.* खर-पतवार, घास-पात, अपतृण, कुतृण; जंगली बूटी, जड़ी; बेकार, कष्टकारी वस्तु; निकम्मा पशु; (coll.) तंबाकू, सिगार, चुरुट, सिगरेट; *v.t.* & *i.* से घास-पात हटाना; निराना, नींदना, छाँटना (often weed out); *adjs.* weeded, weed-grown घास-पात युक्त, जड़ी-बूटी युक्त; *ns.* weeder निराई करने वाला; निराई हैरो; weedery घास-पात से भरा क्षेत्र, जड़ी-बूटी युक्त प्रदेश; weediness कुतृणपूर्णता, तृणयुक्तता; weeding (the action of the verb to weed) छाँटी हुई, उखाड़ी हुई वस्तु; weeding-chisel, -forceps, -fork, -hook, -tongs (*pl.*) घास-पात काटने वाला यंत्र, खुरपी, खुरपा; *adjs.* weedless बिना घास-पात का, तृणहीन; weedkiller अपतृण नाशी; weedy घास-पात जैसा; अपतृण युक्त, घासदार; ताँतिया, लंबू; कदाचारी

weed *n.* (arch.) वस्त्र (or as collective *sing.*) पोशाक; (arch.) शस्त्र; अस्त्र; (in *pl.*) मातमी पोशाक (विधवा की); *adjs.* weedy मातमी पोशाक युक्त

weed *n.* (Scot.) आकस्मिक रुग्णता (विशेष कर जच्चा की); वीड (अश्व ज्वर)

week *n.* सप्ताह, हफ़्ता; (सप्ताह के कार्य-दिवस); (in *pl.*) हफ़्तों, बहुत समय; *ns.* weekday कार्य-दिवस (रविवार के अतिरिक्त); week-end, weekend सप्ताहांत (शुक्रवार से सोमवार, या शनिवार से मंगलवार तक का काल); *v.i.* सप्ताहांत की छुट्टी मनाना; *ns.* week-ender सप्ताहांत की छुट्टी मनाने वाला; week-ending सप्ताह की छुट्टी मनाना; *adj.* weekly साप्ताहिक; *adv.* सप्ताह में एक बार; प्रति सप्ताह; *n.* साप्ताहिक प्रकाशन, साप्ताहिक पत्रिका; — a week of Sundays सात सप्ताह; लंबा समय; Feast of Weeks फ़ीस्ट ऑफ़ वीक्स (यहूदियों का त्योहार); this day week आज से एक सप्ताह; week about सात दिन छोड़ कर; week in week out लगातार, निरंतर, बिना छुट्टी के

weel *n.* भँवर, जलावर्त

ween *v.t.* & *i.* (arch.) विचार करना; विश्वास करना; आशा करना, उम्मीद करना; (Shak.) कल्पना करना, समझना

weep *v.i.* & *t.* क्रंदन करना, रोना, अश्रुपात करना; विलाप करना; बहना, वर्षा होना; (बूँदों में) टपकना, चूना; रिसना, बहना; निस्रवण होना; लटकते रहना लंबित होना; रोना, शोक करना; बहाना, गिराना, टपकाना; रोकर प्रकट करना, आँसू टपकाना; निस्रवण करना; *n.* weeper रोने वाला व्यक्ति, रोवैया; मातमी पट्टी; हैट की पट्टी; (विधवा के) शोक वस्त्र, मातमी वस्त्र; लंबित वस्तु; *n.* & *adj.* weeping रुदन, शोक, अश्रुपात; रुदनकर्त्ता, रोने वाला; *ns.* weeping-ash वीपिंग ऐश (पादप); weeping-birch वीपिंग बर्च (पादप); Weeping Cross, weeping-cross (hist.) (सड़क पर का) क्रूस; in phrases — to come home by weeping cross शोक होना, निराशा होना, असफल होना; weeping-elm वीपिंग एल्म (पादप); *adj.* weeping-ripe (Shak.) अश्रुपूर्ण; *n.* weeping-rock झरती चट्टान, रिसती चट्टान; weeping-spring रिसता झरना; weeping-tree झुकी हुई शाखों वाला पेड़; weeping-willow वीपिंग विलो (पादप); वेद-मजनूँ; *adj.* weepy (coll.) अश्रुपूर्ण, आँसू भरा; (dial.) रिसने वाला, टपकने वाला

weever *n.* वीवर (मत्स्य)

weevil *n.* घुन, घुण; *adjs.* weevilled, weeviled, weevilly, weevily घुन लगा, घुन वाला

weft *n.* बाना, बुनावट; आड़ा तार, भरनी (also woof); जाल, जाला; झिल्ली, बादल; *v.i.* (rare) बाना बुनना, जाल बनाना; *n.* weftage बुनावट, गठन

wehrmacht *n.* (Ger.) सशस्त्र सेना

weigh *v.t.* & *i.* तोलना, तौलना (with against); भार मालूम करना, वज़न करना; वज़न होना; समभार करना, संतुलित करना; बाँट देना, संविभाजित करना; (हाथ में उठा कर) भार देखना; मूल्यांकन करना; चिंतन करना, मनन करना; महत्व रखना, असर करना;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(Milt.) विस्तारित करना, फैलाना; भार रखना, वज़न का होना; महत्वपूर्ण होना; (Shak.) संतुलित होना; (Shak.) मूल्य होना; दबाना; लंगर उठाना; पक्ष-विपक्ष पर विचार करना; *adj.* weighable तोल्य, तोलनीय; *ns.* weighage तुलाई, तोलन शुल्क; weigh-bank (Scot.) (तराज़ू का) डंडा, डंडी; (*pl.*) (तराज़ू के) पलड़े, पाट; weigh-bridge चौकी तुला, काँटा, तुला सेतु; *adj.* weighed अनुभवी, अनुभूत; विचारित, संतुलित; *ns.* weigher तोलक, काँटा अधिकारी; weigh-house तुला गृह; weighing तोलन, तोल, भारण, जाँच; weighing-machine तोल मशीन; weight भार, वज़न, तौल; भार मात्रा; भार; बाट, बट्टा, बटखरा; तोलना; भार ली जाने वाली वस्तु; वेट; (Spens.) तुला, पलड़े; भारी वस्तु, बोझ; बोझिल वस्तु; भारी भरकम वस्तु; दाब, दबाव; महत्त्व; शक्ति; प्रभाव-शालिता; बल; *v.t.* (lit- & fig.) अधिक भारी करना, वज़न लगाना; तराज़ू झुकाना; भारित करना (कपड़ों में रसायन मिला कर); बाधा डालना, रोक लगाना (a horse; also fig.); बोझिल करना; भार लगाना (statistics); *n.* weightiness भारीपन, बोझ; महत्व, शक्ति, औचित्य; *adj.* weightless भार रहित; महत्वहीन; शक्तिहीन; weighty भारी, बोझिल आवश्यक, महत्वपूर्ण; प्रभावशाली; ध्यानाकर्षी; (Shak.) तीव्र; — by, in, with, weight (Shak.) पूर्णतः; weigh down दबाना, झुकाना; (fig.) उदास करना; प्रबल होना; weigh in वज़न करना (also *n.* weigh-in); (slang) प्रायोजना में शामिल होना; weigh in with (fig.) नया (तर्क) प्रस्तुत करना; weigh out तोलना, वज़न करना; (घुड़-दौड़ से पहले) वज़न लेना (also *n.* weigh-out); weight of metal (now rare) प्रक्षेप भार; weigh to the beam से महत्व-पूर्ण होना; weigh up (lit. & fig.); ऊपर उठाना; (coll.) कूतना; weigh with (fig.) महत्वपूर्ण होना, प्रभावित करना

weir, wear *n.* बाँध (नदी का); (मछली पकड़ने का) जाल

weird *n.* (arch. and Scot.) जादूगरनी; दुर्भाग्य; होनहार, भवितव्यता; भाग्य की कहानी; जादू, मंत्र, टोना; *adj.* भाग्य संबंधी, नसीब का; अलौकिक, भयानक; निराला, अनोखा, अनूठा; *v.t.* (Scot.) (पहले से) निर्दिष्ट करना, नियत करना; (Scot.) भाग्य देना; (Scot.) पूर्व चेतावनी देना; *n.* weirdness भाग्य, किस्मत, अलौकिकता, अनोखापन; —the Weird Sisters भाग्य देवी; जादूगर-नियाँ, डायनें (in Macbeth)

welcome *adj.* स्वागतपूर्वक गृहीत; सुखद, दिल-पसंद; स्वतंत्र (to); *n.* स्वागत; सत्कार, आवभगत; स्वागत समारोह, अभिनंदन; *v.t.* स्वागत करना; प्रसन्नता से स्वीकार करना; सत्कार करना, आवभगत करना; *n. interj.* स्वागत, बधाई आदि द्योतक अव्यय; *ns.* welcomeness स्वागतयोग्यता, सुखदता; welcomer स्वागतकर्त्ता; — bid a welcome (का) स्वागत करना

weld *v.t. & i.* टाँका लगाना, झाल लगाना, वेल्ड करना; कस कर जोड़ना; वेल्ड होना; वेल्ड योग्य होना; *n.* वेल्डित जोड़, वेल्ड; *n.* weldability संधानीयता, संयोज्यता; *adj.* weldable संधानीय, संयोज्य; *n.* welder, weldor वेल्डक, झाल लगाने वाला; *n. & adj.* welding वेल्डिंग, झाल लगाना; वेल्डक; *adj.* weldless वेल्ड रहित; *n.* weldment संधान, टाँका, झाल (कार्य या प्रक्रिया); संधित वस्तु, टाँका लगी चीज़

welfare *n.* कल्याण, हित; मंगल, कुशल-क्षेम; स्वास्थ्यपूर्णता; सुख; — welfare state लोक हितकारी राज्य, कल्याणकारी राज्य; welfare work कल्याण कार्य; welfare worker कल्याण कार्यकर्त्ता

welkin *n.* आसमान, आकाश, गगन; *adj.* (Shak.) आसमानी (रंग)

welkt, wealk'd *adj.* (Shak.) बटा हुआ, ग्रथित; *v.i.* welk (Scott, founding on Shak.) बटना, ग्रथित करना

well *n.* कुआँ, कूप; जल स्रोत, खनि स्रोत; (fig.) उद्गम, उत्पत्ति स्थान, हौज़, कुंड (जलपोत में); कूपक (लिफ्ट का); (न्यायालय का) कटघरा; विवर, छिद्र, गह्वर; भँवर, जलावर्त्त; *v.t. & i.* (lit. & fig.); (ज़मीन से) पानी निकलना; *v.t.* गिराना; — well-boat, -smack छिद्रिल नौका, कुंड युक्त नौका (मछली पकड़ने के लिए); well-borer कूप वेधक; well-boring कूप वेधन; well-curb कूप की मुंडेर; well-deck वेल-डेक (पोत में डेक पर की बंद जगह); well-drain कुईं, गड्ढा; well-dressing कूप विन्यास; well-head उद्गम स्थल; (fig.) स्रोत, फ़व्वारे का स्रोत; (Scot.) गड्ढा; कूप की मुंडेर; well-hole कूप छिद्र; कूप का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शाफ़्ट; मशीन का शाफ़्ट; well-house, well-room कूप कक्ष; welling उद्‌गार, भावोद्‌गार; well-sinker कुआँ खोदने वाला; well-sinking कुआँ खोदना, कूप खनन; well-spring फ़व्वारा, स्रोत कूप; — the wells खनिक कूप स्थल

well (*compar*. better; *superl*. best) *adj*. (usually predicative) अच्छा; स्वस्थ, नीरोग; भाग्यशाली, भाग्यवान; कुशलपूर्ण, आरामदायक; संतोषजनक; *n*. (Spens.) स्वास्थ्य, भाग्य; *adv*. ठीक, ठीक तौर पर; उत्तम ढंग से; अच्छी प्रकार से, यथेष्ट रूप में; हृदय से, मन भर के; सफलतापूर्वक; प्रचुरता से, बहुलता से; ऐयाशी से, ऐश से; कारणवश; कुशलतापूर्वक, तुलभत:; सम्यक् रूप से, बख़ूबी; स्पष्टत:; आसानी से, सरलतापूर्वक; बिल्कुल; *interj*. अच्छा; *adjs*. well-acquainted जानकार, सुविज्ञ; well-advised सुविवेचित, सुमंत्रित; विज्ञ, दूरदर्शी, चतुर; (Shak.) स्वस्थ चित्त, होश में; *interj*. wellanear (Shak.) अहा!, ओह!; *adj*. well-appointed सुसज्जित, सुस्थित; *n*. well-appointedness सुसज्जितता, सुस्थिति; *adjs*. well-balanced सुव्यवस्थित; समझदार; well-becoming उपयुक्त; समुचित, अनुकूल; well-behaved शिष्य, सुशील; *n*. well-being कल्याण, हित; *adjs*. well-beloved अतिप्रिय; well-beseeming उपयुक्त, समुचित, अनुकूल; well-beseen (obs) दिखावटी; well-born कुलीन, सत्कुल जात; well-breathed अच्छे साँस वाला, मजबूत फेफड़े वाला; व्यायामित; जिसका साँस न फूला हो; well-bred शिष्ट, सुशील; अच्छी नस्ल का; well-built (भवन, व्यक्ति, वस्त्र आदि) सुगठित, हृष्ट-पुष्ट, बढ़िया; well-conditioned सुस्थित, अच्छी हालत में; well-conducted सुसंगठित, सुसंचालित, सुव्यवस्थित; चरित्रवान, आचारवान; well-derived (Shak.) अच्छी नस्ल का; well-desired (Shak.) अभीष्ट; well-directed (lit. & fig.) सुनिर्दिष्ट; well-disposed (obs.) स्वस्थ; सुव्यवस्थित; कृपापूर्ण, अनुकूल; *ns*. well-doer सुकर्मकारी; (dial.) समृद्ध, समृद्धिशाली व्यक्ति; *n. & adj*. well-doing सुकर्म, अच्छे काम; *adjs*. well-earned सुअर्जित, समुपयुक्त; well-educated सुशिक्षित; well-entered (Shak.) प्रशिक्षित, सुदीक्षित; well-famed (Shak.) सुप्रसिद्ध, कीर्तिवान; well-favoured (Scots forms weel-faird, -faur'd, -far'd, -far't, -faurt) सुंदर, रूपवान, ख़ूबसूरत; well-fed सुस्पष्ट; well-founded सुप्रतिष्ठित, पुख़्ता; न्यायसंगत, प्रमाणित; well-given (obs.) कृपापूर्ण; सुव्यवस्थित; well-gotten ईमानदारी से प्राप्त; well-graced (Shak.) प्रसिद्ध; well-grounded सुप्रतिष्ठित; well-informed विद्वान; बहुश्रुत; well-intentioned नेकनीयत, सदाशयी; well-judged सुअवसर पर किया, सुनिर्णित; well-judging सुअवसर पर किया कार्य, सुनिर्णय; well-knit (of a person) मजबूत, सुगठित; सुग्रथित; well-known सुप्रसिद्ध; यशस्वी, प्रख्यात; कुख्यात; well-liking (arch.) अच्छी स्थिति में, सुस्पष्ट; *n*. (obs.) पसंदगी, पसंद; *adjs*. well-lined अच्छी लाइनिंग का; धनपूर्ण; well-looking सुंदर, रूपवान, ख़ूबसूरत; well-mannered नम्र, सभ्य, शिष्ट, तमीज़दार; well-marked सुस्पष्ट, निश्चित; well-meaning नेकनीयत, सदाशयी; well-meant नेकनीयत, सच्चा, निष्कपट; well-minded नेकनीयत, अनुकूल; स्वस्थ; *adv*. well-nigh करीब-करीब, लगभग, तकरीबन; *adjs*. well-off अच्छी परिस्थितियों में, सौभाग्यशाली; well-ordered सुक्रमित; सुनियोजित, सुव्यवस्थित; well-pleasing स्वीकार योग्य, सुरम्य; well-plighted सुवलित; well-proportioned संतुलित; well-read सुपठित, बहुपठित; well-regulated सुक्रमित, सुनियोजित सुव्यवस्थित; well-respected आदरणीय; (Shak., 1 Hen. IV, IV. iii. 10) सुविचारित; well-rounded सुवर्तुलित; प्रतिसम, सममित; सुरचित, सुपूर्ण; well-seen (arch.) अनुभूत, अनुभवी; कौशलपूर्ण; well-set तरतीब में रखा हुआ; सुव्यवस्थित; जड़वत्; मज़बूत बना हुआ; well-set-up (coll.) सुगठित, घड़त का; well-spoken सुभाषित, सूक्त; मधुरभाषी, सुभाषी; well-thewed (obs) शिष्ट, सुशील; नीतिवान, नैतिक गुण संपन्न; well-thought-of सम्मानित; well-thought-out विचारपूर्ण, सुविचारित; well-thumbed अभ्यासचिह्नित, घिसापिटा; well-timbered काष्ठ निर्मित; सुगठित; well-timbed सुअवसरी, समयोचित; सही समय का; well-to-do, (Scot.) well-to-live (Shak. well to live) धनी, संपन्न, सौभाग्यशाली; well-turned सुविन्यस्त; अच्छे आकार का, सुगठित; सुव्यक्त; well-warranted अच्छी साख वाला; *ns*. well-willer हितैषी, शुभेच्छु, शुभचिंतक व्यक्ति; wel-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

wish (rare) हित, शुभेच्छा; *adj.* well-wished (Shak.) अभीष्ट, सुइच्छित; *n.* well-wisher हितैषी, शुभेच्छु, शुभचिंतक; *adj. & n.* well-wishing हितैषी, शुभचिंतक; हित, शुभेच्छा; *adjs.* well-won ईमानदारी से प्राप्त; well-worked-out सुनियोजित, विकसित; well-worn जीर्ण-शीर्ण, फटा-पुराना; घिसा-पिटा;—as well as के अतिरिक्त, के अलावा; से कम नहीं; very well अच्छी प्रकार से; well and good बहुत अच्छा है; well done बहादुरी से; सज्जनतापूर्वक; well enough काफ़ी, अच्छा खासा; well up in (coll.) सुविज्ञ, होशियार

welladay, wellaway, welaway *interjs.* हाय !

Wellingtonia *n.* (कैलिफ़ोर्निया का) देवदारु पादप

wellingtons *n.* वैलिंग्टन्स (घुटनों तक का खुला जूता); ऐसा ही छोटा सख़्त जूता (half-wellingtons); रबड़ के बूट; (in *sing.*) वैलिंग्टन्स का एक जूता

Wellsian *adj.* एच॰जी॰ वैल्स (इतिहासकार तथा कहानी लेखक) संबंधी

Welsh, (obs.) **Welch** *adj.* वेल्स संबंधी, वेल्स वासी; *n. pl.* वेल्स निवासी; (*sing.*) वेल्स भाषा; *ns.* Welsh-harp वेल्श-हार्प (तार वाद्य); Welsh-hook वेल्श हुक (प्राचीन शस्त्र); Welshman वेल्सवासी

welsh *v.i. & t.* (घुड़दौड़ में दाँव के पैसे दिए बिना ही) भाग जाना, कतरा कर बच निकलना; चकमा दे जाना; *n.* welsher, welcher (घुड़दौड़ में बिना पैसे दिए ही) भागने वाला, कतरा कर बच निकलने वाला, चकमा देने वाला व्यक्ति

welt *n.* किनारा, पत्ती; चमड़े की सीवन, फीता; बद्दी, साँट; कोड़ा, चाबुक, मार, चोट; *v.t.* पत्ती लगाना, फीता लगाना; साँट लगाना, चाबुक मारना

welt *v.t. & i.* मुरझा जाना, कुम्हलाना; सूख जाना

welter *v.i.* (rare) गंदगी में लोटना, कदाचार में फँसना; (poet.) सनना, लथपथ होना; डूबना, निमग्न होना; (lit. & fig.) लहरों में उछाला जाना; उमड़ना, लहराना, लहरें मारना; *v.t.* (rare) लुढ़कते-पुढ़कते चलना; *n.* विक्षोभ, संक्षोभ; आंदोलन, तहरीक; तहराव, तरंगण; *adj.* weltering गंदगी में लोटने वाला; लथपथ होने वाला; निमग्न होने वाला; तरंगायमान

welter-weight *n.* वेल्टर-वेट (भार); बहुत बड़ा भार; *n.* welter-race वेल्टर दौड़; *n. pl.* welter-stakes वेल्टर रस्सी; — light welter-weight शौकीन मुक्केबाज़

Welwitschia *n.* वेल्वीशिया (पादप)

wen *n.* पूयकोष, पुटी, अर्बुद; *adjs.* wennish, wenny पुटीवत्, पूयकोष जैसा

wen *n.* वेन (प्राचीन अंग्रेज़ी का वर्ण)

wench *n.* (obs.) बालक, बच्चा, बच्ची; छोकरी, लड़की; नौकरानी; मालकिन; रंडी, वेश्या; *v i.* वेश्यागमन, रंडीबाज़ी करना, व्यभिचार करना; छोकरीबाज़ी करना; *n.* wencher रंडीबाज़, छोकरीबाज़

wend *v.t. & i.* (naut.) दूसरी ओर चलना; (obs.; refl.) मार्ग बदलना; (obs.) बदलना, परिवर्तित होना; (arch.) चल पड़ना, रवाना होना; (arch.) अपना मार्ग निकालना; (also fig.); — wend one's way उन्नति करना, अपना रास्ता बनाना, (मज़े से सड़क पर) चहलकदमी करना

Wend *n.* वेंड; वेंडवासी; *adjs.* Wendic, Wendish वेंड संबंधी, वेंड का; *ns.* वेंड की भाषा, वेंडिश

Wenlock *adj.* (geol.) वॅन्लॉक

Wensleydale *n.* वेंज़्लिडेल (बड़े बालों वाली भेड़; पनीर)

wentletrap *n.* वेंटलट्रैप (जंतु)

wer da (Ger.) कौन है ?

were *v.i.* थे (*pl.* of was)

werewolf, werwolf *n.* भेड़िया मानव; वेरवुल्फ़ (गुप्त नाज़ी संस्था का सदस्य); *adjs.* werewolfish, werwolfish भेड़िया मानववत्, वेरवुल्फ़ संबंधी; *n.* werewolfism वेर-वुल्फ़वाद

wergild, weregild *n.* वरगिल्ड (ट्यूटोनिक लोगों में—जुर्माना, मुआवज़ा)

Wernerian *adj.* ए॰ जी॰ वर्नर की प्रणाली संबंधी, जल जात; *n.* वर्नरवादी; *n.* wernerite वर्नेराइट (खनिज)

wersh *adj.* (all meanings of Scot.) स्वादहीन, बेस्वाद; नमकरहित; रुग्ण सा, ढीला-ढाला; (of weather) सूखा

Wertherian *adj.* वर्थर संबंधी, वर्थर जैसा, अतिभावुक; *n.* Wertherism वर्थरवाद;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतिभावुकता

Wesleyan *adj.* वेसलेयनवाद संबंधी; *n.* वेसलेयनवादी; *n.* Wesleyanism वेसलेयनवाद

west *n.* प्रतीची, पश्चिम; पश्चिम कोण; पश्चिमी प्रदेश या क्षेत्र; *adj.* पश्चिमाभिमुख, पश्चिम स्थित, पश्चिम में स्थित; उच्च वेदी के प्रतिमुख या सामने स्थित; *v.i.* पश्चिमाभिमुख चलना, पश्चिम की ओर चलना; *adjv.* west;-about पश्चिम की ओर, पच्छिम की तरफ़; *v.i.* wester पश्चिमाभिमुख मुड़ना, पश्चिम में परिवर्तित होना; *n. & adj.* westering पश्चिमाभिमुखी होना, पश्चिमाभिमुख मुड़ने वाला; *adj.* westerly पश्चिम-स्थित, पश्चिमाभिमुखगामी; *adv.* पश्चिमाभिमुख, पश्चिम की ओर; पश्चिम की ओर से, पश्चिम दिशा से; *adj.* western पश्चिम स्थित; पाश्चात्य; पश्चिमाभिमुखगामी, पछुवा; *n.* पाश्चात्य, पश्चिमी प्रदेश का रहने वाला व्यक्ति; पाश्चात्य फ़िल्म; *n.* westerner पाश्चात्य, पश्चिम निवासी; *v.t. & i.* westernise पश्चिमी या पाश्चात्य बनाना या होना; *ns.* westernisation पश्चिमीकरण, पाश्चात्यीकरण; westernism पश्चिमवाद, पाश्चात्यवाद, पश्चिमी रीति-रिवाज; *adj.* westernmost सुदूर पश्चिम का, सुदूर पश्चिमवर्ती, पश्चिमी रहन-सहन; *n.* westing पश्चिमी दूरी; पश्चिमाभिमुख प्रस्थान; पश्चिम दिशा, पश्चिमी मार्ग; *adjs.* westlin (Scot.) पाश्चात्य, पश्चिमी, पश्चिमवर्ती; westmost सुदूर पश्चिम का, सुदूर पश्चिमवर्ती; *adj. & adv.* westward पश्चिमाभिमुख, पश्चिम की ओर;—go West अमरीका जाना; पश्चिमी राज्य या सीमा प्रदेश को जाना; मर जाना; पूर्णत: विनष्ट हो जाना; the West यूरोप, यूरोप तथा अमरीका; West End लंदन के पश्चिमी भाग का फ़ैशनपरस्त भाग; किसी बड़े नगर का पश्चिमी भाग; West Saxon वेस्ट सैक्सन, प्राचीन अंग्रेज़ी की उपभाषा; Western Church लैटिन चर्च; Western Empire (उत्तरकालीन) रोम साम्राज्य का पश्चिमी भाग, रोम का पश्चिमी साम्राज्य; westward ho! पश्चिम की ओर!; Wild West वाइल्ड वेस्ट (पश्चिमी संयुक्त राज्य)

Westminster *n.* वैस्टमिन्स्टर (पार्लियामेंट भवन); वैस्टमिन्स्टर हॉल (न्यायालय); वैस्टमिन्स्टर स्कूल

wet *adj.* गीला, नम, तर, भीगा; वाष्पशील, आर्द्र; बरसाती, तरबतर, शराबोर; अश्रुपूर्ण, आँसू भरा; भावुक; नम भूमि या दलदल में उत्पन्न; क्लेदक; (slang) मद्यपान संबंधी; शराब की छूट वाला; शराब वाला; (slang) निर्जीव, प्रभावशून्य, सनकी; व्यर्थ; *n.* जल, पानी, वाष्प, गीलापन, आर्द्रता; वर्षा; क्लेदन, शराबखोरी, विषयासक्ति; *v.t.* गीला या नम करना; भिगोना (पानी में); (dial.) (पत्ती पर गर्म पानी डालकर) चाय तैयार करना; (slang) शराब पीना, मद्यपान करना; *n.* wet-dock सजल गोदी, सजल डग; wetness गीलापन, आर्द्रता, नमी, तरी; wet-nurse धाय, उपमाता, दूसरे के बच्चे को भी दूध पिलाने वाली; *adjs.* wet-shod गीले पैर वाला; wettish गीला-सा, कुछ आर्द्र;—wet assay कच्ची धातु को धोना; wet bulb thermometer आर्द्र बल्ब तापमापी; wet out गीला करना, तर करना; धो कर साफ़ करना; wet plate (phot.) गीली प्लेट; wetting (out) agent क्लेदक, क्लेदकारी

wether *n.* खस्सी मेढ़ा

wey *n.* वे (तोल)

whack *v.t. & i.* प्रहार करना, ज़ोर का झटका देना; झटके से रखना; ज़ोर से मारना; हरा देना; बाँटना; टकराना; हिसाब-किताब करना, दाम ठहराना; *n.* प्रहार; भाग, हिस्सा; प्रयास; *n.* whacker विशाल वस्तु; *adj.* whacking विशालकाय, वृहद्; *n.* (lit. & fig.) पिटाई, मार, मरम्मत

whaisle-whaizle *v.i.* (Scot.) घर्र-घर्र करना

whale *n.* ह्वेल, तिमि, तिमिंगिल; (slang; lit. & fig.) भुखमरा, अति क्षुधित व्यक्ति; (slang) विशालकाय वस्तु; *n.* Whale सीटस तारा-मंडल; *v.i.* ह्वेल पकड़ना; *ns.* whale-back ह्वेल पृष्ठ; ह्वेल बैक (स्टीम बोट); टीला, उभार; whale-boat ह्वेल-बोट (लंबी, नोकीली नौका); whale bone तिम्यस्थि, तिमि शृंगास्थि, तिमि अस्थि से बनी वस्तु; *adj.* तिमि अस्थि से निर्मित; *ns.* whale-calf छोटी ह्वेल (also calfwhale); whale-fisher ह्वेल पकड़ने वाला, ह्वेल आखेटक; whale-fishery ह्वेल पकड़ना, ह्वेल ग्रहण; whale-fishing ह्वेल पकड़ना, ह्वेल ग्रहण; whale-head जूते की नोक, चोंच; whale-line ह्वेल-लाइन (ह्वेल पकड़ने की डोरी); whale-louse ह्वेल लाउस, ह्वेल यूका, तिमि यूका; whale-man ह्वेल शिकारी,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ह्वेल का शिकार करने वाली नौका; whale-oil ह्वेल का तेल; whale-shark ह्वेल-शार्क (मत्स्य); whaler ह्वेलर, ह्वेल आखेटक, तिमि आखेटक, ह्वेल शिकारी; ह्वेल आखेटी पोत, तिमिंगिलक; whalery ह्वेल मछियारी; whaling ह्वेल आखेटन, ह्वेलन, तिमिंगिलन; ह्वेल शिकार संबंधी; (also used as *adv.*) विशालकाय, वृहद्; *n.* ह्वेल मछियारी; *ns.* whaling-gun ह्वेल को मारने की बंदूक; तिमि आखेटी बंदूक; whaling-master ह्वेल शिकारियों का सरदार; whaling-port ह्वेल मछियारी क्षेत्र; bull whale नर ह्वेल; cow whale मादा ह्वेल

whale *v.t.* (slang) पीटना, कोड़े मारना; प्रहार करना; *n.* whaling कोड़े मारना

whally *adj.* (Spens.) भेंगा, तारवी; शुक्लतायुक्त

whample (Scot.) प्रहार; झटका

whang *n.* चमड़े का साँटा; मोटी फाँक; *v.t.* कोड़े लगाना, पीटना; झटके से खींचना, धकेलना; बड़ी-बड़ी फांक काटना

whang *n.* प्रतिध्वनि, गूंज; प्रहार; *v.t.* धमाका करना; also used as *adv.* and *interj.*

whangee *n.* व्हैंगी (चीनी बाँस; चीनी बाँस की बेंत)

wharf *n.* घाट, गोदी; (Shak.) नदी का किनारा; *v.t.* घाट पर रखना, डालना; *ns.* wharfage घाट का किराया, घाट शुल्क, घाट भाड़ा; स्थान-शुल्क; wharfing घाट पर रखने का सामान; घाट; wharfinger घाटपाल, घटवाल; wharf-rat मूषक, चूहा; घाटों पर फिरने वाला

what *interrog. pron.* (neuter of who) क्यों; कौन, कौनसा, कितना, कहाँ; also *interrogative adj.*; *rel. pron. & adj.* जोकि; वह···जो; (dial.) कौन सा, जो कोई भी (वस्तु); (Shak.) कोई भी; *indefinite pron.* (or *n.*) कुछ (वस्तु); कुछ (हिस्सा); *conj.* (dial.) इतना कि; कि (as in but what, that···not); *interj*; अरे! क्या!; *ns.* whatabouts हालात; माजरा; what-d'ye-call (-it, -'em, etc.) क्या कहते हैं!, क्या नाम जी!; *adjs.* whaten, whatten (dial.) क्या; किस प्रकार का; *pron.* whatever, whate'er कोई भी, कुछ भी; चाहे कुछ भी; (coll.) क्या, कहाँ; *adj.* कोई भी, कुछ भी, चाहे किसी प्रकार; *adj.* what-like (dial.) किसी प्रकार का, स्वभाव का; *ns.* whatness तत्व; मूल; सार; *adj.* whatso (arch.) कैसा भी; *pron.* (arch.) कुछ भी; (obs.) कोई भी; चाहे कोई भी; *adjs.* whatsoever, whatsoe'er whatsomever (dial.) कोई भी, कुछ भी; — know what it is प्रभाव आदि जानना; अनुभव करना; so what? तो क्या हुआ?, ऐसा तो होता ही है; what an if (Shak.) क्या हुआ अगर; what else कुछ और भी क्या; what for... (dial.) in standard English what... for) किस लिए?, क्यों?; what not...और क्या-क्या नहीं?; what's what वस्तु स्थिति, क्या-क्या है; उचित व्यवहार; what though फिर क्या हुआ, इससे क्या होता है, फिर भी, इतने पर भी

wheat *n.* गेहूँ, गोधूम; *ns.* wheat-berry, wheat-corn गेहूँ का दाना; wheat-bird व्हीट बर्ड (पक्षी); wheat-ear गेहूँ की बाल; wheat-eel (also wheat-worm) व्हीट ईल (गेहूँ का कीट; इस कीट से उत्पन्न बीमारी); *adj.* wheaten गेहूँ से बना; भोजन; गेहुंआ; *ns.* wheat-field गेहूँ का खेत; wheat-fly व्हीट फ्लाई (गेहूं को हानि पहुँचाने वाली मक्खियां); wheat-midge व्हीट मिज (कीट); wheat-mildew व्हीट मिल्ड्यू (फफूंदी); wheat-moth घुन; wheat-ear stitch व्हीट इयर स्टिच (कशीदाकारी)

wheatear *n.* व्हीटेअर (पक्षी)

Wheatstone('s) bridge व्हीटस्टोन-सेतु, व्हीटस्टोन-ब्रिज (विद्युत् प्रतिरोधमापी उपकरण)

wheedle *v.t. & i.* फुसलाना, प्रलोभन देना; चापलूसी से प्राप्त करना (with *out of*); छल-कपट करना (with *out of*); *n.* चापलूसी, फुसलाहट; (obs.) चापलूस व्यक्ति; *n.* wheedler चापलूस व्यक्ति, फुसलाने वाला व्यक्ति; *adj.* wheedlesome चापलूस, फुसलाने वाला; *n.* wheedling चापलूसी, फुसलाहट

wheel *n.* पहिया, चक्र, चक्का; स्टियरिंग व्हील; चाक; चर्खा, चर्खी; अग्नि चक्र; (coll.) साइकिल; भाग्य चक्र; किस्मत का चक्कर; गोलाकार डिज़ाइन; चक्राकार गति; (in *pl.*) मशीन के भाग, esp. fig.; टेक, स्थायी; (slang) डॉलर; *v.i. & t.* घूमना; घुमाना; चक्कर खाना; चक्कर खिलाना; (Milt.) घेर लेना, घेरा डालना; पहिया-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कार बनाना, पहिया लगाना; चक्र बनाना; गाड़ी पर ले जाना; पहियों पर उठाना; दिक् परिवर्तन होना; चक्कर आना; लुढ़कना; भटकते फिरना; पहिया गाड़ी में यात्रा करना; (coll.) साइकिल चलाना; *ns.* wheelbarrow इकपहिया ठेला; (loosely) हथठेला, एक चक्री; wheel-carriage पहिएदार गाड़ी; wheel-chair पहिएदार कुर्सी; *adj.* wheel-cut (of glass) पहिए से कटा हुआ या पालिश किया हुआ; *n.* wheel-cutter पहिया काटने का यंत्र, दाँते बनाने का यंत्र; *adj.* wheeled पहिएदार; पहियों पर चलने वाला; (rare) पहिएदार बना हुआ; *ns.* wheeler घुमाने वाला; साइकिल सवार; (dial.) पहिए बनाने वाला; चक्रिल; wheel-horse पहिए के निकट का घोड़ा; wheel-house चाक घर; पैंडल बॉक्स; wheeling पहियों पर चलना; चक्र गति; घटिया ऊन; wheel-lock व्हील लॉक; wheelman चालक; साइकिल सवार; wheel-plough पहिएदार हल; wheel-race व्हील दौड़; wheel-spin (बिना आगे या पीछे बढ़े) पहिए का चक्कर; wheel-window चक्राकार खिड़की; wheelwork मशीन के पहिए; wheel-wright गाड़ी बनाने वाला बढ़ई; *adj.* wheely पहिए जैसा, चक्रवत्; —break a butterfly on the wheel साधारण बात के लिए बड़ा परिश्रम करना; खोदा पहाड़ निकली चुहिया; wheel and axle पहिया और धुरी; wheel of fortune भाग्य चक्र; व्हील ऑफ़ फ़ोर्चून (खेल); wheels within wheels जटिल परिस्थिति, पेचीदगी, गोरखधंधा

wheen *n.* (Scot.) अल्प मात्रा, अल्प संख्या; *adj.* (obs.) कुछ ही; — a wheen अल्प मात्रा; पर्याप्त संख्या; (used adverbially) बहुत थोड़ा

wheeple *v.i.* (Scot.) चिंघाड़ना, ज़ोर से चिल्लाना; (मुख से) सीटी बजाना

wheeze *v.i. & t.* सूं-सूं कर साँस लेना, कठिनाई से साँस लेना, (आवाज करके) साँस लेना; सूं-सूं करना, घर्र-घर्र करना; *n.* सूं-सूं, घर्र-घर्र (करना); (theatrical slang) ठेंठी, ठेपी; (slang) पकड़ शब्द; (slang) मज़ाक; (coll.) कपट योजना; *n.* wheeziness सूं-सूं करना, घर्र-घर्र करना; *adv.* wheezily सूं-सूं करते हुए, घर्र-घर्र करते हुए; *v.i.* wheezle (Scot.) सूं-सूं करना, घर्र-घर्र करना; *adj.* wheezy सूं-सूं ध्वनि युक्त

whelk *n.* ह्वेल्क (जल जंतु); *adj.* whelked ह्वेल्क युक्त; whelky ह्वेल्कमय

whelk *n.* दाने, फुंसी (मुख पर); (by confusion with wale) खरोंच, भुर्री, गाँठ

whelm *v.t.* (now dial.) औंधा करके ढकना; ढकना, आच्छादित करना; उलटना; विनाश करना; डुबोना, निमग्न करना; अभिभूत करना; अधिक भार डालना; नष्ट कर देना, विध्वंस करना; (निमग्न करते हुए) ऊपर से गुज़रना

whelp *n.* पिल्ला, सिंह शावक; छोकरा (contemptuously); वेल्प; पहिए का दाँता; *v.i. & t.* ब्याना, जनना, बच्चा देना

whemmle, whomble, whummle *n.* (dial.) उलटाव, विनाश, पराजय; अव्यवस्था; *v.t. & i.* उलट देना, उल्टा कर देना; उलट जाना; अस्तव्यस्त, अव्यवस्थित कर देना; ऊपर ढक देना

when *adv.* (*interrog.* and *rel.*) and *conj.* कब ?, किस समय ?; जबकि; जिस समय; यद्यपि; (or *rel. pron.*) तिस पर; *n.* जो समय; जिस समय; *interj.* (Shak.) अरे कब !; *conjs.* whenas (arch.) कब; जहाँ तक कि; जबकि; whenever, whene'er जब कभी, जब कभी भी; whensoever जिस समय भी, जब कभी भी, जब कभी; — say when जब रुकना हो तो बता देना; seldom when (Shak.) कभी-कभार

whence *adv. & conj.* (also from whence) कहाँ से, किन चीज़ों में से; किस कारण, किस लिए; *n.* उद्गम स्थान, स्रोत; *adv.* whenceforth (Spens.) किसलिए, किस कारण से; *conj.* whencesoever, whencever कहीं से भी, किसी कारण से भी

where *adv.* (*interrog.* and *rel.*) and *conj.* किस जगह, कहाँ, किस स्थान पर, कहाँ पर; (lit. & fig.) कहाँ से, किस स्रोत से; (arch.) जहाँ कि; किसी स्थिति या परिस्थिति में; जब कि; जहाँ कहीं भी, जब कभी भी; (or *rel. pron.*) जहाँ, जहाँ पर कि; *n.* स्थान, घटनास्थल; *adv. & conj.* whereabout, now whereabouts कहाँ; *n.* हालचाल; पता-ठिकाना; *advs., conjs.* whereagainst जिसके विरोध में; whereas ऐसी अवस्था में; परंतु इसके विपरीत; इस विचार, दृष्टि से; *advs. & conjs.* whereat जिस पर कि; जब कि; whereby कैसे, जिससे; wherefor जिस कारण से; wherefore

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किस कारण से, जिस कारण से; क्यों ?; *n.* कारण; *advs. & conjs.* wherefrom जब कभी, किस तरह से, कैसे; wherein जिस जगह; जिस लिहाज़ से; किस तरह ?; whereinsoever जिस किसी स्थान पर भी, जिस लिहाज़ से भी; whereinto किस में; कौन से में; *n.* whereness स्थितिमयता, स्थानवत्ता; स्थिति, अवस्था; *advs. & conjs.* whereof जिसका; (Shak.) किससे, जिससे; whereon तदनंतर, जिस पर; किस पर ?; whereout जिनमें से; whereso, wheresoever, wheresoe'er जहाँ कहीं भी, जहाँ-जहाँ; (arch.) जहाँ कहीं से भी, जिस कारण से भी; wherethrough जिसमें से; जिस माध्यम से; whereto जहाँ को, कहाँ पर ?; whereunder जिसके अधीन, किसके अंतर्गत; whereuntil (Shak.) कब तक; कहाँ, जहाँ; whereunto (arch.) जहाँ को, कहाँ को; किस मतलब से; whereupon जिस पर, तिस पर, अतः; (Shak.) किस आधार पर; where'er, wherever जहाँ कहीं भी; wherewith, wherewithal किसके साथ, जिसके साथ; *n.* (usually wherewithal) साधन, उपाय; — from where कहाँ से, जहाँ से, जिस स्थान से; see, look, etc., where देखो; where away ? (naut.) किधर को; (dial.) कहाँ जा रहे हो; where it is (coll.) वास्तविक स्थिति; where you are तुम कहाँ जा रहे हो, जो कुछ तुम कह रहे हो, जहाँ तुम जा रहे हो

wherry *n.* ह्वेरी (नौका); *pl.* wherries; *n.* wherryman ह्वेरी नौका का मल्लाह

whet *v.t.* रगड़ कर धार लगाना, सान देना; तेज करना, पैना करना; उत्तेजित करना, तीव्र करना; (obs.) भड़काना, उभारना; *n.* धार लगाना, सान देना; पैनापन, तीक्ष्णता; (dial.) समय, अवसर; प्रेरणा, प्रेरक; क्षुधा-वर्धक वस्तु; क्षुधावर्धक औषधि; *ns.* whet-slate नोवैकुलाइट (खनिज); whetstone धारपत्थर, साण प्रस्तर; प्रेरक तत्व; whetter धार लगाने वाला; whet on, *or* forward (Shak.) प्रेरित करना

whether *interrog.* and *rel. pron.* (arch.) कौन सा (of two); *conj.* चाहे, या तो, आया; — whether or no (sometimes not) या तो यह; किसी तरह भी

whew, wheugh *interj.* ह्यू (आश्चर्य, निराशा द्योतक अव्यय); *n.* (आश्चर्यबोधक) सीटी की ध्वनि; *v.i.* (आश्चर्यबोधक) सीटी की ध्वनि निकालना

whew *v.i.* (dial.) हड़बड़ाना; दौड़धूप करना

whey *n.* तोड़, फटे हुए दूध का पानी; *adj.* तोड़ युक्त; तोड़ के रंग का; *adjs.* wheyey, wheyish तोड़ का; तोड़ जैसा; *n.* whey-face पीला, फीका चेहरा; *adj.* whey-faced ज़र्द चेहरे का; *n.* wheyishness पीलापन, फीकापन

which *interrog. pron.* कौन सा ?, कितना ?; also used adjectivally; *rel. pron.* (obs.) कौन, किस को; now used chiefly of things or ideas, etc, not persons कि; often equivalent to 'and that' or 'but that'; *prons. & adjs.* whichever, whichsoever कोई सा भी, कोई भी; — the which (obs.) जो, जौन; which...he जो कि; which...his किस का; which is which? कौन सा, कौन है ?, कौन क्या है ?

whicker *v.i.* (dial.) हिनहिनाना; मिमियाना; टी टी करना

whid *n.* (Scot.) दबी आवाज़ की चाल; *v.i.* जल्दी-जल्दी चलना, तेज़ी से चला जाना; *v.i.* whidder सनसनाना

whid *n.* (Scot) झूठ, मिथ्या; (obs. slang) शब्द; (dial.) झगड़ा, कलह; *v.i.* झूठ बोलना; — cut boon whids अच्छे शब्द कहना

whiff *n.* फूत्कार, फूंक, कश; साँस; गंध; झोंका; (fig.) भभका; बदबू; सिगरेट; (coll.) क्षण, अल्पकाल; व्हिफ़ (नौका); (dial.) दृष्टिपात, उड़ती नज़र; समाचार विरल प्रचार सामग्री; फुलाना; *v.t.* कश या फूंक निकालना, मारना; सूंघना; फूंक मार कर चलाना या पहुँचाना; *v.i.* फूंक से बाहर निकलना, कश से बाहर निकलना; फूंक से हिलना, चलना, सरकना; धीरे से फूंक मारना; सूंघना; *ns.* whiffer फूंक मारने वाला, फूत्कार करने वाला; whiffet छोकरा, ढीठ बच्चा; *v.i.* whiffle कश उड़ाना; झोंके से चलना; बकवास करना; हल्की सी सीटी की आवाज़ करना, रंग बदलना, रुख बदलना; आगा-पीछा करना, दोलन करना; गोल बात करना, छल-कपट करना; also *v.t.* वायु के झोंके से चलाना, हिलाना; *ns.* whiffler झोंके से चलाने वाला; अकड़बाज़; घृणित व्यक्ति; whifflery छिछोरापन; तुच्छ बातें; *n. & adj.* whiffling छिछोरापन करना; छिछोरापन करने वाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

adj. whiffy तुच्छ; बदबूदार; *n.* whift (dial.) श्वास, साँस, झोंक

whiff *n.* ह्विफ़ (मत्स्य)

whiff *v.i.* बंसरी से मछली पकड़ना; *n.* whiffing बंसरी से मछली पकड़ना

whiffler *n.* (hist.) मार्ग निरीक्षण अधिकारी

Whig *n.* ह्विग (इंग्लैंड के उदारवादी दल का सदस्य), मज़दूर पार्टी का सदस्य; स्कॉटलैंड का प्रेसबाइटेरी; (U. S.) बर्त्तानवी उपनिवेशवाद का विरोधी; ह्विग संबंधी, ह्विग संरचित; *adj.* ह्विग संबंधी; also Whiggish; *n.* Whiggarchy ह्विग सरकार; *ns.* Whiggism, Whiggery, Whiggishness, Whigship ह्विगवाद, ह्विग सिद्धांत, ह्विगता

whig *v.i.* & *t.* (Scot.) गिरते-पड़ते चलना, झूमते चलना; आगे बढ़ना

whig *n.* (dial.) खट्टा दूध; दूध का तोड़; मक्खन रहित दूध; *v.t.* & *i.* बिलोना

whiggamore *n.* ह्विगामोर; ह्विग

whigmaleerie, whigmaleery *n.* (Scot.) टूम छल्ला; साधारण गहना; उपहासास्पद सज्जा; तरंग, सनक

while *n.* काल, समय, मुहूर्त्त, अरसा; *conj.* (also whilst) के दौरान; उसी समय; जब तक, तब तक; यद्यपि; (obs.; North. dial.) जब तक कि; *prep.* (Shak.; North. dial.) जब तक; *v.t.* अक्लांतिकर ढंग से समय बिताना (with away); *adv.* while-ere (arch.) कुछ समय पूर्व; इसके पूर्व, पूर्वतः; *conj.* whiles (B.) जब कि, उसी समय; (Shak.) जब तक; *adv.* (Scot.) समय समय पर; *adv.* whilom पूर्व में, एक बार; *adj.* पूर्व, पहले का, प्राचीन; — once in a while कभी-कभी; the while (Shak.) आजकल, बीच में; the whilst (obs.) जब कि; बाकी समय में

whilly, whilly-wha(w) *v.t.* फुसलाना, लुभाना, छल-कपट करना; *n.* छल कपट; फुसलाने वाला व्यक्ति; *adj.* मधुरभाषी, फुसलाने वाला

whim *n.* सनक, तरंग, लहर; विचार-तरंग; ह्विम (ढोल); *v.t.* सनकी इच्छा करना, सनक से चाहना; *adjs.* whimmy सनकी, तरंगी, मौजी; whimsical सनकी, तरंगी, मौजी; हास्यास्पद, कल्पनाप्रसूत; *ns.* whimsicality, whimsicalness सनकीपन, तरंगता, मौजीपन; *ns.* whimsy, whimsey तरंगी, मौजी, सनकी; अजीब व्यवहार; अव्यवस्थित चित्तता, मनोलौल्य; *adj.* तरंगमय, मौज का, परिवर्तनशील; *ns.* whimsiness सनकीपन, तरंगीपन, मौज; whim-wham सनक, तरंग, लहर; खिलौना, खिलारा; मज़ाक

whimbrel *n.* ह्विम्ब्रैल (पक्षी); also wimbrel

whimper *v.t.* & *i.* रें-रें करना, रिरियाना; *n.* रिरियाहट; *n.* whimperer रें-रें करने वाला; *n.* & *adj.* whimpering रें-रें करना; रें-रें करने वाला

whin *n.* झाड़ी, कँटेरी; *n.* whinchat ह्विनचैट (पक्षी); *adj.* whinny झाड़ीदार, कँटेरीदार

whin *n.* ह्विन शैल

whine *v.i.* & *t.* रें-रें करना, रोना; रोना-पीटना; *n.* रें-रें; नाक में बोली; *ns.* whiner रें-रें करने वाला; whininess रें-रें; whining रें-रें करना; *adj.* whiny रोने वाला; कराहने वाला

whinger *n.* छुरा, खंजर; कटार; also whiniard and whinyard

whinny *v.i.* हिनहिनाना, हींसना; *n.* हिनहिनाहट, हींस

whinstone *n.* ह्विनि शैल; also whin; —Whin Sill ह्विन सिल

whip *n.* कोड़ा, चाबुक, कशा; चाबुक की मार; चाबुक चलाना; चालक, कोचवान; सचेतक, ह्विप; ह्विप आह्वान; हाँकने वाला, कुत्तों (शिकारी) को वश में करने वाला; कमची; क्रीम निकाली हुई वस्तु; कशाघातन, कशाताड़न; (usu. whip-round) दान की अपील; एकत्रित धन का भाग; (Scot.) क्षण, वक्त; लंबी टहनी; *v.t.* कोड़े मारना, चाबुक मारना; कोड़े से हाँकना; कोड़े मारने का दंड देना; कोड़े की तरह झटकारना; ताने से कोड़े मारना; (coll.) हरा देना, बिलो कर झाग निकालना; संगठित रखना; मक्खी से मछली पकड़ना; ऊपर रखना; चौतरफ़ा बाँधना; हल्की सिलाई करना; आच्छंन्न करना; झपटना, छीनना; *v.i.* लड़खड़ा कर चलना; टेढ़ा-मेढ़ा चलना; मक्खी डालना, फेंकना; *ns.* whip-and-derry ह्विप-एंड-डेरी (यंत्र); whipcat दर्ज़ी; whipcord चाबुक की डोरी; बटी हुई डोरी का कपड़ा; *adjs.* whipcord, whipcordy चाबुक की डोरी जैसा; कस कर बटा हुआ; *v.t.* whip-graft चाबुक के समान कलम बाँधना; also *n.* [illegible] चाबुक चाबुक कलम; *ns.* whip-[illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कलम बाँधना; whip-hand चाबुक पकड़ने वाला हाथ; सुलभता, लाभ; whip-handle हंटर की मूठ, सुविधा; whipjack ह्विप जैक (भिक्षुक); whiplash चाबुक की डोरी; whipper चाबुक (मारने) वाला; कोड़ों का दंड देने वाला पदाधिकारी; whipper-in शिकारी कुत्तों का रखवाला; सचेतक, चेतक; (slang) (घुड़दौड़ का) सबसे आख़िरी घोड़ा; whippersnapper छोकरा, ढीठ बच्चा; whipping कशाघात, कोड़े मारने का धंधा; शारीरिक दंड (विशेषत: कोड़ों की मार); पराजय, हार; कुंडली बनाना, लपेटना, बाँधने की वस्तु; आछन्न होना; फेंटना; whipping-boy बलि का बकरा (राजकुमार के कसूर के बदले सज़ा पाने वाला लड़का); दूसरों के बदले दंड पाने वाला; whipping-cheer (obs.) चाबुक की मार; whipping-post टिकठी; कोड़ों का दंड, कशाघात स्तंभ; whip(ping)-top लट्टू; *adj.* whippy चाबुक जैसा; आनम्य, आज्ञाकारी, वश्य; सुगम्य, चापलूस; *n.* whip-saw दो मूठ का आरा; *v.t.* दो मूठ के आरे से काटना; (U.S. slang) हर जगह लाभ प्राप्त करना; *ns.* whip-snake चेतक सर्प; whip-socket कोड़ा रखने की जगह, कोड़ा खात; whip-staff चाबुक का डंडा, कशा दंड; whipster घृणाद्योतक पद; whipstitch तुरत की संरचना; दरज़ी; *v.t. & i.* जल्दबाज़ी में संरचना करना; *n.* whip-stock कोड़े का डंडा या मूठ; *adjs.* whip-tail, -tailed लंबी पूँछ वाला; *n.* whipworm कशा कृमि (लंबा तथा पतला कीड़ा); — whip and spur अति जल्दबाज़ी से; whip the cat अल्पबचत करना; दिन में कार्य करना; बेकार फिरना, मक्खी मारना; मज़ाक करना

whippet *n.* ह्विपेट कुत्ता; दौड़ का कुत्ता; *n.* whippeting ह्विपेट कुत्ते को सधाना

whippletree *n.* पशुओं द्वारा चलाई जाने वाली गाड़ी या हल

whipstall *n.* (aero.) ह्विप स्टाल; *v.i. & t.* ह्विप स्टाल में जाना या रखना

whir(r) *n.* भर-भर, भिनभिनाहट, फरफराहट; *v.i. & t.* भिनभिनाते हुए घूमना; भिनभिनाते हुए चलना, उड़ना; (Shak.) भिनभिन करना; *n.* whirring भिनभिनाहट, सनसनाहट

whirl *n.* घूर्णन, आवर्तन; तेज़ी से घूमने वाला; भावावेग, भावावेग; होहल्ला, शोरगुल, उत्तेजना; चक्कर, भंवर; *v.t. & i.* तेज़ी से घुमाना, तेज़ी से घुमाना; तेज़ी से चलाना या ले जाना; वेग से चलना, वेग से फेंकना; मँडराना; *ns.* whirl-about घुमाना; घूमने वाली वस्तु; whirl-blast बवंडर, चक्रवात, वात्या, वात्यावर्त; whirl-bone ऊर्वस्थि का सिर; जानुफलक; whirler घूर्णमान वस्तु या व्यक्ति, आघूर्णक; whirligig लट्टू, फिरकी, चकई; चक्कर झूला, चक्र दोला; घूर्णमान वस्तु (lit. & fig.); whirligig beetle ह्विर्लिगिग जल कीट, चकई भृंग; *n. & adj.* whirling घूर्णन; घूर्णमान, चक्करदार; *ns.* whirling-dervish नाचने वाले दरवेश, मस्ती में नाचने वाले दरवेश; whirling-table आवर्ती फलक; (also whirling-machine चाक); whirlpool भँवर, जलावर्त, आवर्त; (obs.) ह्विर्लपूल (विशाल जल दानव); whirlwind (छोटा) चक्रवात, बवंडर, वातावर्त

whirret *n.* (obs.) प्रहार; *v.t.* तीक्ष्ण प्रहार करना; also wherret

whirry *v.i. & t.* (Scot.) वेग से चलना, चलाना

whish *v.t.* सरसराते हुए तेज़ी से चलना; ह्विश कहना; *interj.* चुप!, शीऽऽ!; also whisht; *n.* whisht शांति, नीरवता; फुसफुसाहट; *adj.* शांत, चुप; *v.i.* शांत रहना, चुप रहना; — haud, hold, one's wheest, whisht शांत रहना, चुप रहना

whisk *v.t. & i.* हल्के-हल्के तेज़ी से चलना; जल्दी से साफ़ करना; हल्के-हल्के झाड़ना; लड़खड़ाते हुए तेज़ी से चलना; *n.* झाड़ना, बुहारना; झाड़न, कूँचा; रई; (hist.) ह्विस्क, ज़नाना गुलूबन्द; (biol.) रोमी उपांग; गुच्छ, कँगूरा; ज्वार, बाजरा; *ns.* whisker झाड़ने, बुहारने वाला; formerly मूँछ; now दाढ़ी, गलमुच्छा (esp. in *pl.*); श्मश्रु, मूँछ (बिल्ली आदि की); (naut.) ह्विस्कर; whiskerando गलमुच्छा व्यक्ति; *adjs.* whiskerandoed, whiskered, whiskery गलमुच्छा; whisking तीव्रता से चलने वाला; whisky-frisky शीघ्रगामिता से

whisky (Ir. and U.S. whiskey) *n.* ह्विस्की (सुरा); *adj.* whiskified, whiskeyfied मदहोश किया हुआ; *n.* whisky-liver ह्विस्की यकृत (रोग); — Whisky Insurrection ह्विस्की विद्रोह; whisky-toddy ह्विस्की ताड़ी

whisper *v.t. & i.* फुसफुसा कर बोलना, धीरे-धीरे बोलना; अफ़वाह फैलाना; षड्यंत्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रचना; धीरे-धीरे की आवाज़ करना; *n.* मंद ध्वनि; (phon.) फुसफुसाहट; कानाफूसी, खुसुर-पुसुर; मरमराहट; गुप्त संकेत; अफ़वाह; *n.* whisperer फुसफुसाने वाला, धीरे-धीरे बोलने वाला; भेद देने वाला, भेदिया; *n. & adj.* whispering कानाफूसी; फुसफुसाहट; कनफुसका; *n.* whispering-gallery, -dome मरमर गैलरी, मरमर वीथी, उपजाप वीथी; — whispering-campaign गुपचुप निंदा फैलाना

whiss *v.i.* हिसहिसाना, सीटी बजाना

whist *interj.* हश!; चुप!; चुपचाप!; *adj.* (arch.) चुप, शांत; ध्यानमग्न; *v.i. & t.* चुप हो जाना, शांत हो जाना; (Spens.) चुप करना, शांत करना

whist *n.* ह्विस्ट (ताश का खेल)

whistle *v.t. & i.* (मुँह से) सीटी बजाना, सीटी की ध्वनि करना; चहचहाना; सीटी बजाना; तीक्ष्ण ध्वनि होना; सीटी बजा कर बुलाना, सीटी से संकेत करना; सनसनाना; सूचक बनना, सूचित करना; (Scott) (मालिक को) ऐसी सूचना देना जिससे वह किराया बढ़ा सके; *n.* सीटी बजाना; सीटी की आवाज़; सीटी; इंजन की सीटी, भोंपू; आह्वान, सम्मन; *ns.* whistle-fish ह्विसल मछली; whistler सीटी बजाने वाला; ह्विस्लर (जंतु); whistling सीटी बजाना, सीटी; *n.* whistling-shop (slang) शराब की चोर दूकान; — go whistle (Shak.) पिशाच के पास जाना; pay for one's whistle अपनी तरंग को अधिक महत्व देना; wet one's whistle (coll.) शराब लेना; whistle down the wind परित्यागना, (का) परित्याग करना; बेकार बकवास करना; whistle for सीटी बजा कर बुलाना; (coll.) बेकार माँगना; whistle off, whistle away (hawking) सीटी बजा कर तितर-बितर करना; शिथिल करना, छोड़ना, परित्याग करना; worth the whistle बुलाने के योग्य, बुलाने का कष्ट करने योग्य

whit *n.* कण, लवलेश, अल्प मात्रा

white *adj.* श्वेत, सफ़ेद, धवल; बर्फ़ सा, हिमवत्; श्वेत वर्णी, गोरा; रक्तहीन; वर्णहीन; बेरंगा, रंगहीन; शुद्ध, लालिस; बेदाग़, निष्कलंक; भोला, सीधा-सादा; पुनीत, पापमुक्त; चमकदार, चमकीला; चमकाया हुआ; बिना चमकाई हुई (जैसे चाँदी); हल्के रंग की (जैसे मदिरा); श्वेत कपड़ों में; (politics) क्रांति-विरोधी; शुभ, मांगलिक; (U.S.) विश्वासपात्र, ईमानदार; रक्तपात रहित, अहिंसात्मक; *n.* धवल, श्वेत, सफ़ेद वर्ण; गोरी वस्तु, गोरा आदमी; अंडा, रंग आदि; क्रांति-विरोधी व्यक्ति; *v.t.* श्वेत करना, सफ़ेद बनाना; *ns.* white admiral ह्वाइट एडमिरल (तितली); white-ale (dial.) सफ़ेद रंग; white ant दीमक; white-arm तलवार, छुरा; भाला; whitebait ह्वाइट बेट (पोना); white-bass ह्वाइट बास (अमरीकी मछली); white beam ह्वाइट बीम (पादप); white-bear सफ़ेद भालू; white-beard वृद्ध, बूढ़ा आदमी; *adjs.* white-bearded सफ़ेद दाढ़ी वाला; white-bellied सफ़ेद पेट वाला, श्वेतोदर; white-billed सफ़ेद चोंच वाला, श्वेत चंचुक; *ns.* white-bonnet नीलामी में अधिक की बोली लगाने के लिए नियुक्त व्यक्ति; white-brass सफ़ेद पीतल; *adj.* white-breasted सफ़ेद सीने वाला, श्वेत वक्षी; *n.* whitecap श्वेत कैप, ह्वाइट कैप (पक्षी); *adj.* white-collar बाबू लोग संबंधी, सफ़ेदपोश लोगों से संबंधित; *n.* white copper (हल्के रंग की) ताँबा मिश्रित धातु; *adjs.* white-crested, -crowned सफ़ेद कलग़ी वाले पक्षी संबंधी; *n. pl.* white-crops जौ, गेहूँ आदि अन्न; *ns.* white damp कार्बन मोनॉक्साइड, श्वेत डैम्प; white elephant सफ़ेद हाथी; *adjs.* white-faced ज़र्द चेहरे का, डरा हुआ, भयभीत; श्वेतमुखी; श्वेत, also white-fronted; whitefish श्वेत मीन, सफ़ेद मछली; White-Friar कार्मेलाइट साधु; white gold मिश्रित स्वर्ण; *adj.* white-handed सफ़ेद हाथ या पंजों वाला; बेकसूर; *ns.* white-hass, -hawse (Scot.) ह्वाइट पुडिंग; whitehead ह्वाइट हैड (जंतु); *adj.* white-headed सफ़ेद सिर का (पशु); सफ़ेद बालों वाला; (Irish) प्रिय, प्यारा (as white-headed boy); *ns.* white heat श्वेत ताप; white-herring ताज़ा हिरसा; white-horse झागदार लहर, श्वेत तरंग, उज्ज्वल शिखर की तरंग; श्वेत अश्व; ह्वाइट हॉर्स; *adj.* white-hot श्वेत तप्त; *ns.* white iron कच्चा लोहा; white-lady ह्वाइट लेडी; white lead सफ़ेदा; white lew श्वेत पाद (प्रसूता का रोग); white light श्वेत प्रकाश, सादा बत्ती; white-lime (obs.) चूना, सफ़ेदी; *adjs.* white-limed सफ़ेदी किया हुआ; white-listed काली सतह पर सफ़ेद पट्टी वाला; white-livered भयभीत;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डरपोक; whitely (obs. except Scot.) सफ़ेद सा, ज़र्द, पीला; *ns.* white meat दूध, मक्खन, अंडों आदि से बना खाद्य; मुर्गी, खरगोश आदि का गोश्त; white metal कलई युक्त धातु; सीसा युक्त धातु; *v.t. & i.* whiten सफ़ेद बनाना, सफ़ेद करना; सफ़ेद बनना, सफ़ेद हो जाना; रंग उड़ाना; बेकसूर बनाना, निष्कलंक सिद्ध करना; *ns.* whitener सफ़ेद करने वाला, रंग उड़ाने वाला; बेकसूर बनाने वाला; whiteness सफ़ेदी, रंगहीनता; बेकसूरी, निर्दोषता; whitening श्वेतन, सफ़ेद करना; रंग उतारना, साफ़ करना; श्वेतक; white-pot ह्वाइट पॉट (खाद्य); white-precipitate श्वेत अवक्षेप; white-pudding ह्वाइट पुडिंग; white pyrites मार्कसाइट, श्वेत माक्षिक; white-rent (hist.) चुंगी कर; चाँदी में दिया हुआ भाड़ा, कर, लगान; white-rhinoceros सफ़ेद गैंडा; *n. pl.* whites श्वेत प्रदर; सफ़ेद परिधान; *ns.* white-salt श्वेत लवण; white-seam (Scot.) सादा कढ़ाई का काम; *v.i.* कढ़ाई का काम करना; *ns.* whitesmith टीनकार;टंकेरा; whitethroat ह्वाइट थ्रोट(पक्षी); white-vitriol ज़िन्क सल्फ़ेट, श्वेत कासीस, श्वेत विट्रियाल, श्वेत काचर; whitewash पुताई, सफ़ेदी, चूना; शरीर को धोने की वस्तु; नकली रंग; शेरी (मदिरा) का प्याला; *v.t.* सफ़ेदी करना, पुताई करना; साफ़-सुथरा करना; कलंक धोना; *ns.* white washer सफ़ेदी करने वाला, पुताई करने वाला; white-water उथला पानी; झागदार पानी; जलशेष; white-wax मधुमक्खी का मोम; चीनी मोम; white-wing ह्वाइट विंग (पक्षी); *adj.* white-winged श्वेत पंखी; *ns.* whitewood सफ़ेद फर; whiting ह्वाइटिंग (सफ़ेद मत्स्य); खड़िया मिट्टी या चूर्ण; whiting-time (Shak.) विरंजन समय; *adj.* whitish कुछ-कुछ सफ़ेद; सफ़ेद-सा, श्वेत-सा; *ns.* whitishness सफ़ेदी, श्वेतता; whitster (Shak.) कपड़ों का विरंजन करने वाला; *adjs.* whity सफ़ेद-सफ़ेद; whity-brown सफ़ेद भूरा, श्वेत बभ्रु; — China White चाइना ह्वाइट (सफ़ेदा); also silver white, french white; white coal जल शक्ति; white corpuscle श्वेत रुधिराणु; whited sepulchre ढोंगी, बगुला भगत; White Ensign श्वेत ध्वज; White House ह्वाइट हाउस (अमरीकी राष्ट्रपति निवास); white lie सफ़ेद झूठ; white man गोरा आदमी; खरा आदमी; white night निद्रा रहित रात्रि; white of (an) egg अंडे की सफ़ेदी; white of the eye (नेत्र का) श्वेत पटल; white paper श्वेत पत्र; white race गोरी जाति; white slave गौर दासी (वेश्यावृत्ति हेतु; निर्यात के लिए); white slaver गौर दासी बनाने वाला; श्वेत दास; white slavery गौर दासी व्यवसाय; अनैतिक स्त्री व्यापार; श्वेत दास प्रथा; white slave traffic स्त्री-व्यापार; white whale बगुला मत्स्य

Whitehall *n.* ह्वाइटहाल (बर्तानिया की सड़क जिस पर सरकारी दफ़्तर स्थित हैं); बर्तानिया सरकार तथा उसकी नीति

whither *adv. & conj.* किधर को, कहाँ को, किस जगह को; (used relatively) जहाँ को, जिसको, जहाँ को भी, जहाँ कहीं; *advs.* whithersoever जहाँ को भी, जहाँ कहीं; whitherward(s) जिधर, किधर; — no whither किधर भी नहीं

whitleather *n.* सफ़ेद चमड़ा

whitling *n.* ट्राउट (मत्स्य)

whitlow *n.* ह्विटलो, विसहरी, चिप्य; *ns.* whitlow-grass ह्विटलो घास; whitlow-wort ह्विटलो बूटी

Whitsun *adj.* ह्विट रविवार से प्रारंभ होने वाले सप्ताह संबंधी; *ns.* ह्विट रविवार से प्रारंभ होने वाला सप्ताह; *ns.* Whitsun-ale ह्विटसन-ऐल (उत्सव); Whitsunday ह्विट रविवार (ईस्टर के बाद का 7वाँ रविवार); Whitsun-week, Whit-week ह्विटसन-सप्ताह, ह्विट सप्ताह (ह्विट रविवार से प्रारंभ होने वाला सप्ताह)

whittaw *n.* (dial.) ज़ीनसाज़; also whtitawer

whittie-whattie *v.t.* (all meanings Scot.) गुनगुनाना, बुदबुदाना, फुसफुसाना; हिचकिचाना, हिचकना; *n.* कपट भाषा; तुच्छ बहाना

whittle *v.t. & i.* चाकू से काटना; चाकू से आकार तराशना; धीरे-धीरे कम करना; लकड़ी को निरुद्देश्य काटना; (obs. slang) मुखबिर होना, ख़बर देना; *n.* बड़ा चाकू

whittle *n.* (dial.) ऊनी शाल; कंबल

whizz, whiz *v.i. & t.* भन्नाना, सनसनाना; सर्राटे से चलना; *n.* भनभनाहट; (U. S. slang) सौदा; *ns.* whizz-bang (slang) धाँय, पटाखा; whizzer भनभनाने वाला,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरटि से चलने वाला; whizzing भनभनाहट, सनसनाहट

who *rel. & interrog. pron.* कौन, कौन आदमी, जो आदमी; जो कोई; किसी नाम का (objective case whom, possessive case whose); *prons.* whoever, whosoever and whoso (arch.) जो कोई भी; जो भी आदमी, जो भी व्यक्ति; — as who should say जैसे कि कोई कहेगा; know who's who यह जानना कि कौन क्या है; who but he और कौन ? केवल वही

whoa *interj.* रुको; *Interj.* whoa-ho-ho (a) (obs.) हैलो

who-dun-it, whodunnit *n.* (coll.) जासूसी कहानी

whole *adj.* समूचा, समग्र, पूर्ण, पूरा; चंगा; अक्षत, अखंड; अक्षतिकृत; अविभाजित, अशेष; (in mining) अव्यवहारी; असाध्य; *n.* पूर्ण वस्तु, संपूर्ण वस्तु; समष्टि, कुल, सर्वयोग; *adv.* पूर्णतः, संपूर्णतः; *adjs.* whole-coloured एक रंग, एक रंगा; whole-footed (coll.) बेतकल्लुफ़, स्पष्टवादी; whole-hearted, -souled दिली, हार्दिक, एकनिष्ठ, अनन्य; *adj.* wholehog (slang) पूर्ण, संपूर्ण; *n.* whole-hogger अतिवादी, संपूर्णतावादी; *adjs.* whole-hoofed पूर्ण सुमदार; whole-length संपूर्ण आकृति का; संपूर्ण, पूरा-पूरा; *n.* आपादमस्तक (चित्र), आदमकद चित्र; *ns.* whole-meal गेहूँ का भोजन; wholeness संपूर्णता, पूर्णता, अखंडता आदि; wholesale थोक, थोक बिक्री, थोक व्यापार; *adj.* थोक का, अंधाधुंध; *n.* wholesaler थोक विक्रेता; *adjs.* whole-skinned अक्षतिक; प्रतिष्ठित; wholesome स्वस्थ, तंदुरुस्त; स्वास्थ्यकर, पुष्टिकर, पौष्टिक; हितकर; (Shak.) अनुकूल, सहायक; (Shak.) उचित, युक्तिसंगत; *ns.* wholesomeness स्वास्थ्यकरता, हितकारिता, पौष्टिकता; whole-stitch बड़ा टाँका; — the whole सब; पूरा; upon, on, the whole आम तौर से; कुल मिला कर; whole number पूर्ण संख्या; पूर्णांक, पूर्ण समंक; with whole skin सुरक्षित

whoop *n.* हुंकार; हूप (आँख मिचौली); कूकर खाँसी की ठठक; *v.i. & t.* हुंकार ध्वनि देना, हुंकारना; हूट करना; चिल्लाना, चीखना, पुकारना; खाँसकर बुलाना; *interj.* (Shak.) हो !; *ns.* whooper हुंकार करने वाला; (also whooping-swan) हंस; whooping-cough, hooping-cough कूकर खाँसी, काली खाँसी

whoopee *interj.* प्रसन्नताद्योतक अव्यय; — make whoopee (coll.) आनंद मनाना

whop, whap *v.t. & i.* कोड़े मारना, चाबुक मारना; हराना; पार पा लेना; झटके से फेंकना या खींचना; टकराना, तेज़ी से चलना; पटकना; *n.* झटका, प्रहार; धक्का, टक्कर; प्रहार या टकराने की ध्वनि; *n.* whopper चाबुक मारने वाला; झटके से खींचने वाला; *adj.* whopping विशाल, अति विस्तृत

whore *n.* रंडी, वेश्या; असती स्त्री, बदकार औरत, छिनाल; पथभ्रष्ट समाज; *v.i. & t.* वेश्यागमन करना, वेश्यावृत्ति करना; (वेश्या गमन में) धन का अपव्यय करना; *ns.* whoredom वेश्या की दलाली, वेश्यावृत्ति; रंडीबाज़ी; whorehouse रंडी का कोठा; *adj.* whore-masterly कामुक; *ns.* whoremonger रंडीबाज़, वेश्यागामी; whoreson वेश्या पुत्र; जारज, दोगला; रंडी बच्चा (गाली); *adj.* नीच, कमीन, तुच्छ, घृणित; *adj.* whorish कामुक, भोगी, रंडीबाज़; *n.* whorishness कामुकता, रंडीबाज़ी, लुच्चापन

whorl *n.* चक्कर, आवर्त, भ्रमि; *adj.* whorled चक्करदार, आवर्तयुक्त

whose *pron.* किस का, किस की, किन का, किन की

whoso, whosoever जो कोई भी

why *adv. & conj.* किस कारण से ?, क्यों कर ?, क्यों, किस लिए; (used relatively) इस कारण से कि; *Interj.* क्यों !, ऐसा क्यों ?; *adv.* whyever (coll.) किसी कारण से भी; *n.* why-not कारण के लिए चेतावनी, स्पष्टीकरण; — for why (arch. and dial.) किस कारण से, क्यों; क्योंकि; चूंकि; the why and wherefore पूरा कारण; why, so ! (Shak.) अतः इसे रहने दो !

wick *n.* (dial.) सँकरी खाड़ी, निवेशिका

wick *n.* (dial.) गाँव, कस्बा; (dial.) फ़ार्म

wick *n.* बटी हुई डोरी, बत्ती, बाती, वर्तिका

wick *v.t. & i.* टेढ़ा पत्थर फेंकना

wick *adj.* (obs. or dial.) मक्कार, बदमाश

wicked *adj.* दुष्ट, पापी, बुरा; नास्तिक; (of an animal) दुर्दम्य, क्रूर, अत्याचारी; शरारती, बदमाश; द्वेषपूर्ण; बहुत बुरा; हानि-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कारक, आक्रामक; (coll.) धूर्त, नटखट; (Shak.) दुर्भाग्यशाली; *n.* (B.) दुष्ट, पापी; नास्तिक; अत्याचारी; बदमाश आदमी, बदमाश; *n.* wickedness दुष्टता, पाप; अत्याचार; बदमाशी; — the wicked one शैतान

wicker *n.* नम्य शाख, लचीली टहनी; खपच्ची; खपच्चियों का काम; *adj.* खपच्ची का; खपच्चियों से ढका हुआ; *adj.* wickered खपच्ची का; खपच्चियों से ढका हुआ; *n.* wicker-work खपच्चियों का काम

wicket *n.* छोटा सा दरवाजा, खिड़की; (obs.) झँझरी; (cricket) विकेट, स्टंप; मैदान; खिलाड़ी के खड़े होने की जगह; खिलाड़ी की पारी; *ns.* wicket-door, -gate खिड़की, छोटा फाटक, दरीच; wicket-keeper (क्रिकेट) विकेट कीपर, विकेट रक्षक; get, take, etc., a wicket (क्रिकेट में) आउट कर देना, विकेट गिरा देना; keep wicket विकेट रक्षक बनना, विकेट की रक्षा करना; throw down the wicket (गेंद मार कर) विकेट गिरा देना; win by so-many wickets इतने विकेटों से जीतना

widdy *n.* (dial.) रस्सी, मूंज, जेवड़ी; गले का फंदा (फाँसी का)

wide *adj.* फैला हुआ, प्रशस्त, विस्तृत, विस्तीर्ण; चौड़ा; लंबा-चौड़ा, विशाल; खुला; काफ़ी दूर; परे, दूर; अलग; (fig.) व्यापक, सुविस्तृत; (slang) चतुर, विदग्ध, घाघ; (slang) निर्नैतिक; (phon.) पूरा-पूरा खुला; *n.* चौड़ाई, विस्तीर्णता; वाइड (बॉल, क्रिकेट में); वाइड बॉल का एक रन; *advs.* (now usually far and wide) काफ़ी दूर, विस्तृततः; (Spens.) दूरी पर; से दूर, से परे; एक तरफ़ से दूर (with *of*); बीच के अंतराल से; widely विस्तारपूर्वक, दूर तक, व्यापक रूप से, भरपूर, पर्याप्त मात्रा में; *adj.* wide-awake जानकार; जागरूक, पूर्ण सजग; (coll.) तीक्ष्ण, जानने वाला; *n.* वाइड अवेक (टोप); *n.* wideawakeness जानकारी, जागरूकता, तीक्ष्णता; *adj.* wide-chapped (Shak.) खुले मुख का; *n.* wide-gab वाइड गैब (मत्स्य); *v.t.* & *i.* widen चौड़ाना, चौड़ा करना, बढ़ाना, फैलाना, चौड़ा हो जाना, बढ़ना, फैलना; *ns.* widener चौड़ा करने वाला, बढ़ाने वाला, फैलाने वाला; वाइडनर (यंत्र); wideness चौड़ाई, फैलावट, बढ़त; *adjs.* wide-open पूरा-पूरा खुला; (coll.) (U.S.) आक्रमण के लिये खुला; नियम लागू करने में शिथिल; widespread विस्तृत, विशाल; प्राप्य; wide-stretched (Shak.) विशाल; wide-watered व्यापक जल से सीमाबद्ध; पूर्णत: जलावृत, व्यापक जलयुक्त; *n.* width चौड़ाई, विस्तीर्णता; — wide of (Shak.) उदासीन, विरक्त; wide of the mark सचाई से परे

widgeon, wigeon *n.* विजन (बत्तख)

widow *n.* विधवा, बेवा, राँड; विडो (पवित्र महिलाओं का संप्रदाय); अतिरिक्त खिलाड़ी; *v.t.* पति या पत्नी से वंचित करना; मूल्यवान वस्तु छीनना; (Shak.) विधवा के अधिकार देना; (Shak) की विधवा होना; *ns.* widow-bewitched अल्पकालीन परित्यक्ता पत्नी; widow-bird विडो बर्ड (पक्षी); widower, (dial.) widow-man विधुर, रँडवा; widowerhood विधुरपना, रँडुवापन; widowhood विधवापन, वैधव्य; (Shak.) विधवाधिकार; widow's-bench (hist.) विधवा का पति की संपत्ति पर अधिकार; widow-wail विडो वेल (क्षुप); widow's mite छोटा दान या उपहार; widow's weeds विधवा परिधान

wie geht's ? (Ger.) क्या हालचाल है ?

wield *v.t.* (obs.) शासन करना; नियंत्रित करना, प्रबंध करना; चलाना, सँभालना, रखना; (चतुराई से) उपयोग में लाना, काम में लाना; (obs.) बोलना, कहना; *adj.* wieldable नियंत्रणीय; *ns.* wielder नियंत्रणकर्ता; wieldiness नियंत्रण; *adjs.* wieldless (Spens. weeldlesse) अप्रबंधकारी; wieldy नियंत्रणीय; प्रबंधकीय; (obs.) सक्रिय, सजग; — wield the sceptre शासन करना

wife *n.* पत्नी; विवाहित स्त्री; स्त्री; (obs.) गृह स्वामिनी; *n.* wifehood पत्नीत्व; *adjs.* wife-like पत्नीवत्; wifeless पत्नी रहित; wifely पत्नी सुलभ

wig *n.* विग, बालों की टोपी; (slang) न्यायाधीश; *n.* wig-block विग ब्लाक; *adj.* wigged विग पहने हुए; *n.* wiggery नकली बाल; (Carlyle) अति औपचारिकता; *adj.* wigless विग रहित; *n.* wig-maker विग निर्माता; — wigs on the green झगड़ा, दंगा

wig *v.t.* (coll.) भर्त्सना करना; डाँटना; *n.* wigging (coll.) भर्त्सना, डाँट-फटकार

wigan *n.* विगन (बुकरम का सा सख्त कपड़ा;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सादा भूरा कपड़ा)

wiggle *v.t.* सिकोड़ना, सिकुड़ना; कुलबुलाना, छटपटाना; *n.* सिकुड़न; कुलबुलाहट, छटपटाहट; *n.* wiggler सिकुड़ने वाला; कुलबुलाने वाला, छटपटाने वाला; *adj.* wiggly सिकुड़नदार, लहरदार; — get a wiggle on (slang) शीघ्रता करना

wight *n.* (arch., dial., or ironically) जीव, प्राणि, आदमी; नाचीज़ वस्तु

wight *adj.* फुर्तीला, सक्रिय; साहसी, हिम्मत वाला, मज़बूत, ताकतवर; *adv.* wightly फुर्ती से, हिम्मत से, मज़बूती से

wigwag *v.i.* मुड़ना, ऐंठना, झंडी दिखा कर संकेत करना; *n.* ऐंठन, झंडी दिखाना; क्रासिंग संकेत; *adj.* ऐंठने वाला, मुड़ने वाला, संकेत करने वाला (झंडी से)

wigwam *n.* झोंपड़ी, कुटिया

wild *adj.* जंगली, वन्य, वहशी, ऊसर, उजाड़; असभ्य; तूफ़ानी; तेज़, प्रचंड, तीव्र; बेलगाम, निरंकुश, अनियंत्रित, क्रोधोन्मत्त; जोशीला; विचारशून्य; सनकी, वहमी; अस्तव्यस्त; बिना सोचा हुआ; निशाने से बहुत दूर; *n.* (also in *pl.*) ऊसर, उजाड़ भूमि; वन, वन्य प्रदेश, मरुभूमि; *ns.* wild-ass गधा, गर्दभ; जंगली गधा; wild-boar जंगली सूअर; *adj.* wild-born वन्य, वन में जनमा हुआ; *n.* wild-cat जंगली बिल्ली, वन विडाल; वन विडाल का चर्म; आवेशपूर्ण व्यक्ति; *adj.* (U.S.) अस्तव्यस्त, अंधाधुंध, जोखिमी; *ns.* wild-cherry जंगली चेरी; wild-dog जंगली कुत्ता; wild duck मुर्ग़ाबी; wildfire दावानल, दावाग्नि; संघर्षज अग्नि, रगड़ की आग, ज्वलनशील पदार्थों का गोला; wild-fowl मुर्ग़ाबियाँ; शिकारी पक्षी; wild-fowling जंगली पक्षियों का शिकार; wild-goose वन हंस, जंगली हंस; मूर्ख व्यक्ति; wild-goose chase निरर्थक प्रयास; wild-grape जंगली अंगूर; wild-honey जंगली शहद; wilding जंगली वनस्पति, वन्योद्भिद; *adj.* अकृष्ट, वन्य, जंगली; *adj.* wildish कुछ-कुछ जंगली, वन्य-सा; *ns.* wild-land अकृष्ट, ऊसर भूमि; wildness वन्यता, जंगलीपन; वीरानापन; रौद्रता, प्रचंडता; उत्तेजना; पूर्णता, परेशानी; wild-wood जंगल, वन; *adj.* जंगली, वन्य, अकृष्ट उत्पन्न; — run wild जंगलीपन से रहना; अनियंत्रित होना, स्वच्छंद विचरना; wild animals वन्य पशु, जंगली जानवर; wild birds वन्य पक्षी, जंगली पक्षी

wildebeest *n.* (W. Afr.) नू (अफ्रीकी हरिण)

wilderness *n.* उजाड़, ऊसर, बीहड़, बंजर क्षेत्र; वनखंड (उपवन का); (fig.) जीवन स्थिति; संसार, आधुनिक विश्व; भीड़-भड़क्का; वन्यता, जंगलीपन; *v.t.* & *i.* wilder (poet.) पथभ्रष्ट करना, भटकाना, घबरा देना, चकित कर देना; भटकना, बेकार घूमना; *adjs.* wildered पथभ्रष्ट, भटका हुआ; wildering भटकाने वाला; *n.* wilderment पथ भ्रष्टता, भटकाव, घबराहट

wile *n.* चालाकी; छल-कपट; धोखा; चुटकुला; फुसलाहट; *v.t.* बहलाना, भुलाना; फुसलाना; लुभा लेना (confused with while); *adj.* wileful चालाक, धोखेबाज़; *n.* wiliness चालाकी, धूर्तता; *adj.* wily चालाक, धूर्त

will *n.* इच्छा, अभिप्राय, मनोरथ, संकल्प; इच्छा शक्ति, संकल्प शक्ति; आकांक्षा, दृढ़ता, इरादा, निश्चय; चाह, पसंद, रुचि, झुकाव; रुझान; कामना, लालसा, ललक; आदेश, आज्ञा; अधिकार; आग्रह, भाव (सद्भाव या दुर्भाव); इच्छापत्र, वसीयत; वसीयतनामा; भविष्य सूचक गा-गे-गी; *v.t.* & *i.* (arch.) चाहना, इच्छा करना; आदेश देना, आज्ञा देना; डिग्री करना; इच्छा या संकल्प शक्ति का प्रयोग करना; वसीयत करना, दे देना, छोड़ देना; छाँटना, चुनना; राज़ी होना, चाहना; *adj.* wilful ज़िद्दी, हठीला, दुराग्रही; जान-बूझ कर किया हुआ; (obs.) तत्पर, इच्छुक; *n.* wilfulness ज़िद्दीपन, हठ, दुराग्रहिता, तत्परता; *adj.* willed इरादे वाला; स्वैच्छिक; स्वेच्छाकृत या दत्त; अन्य की इच्छा शक्ति से प्रभावित; *n.* willer चाह करने वाला, इच्छुक; *adjs.* willing यदृच्छ; इच्छुक; तत्पर, तैयार; सहर्ष, स्वेच्छ; चुना हुआ, इच्छित; इच्छा, संकल्पना शक्ति संबंधी; willing-hearted यदृच्छ, इच्छानुसार; *n.* willingness यदृच्छा, उत्सुकता, तत्परता, स्वैच्छिकता; — at will मर्ज़ी से, अपनी इच्छा से, स्वेच्छया; a will of one's own संकल्प; by my will (Shak.) स्वेच्छया; मेरी मर्ज़ी से, मेरी इच्छा से; conjoint, joint will संयुक्त वसीयत; have one's will (अपनी) इच्छानुसार प्राप्त करना; tenant at will (भूस्वामी की मर्ज़ी का) असामी; with a will दिल से, मर्ज़ी से, इच्छा से; work one's will मर्ज़ी के अनुसार काम करना, इच्छानुसार कार्य करना

will, wull *adj.* & *adv.* (Scot.) हानि पर;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूला-भटका, पथभ्रष्ट; *adj.* willyard, willyart (Scot.) स्वेच्छाचारी; शर्मीला

willemite *n.* विलेमाइट (खनिज)

willet *n.* विलेट (पक्षी)

williewaught *n.* (Scot.) लंबा घूंट

Will-o'-the-wisp *n.* छलावा, कच्छ प्रकाश; घुमक्कड़, धोखेबाज़ वस्तु

willow *n.* नम्रा, शरपत, विलो (पादप), विलो काष्ठ; बेंत; क्रिकेट या बेसबॉल का बल्ला; धुनाई यंत्र, धुनकी; *v.t.* धुनकी या धुनाई यंत्र से साफ़ करना, धुनना; *adj.* willowy विलो जैसा; लचलचा; मनोहर, चारु, दिलकश; — willow pattern (चीनी मिट्टी के बर्तनों पर) नीली नक्काशी

will-worship *n.* (B.) स्वैच्छिक पूजा

willy, willey *n.* (dial.) विलो की डलिया; धुनाई यंत्र, धुनकी; *v.t.* धुनकी या धुनाई यंत्र से साफ़ करना

willy-nilly *adv.* हाँ-ना कहते हुए, जैसे-तैसे, अनिच्छापूर्वक, बलात्

willy-willy *n.* (Austr.) चक्रवात, बवंडर

wilt *v.i. & t.* शक्ति खोना; (fig.) आत्मविश्वास खोना, हिम्मत हारना; शिथिल करना; शिथिल होना; आत्मविश्वास खो देना; म्लान होना, कुम्हलाना, मुरझाना; *n.* शक्ति खोना, आत्मविश्वास खोना; शक्ति-ह्रास; म्लानि रोग (पौधों का)

wimble *n.* बरमा, बरमी; हाथ बरमा; भू बरमा; *v.t.* बरमे से छेद करना

wimble *adj.* (Spens.) सक्रिय, फुर्तीला

wimple *n.* शिरोवस्त्र, आवरण, पल्ला; मोड़, शिकन, लहर; मोड़, घुमाव; (Scot.) ऐंठन; *v.t. & i.* लपेटना, पल्ले से ढकना; लपेट डालना; (Shak.; in *pa. p.*) आँखों पर पट्टी बाँधना; चुनना; इधर-उधर फिरना; लहराना; also whimple

win *v.t. & i.* जीतना, जीत लेना, विजय पाना, विजयी होना; प्राप्त करना, हासिल करना; प्रभाव डालना; पहुँच जाना; प्रेरित करना; मना लेना; मित्र बना लेना; कायल करना; खान से अयस्क निकालना; खोलना; प्रभावित करना; (arch.) लाभ उठाना (with *upon*, etc.); (dial.) अपना मार्ग ढूँढ लेना; सफल होना, प्राप्त करने में सफल होना; *n.* (coll.) विजय, जीत, सफलता; *ns.* winner विजेता, विजयी; winning विजय; विजित पदार्थ, जीत का सामान (usu. in *pl.*); *adj.* जीतने वाला; विजय, जीत संबंधी; आकर्षक, रमणीय; कायल; *ns.* winningness विजय, जीत; winning-post दौड़ का लक्ष्य, लक्ष्य स्तंभ; — win by a (short) head बाल-बाल जीतना; win in canter आसानी से जीत लेना; win of (obs.) (किसी से) बढ़कर होना; win on, upon पर लाभ प्राप्त करना, पर जीतना; जीत लेना; मित्र बना लेना; win *or* gain one's spurs विशिष्टता प्राप्त करना, ख्याति प्राप्त करना, नाम कमाना; win out पा लेना; (coll.) सफल होना; win over पर जीत लेना, प्रभाव डाल देना

win *v.t.* (Scot.) हवा में सुखाना

wince *v.i.* (obs. or dial.) ठुकराना, ठोकर मारना; पीछे होना; सिकुड़ना, शिकन पड़ना (दर्द में); हिचकना; हिचकिचाना; पीछे हटना; *n.* (obs.) ठोकर; कँपकँपी; हिचक; *n.* wincer सिकुड़ने वाला, हिचकने वाला; *n. & adj.* wincing सिकुड़ना, हिचकना; सिकुड़ने वाला, हिचकने वाला

wincey, winsey *n.* विन्सी (कपड़ा); *n.* winceyette विन्सेट्टे (कपड़ा)

winch *n.* भ्रामित्र, पेचक, चर्खी, घिरनी; पहिए की धुरी; विंच; also wince; *n.* winchman विंच नियंत्रक, विंच वाला

Winchester *adj.* विंचेस्टर (माप)

wind *n.* हवा, पवन, वात, बयार, वायु; वायु प्रवाह; वायु दिशा; श्वास, साँस; श्वसन शक्ति; बाई, बादी, उदर वायु; अहंकार, कल्पना; खोखले शब्द, निरर्थक शब्द; सुषिर वाद्य; सुषिर वाद्य बजाने वाला; गंध; संकेत; भनक; (slang) पेट; विंड (भेड़ों का रोग); *v.t.* (wind) बजाना, बजा कर संकेत करना; गंध पहचानना, सूंघना; हवा में रखना; ज़ोर से साँस फुलाना; श्वास रोकना; *ns.* windage पवनांतर; वायु घर्षण; wind-bag बैग पाइप की हवा की थैली; (facet.) फेफड़े, छाती; फूला हुआ थैला, वात थैला; बातूनी, गप्पी आदमी; *adj.* wind-bound वायु रुद्ध; *n.* wind-break वायुरोधी, वात रोध, वात रोक; *adjs.* wind-broken साँस टूटा हुआ, हाँपता हुआ; wind-changing चंचल, अस्थिर मना; *ns.* wind-chart पवन चार्ट; wind-chest वायु कोष्ठ, वात पेटी; wind-cone (aero.) वात शंकु; wind-dropsy अफ़ारा,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

wind-egg सड़ा अंडा; कच्चा अंडा, खराब अंडा; winder हॉर्न बजाने वाला; wind-fall वायुपातित फल; अप्रत्याशित लाभ; *adj.* windfallen वायुपातित; *ns.* wind-flower समीर पुष्प, विंड फ़्लावर; wind-furnace पवन भट्ठी; wind-gall वैंजा; wind-gauge पवन गति मापी; हवा माप; पवन दाब मापी; wind-gun हवामार तोप; *ns.* windiness वायुमयता, वागाडंबर; wind-instrument सुषिर वाद्य (बाँसुरी आदि); windjammer बड़ा जलपोत; (coll.) विंड जामर (गोल्फ़ ब्लाउज़); *adj.* windless पवन रहित, वायु रहित; *ns.* windmill पवन चक्की; वायु पंप; (aero.) विंड मिल; wind-pipe वायु नली, श्वास नली, श्वास प्रनाल; *adj.* wind-rode (naut.) वातोन्मुख; *ns.* windrose पवन दिग्दर्शी आरेख, पवन-आरेख; windrow विन्ड्रो, घास-फूंस का ढेर (एकत्रित किया हुआ); पाँस की पंक्ति; *v.t.* घास का ढेर एकत्रित करना; पाँस की पंक्तियाँ बनाना;. *ns.* wind-sail (naut.) पाल, बादबान; पवन चक्की का पाट; windscreen वातरोध, वातरोधी पर्दा; हवारोक शीशा; *adjs.* wind-shak'd, -shaken वातान्दोलित, वायु से हिलाया हुआ; *ns.* wind-shield (U.S.) वातरोध, हवारोक शीशा, वात परिरक्षी (शीशा); wind-side अभिवात सतह; wind-sleeve, wind-sock वात शंकु; wind-sucker (of a horse) वात शुंड; *adjs.* windswift वायु जैसा तीव्र; wind-tight पवन रोधक, पवन रुद्ध; wind-tunnel (aero.) वात सुरंग, पवन सुरंग; *adv. & adj.* windward हवा की ओर, वाताभिमुख, अभिवात; also *n.*; *adj.* windy पवनवत्, पवन संबंधी; (poet.) वायु द्वारा प्रचालित या स्थापित; (poet.) वायु नियंत्रक; वातग्रस्त; वातल; (fig.) निस्सार, परिवर्तनीय; खोखला, शब्दाडंबर पूर्ण; — a capful of wind हलकी बयार; before the wind हवा के आगे-आगे; between wind and water पोत का वह भाग जो कभी पानी में चला जाए और कभी बाहर आ जाए; cast *or* lay, an anchor to windward भविष्य के लिए बचा कर रखना; cast, fling, throw, to the winds बिखेरना, फेंकना; हवा के रुख छोड़ना; छितराना; सभी नियंत्रण तोड़ देना; down the wind हवा के साथ चलने वाला; fight windmills खयालों में लड़ना; get one's wind दम जुड़ाना; get the wind of [illegible] दिशा में चलना; get to windward of का लाभ उठाना; get the wind up (slang) उत्तेजित होना, घबरा जाना; हवा खिसकना, दम निकलने लगना; get wind of संकेत पाना, आभास पा लेना, पता चल जाना, खबर लग जाना; have the wind of के पीछे पड़ना; how the wind blows *or* lies पवन का रुख कैसा है?, मामले की हालत क्या है?; in the wind गतिमान, पैदल; in the wind's eye, in the teeth of the wind पवन के विपरीत; on the windy side (Shak.) वातोन्मुख, अनुवात; second wind पुनः श्वसन; sow the wind and reap the whirlwind ग़लत कार्य करना तथा भयानक परिणाम प्राप्त करना; take the wind out of one's sails (fig.) लाभ से वंचित करना

wind *v.t. & i.* मोड़ना, ऐंठना; कुंडली बनाना; घेर लेना; चाबी देना (जैसे घड़ी में); लपेटना; अपना रास्ता बनाना; (*refl.*) इंगित करना, इशारा करना; (Spens.) बुनना; (obs. & dial.) संभालना, फिराना, चलाना; लहराना, फहराना; लच्छी बनाना, गोली बनाना; (जहाज़ आदि को) फेरना, घुमाना; समापन करना, समाहार करना; (संस्था को) परिसमाप्त करना; मुड़ना, घूमना; ऐंठना; लिपटाना, गले लगाना; टेढ़ी-मेढ़ी चाल चलना; टेढ़े-मेढ़े बहना, फिरना, भ्रमण करना; (obs.) जाना; (obs. & dial.) ऐंठन होना; सिकुड़ना, छुड़ाना, मुक्त कराना (अपने को) (with *out*); ऐंठ जाना, लिपट जाना; of a house बाईं ओर मुड़ना; *n.* घुमाव, फेर, मोड़; कुंडली, ऐंठन; चाबी; *n.* winder मोड़ने वाला, चाबी भरने वाला; चाबी, मोड़ने वाला यंत्र; घड़ी की चाबी; वाइंडर इंजन; बेल, लता; *adj. & n.* winding सर्पिल, चक्करदार, बल खाती हुई; कुंडली, कुंडलन, लपेटन, फेरा; *n.* winding-engine फहराने की मशीन; *ns.* winding-sheet कफन, शव वस्त्र; winding-stair चक्करदार सीढ़ी, बल खाती हुई सीढ़ी; *n. pl.* winding-strips गुटका (समांतर देखने का यंत्र); *n.* wind up समापन, परिसमाप्ति; — turn the wind (now rare) इधर-उधर जाना, चलना; wind a ship पोत को इधर से उधर घुमाना; *v.t.* & *i.* wind up समापन करना; अति उत्तेजित करना या होना; लपेट लेना; कस कर चाबी भरना; फहराना, लहराना; (Shak.) सुसंगत करना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

windas *n.* (obs.) बेलन-चरखा

windlass *n.* बेलन-चरख़ी; (obs.) प्रत्यंचा को मोड़ने का यंत्र; *v.i. & t.* बेलन-चरखी का प्रयोग करना; बेलन-चरखी से फहराना

windlass *n.* (obs.) चक्रिल गति; (obs.) छलपूर्ण कार्रवाई; *v.i.* चक्रिल गति लेना

windle *n.* तकला, फिरकी

windlestraw *n.* घास का सूखा तिनका, तृण; विंडल स्ट्रा (घास); हल्की, निस्सार, लंबा तथा कमज़ोर आदमी

window *n.* खिड़की; गवाक्ष, झरोखा, वातायन, दरीचा; खिड़की का चौखटा; खिड़की के पीछे की जगह; खिड़की का शीशा; (chem.) भ्रामिका; (in *pl.*) चक्षु; (Shak.) पलकें; (geol.) क्षेप तल के नीचे दबा स्तरांश (जो अनाच्छादन के कारण प्रकट हो गया हो); *v.t.* खिड़की लगाना; (Shak.) में दरार बनाना; *ns.* window-bar (खिड़की के) सरिए, सींखचे, सलाख; (Shak. window-barne, emended bars, Timon IV, iii. 116); window-blind खिड़की की जाली; window-box गुलदस्ता; window-curtain खिड़की का पर्दा; window-dressing बाहरी टीमटाम; बाह्य अलंकरण; दुकान की सजावट; दुकान की सजावट करना; प्रदर्शन कला; *adj.* windowed खिड़की वाला, खिड़की युक्त; (Shak.) खिड़की में रखा हुआ; *ns.* window-frame खिड़की का चौखटा; window-gardening खिड़की के सामने पौधे लगाना, वातायन बागवानी; window-glass खिड़की का शीशा; *adj.* windowless बिना खिड़की का, गवाक्ष रहित; *ns.* window-pane खिड़की का शीशा; window-sash खिड़की के शीशे का चौखटा; window-screen खिड़की की जाली; window-seat खिड़की के पास बैठने की जगह

wine *n.* अंगूरी, अंगूरी शराब, द्राक्षा, द्राक्षासव; मदिरा; (fig.) नशा; मदिरापान, मदिरा पार्टी; गहरा लाल रंग; also *adj*; *v.t. & i.* अंगूरी मदिरा देना, मदिरा वितरण करना; अंगूरी से चिकित्सा करना; अंगूरी मदिरा पान करना (विशेषत: मदिरा पार्टी में); *ns.* wine-bag शराब की मशक, मदिरा का थैला; शराबी, मद्यप; wine-berry (obs.) अंगूर; (dial.) लाल किशमिश; वाइन बेरी (फल); wine-bibber मद्यप, शराबी; wine-bibbing मद्यपान, शराब पीना; wine-biscuit मद्यपान के साथ खाया जाने वाला बिस्कुट; wine-cask शराब का पीपा; wine-cellar शराब का गोदाम; *adj.* wine-coloured गहरा लाल; *ns.* wine-cooler वाइन कूलर (मदिरा ठंडी करने का यंत्र); wine-fat, -vat वाइन फैट, -वैट, अंगूर पेषण पात्र; wine-glass (मदिरा) चषक; wine-glassful चषकपूर्ण; wine-grower शराब खींचने वाला; *n. & adj.* wine-growing शराब खींचना; शराब खींचने वाला; *ns.* wine-measure मदिरा माप (5/6 गैलन); wine-merchant मद्य व्यापारी; wine-palm वाइन पाम (फल); wine-party मद्य पान पार्टी; wine-press मदिरा संपीडक, मदिरा दावक, द्राक्षा संपीडक; wine-sap वाइन सैप (लाल सेब); wine-skin शराब की मशक, शराब की ट्यूब; wine-stone कच्चा अर्गोल; wine-tester शराब चखने वाला; wine-vault(s) बंद शराब का गोदाम; मद्यपान स्थल, ठेका; *adj.* win(e)y मदिरा-अंगूरी जैसा; नशीला; — Adam's wine जल, पानी; spirit of wine ऐल्कोहॉल; white-wine श्वेत सुरा, सफ़ेद शराब

wing *n.* पंख, पर, पक्ष, डैना; पंख जैसा कोई अंग; उड़ान; पंखवत् वस्तु; पंखा; (usu. in *pl.*) पाल; कक्ष, खंड, भाग, स्कंध; पार्श्वक, पार्श्व भाग; पार्श्व दृश्य; वायुयान के पंख; (मोटर गाड़ी का) मडगार्ड; गाड़ी का ऐसा ही भाग; कुर्सी के बाज़ू; सेना के स्कंध; पार्श्व निकाय; जहाज़ी बेड़े के पार्श्व पोत; राजनीति दल का एक पक्ष; पार्श्व खिलाड़ी (फुटबाल आदि में); (सेना के) विंग; तीन स्क्वाड्रन का समूह; (in *pl.*) पाइलट का बैज; (*sing.*, formerly) बैंज, तमगा; रेवड़, झुंड; (fig.) तीव्र गति की शक्ति; (fig.) रक्षा, सुरक्षा, बचाव; *v.t. & i.* पंख लगाना या पंख युक्त करना; गति प्रदान करना; कक्ष पार्श्व की अलंकरण सामग्री देना; बहा ले जाना; पंखों या पार्श्वों पर प्रभाव डालना; चलाना; उड़ाना, उड़ कर जाना; पंख, बाज़ू या पैर में गोली मारना या जरूमी करना; *ns.* wing-case पंख का खोल; wing-commander विंग कमांडर; *adjs.* winged पंख युक्त, सपक्ष; घायल (पार्श्व से); द्रुतगामी; उदात्त, उन्नत, भव्य; wing-footed पैर में पंख वाला; द्रुतगामी; wingless पंख रहित, पर रहित; *ns.* winglet छोटा पंख; नकली पंख, पक्षक; wing-loading (aero.) यान लदान, वायुयान भरण; पंख भारण; wing-sheath पक्ष शल्क; wing-shell पक्ष कवची; wing-shooting

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उड़ते पक्षियों पर निशाना साधना, चिड़ी मारना; wing-shot पक्षी के पंख पर निशाना (लगाना); उड़ते पक्षियों को मारने वाला शिकारी; *adj.* पंख पर निशाने से आहत, उड़ते हुए निशाने की चोट से आहत; *adj.* wingy सपक्ष, पंख वाला, पंख युक्त; उदात्त, उच्च; द्रुतगामी; — birds of one wing (obs.) एक जैसे पक्षी; make, take, wing उड़ना शुरू करना; चले जाना; on, upon, the wing उड़ता हुआ; गतिवान; जाने वाला; on the wings of the wind तीव्रतम गति से; under one's wing अपने ही आश्रय में; winged bull पंख वाला साँड

wink *v.i. & t.* पलक झपकना; आँख मारना, आँख से इशारा करना; अनदेखी करना, मौन अनुमति देना; (आँखों को) जल्दी-जल्दी खोलना-मूंदना; टिमटिमाना; प्रकाश से संकेत करना; *n.* पलक झपकना; संकेत, इशारा; आँख बंद होना; ऊँघ; अल्प काल, अल्प दूरी; *ns.* winker पलक झपकाने वाला; आँख मारने वाला; (dial.) चक्षु; पक्षियों की आँख की झिल्ली; विंकर; winking आँख मारना; *adj.* (Shak.) बंद आँखों का, अंधा; — forty winks (coll.) झपकी; like winking (slang) अति तीव्रता से; आँख झपकते ही

winnow *v.t. & i.* फटकना, ओसाना, बरसाना; छानना; अलग करना; फूंक मारना; बिखेरना, छितराना, विकीर्ण करना; उड़ा ले जाना; (Milt.) गति में लाना; (rare) थपथपाना, फड़फड़ाना; दोनों से तूस निकालना; उड़ना; फूंकना; *n.* छाज, सूप; *ns.* winnower ओसाने वाला, फटकने वाला; winnowing ओसाना; winnowing-fan, -machine ओसाई मशीन

winsome *adj.* प्रफुल्ल; प्रिय, आनंदकर; आकर्षक, मनोहर; *n.* winsomeness प्रफुल्लता, प्रियता, आनंदकारिता, आकर्षण

winter *n.* शीत ऋतु, जाड़ा, शीत काल; सर्दियाँ; जरा, वृद्धावस्था; *adj.* शीतकालीन; सर्दी के; सर्दी में बोए हुए; winter-wheat, -barley, etc., winter-crop शीतकालीन फसल; *v.i. & t.* सर्दी बिताना; सर्दी में पालन-पोषण करना; winter-apple विंटर ऐप्पल (गर्म फल); *adj.* winter-beaten (Spens.) सर्दी का मारा हुआ; *ns.* winter-berry विंटर बेरी (क्षुप); winter-cherry शीत ऋतु चेरी; *adjs.* winter-clad गर्म कपड़े पहने हुए; wintered (obs.) अधेड़, वृद्ध; शीत में खुला; (Shak.) सर्दी में पहना हुआ; *ns.* winter garden शिशिरोद्यान; winter green विंटर ग्रीन; गन्धपूरा (पादप); *vs.t.* winter-ground (Shak.) शीत से बचाना; winterise शीत ऋतु के अनुकूल बनाना; *adj.* winterly निस्तेज, सर्द; *n.pl.* winter-quarters सेना का शरद्कालीन निवास; शिशिर निवास; *ns.* winter-tide (arch.) शीतकाल, शीत लहर; wintriness शिशिरता, सर्दी; *adj.* wintry, wintery शीत, ठंडा; तूफ़ानी; निस्तेज; *n.* winter sports बर्फ के खेल

wintle *v.i.* (Scot.) लड़खड़ाना; *n.* लड़खड़ाहट

wipe *v.t.* पोंछना, मिटाना; (with *away, off, out, up*), मिटा देना, अस्तित्व मिटा डालना (with *out*); काटना; पोंछ डालना; बंधन लगाना (कपड़े या चमड़े के साथ); (coll.) टकराना; *n.* पोंछन; प्रहार; (Shak, Lucr. 537) निशान; (slang) रुमाल; *ns.* wiper पोंछने वाला, साफ़ करने वाला; (elect.) वाइपर; मशीन के दाँते; wiper-wheel वाइपर युक्त पहिया; wiping पोंछना; पीटना, प्रहार

